वाराणसी, रविवार, 18 दिसम्बर, 2022

पौष मास, कृष्ण पक्ष 10, वर्ष 11, अंक 310, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00


परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

नगर/डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अंदर - जीवन अनुभव की कथा : कैसे-कैसे लोग



अंदर- रिजवान ने पाकिस्तान सुपर लीग को आईपीएल से बड़ा टूर्नामेंट बताया

# पाक विदेश मंत्री के बयान पर देशभर में प्रदर्शन

## भाजपा माफी मांगने की कर रही मांग, बिलावल ने मोदी पर की थी अभद्र टिप्पणी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो द्वारा प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को गुजरात का कसाई कहने के एक दिन बाद भारतीय जनता पार्टी ने उनके खिलाफ देशव्यापी विरोध शुरू किया। शनिवार को देश भर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर भुट्टो का पुतला जलाया।

बिलावल भुट्टो के पीएम मोदी पर दिए बयान को लेकर भाजपा देशभर में प्रदर्शन कर रही है। बीजेपी कार्यकर्ताओं की मांग है कि भुट्टो अपने बयान के लिए माफी मांगें। शुक्रवार को भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान उच्चायोग के सामने प्रदर्शन किया था। इस दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने कहा था कि बिलावल को पाकिस्तान का पप्पू कहा जाता है। बिलावल भुट्टो ने गुरुवार को कहा था कि ओसामा बिन लादेन तो मर गया, लेकिन गुजरात का कसाई अभी जिंदा है और वह भारत का प्रधानमंत्री है। हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि बिलावल भुट्टो अपना दिमागी संतुलन खो चुके हैं। उन्होंने कहा कि जो देश खुद आतंकवाद की फैक्ट्री चला रहा है, अगर वहां का कोई मंत्री ऐसी बात कहे तो इससे जाहिर होता है कि उसका संतुलन बिगड़ चुका है।

**आक्रोश**

### भारत ने कहा, शायद 1971 भूल गए पाकिस्तानी विदेश मंत्री

### तेजस्वी सूर्या ने बिलावल को बताया पाकिस्तान का पप्पू

पाकिस्तानी विदेश मंत्री भुट्टो के इस बयान पर भारत ने कड़ा विरोध जताया है। भारत की विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा कि बिलावल फेल हो चुके देश के प्रतिनिधि हैं और खुद भी फेल हो चुके हैं। आतंकी मानसिकता वाले लोगों से आप इसके अलावा और क्या ही उम्मीद कर सकते हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि शायद भुट्टो 1971 भूल गए हैं। पाकिस्तानी विदेश मंत्री के बयान से नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को पाकिस्तान उच्चायोग के सामने प्रदर्शन किया था। इन्हें रोकने के लिए दिल्ली पुलिस ने बैरिकेड्स लगाए, लेकिन बेकाबू भीड़ ने बैरिकेड भी तोड़ दिए। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने कई भाजपा कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया था।



प्रदर्शन में शामिल भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या बोले, बिलावल को पाकिस्तान का पप्पू कहा जाता है। पाकिस्तान से ज्यादातर देश किसी तरह का संबंध नहीं रखना चाहते हैं। आज दुनिया मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हो रही है। बिलावल की मां बेनजीर भुट्टो की हत्या भी आतंकियों ने की थी। इसके बाद भी वो आतंकियों के साथ खड़े हैं। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यूएनएससी ब्रीफिंग में पाकिस्तान को आतंकवाद का केंद्र बताया था। जिसके बाद बिलावल ने पीएम मोदी को लेकर यह विवादित बयान दिया। भारत ने पलटवार करते हुए कहा कि पाकिस्तान की इतनी साख नहीं कि वो भारत पर उंगली उठाए।

अब मेक इन पाकिस्तान टेररिज्म पर रोक लगानी होगी। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि न्यूयॉर्क, मुंबई, पुलवामा, पठानकोट और लंदन शहर में पाकिस्तान समर्थित और प्रायोजित आतंकवाद के जख्म मौजूद हैं। पाकिस्तान के स्पेशल टैररिस्ट जोन्स से आतंकवाद उत्पन्न हुआ और दुनियाभर में फैल गया। पाकिस्तान में ओसामा बिन लादेन को शहीद बताकर इज्जत दी जाती है। हाफिज सईद, लखवी, मसूद अजहर, साजिद मीर और दाऊद इब्राहिम जैसे आतंकवादियों को शरण दी जाती है। पाकिस्तान में वठ की ओर से घोषित किए गए 126 आतंकवादी और 27 आतंकवादी संगठन मौजूद हैं।

### बिलावल भुट्टो के बयान पर भड़के भूपेश बघेल



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के बयान की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी पर इस तरह के बयान बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री के साथ हैं। भूपेश बघेल ने कहा कि मैं बिलावल भुट्टो के बयान की निंदा करता हूं। पीएम के बारे में इस प्रकार का बयान बर्दाश्त नहीं होगा। इसका करारा जवाब दिया जाना चाहिए। हमारे देश के पीएम के बारे में किसी अन्य देश के नेता इस प्रकार की भाषा का प्रयोग कैसे कर सकते हैं। पीएम के साथ हम खड़े हैं। बिलावल भुट्टो के प्रधानमंत्री मोदी पर बयान से देश में बवाल मच गया है। विपक्ष भी उनके इस बयान की कड़ी निंदा कर रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने भी पाक विदेश मंत्री को नसीहत दी है कि आपके लिए बेहतर ये होगा कि आप अपने देश का आत्मनिरीक्षण करें। कहा कि बिलावल को बेनजीर भुट्टो समेत हजारों पाकिस्तानी नागरिकों की हत्या के कारणों पर गौर करना चाहिए।

### 1971 का दिन भूल गए बिलावल : विदेश मंत्रालय

विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री 16 दिसंबर 1971 का दिन भूल गए हैं जब पाकिस्तान के 90 हजार से ज्यादा सैनिकों ने भारतीय सेना के आगे सरेंडर किया था। यह पाकिस्तानी शासकों की ओर किए गए बंगाली और हिन्दुओं के नरसंहार का नतीजा था। अल्पसंख्यकों के साथ पाकिस्तान का व्यवहार अभी भी ज्यादा नहीं बदला है। पाकिस्तान अब आतंकवादियों का इस्तेमाल नहीं कर पा रहा है। बिलावल भुट्टो को असभ्य बयान इसी का नतीजा है। बिलावल भुट्टो को अपने देश में मौजूद आतंक के मास्टरमाइंड्स को लेकर बयान देने चाहिए। जिन्होंने आतंकवाद को देश की नीति का हिस्सा बना दिया है। पाकिस्तान को अपना नजरिया बदलना होगा।

### पाक की मंत्री शाजिया मर्री ने भारत को दी एटम बम की धमकी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की मंत्री शाजिया मर्री ने भारत को एटम बम की धमकी दी है। उन्होंने कहा है कि हमारा न्यूक्लियर स्टेटस खामोशी के लिए नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने भारत के साथ युद्ध करने की भी धमकी दी है।






## अमित शाह के सामने ममता बनर्जी की बीएसएफ से बहस

**कहा-फोर्स के पास ज्यादा ताकत, गांवों में घुसकर लोगों को मार रहे**

**कोलकाता।** कोलकाता में शनिवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और बीएसएफ अधिकारियों के बीच बहस हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस दौरान गृहमंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। यह वाकया हावड़ा में ईस्टर्न जोनल काउंसलिंग की बैठक के दौरान हुआ। ममता बीएसएफ को बॉर्डर के 50 किलोमीटर अंदर तक कार्रवाई के अधिकार देने से नाराज हैं। ममता का कहना है कि इससे आम लोगों को परेशानी हो रही है। केंद्र सरकार ने नए कानून के तहत बीएसएफ को इंटरनेशनल बॉर्डर से 50 किमी तक के इलाके में कार्रवाई करने का अधिकार दिया है। इसके लिए मजिस्ट्रेट के आदेश या वारंट की जरूरत नहीं होगी। इससे पहले बीएसएफ 15 किमी अंदर तक ही कार्रवाई कर सकती थी। ममता इसी बदलाव से नाराज हैं। बीएसएफ के पास ज्यादा पावर है, जो लोगों और अफसरों के बीच तालमेल नहीं बनने देता। ममता ने मई 2022 में कहा था कि बीएसएफ वाले गांवों में घुसकर लोगों को मार रहे हैं और दूसरी तरफ बांग्लादेश में फेंक रहे हैं।

## अनाज की कीमतों पर सरकार की निगाह

**महंगाई से संघर्ष**

### केंद्रीय पूल में लगभग 1.59 करोड़ टन गेहूं और 1.04 करोड़ टन चावल उपलब्ध होगा

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि एक जनवरी, 2023 को केंद्रीय पूल में लगभग 1.59 करोड़ टन गेहूं और 1.04 करोड़ टन चावल उपलब्ध होगा। केंद्रीय पूल में अनाज की उपलब्धता को खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए पर्याप्त बताते हुए सरकार ने कहा कि वर्ष के पहले दिन सामान्यतः 1.38 करोड़ टन गेहूं और 76 लाख टन चावल का भंडारण होना आवश्यक माना जाता है। गेहूं की नयी फसल की खरीद अप्रैल से शुरू हो जाती है। मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार इस बार आगामी पहली जनवरी को सरकारी गोदामों में गेहूं और चावल का भंडार आवश्यकता से कहीं अधिक रहेगा। मंत्रालय ने कहा है, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम और अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जरूरतों को पूरा करने तथा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में अतिरिक्त आवंटन के लिये भारत सरकार के पास केंद्रीय पूल में अनाज का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। केंद्रीय पूल में 15 दिसंबर को लगभग 1.80 करोड़ टन गेहूं और 1.11 करोड़ टन चावल उपलब्ध था।

### सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की बिलकिस बानो की पुनर्विचार याचिका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिलकिस बानो की पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी है। याचिका में बिलकिस बानो ने मई में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें गुजरात सरकार को 1992 के जेल नियमों के तहत 11 दोषियों की रिहाई के लिए अनुमति दी थी। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने बिलकिस बानो की उस याचिका पर सुनवाई करने से किया इनकार कर दिया था जिसमें उन्होंने 11 दोषियों की सजा में छूट के खिलाफ याचिका पर सुनवाई के लिए जल्द पीठ गठित करने की मांग की थी। गौरतलब है कि, गुजरात सरकार की सिफारिश के बाद 2002 में बिलकिस बानो से दुष्कर्म के बाद उनके परिवार के सदस्यों की हत्या के मामले में दोषी पाए गए इन 11 लोगों को मुंबई की अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

# जवानों ने वीरता साबित की

## गलवान हो या तवांग, सभी जगह रहे ऐक्टिव : राजनाथ सिंह

**वार्षिक सम्मेलन**

### हम दुनिया के कल्याण के लिए काम करने को एक महाशक्ति बनना चाहते हैं



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने फेडरेशन ऑफ चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के 95वें वार्षिक सम्मेलन और एजीएम में अपने संबोधन के दौरान कहा कि, भारत की अर्थव्यवस्था तेजी के साथ आगे बढ़ रही है। राजनाथ ने कहा कि, प्रधानमंत्री ने लाल किले से अपने संबोधन के दौरान देश को पांच संकल्पों के बारे में बताया था, जो भारत को सुपर पावर बनाने के लिए आवश्यक हैं।

राजनाथ सिंह ने कहा कि ये नहीं माना जाना चाहिए कि हम किसी देश पर हावी होना चाहते हैं या किसी और देश की एक इंच जमीन पर कब्जा करने का इरादा रखते हैं। उन्होंने ये भी कहा कि गलवान हो या तवांग, हमारे रक्षा बलों ने अपनी वीरता और पराक्रम को साबित किया है। राजनाथ सिंह ने कहा कि, प्रधानमंत्री ने 'पंच प्रण' यानी पांच संकल्पों की बात की थी जिनमें पहला-विकसित भारत का निर्माण, दूसरा-गुलामी की हर सोच से मुक्ति, तीसरा-विरासत पर गर्व, चौथा-एकता और एकजुटता और पांचवा-नागरिकों द्वारा कर्तव्य पालन, ये 5 बातें शामिल हैं। इनमें से सबसे पहले संकल्प को पूरा किए बिना भारत विश्व की महाशक्ति नहीं बन सकता। रक्षा मंत्री ने कहा कि, हम दुनिया के कल्याण के लिए काम करने के लिए एक महाशक्ति बनना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि, 1949 में चीन की जीडीपी भारत की तुलना में कम थी। 1980 तक भारत शीर्ष 10 अर्थव्यवस्थाओं की सूची में भी नहीं था। 2014 में भारत विश्व अर्थव्यवस्थाओं में 9वें स्थान पर था। आज भारत 3.5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के करीब है और दुनिया में 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। एजेंसी

# राहुल गांधी का बयान अमर्यादित

## सीएम योगी बोले-यह देश और सेना का अपमान करने वाला

**तवांग झड़प**

### राहुल गांधी पर हमलावर होते हुए सीएम योगी बोले-जब भी देश के सामने कोई चुनौती और संकट आता है, तो इनका चरित्र पूरा देश इसी रूप में देखता है, यह भारत को कटघरे में खड़ा करते हैं



**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चीन द्वारा किए गए अतिक्रमण पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा दिए बयान की निंदा की है और इसे अमर्यादित करार दिया है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि राहुल गांधी का बयान अमर्यादित, बचकाना, देश विरोधी तत्वों को प्रेरित करने वाला और देश की बहादुर सेना का अपमान करने वाला है। हम उनके इस बयान की निंदा करते हैं।उन्होंने कहा कि जब पूरा देश और दुनिया ये कह रही है कि हमारी बहादुर सेना ने चीन को करारा जवाब दिया है तो इस तरह बयान देना शर्मनाक है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह पहली बार नहीं है। डोकलाम में भी जब चीन ने घुसपैठ की कोशिश की थी तो उस समय भी कांग्रेस और राहुल गांधी सेना के पराक्रम और शौर्य की तारीफ करने की जगह चीनी दूतावास के साथ मिलकर भारत विरोधी कृत्यों को प्रश्रय दे रहे थे। उनका बयान अत्यंत निंदनीय है। वो देश की सेना के पराक्रम पर उंगली उठाते हैं।

हम राहुल गांधी की इस सोच की निंदा करते हैं और ये मांग करते हैं कि वो देश की जनता और बहादुर जवानों से माफी मांगें। उन्हें देश को बार-बार कठघरे में खड़ा करने की आदत से बचना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेना के शौर्य पर सवाल उठाना ठीक नहीं है। हम कांग्रेस और राहुल गांधी की इस सोच की कड़ी निंदा करते हैं और उनसे यह मांग करते हैं कि वह देश, देश की जनता और देश के बहादुर जवानों से माफी मांगे। इससे पहले राहुल गांधी ने शुक्रवार को केंद्र पर आरोप लगाया कि चीन भारत की सीमा पर युद्ध की तैयारी कर रहा है और भारत सरकार सोई हुई है व खतरे को नजरअंदाज करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि कि चीन ने 2,000 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है, 20 भारतीय सैनिकों को मार डाला है और अरुणाचल में हमारे जवानों की पिटाई कर रहा है। राहुल ने भारत जोड़ो यात्रा के 100 दिन पूरे होने पर जयपुर में मीडिया से बातचीत में कहा कि जो चीन का खतरा है और मुझे तो वो स्पष्ट है।

### जब राजीव पीएम थे तो पिद्दी देश हमें डराते थे: शिवराज

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने चीन के मुद्दे पर दिए बयान को लेकर राहुल गांधी को घेरा। उन्होंने कहा- राहुल गांधी 1962 याद कर लो। चीन ने भारत के कितने क्षेत्र पर कब्जा किया था। राजीव गांधी के समय पिद्दी-पिद्दी से देश भी डराते थे। बता दें शुक्रवार को भारत जोड़ो यात्रा के 100 दिन पूरे होने पर राहुल गांधी ने कहा था कि चीन हमारे सैनिकों को पीट रहा है। भारतीय जनता पार्टी की विस्तारित प्रदेश पदाधिकारी की बैठक में शामिल होने सीएम शिवराज कटनी आए हुए हैं। यहां हुई पत्रकार वार्ता में उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- मैं राहुल गांधी से पहले पूछना चाहता हूं। 1962 भी याद कर लो राहुल गांधी, तब देश की हालत क्या थी। चीन ने कितने भू भाग पर कब्जा किया था। जब राजीव जी प्रधानमंत्री थे, तब पिद्दी-पिद्दी से देश हमें डराते थे। आज भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी हैं।

## पीएसी में तीन महिला बटालियन का होगा गठन: मुख्यमंत्री योगी

**35वीं वाहिनी पीएसी के प्रांगण में आयोजित पीएसी स्थापना दिवस समारोह में बोले सीएम**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बीते साढ़े 5 वर्षों में पीएसी बल का कायाकल्प किया गया है। इस दौरान न सिर्फ निष्क्रिय हो चुकी कंपनियों को पुनर्जीवित किया गया बल्कि नई कंपनियों का भी गठन किया गया है। आज पीएसी के लोग दूसरी शाखाओं में भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। शामली और बिजनौर में नई बटालियन बनाई जा रही है जबकि लखनऊ, गोरखपुर और बदायूं के अतिरिक्त तीन अन्य महिला बटालियन के भी गठन का निर्णय लिया गया है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को 35वीं वाहिनी पीएसी के प्रांगण में आयोजित पीएसी स्थापना दिवस समारोह में कही। इस मौके पर उन्होंने जवानों के योगदान की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएसी बल अपने शौर्य व पराक्रम के लिए जाना जाता है। न सिर्फ यूपी, बल्कि देश के विभिन्न राज्यों में आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियों का सामना करने के लिए पीएसी ने सदैव तत्पर होकर कार्य किया है। यूपी पीएसी बल को जब भी अवसर मिला उसने सर्वोत्तम करने का प्रयास किया। किसी भी बल की पहचान उसके शौर्य, पराक्रम के साथ कीर्ति से जानी जाती है। यह यूपी पीएसी बल के साथ जुड़ चुका है। उन्होंने 74 वर्ष की शानदार यात्रा के लिए पीएसी के सभी अधिकारियों व कार्मिकों को बधाई दी। मुख्यमंत्री योगी ने आशा जताई कि अनुशासन, शौर्य, पराक्रम व कीर्ति से पीएसी अपनी विशिष्ट पहचान बनाए रखते हुए और अच्छा करेगी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यूपी पीएसी बल की 74 वर्ष की शानदार यात्रा न केवल देश की सबसे बड़ी आबादी के राज्य में बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने, बल्कि परंपरागत त्योहारों, जुलूसों, धार्मिक आयोजनों तथा विभिन्न अवसरों पर आम जनमानस की आस्था से जुड़े आयोजनों, राष्ट्रीय पर्वों, सामान्य-स्थानीय निकाय निर्वाचन व प्रदेश भ्रमण के दौरान अति विशिष्ट महानुभावों की सुरक्षित यात्रा की दृष्टि से किया गया योगदान अत्यंत सराहनीय रहा है।

# भाजपा राज में पनप रहे केवल पूंजीपति घराने

## सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने महंगाई को लेकर बीजेपी पर बोला हमला

**निशाना साधा**

### कहा-कर्ज और निराशा में डूबे परिवार आत्महत्या करने को विवश हो रहे घरेलू अर्थव्यवस्था बेतरह प्रभावित



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के शासनकाल में मंहगाई के चलते गरीब और किसान का जीना दूभर हो गया है वहीं पूंजीपति घराने लगातार पनप रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा राज में केवल पूंजीघराने ही पनप रहे है, शेष गरीबी रेखा को बढ़ाते जा रहे है। लगातार दैनिक उपयोग की चीजें महंगी होती जा रही है। लोगों की घरेलू अर्थव्यवस्था बहुत बुरी तरह प्रभावित हो रही है। कर्ज और निराशा में डूबे परिवार आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे हैं। यह स्थिति भयावह और चिंताजनक है।

उन्होंने कहा कि भाजपा राज में गैस, डीजल, पेट्रोल और घरेलू रसोई गैस के दामों में भारी वृद्धि हुई है। आटा-दाल के दाम भी तेजी से बढ़ रहे हैं। तेल और खाद्य पदार्थो की कीमतों में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। पिछले एक माह में आटा, दाल के दाम दस रूपए तक बढ़ गए है। रवा, छोला, मैदा, जीरा सब कुछ मंहगा हो गया है। गरीब और मध्यमवर्गीय लोग उपभोग की वस्तुओं के दामों में भारी बढ़ोत्तरी से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार में सत्ता सुख लूट रहे भाजपा नेतृत्व को उस गरीब की क्या चिंता होगी जिसकी प्रतिदिन की कमाई सौ रूपए से भी कम होती है। दिहाड़ी मजदूर को अक्सर बिना काम घर बैठ जाना पड़ता है। मनरेगा में भ्रष्टाचार और धांधली के चलते अब श्रमिकों को नियमित काम नहीं मिल पा रहा है। भाजपा राज में संविदा पर ही अब सब काम होने लगा है जिसमें न नौकरी की सुरक्षा है और न समय से वेतन मिलने की गारन्टी है।

उन्होंने कहा कि महंगाई की मार से देश का अन्नदाता किसान भी बहुत परेशान है। प्राकृतिक आपदा के चलते कभी-कभी फसलें बर्बाद हो जाने से किसानो को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। बड़े व्यापारी किसान की आर्थिक मजबूरी को देखते हुए उनकी फसलों का संग्रह कर कालाबाजारी का खेल खेलते हैं। भाजपा सरकार की नीतियों से मंहगाई बेलगाम है। भाजपा सरकार की मनमानी के चलते देश में गरीबों की तादाद दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। भाजपा सरकार के रहते महंगाई और भ्रष्टाचार से छुटकारा मुश्किल है।

### लखनऊ में यजदान अपार्टमेंट गिराने के दौरान गाड़ियों पर गिरा मलबा

**लखनऊ।** राजधानी में यजदान अपार्टमेंट ध्वस्तीकरण के दौरान सड़क और गाड़ियों पर गिरे मलबे के मामले में डीएम सूर्यपाल गंगवार ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यहां कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ है, सड़क पर किसी तरह का कोई मलबा नहीं गिरा है। जबकि स्थानीय निवासी अपने मकानों में दरारें पड़ने और मलबे के चलते गाड़ियों के दबने पर जुमार्ने की मांग कर रहे हैं। गौरतलब है कि बहुचर्चित यजदान अपार्टमेंट को तोड़ते समय बड़ा हादसा पेश आया है। लखनऊ विकास प्राधिकरण इस इमारत पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कई दिनों से चला रहा है। आज इस छह मंजिला इमारत का मलबा सड़क पर कड़ी गाड़ियों पर आ गिरा। इसमें कई गाड़ियां डाब गयी हैं। मौके पर मलबा उठाने की कार्रवाई की जा रही है। इसको लेकर स्थानीय लोग बेहद नाराज हैं और वो सड़क पर इसका विरोध कर रहे हैं।

# हथौड़े से ताई का सिर फोड़ा, 8 टुकड़े किए

## जयपुर में इंजीनियर ने बाथरूम में मार्बल कटर से बॉडी काटी

**नृशंस**

### जंगल में फेंके बॉडी पार्ट्स पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार



**जयपुर।** दिल्ली श्रद्धा मर्डर जैसा हत्याकांड जयपुर में सामने आया है। यहां एक इंजीनियर ने अपनी सगी ताई की सिर फोड़कर हत्या कर दी। रसोई में मर्डर करने के बाद आरोपी बॉडी को घसीट कर बाथरूम में ले गया। फिर बाजार से मार्बल कटर ले आया। इससे शव के 8 टुकड़े कर ट्रॉली बैग में भरे और मौका पाकर इन्हें दिल्ली-सीकर हाईवे पर तीन अलग-अलग जगहों पर फेंक दिया। पुलिस ने बताया कि वारदात विद्याधर नगर के सेक्टर-2 में 11 दिसंबर को हुई। सरोज देवी (62) ने अपने जेठ के बेटे अनुज शर्मा को एक धार्मिक कार्यक्रम में जाने से रोका तो वह तैश में आ गया और उनकी हत्या कर दी।

सरोज देवी की बेटियों पूजा शर्मा (38) और मोनिका ने इस मामले में 16 दिसंबर को अपनी मां के मर्डर का मामला दर्ज कराया। उन्होंने अपने चचेरे भाई अनुज शर्मा पर हत्या का शक जताया था। पुलिस ने अनुज को गिरफ्तार कर लिया है।

पूजा और मोनिका की शादी हो चुकी है। भाई अमित विदेश में रहता है। पूजा की ससुराल बीकानेर में है। पूजा ने बताया कि उनके पिता की मौत 1995 में हो गई थी। मां सरोज देवी विद्याधर नगर में चाचा बद्री प्रसाद शर्मा के यहां रहती थीं। पुलिस ने बताया कि हत्या 11 दिसंबर की सुबह करीब 10.30 बजे की गई। आरोपी 'हरे कृष्णा' मूवमेंट से जुड़ा है। वह कीर्तन में दिल्ली जाने वाला था। सरोज देवी ने उसे रोका। उन्होंने कहा कि मत जाओ, मेरे पास रहो। अनुज को गुस्सा आ गया। उसने हथौड़े से सरोज देवी की हत्या कर दी। इसके बाद उसने बॉडी को चाकू से काटने की कोशिश की। हड्डियां नहीं कटीं तो वह मार्बल कटर ले आया। इससे बॉडी के टुकड़े-टुकड़े किए। इसके बाद तीन-चार घंटे बाद तक वह बॉडी को ठिकाने लगाने की कोशिश करता रहा।

## संक्षेप

### स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण



**तरना।** यूपी कालेज के केंद्रीय पुस्तकालय सभागार में शनिवार को नागरिक सुरक्षा कलेक्ट्रेट प्रखंड की ओर से स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण सम्बन्धी कार्यशाला आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा नीरज मिश्रा ने स्वयंसेवकों को आपदा में बचाव की आपातकालीन विधियों का प्रशिक्षण दिया। वार्डेन और स्वयंसेवकों ने बचाव कार्यों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डिवीजनल वार्डेन संजय कुमार राय ने किया। विशिष्ट अतिथि सहायक उप नियंत्रक इरफानुल हदा, विवेक कुमार राय रहे। वहीं कलेक्ट्रेट प्रखंड की बैठक में 22 दिसंबर से लखनऊ में आयोजित 12 दिवसीय आपदा मित्र प्रशिक्षण में शामिल होने के सम्बन्ध में आवश्यक विचार विमर्श हुआ। संचालन संजय राय और कार्यक्रम संयोजन डिप्टी डिवीजनल वार्डेन अरविन्द कुमार विश्वकर्मा ने किया। कार्यशाला में डिवीजनल वार्डेन (नगर) चंद्रभूषण सिंह, विद्याधर, अयन बोस, सच्चिदानंद देववंशी, जय प्रकाश जायसवाल, मो.वसीम खां, विनय गुप्ता, डा.लियाकत अली, अरूण जायसवाल, विजय कुमार,मनीष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### आधा दर्जन जगहों पर अतिक्रमण ढहाए गए



**वाराणसी।** नगर निगम की टीम ने शनिवार को मंडुवाडीह समेत करीब आधा दर्जन क्षेत्र में अतिक्रमण अभियान चलाया। अतिक्रमण निरीक्षक संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम ने अतिक्रमण हटवाने के साथ ही जब्ती की कार्रवाई की। जैतपुरा नवाँपुर क्षेत्र में गली में मलबा रख रास्ता जाम करने की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पांच हजार जुर्माना लगाया गया और मलबा को एक दिन के अंदर हटाने को कहा गया। तरना स्थित द्वारिका नगर कॉलोनी में वाहन से मार्ग अवरुध करने की शिकायत पर कार्रवाई की गयी।

### महापौर ने इंटरलॉकिंग का किया शिलान्यास



**वाराणसी।** महापौर मृदुला जायसवाल ने 15 वित्त आयोग से भेलूपुर क्षेत्र के अंतर्गत नया सीमा विस्तार में अवलेशपुर में इंटर लॉकिंग का शिलान्यास किया गया। यहां करीब 32 लाख 63 हजार की लागत से विकास कार्य किया जाना है। इस दौरान जिला अध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, पूर्व पार्षद अजय गुप्ता, देवाशीष पटेल, सुधीर प्रजापति आदि लोग थे।

### लड़की भगाने के आरोपी को सात साल की सजा

**वाराणसी।** नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में अपर जिला जज (पंचम) मनोज कुमार तिवारी की अदालत ने शनिवार को कानपुर जिला के घाउबेडा,चकेरी एयरपोर्ट गांव निवासी अभियुक्त करन उर्फ महाबीर यादव को दोषी करार देते हुए सात साल की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष का आरोप था कि 21 फरवरी 2018 को अभियुक्त करन उर्फ महाबीर कक्षा दस में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। छात्रा के परिजनों ने अभियुक्त के खिलाफ चोलापुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

### निर्माणाधीन खेल मैदान का पिलर ढहाया

**दानगंज।** चोलापुर थाना क्षेत्र के बबियांव ग्राम में निर्माणाधीन खेल मैदान का ईंट से बना 35 पिलर को अराजकतत्वों ने शुक्रवार की देर रात ढहा दिया। प्रधान प्रतिनिधि सौरभ रघुवंशी ने बताया कि सरकार की मंशा के अनुरूप उक्त खेल मैदान ग्राम पंचायत निधि से मनरेगा योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन है। मामले में चोलापुर पुलिस को संबंधित आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया है।

### घर से निकला युवक गायब

**दानगंज।** चोलापुर थाना क्षेत्र के दानगंज बाजार निवासी युवक तीन दिन पूर्व घर से निकला लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने शनिवार शाम चोलापुर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। जानकारी के अनुसार दानगंज बाजार निवासी अंशु सोनी (18 वर्ष) पुत्र शिवकुमार सेठ 14 दिसंबर शाम पड़ोसी युवक अरमान मोबाइल दिला और उसकी साइकिल लेकर धरसौना बाजार निकला लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने शनिवार शाम चोलापुर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई।

### चेक बाउंस में आरोपी को चार महीने की सजा

**वाराणसी।** अतिरिक्त न्यायालय सूर्य कुमार सिंह की अदालत चेक बाउंस के मामले में आरोपी सारनाथ निवासी शारदा प्रसाद पाल को दोषी पाते हुए चार माह की सजा सुनाई है साथ ही 3 लाख 65 हजार रुपया जुर्माना भी लगाया है। अधिवक्ता कमल कांत तिवारी ने अधिवक्ता वृजेश मिश्र के जरिए कोर्ट में परिवाद दाखिल किया। आरोप लगाया की वर्ष 2017 में परिवादी से आरोपी ने तीन लाख रुपया लिया। बाद में आरोपी ने पैसा लैटाने के लिए पांच चेक दिया। चेक बाउंस हो गया। उसके बाद अधिवक्ता ने कोर्ट में परिवाद दाखिल किया था।

### चाइनीज मांझा से घायल हुआ युवक

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के दुर्गाकुंड कबीर नगर मार्ग पर शनिवार शाम चाइनीज मांझा से कृष्ण कुमार सिंह नामक व्यक्ति चोटिल हो गया। मांझे की चपेट में आने से गर्दन और बाए हाथ की दो अंगुली कट गयी। कृष्ण नरोत्तमपुर इलाके का रहने वाला है।

### स्कूटी दिलाने के नाम पर 70 हजार की ठगी

**बड़ागांव।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के चिउरापुर गांव निवासी महिला को स्कूटी दिलाने के नाम 70 हजार की ठगी हुई। महिला ने स्थानीय थाने में रपट दर्ज करायी। महिला को महिला को किसी निजी कंपनी से फोन आया और फोन करने वाले ने सस्ती दर पर स्कूटी दिलाने की बात कही। झांसे में फंसकर महिला ने एजेंट बताये गये दो खातों में 70 हजार भेज दिया।

# ‘यदि एक कदम बढ़ाया तो आग लगा लेंगे’

**दी चेतावनी**

### मकान खाली कराने पहुंची राजस्व टीम का विरोध

### कोर्ट के आदेश पर पहुंची थी टीम पुलिस ने लड़कियों को मनाया



मौके पर मौजूद पुलिस और उपस्थित लोग

**वाराणसी।** कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत वरुणा विहार कॉलोनी में शनिवार कोर्ट के निर्देश पर मकान खाली कराने पहुंची राजस्व टीम को विरोध का सामना करना पड़ा। जिस मकान को राजस्व की टीम खाली कराने पहुंची वहां मौजूद दो लड़कियों ने खुद को कमरे में बंद कर लिया और धमकी दी कि अगर एक कदम भी बढ़ाया तो हम खुद को आग लगा लेंगी।

ये देख राजस्व और पुलिस के कदम रुक गए। उन्होंने तत्काल फायर ब्रिगेड को फोन किया और कुछ ही समय में वहां दमकल की गाड़ी भी पहुंच गयी। करीब एक घंटे चले इस ड्रामे के बीच वहां मौके पर एसडीएम सदर, एडीसीपी, एसीपी कैंट पहुंचे और समझाने का पूरा प्रयास किया। हालांकि इस दौरान मकान में रह रही प्रमिला के अधिवक्ता के पहुंचने पर किसी तरह मामला शांत हुआ। जानकारी के अनुसार, वरुणा विहार कॉलोनी में मुरालीलाल और उनकी बेटी प्रमिला देवी के संपत्ति विवाद में एसडीएम सदर न्यायालय ने मुरालीलाल के पक्ष में फैसला दिया। ऐसे में प्रमिला ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हाईकोर्ट ने डीएम को 19 दिसंबर 2022 को जवाब की फाइल तैयार कर पेश होने का आदेश दिया। उसी आदेश का पालन कराने के लिए शनिवार को राजस्व और पुलिस की टीम वहां पहुंची थी। ये देख प्रमिला की दो लड़कियां शिवानी और चांदनी ने खुद को कमरे में बंद कर आत्मदाह की धमकी देने लगीं।

## हत्यारोपी प्रधान की मां ने कहा, बेटे को फंसाया गया

**चौबेपुर।** चौबेपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुछ दिनों पूर्व किशोर की पीटकर हत्या के मामले में जेल में बंद ग्राम प्रधान की मां ने शनिवार को समर्थकों संग धरना प्रदर्शन किया और बेटे को साजिशन फंसाने का आरोप लगाया। धरना प्रदर्शन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने वहां से लोगों को हटाया। निर्मला देवी का आरोप है कि उनके बेटे राघवेंद्र जायसवाल को राजनीतिक रंजिश के चलते फंसाया गया और अब उनके छोटे बेटे शिवेंद्र को भी इस मामले में पुलिस ने नामदज किया है। निर्मला देवी की माने तो इस कांड से उनके बेटे का कोई लेनादेना नहीं हैं। बहरामपुर निवासी अमित खैरवार (16) की 23 नवंबर को शादी से लौटते समय कस्बे में ही घेरकर मारा पीटा गया था। इलाज के दौरान तीन बाद अमित ने दम तोड़ दिया था। मृतक की मां रज्जो देवी ने चौबेपुर ग्राम प्रधान राघवेंद्र, शिवेंद्र जायसवाल समेत अन्य सात के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है जिसमें आरोपी प्रधान को तो पुलिस ने पकड़ लिया जबकि अन्य आरोपी फरार हैं।

## दो पत्नियों के चक्कर में श्रीमान हुए ‘घनचक्कर’

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** महंगाई के दौर में जहां खुद को संभालना मुश्किल हैं वहीं एक साहब ऐसे भी है कि दो शादियां कर ली वो भी एक एक दूसरे को बताये बिना। खैर मामला तब बिगड़ा जब पति की खींचातानी होने लगी। पहली का दबाव बना रही मेरे साथ रहो दूसरी वाली बोल रही मेरे साथ रहे। अब पति की हालत बंदर की तरह हो गयी, अब सिवाय उछल कुछ के कुछ कर भी नहीं पा रहा। पहले मामला थाने पहुंचा यहां से कचहरी।

जानकारी के अनुसार जगदीशपुर गांव निवासी एक व्यक्ति जाल्हूपुर की रहने वाली युवती से पांच फरवरी 2021 को कैथी स्थित मार्कंडेय महादेव मंदिर में शादी की, शादी के तीन महीने ने भी नहीं बीते कि कपसेठी थाना कोइलारा की रहने वाली युवती से शादी कर ली।

**ये हुआ हाल**

### दोनों की मांग थी कि पति रहे उनके साथ

### तीन महीने के अंतराल पर की थी दूसरी शादी

जब दूसरी बीबी को घर लेकर आया तो यहां बरतन टकराने लगा। पहली वाली कहती मेरे साथ रहो दूसरी वाली कहती मेरे साथ रहो। इस दौरान पहली पत्नी ने पति के संग रहने को लेकर चोलापुर थाने में प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने इस मामले को कचहरी स्थित महिला प्रकोष्ठ भेज दिया। शनिवार को महिला प्रकोष्ठ में ही दोनों पत्नियों के अधिवक्ता आपस में उलझ गए। मामला आलाधिकारियों तक पहुंचा और उनके निर्देश पर पति समेत दोनों पत्नियों को वापस चोलापुर थाने भिजवाया।

# कैंट स्टेशन के गिर्द चल रहे देह व्यापार पर पुलिस ने किया प्रहार

जनसंदेश न्यूज

**देर से खुली नींद**

### आधा दर्जन होटलों में छापेमारी जारी रहेगा ये अभियान

### अलग-अलग जगहों से महिला समेत 10 लोगों को पकड़ा गया

**वाराणसी।** कैंट स्टेशन के आसपास संचालित होटल और लॉज में सिगरा पुलिस ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान करीब 10 को पकड़ा गया। जिसमें छह महिलाओं और चार पुरुषों थे। सभी को आगे की कार्रवाई में पुलिस ने जेल भेजा।

एसीपी चेतगंज शिवा सिंह को सूचना मिली कि कैंट स्टेशन के आसपास के होटल लॉज में अनैतिक कारोबार चल रहा है। ऐसे में एसीपी के नेतृत्व में सिगरा पुलिस ने शुक्रवार की रात अचानक छापेमारी की। ये छापेमारी करीब आधा दर्जन होटल व लॉज में की गयी। अलग-अलग जगहों से महिला समेत 10 लोगों को पकड़ा गया। सिगरा थाना प्रभारी राजू सिंह ने बताया कि इस बात की शिकायत मिली कि कुछ होटल लॉज को दूसरे काम में उपयोग किया जा रहा है। एसीपी के नेतृत्व में छापेमारी की गयी। कैंट स्टेशन, फ्लाईओवर और आसपास के होटल, लॉज में येअभियान आगे भी जारी रहेगा। वहीं इंग्लिशिया लाइन के पास लबे सड़क देर रात क्रास जेंडरो के जुटान और इस वजह से यहां मनचलों आना जाना लगा रहता है। इस बात की सूचना भी उन्हें मिली हैं। ऐसे में एक टीम गठित कर यहां लगातार अभियान चलाया जायेगा।

स्थानीय लोगों की माने तो सिगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत परेठ कोठी के आसपास करीब एक दर्जन लॉज और होटलों का उपयोग गलत काम में होता है। ऐसे में पुलिस कसी छापेमारी और अभियान से यहां फैली अराजकता पर लगाम लगेगी।

### सड़क दुर्घटना में जिम संचालक की मौत

**वाराणसी।** हुकुलगंज स्थित सांस्कृतिक संकुल के पास शुक्रवार की रात वाहन की टक्कर की चपेट में आने से शिव बिहार कॉलोनी पहड़िया निवासी जिम संचालक अशोक पटेल (48 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। अशोक पटेल पांडेयपुर चौराहे पर ही इंडियन हेल्थ क्लब नाम से जिम चलाते थे। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ड्राइवर सहित गाड़ी को पकड़ लिया गया है। ट्रक इंडियन ऑयल की सिलेंडर लदी हुई थी जो लालपुर थाने पर खड़ी है। लालपुर थाने में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। मृतक अशोक पटेल वर्षों से पांडेयपुर पुलिस चौकी के ठीक सामने इंडियन हेल्थ क्लब के नाम से जिम चलाते थे। मृतक अशोक पटेल तीन बहनों में एकलौते थे। इनकी दो पुत्रियां (19) व (24) वर्ष की है।

### घायल बाइक सवार की मौत

**मिर्जामुराद।** रूपापुर गांव के पास हाइवे की सर्विस लेन पर सोमवार की रात अज्ञात वाहन से टक्कर में घायल बाइक सवार कन्हैयालाल पाल की मौत हो गयी। मृतक के भाई विजय कुमार पाल ने शनिवार को मिर्जामुराद थाने में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ तहरीर दी।

# 71 प्रतिशत ने किया चाहत का इजहार

**सीबीए चुनाव**

### गहमागहमी के बीच चुनाव संपन्न, परिणाम आज

**वाराणसी।** सेंट्रल बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में लगभग 71 फीसदी मत पड़े। अध्यक्ष महामन्त्री समेत 20 पदों पर 66 प्रत्याशियों के भाग्य फैसला मत पेटिकाओं में बन्द हो गया। गहमागहमी के बीच सुबह 10 बजे से शुरू हुआ मतदान शाम 4 बजे तक सेंट्रल बार सभागार में सम्पन्न हुआ। रविवार की सुबह आठ बजे से मतगणना शुरु होगी जो परिणाम आने तक जारी रहेगा। इस दौरान प्रत्याशी या उसका कोई एक प्रतिनधि अंदर होगा।

मतदान के दौरान पुलिस की तैनाती पर्याप्त थी। मतदान स्थल के बाहर प्रत्यशियों और समर्थकों की लंबी लाइन के बीच मतदाताओं को मतदान स्थल तक पहुचने में काफी संघर्ष करना पड़ा। 6255 में 4438 अधिवक्ताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। मतदान के लिए 110 बूथ बनाए गए थे। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन राधेलाल श्रीवास्तव ने समिति के सदस्यों राधेमोहन त्रिपाठी,केशर रॉय,जेपी सिंह, महफूज आलम और अजय श्रीवास्तव व सन्तोष कुमार सिंह, सेंट्रल बार के अध्यक्ष मोहन यादव महामंत्री अश्वनी राय, अशोक सिंह प्रिंस , सभाजीत सिंह , संजय गुड्डू आदि 70 सहायक चुनाव अधिकारियों के सहयोग से मतदान सम्पन्न हुआ।



सीबीए के चुनाव में वोट डालते अधिवक्ता

# प्रो. संजय कुमार शाही अध्यक्ष डॉ. उपेंद्र कुमार महामंत्री बने



चुनाव में निर्वाचित होने वाले विजयी प्रत्याशी

जनसंदेश न्यूज

**निर्वाचन**

### यूपी कॉलेज शिक्षक संघ का चुनाव, सारे प्रतिनिधि निर्विरोध चुने गए

**तरना।** उदय प्रताप स्वायत्तशासी कॉलेज के शिक्षक संघ का चुनाव शनिवार को महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रोफेसर ओमप्रकाश सिंह एवं प्रोफेसर बनारसी मिश्र के नेतृत्व में संपन्न हुआ। सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए। प्रो. संजय कुमार शाही अध्यक्ष, प्रो. पंकज कुमार सिंह उपाध्यक्ष, डॉ. उपेन्द्र कुमार महामंत्री, डॉ. संजय कुमार श्रीवास्तव संयुक्त मंत्री, डॉ. जितेंद्र सिंह कोषाध्यक्ष चुने गए। प्रतिनिधि संकाय के रूप में विज्ञान संकाय से प्रो. राघवेंद्र सिंह रघुवंशी, डॉ. अश्विन कुमार निगम, कृषि संकाय से डॉ. राजेश कुमार राय, आदित्य कुमार, कला संकाय से डॉ. अलका आर गुप्ता, वाणिज्य संकाय से प्रो. मीरा सिंह, शिक्षा संकाय से डॉ. संजय स्वर्णकार, प्रो. शशिकांत द्विवेदी सदन प्रतिनिधि चुने गए। पर्यवेक्षक के रुप में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ शिक्षक संघ के महामंत्री प्रो. दिवाकर सिंह उपस्थित रहे।


**न्यायालय अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) बलिया**

**वाद सं0-71/2020 दफा-30 रा0 संहिता**

**मौजा-घघरौली, परगना-बलिया**

**राजेन्द्र बनाम रामसूरत**

1. रामसूरत पुत्र जगरनाथ सा0 घघरौली 2. धीरज पु0 रामकवल, 3. राम मोहन पुत्र शिवकुमार, 4. अंकित कुमार, 5. अमित कुमार पुत्र वशिष्ठमुनी, 6. रूबी-वशिष्ठमुनी, 7. रामाशंकर, 8. शिवशंकर पुत्रगण सरजू प्रसाद, 9. उमाशंकर, 10. दयाशंकर पुत्रगण राधामोहन सा0-माधोपुर, परगना-बलिया, 11. कमलावती स्त्री गोविन्द जी सा0-जमालपुर, 12. जर्नादन प्रसाद, 13. बब्बन प्रसाद पुत्रगण विश्वनाथ सा0-आमघाट, परगना-बलिया, 14. छट्ठूलाल पु0 मुसाफिर सा0-घघरौली, पर0-बलिया, 15. भरत, 16. छितेश्वर पुत्रगण रामस्वरूप, 17. श्रीपति, 18. महेन्दर, 19. रघुपति पुत्रगण दहारी सा0-घघरौली, 20. लीलावती स्त्री नन्दजी सा0-जमालपुर, 21. महन्थ पु0 शिवपूजन वर्मा, 22. सुरेन्द्र पु0 विश्वनाथ सा0-चकरी, परगना-बलिया, 23. सावित्री स्त्री लल्लन प्रसाद सा0-घघरौली, 24. रुक्मीणि स्त्री शिव प्रसाद, 25. गोविन्द पु0 सरजू प्रसाद सा0-छोटका राजपुर हा0 मु0 जमालपुर, 26. ग्राम पंचायत घघरौली जरियें प्रधान ग्राम पंचायत घघरौली, परगना-बलिया।

वाजेह हो कि वादि ने आपके नाम एक मुकदमा दायर किया है जिसमें ता0 पेशी 03.01.2023 नियत है अतः ता0 पेशी के दिन मय अधिवक्ता उपस्थित होकर वाद की पैरवी करे। उपस्थित न होने की दशा में वाद में एक तरफा कार्यवाही कर दी जायेगी।

अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), बलिया



FORM No. IV (See Sub Rule 2(a) of Rule 5)

**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL**

(H.No. 797-II, "Shantikunj" South Civil Lines, Jabalpur(MP))

(Areas for Jurisdiction - Madhya Pradesh)

(Summons under Sub-Section (4) Section 19 of the Act, read with Sub-Rules 2A) of rules 5 of the Debts Recovery Tribunal (Procedure) Rules, 1993

**ORIGINAL APPLICATION NO. 761/2022**

IDBI Bank Ltd. .................. Applicant

Versus

Nitesh Kumar & Another.................Defendants

Shri Nitesh Kumar S/o Shri Luddur Ram
C/o Anil Sahu, Mastana Chowk, behind Jain Temple, Ranjhi, Jabalpur (M.P.),PIN - 482002
Also at:
(A) SH 13/89-C, Tama Bazar, Tama Varanasi, Uttar Pradesh PIN-221003
(B) 141/2, Gandhi Vyayam Shala, Harijan Basti, Ranjhi, Jabalpur(M.P.) PIN- 482002

2. Smt. Sumitra Devi W/o Shri Luddur Ram
C/o Anil Sahu, Mastana Chowk, Behind Jain Temple Ranjhi, Jabalpur(M.P.)
Also at:
(A) SH 13/89-C, Tama Bazar, Tama Varanasi, Uttar Pradesh, PIN-221003
(B) 141/2, Gandhi Vyayam Shala,Harijan Basti, Ranjhi, Jabalpur(M.P.) PIN- 482002

WHEREAS, OA No. 761/2022 was listed before Hon'ble presiding officer on 04-07-2022 Whereas, the Hon'ble Tribunal is Pleased to issued summons/notice on the said application under section19(4) of Act,(OA) field against you recovery of debts of Rs. 20,15,439.30 Application alongwith copies of documents etc. annexed in accordance with sub-section (4) of section 19 of the Act, you the defendants are directed as under.1. To show Case within thirty days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted. 2. To disclose particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under Serial No. 3A of the Original Application. 3. You are restrained from dealing without disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under Serial no. 3A of the Original Application, Pending hearing and disposal of the application for attachment of properties. 4. You shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of this business any of the assets over which security interest created and / or other assets and properties specified or disclosed under serial number 3A of the original Application without the prior approval of the Tribunal. 5. You shall be liable to account for the sale proceeds realized by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank of financial institutions holding security interest over such assets. You are also directed to file the written statement with a copy there of furnished to the application and to appear on 19/12/22 at 10:30AM. failing which the application shall be heard and decided in your absence. Give under my hand and the seal of the Tribunal, this the 14th day of December 2022

REGISTRAR
Debt Recovery Tribunal, Jabalpur



**जनसंदेश टाइम्स वर्गीकृत सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2017 अनुक्रमांक 4167723 इंटरमीडिएट 2020 अनुक्रमांक 2026326 का अंक व मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। विजय यादव पुत्र रामनरायन यादव ग्राम-जबरापार, पोस्ट-दौलतनगर, गाजीपुर।

सूच्य हो कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2013 अनुक्रमांक 2326205, इण्टरमीडिएट वर्ष 2015 अनुक्रमांक 2290848, ए.एन.एम. आकजेल्वरी नर्सिंग वर्ष 2017 अनुक्रमांक 163118400 व बी.ए. वर्ष 2017-2018 अनुक्रमांक 16893130740 वास्तव में कहीं खो गया है। कु0 कंचन पुत्री रामआधार प्रसाद, ग्राम-बस्ती वरसी, मऊ।

मेरा पुत्र विनोद ठाकुर और उसका परिवार न ही मेरा सेवा, सुश्रुषा करता है और न ही मेरा हाल-चाल पूछता है और वह अपनी मर्जी से अपना काम-धाम करता है। मुझसे कोई सम्बन्ध नहीं रखता है और न ही हमारे साथ घर पर रहता है। जिस कारण मैं अपने पुत्र विनोद ठाकुर और उसके परिवार को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ और विनोद ठाकुर व उसके परिवार से मेरा कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। उसके किसी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। शैल कुमार देवी पत्नी स्व0 लाल मोहन ठाकुर, ग्राम-जामापुर, पोस्ट व थाना व तहसील-कासिमाबाद, जिला-गाजीपुर।


# अवैध शराब और चोरी में तीन गिरफ्तार





जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) पर जीआरपी द्वारा चलाये जा रहे अभियान में शनिवार को अवैध शराब के साथ दो युवक व चोरी के मामले में एक महिला समेत एक को गिरफ्तार किया गया।

जीआरपी प्रभारी हेमंत सिंह ने बताया कि जांच के दौरान गजबे आलम ,का. दीपक कुमार, मुकेश कुमार का उमेश कुमार, अजीत कुमार को सूचना मिली कि दो युवक अवैध रुप से शराब लेकर बिहार वाली ट्रेन में बैठने की फिराक में हैं इस पर टीम ने प्लेटफार्म नंबर आठ व नौ पर घेरे बंदी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पास से कुल 90 शीशी शराब कुल 18 लीटर मिला, दोनों की पहचान पकड़ लिया गया। दोनों की पहचान अरविन्द कुमार (22)पुत्र स्व.कृष्णा व विकास कुमार (26)पुत्र करीमन यादव के रुप में की गयी दोनों औरंगाबाद बिहार के निवासी हैं। वहीं दूसरी ओर जीआरपी के हरिशंकर यादव, संगम सिंह, सुमित सिंह ने आरपीएफ के प्रमोद कुमार यादव व निशा की मदद से न्यू प्रतीक्षालय हाल में बने सूखे वृक्ष के चबूतरे के पास से एक महिला व एक पुरूष चोरी के के मोबाइल व रुपए के साथ गिरफ्तार किया। दोनों की पहचान अमित कुमार मौर्या (23)पुत्र सुरेन्द्र मौर्या निवासी गोधना मिजार्पुर व फरीदा खातून (40) पुत्री मो. जलाल निवासी पासी टोला जिला पूर्णिया के रुप में की गयी।

### अपहर्ता के साथ अपहरणकर्ता गिरफ्तार

**सारनाथ।** सारनाथ थाना अंतर्गत सिंहपुर रिंग रोड के पास से शनिवार की सुबह सारनाथ पुलिस ने अपहरणकर्ता को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से अपहर्ता को बरामद कर लिया। कार्यवाहक थानाध्यक्ष अखिलेश वर्मा ने बताया कि शनिवार को सुबह मुखबीर से सूचना मिली कि अपहरण का आरोपी अपहर्ता के साथ सिंहपुर रिंग रोड के पास खड़ा है। पुलिस टीम ने पहुंच कर अपहरणकर्ता सहित अपहर्ता को बरामद कर लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम कल्लू कुमार गौंड निवासी पैगम्बरपुर पंचकोशी, थाना-सारनाथ निवासी बताया। बताया कि कल्लू ने लगभग एक माह पूर्व गंज से अपहर्ता का अपहरण कर ले गया था।


इंडियन बैंक Indian Bank

इलाहाबाद ALLAHABAD

अंचल कार्यालयः एस 19/33, इकराम खान बिल्डिंग, नदेसर,वाराणसी। फोन 0542-2505443, ई-मेलः zovaranasi@indianbank.co.in

**अचल सम्पत्ति कब्जे की सूचना**

[illegible]

| क्र. सं. | खाते का नाम | नाम ऋणी/जमानतदार/सम्पत्ति के स्वामी | बंधक सम्पत्ति का विवरण | डिमाण्ड नोटिस/कब्जे की तिथि | शाखा/बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मेसर्स बाम्बे मेन्स कलेक्शन | 1. मेसर्स बाम्बे मेन्स कलेक्शन, पता - ग्राम - बहादुरपुर, पो0 जलालीपुर, कुष्ठ सेवा आश्रम, पड़ाव, चन्दौली 232101 2. अब्दुल गफ्फार पुत्र अब्दुल माजिद निवासी- ग्राम - बहादुरपुर, पो0 जलालीपुर, कुष्ठ सेवा आश्रम, पड़ाव, चन्दौली 232101 3. मैसर जहाँ पत्नी अब्दुल माजिद निवासी- ग्राम - बहादुरपुर,पो0 जलालीपुर, कुष्ठ सेवा आश्रम, पड़ाव, चन्दौली 232101 4. मो0 ताहिर पुत्र अब्दुल रहिम निवासी- एस-6/22-एम-2 पक्की बाजार चमरौटिया, गोलघर कचहरी, वाराणसी-221002 5. अब्दुल आबिद पुत्र अब्दुल माजिद निवासी- ग्राम - बहादुरपुर, पो0 जलालीपुर, कुष्ठ सेवा आश्रम, पड़ाव, चन्दौली 232101 6. कादिर खान पुत्र अब्दुल माजिद निवासी- ग्राम - बहादुरपुर, पो0 जलालीपुर, कुष्ठ सेवा आश्रम, पड़ाव, चन्दौली 232101 7. अब्दुल कामिल पुत्र अब्दुल माजिद निवासी- ग्राम - बहादुरपुर, पो0 जलालीपुर, कुष्ठ सेवा आश्रम, पड़ाव, चन्दौली 232101 8. कासिम खान पुत्र अब्दुल माजिद निवासी- ग्राम - बहादुरपुर, पो0 जलालीपुर, कुष्ठ सेवा आश्रम, पड़ाव, चन्दौली 232101 9. अब्दुल फजल पुत्र अब्दुल माजिद निवासी- ग्राम - बहादुरपुर, पो0 जलालीपुर, कुष्ठ सेवा आश्रम, पड़ाव, चन्दौली 232101 10. आमिल खान पुत्र अब्दुल माजिद निवासी- ग्राम - बहादुरपुर,पो0 जलालीपुर, कुष्ठ सेवा आश्रम, पड़ाव, चन्दौली 232101 | सभी भाग सम्पत्ति, अराजी सं0 145 मी, स्थित मौजा- बहादुरपुर, परगना- मवई, तहसील व जिला- चन्दौली, क्षेत्रफल 1326 वर्ग फीट, चौहद्दी- उत्तर- समीर व अन्य की भूमि, दक्षिण- हनिफ खान व अन्य की भूमि, पूरब- निहालू व अन्य की भूमि, पश्चिम- रास्ता दाउद कबीर व अन्य | 29.09.2022 13.12.2022 | स्टेशन रोड, वाराणसी शाखा रु 19,93,639/- + ब्याज + अन्य व्यय |

दिनांक - 18.12.2022 स्थान - वाराणसी

प्रकाशन में हुई किसी प्रकार की त्रुटि के लिये सम्बन्धित शाखा या अंचल कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

प्राधिकृत अधिकारी इंडियन बैंक



# वाराणसी



# ‘पाकिस्तान होश में आओ’ के नारों से विरोध मुखर

**आंदोलन**

### भाजपा नेताओं ने विवादित बयान पर फूंका पाकिस्तानी विदेश मंत्री का पुतला

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति दिये गये विवादित बयान के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने शनिवार को कचहरी रोड पर विरोध प्रदर्शन कर पाकिस्तानी विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो का पुतला दहन किया। इस दौरान ‘पाकिस्तान होश? में आओ’ के नारों से जिला मुख्यालय गुंजायमान रहा।

पुतला दहन कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश महामंत्री पंकज सिंह ने कहा कि वैश्विक मंचों पर मुंह की खाकर हताश-निराश पाकिस्तानी सरकार में बैठे हुक्मरानों की मनोदशा विकृत हो चुकी है। कश्मीर में स्थापित हो रहे शांति एवं सौहार्द का वातावरण पाकिस्तानी सरकार स्थ्वीकार नहीं कर पा रहा है। हताश-निराश पाकिस्तानी विदेश मंत्री का प्रधानमंत्री मोदी के प्रति दिया गया बयान किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उचित मंचों पर इसका मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा। पुतला दहन कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री शंकर गिरि, जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, विधायक डॉ. अवधेश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, उदय प्रताप सिंह ‘पप्पू’, संजय सोनकर, प्रवीण सिंह गौतम, सुरेश सिंह, अरविंद सिंह पटेल, उषा राज मौर्य, मीना तिवारी, जगदीश त्रिपाठी, डॉ. गीता शास्त्री, श्रीनिकेतन मिश्र, किशोर कुमार सेठ, अमन सोनकर, रजत जायसवाल आदि शामिल रहे।



पाकिस्तानी विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के पुतले के साथ नारेबाजी करते भाजपा कार्यकर्ता

### ‘पाकिस्तान का पप्पू है बिलावल’

**वाराणसी।** पूर्व महापौर रामगोपाल मोहले ने पाकिस्तानी विदेश मंत्री के पीएम मोदी पर दिए बयान की कड़ी निंदा करते हुए बिलावल भुट्टो को पाकिस्तान का ‘पप्पू’ करार दिया है। उन्होंने कहा है कि अपने विदेश मंत्री की इस नाकाबिले बरदाश्त अभद्र टिप्पणी के लिये पाकिस्तान सरकार को फौरन माफी मांगनी चाहिए। पूर्व महापौर श्री मोहले ने कहा कि बिलावल का बयान पाकिस्तान सरकार की आतंकवादी मानसिकता का परिचायक है। अंतरराष्ट्रीय जगत में पाक की पहचान आतंकवादियों की पनाहगाह के तौर पर है। उसकी इतनी साख और हैसियत नहीं कि वो भारत पर उंगली उठाये और पीएम नरेंद्र मोदी जैसी अजीम शख्सियत पर अभद्र टिप्पणी करे। पूरी दुनिया इस हकीकत से वाकिफ है कि पाकिस्तान के स्पेशल टेररिस्ट जोन से ही आतंकवाद पैदा हुआ और विश्व भर में फैल गया। लगता है पाकिस्तान को 1965 और1971 के जख्म की टीस उसे अब भी परेशान कर रही है, जिसके चलते उसके राजनेता अपने दिमागी दिवालियेपन का सबूत दे रहे हैं।

# देश की प्राचीन संस्कृति-परंपरा से जुड़ी चीजों को करना है पुनःस्थापित : ‘दयालु’



यूपी कॉलेज में शनिवार को आयोजित ईट राइट मिलेट मेला में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र ‘दयालु’ ने स्टॉल का अवलोकन किया

**आयोजन**

### यूपी कॉलेज में ‘ईट राइट मिलेट मेला’ में बोले सूबे के आयुष एवं खाद्य सुरक्षा राज्यमंत्री

### मोटे अनाज के प्रति किया गया जागरूक, लोगों ने चखे विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के स्वाद

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** सूबे के आयुष एवं खाद्य सुरक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. दयाशंकर मिश्र ‘दयालु’ ने कहा है कि जिस तरह भारत अपने अतीत को वर्तमान में दोबारा पुर्नस्थापित करना चाहता है और इसके लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की पुरातन संस्कृति से जुड़ी हुयी ऐतिहासिक चीजों को जड़ों से पुनः जीवित करने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने योग और आयुर्वेद की तरह हमारे परंपरागत अनाज की ओर लौटने का आह्वान किया है। पीएम ने जनता से भारत के परंपरागत मोटे अनाज यानि मिलेट्स का अधिकाधिक उपयोग करने की अपील की है। दुनिया में मिलेट्स को बढ़ावा देने के लिए आगामी 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स ईयर के रूप में मनाया जाएगा। इस दिशा में लोगों को जागरूक करने के लिए आयोजित ‘ईट राईट मिलेट मेला’ अत्यंत उल्लेखनीय है।

यूपी कॉलेज मैदान में शनिवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की ओर से आयोजित ‘ईट राइट मिलेट मेला’ के उद्घाटन समारोह में दयालु मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उदय प्रताप इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने नाटिका ‘मिलेट चौपाल’ की सराहनीय प्रस्तुति की। उसमें मोटे अनाज के गुणों का उल्लेख भी किया गया। विशाल दिक्षित ने विभिन्न प्रकार के मिलेट्स के उपयोग और महत्व के बारे में बताया। मेले में लगे स्टॉल्स पर लोगों ने मिलेट्स से तैयार कई प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। वहीं, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के मोबाइल लैब में खाद्य सामग्री की गुणवत्ता परखने की सुविधा भी रही। विभाग के सहायक आयुक्त एवं अभिहित अधिकारी संजय प्रताप सिंह की देखरेख में इस मौके पर भारत को विश्व का मिलेट गुरु बनाने की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम में सौरव चटर्जी, नवरतन राठी, आनंद पांडेय, गौरव राठी, गुड्डू महाराज, बबलू मिश्र, अविनाश उपाध्याय, कॉलेज के प्रधानाचार्य रमेश प्रताप सिंह आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।

# तय शैक्षिक योग्यता नहीं तो लाइसेंस भी नहीं

**रहे ध्यान**

### जनपद के कीटनाशी कारोबारियों को जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने किया आगाह, दी 31 तक की टाइम लाइन

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** शासन ने सूबे में उन्हीं कीटनाशी विक्रय प्रतिष्ठान अधिष्ठाताओं को इस कारोबार का लाइसेंस देने के निर्णय लिया है जिनके पास निर्धारित शैक्षिक योग्यता होगी। जिनके पास यह योग्यता नहीं है उनके लिए पूर्व में जारी लाइसेंस अवैध माने जाएंगे। सो, संबंधित शैक्षिक योग्यता का प्रमाण पेश करने के लिए संबंधित व्यवसायियों को 31 दिसंबर तक की टाइम लाइन दी गयी है।

जिला कृषि रक्षा अधिकारी राजेश कुमार राय ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डीलर और रिटेलर्स की कीटनाशी नियमावली 1971 के तहत संबंधित लाइसेंसधारी को कीटनाशी संशोधन-2015 के अंतर्गत कारोबारी की शैक्षिक योग्यता कृषि विज्ञान या जैव रसायन अथवा जैव प्रोद्योगिकी या जीव विज्ञान अथवा रसायन विज्ञान या वनस्पति विज्ञान अथवा प्राणि विज्ञान में स्नातक डिग्री या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से कृषि या एक वर्ष का डिप्लोमा पाठ्यक्रम में न्यूनतम अर्हता आवश्यक है।

ऐसा न होने पर डीलर्स तथा रिटेलर्स को संबंधित शैक्षिक योग्यता हासिल करने के लिए 31 दिसंबर तक का समय बढ़ाया गया है। इस अवधि के बाद अनिवार्य शैक्षिक योग्यता न रखने वाले व्यवसायी का कीटनाशी से जुड़े लाइसेंस स्वतः अवैध हो जाएंगे।

# स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का किया गया स्वागत

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्रीः आविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती महाराज के प्रथम काशी आगमन पर शनिवार को विभिन्न संस्थाओं और काशीवासियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। बाबतपुर पर आयुष राज्य मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने स्वागत कर आशीर्वाद लिया।

शिवपुर में सुभाष कपूर जी ने सैकड़ों लोगों संग स्वागत किया।अतुलानन्द चौराहा पर - किसन जायसवाल जी, सन्दीप राय जी ने सैकड़ों लोगो संग स्वागत किया। कचहरी चौराहा पर शिवप्रसाद पाण्डेय जी और अधिवक्ता समाज द्वारा भव्य स्वागत किया। नदेसर पर आटो पार्ट व्यवसायी संग की ओर से चंद्रशेखर तिवारी मून जी व कवींद्र उपाध्याय पिंटू जी सहित सैकड़ों व्यवसायियों ने भव्य स्वागत किया। तेलियाबाग तिराहा पर सपा विधानसभा प्रत्याशी किशन दीक्षित व विनय पाण्डेय ने स्वागत किया। । सिंह मेडिकल एंड रिसर्च सेंटर पर अशोक सिंह ने सैकड़ों लोगों संग स्वागत किया।

इसी प्रकार मलदहिया चौराहा पर शशिप्रकाश चन्द्र छात्रसंघ अध्यक्ष विद्यापीठ,अभिषेक मिश्रा अश्विनी समेत काफी लोगों ने स्वागत किया। सोनारपुरा से शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती जी महाराज खुले पालकी में सवार होकर आगे बढ़ें उनके आगे एक दल डमरू वादन व एक दल शहनाई वादन करते चल रहा था। महाराजश्री ने चिन्तामणि मन्दिर में गणेश जी महाराज का आरती व पूजन किया।

तत्तपश्चात ज्योतिर्मठ मुख्यद्वार पर श्रीविद्यामठ में भक्तों द्वारा स्वागत व अभिनंद किया गया। विद्वत न्यास परिषद के पं श्रीप्रकाश मिश्रा जी,विश्वनाथ मंदिर के महंत राजेन्द्र तिवारी,साध्वी पूर्णम्बा,साध्वी शारदम्बा आदि ने उनका स्वागत किया।



स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का डॉ. अशोक सिंह ने किया स्वागत

# पूर्व विधायक को दें पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था

**दिया ज्ञापन**

### कांग्रेसजनों ने डीपीसी मुख्यालय से की पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष की सुरक्षा की मांग

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय एवं उनके परिवार की सुरक्षा की मांग लेकर पार्टी की जिला व महानगर कमेटी का एक प्रतिनिधि मंडल शनिवार को डीसीपी मुख्यालय अमित कुमार से उनके कार्यालय में मिला। साथ ही ज्ञापन सौंपा।

इस मौके पर कांग्रेसजनों ने उन्हें बताया कि माफिया मुख्तार अंसारी को न्यायालय से गत दिनों एक फैसले में दस साल कारावास और जुर्माने की सजा सुनायी है। श्री राय अजय राय की अच्छी पैरवी के चलते मुख्तार अंसारी को यह सजा मिली है। पांच बार के विधायक एवं पूर्व मंत्री रहे अजय राय व उनके परिवार के सदस्यों की सुरक्षा की चिंता सभी कांग्रेसजनों को है। कारण, प्रशासन द्वारा गैंगस्टर में लगाये गए पांच मुकदमों में से चार मामलों में मुख्तार दोषमुक्त हो गया और सिर्फ स्व. अवधेष राय के केस में अजय राय के चलते उसे सजा मिली। ऐसे में द्वेष भाव के कारण भविष्य में कोई अप्रिय घटना न हो इस कारण अजय राय की सुरक्षा का पर्याप्त इंतजाम होना चाहिए। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल, महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे, रेखा शर्मा, फसाहत हुसैन बाबू, डॉ. राजेश गुप्ता, अशोक सिंह, हसन मेंहदी कब्बन, विनय शडेजा, अफजाल अंसारी, लोकेश सिंह आदि रहे।



कांग्रेसजनों से शनिवार को डीसीपी मुख्यालय को ज्ञापन देकर प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय को सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की

### 9.5 लाख के पैकेज पर 25 विद्यार्थियों का चयन



**वाराणसी।** बीएचयू के नवगठित करियर मार्गदर्शन, प्रशिक्षण एवं स्थानन प्रकोष्ठ की तरफ से विश्वविद्यालय के सत्र 2022-23 के विद्यार्थियों के लिए कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन हुआ। प्रकोष्ठ के समन्वयक प्रो. वीके चंदोला ने बताया कि कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव में वाणिज्य संकाय के 113 विद्यार्थी शामिल हुए। इसमें 25 विद्यार्थियों का 9.50 लाख के सालाना पैकेज पर चयन हुआ। उन्होंने बताया कि आगे भी लगातार कई कंपनियों से कैम्पस प्लेसमेंट के लिए बातचीत जारी है और कुछ कम्पनी ने कैम्पस प्लेसमेंट की सहमति भी प्रकट की है। ट्रेनिंग एवं प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. उमेश सिंह ने बताया कि प्लेसमेंट के लिए कई कंपनियों से वार्ता चल रही है और जल्द ये सभी कंपनियां अपना स्लॉट तय करेंगी और विश्वविद्यालय में आएंगी।

### एडीएम ने लिया रैन बसेरा का जायजा



**रोहनिया।** राजातालाब हाई-वे के किनारे स्थित डाक बंगला पर स्थापित किये गये रैन बसेरा का शनिवार को एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह ने मौका-मुआयना किया। इस अवसर पर रैन बसेरा प्रभारी नायब तहसीलदार श्याम कुमार तिवारी ने उन्हें बताया कि यहां असहाय व गरीब शरणार्थियों को ठंड से राहत देने के लिए अलाव समेत रजाई, गद्दा व कंबल आदि की प्रबंध किया गया है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम गिरीश कुमार द्विवेदी, एनटी सुलेखा वर्मा, राजस्व निरीक्षक अशोक सिंह, लेखपाल रामरेखा सिंह, स्वाति श्रीवास्तव, लक्ष्मण गिरि, राजेश्वर नारायण, बबलू श्रीवास्तव आदि भी रहे।

# ‘पठान’ फिल्म का विरोध कर शाहरुख खान का फूंका पुतला

**रामनगर।** विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति के कार्यकर्ताओं ने विश्व हिंदू महासंघ प्रदेश अध्यक्ष के आह्वान पर शनिवार की शाम शास्त्री चौक पर तपेश्वर चौधरी के नेतृत्व में फिल्म पठान का प्रदर्शन कर जबरदस्त विरोध किया गया। प्रदर्शन करते हुए अभिनेता शाहरुख खान का पुतला दहन किया गया। संबोधन संदीप श्रीवास्तव ने कहा कि भारत में भगवा के प्रति टिप्पणी करने वालों का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। दिनेश मौर्य ने प्रशासन को कड़ी चेतावनी देते कहा कि अगर पठान फिल्म को वाराणसी के किसी भी सिनेमाघर में प्रदर्शित करने की कोशिश की गई तो इसके परिणाम बहुत गंभीर होंगे। विश्व हिन्दू महासंघ इसका कड़ाई से विरोध करेगा। पुतला दहन के दौरान अजय प्रताप सिंह, तपेश्वर चौधरी, आशीष, संजय पांडेय, संदीप श्रीवास्तव, अवश्यंभावी, दिनेश मौर्या, अनुराग चतुर्वेदी, आशीष गुप्ता, पंकज सिंह, राहुल गुप्ता, रामू यादव, आफताब अहमद, नरेंद्र सिंह, बलवंत नारायण झा, बृजेश कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



शाहरुख खान का पुतला फूंकते लोग

# दीये मिल्लत की, हम तो मंजरी जलाते हैं

**सेवापुरी/वाराणसी।** कुछ इस अंदाज से इस देश की जीनत बढ़ाते हैं, दीये मिल्लत की हम तो मंजरी जलाते हैं। काशी की कवियित्री डा. मंजरी पांडेय ने अपनी कविता से राष्ट्र में सामुदायिक सद्भाव व मानवीय मूल्यों को उजागर किया।

स्थानीय राजकीय बालिका महाविद्यालय सेवापुरी के स्थापना दिवस के समापन समारोह के अवसर पर काव्य गोष्ठी रंगोली, प्रो. देवव्रत पांडेय की पुस्तक का विमोचन आदि कार्यक्रम सम्पन्न हुए।

महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. सुधा पांडेय ने अतिथियों का स्वागत किया। साथ ही छह प्राध्यापकों डा. रविप्रकाश गुप्ता, डा. कमलेश कुमार, डा. रामकृष्ण गौतम, डा.सत्यनारायण वर्मा, डा.अर्चना गुप्ता, डा.आशा को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। काव्य गोष्ठ७ी में वाराणसी के कवियों में प्रो. रचना शर्मा,नागेश शांडिल्य, श्रुति गुप्ता, नवल किशोर गुप्त, प्रो. रामकृष्ण गौतम ने काव्य पाठ किया। संचालन कमलेश वर्मा तथा सुष्मिता व प्रिया मिश्रा ने किया।



# अब आंगनबाड़ियों के बच्चों को भी हाईटेक शिक्षा

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां टैबलेट के माध्यम से छह साल तक के बच्चों को देंगे प्री स्कूल एजुकेशन

**सराहनीय पहल**

### प्रथम चरण में आराजी लाइन व सेवापुरी ब्लॉक की वर्कर्स ले रहीं ट्रेनिंग, सीडीओ ने किया प्रोत्साहित

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** सीडीओ हिमांशु नागपाल ने कहा है कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को आकर्षित करने और शिक्षण पद्धति की नयी तकनीकों का प्रयोग करेंगे। जिसके तहत सेंटर पर छह साल तक की उम्र के बच्चों को प्री स्कूल शिक्षा टैबलेट के जरिये दी जाएगी। इसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को टैबलेट से लैस करेंगे। टैबलेट में प्रीलोडेड टीचिंग पद्धति का उपयोग कर आसानी से बच्चों को पूर्व प्राथमिक शिक्षा प्रदान करना संभव होगा।

आराजी लाइन बीआरसी में शनिवार को सीएसआर फंड के अंतर्गत वेदांता समूह की ओर से आंगनबाड़ी वर्करों के लिए आयोजित तीन दिनी डिजिटल ट्रेनिंग सत्र के दौरान मुख्य विकास अधिकारी संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यकत्रियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप के कंधों पर भारत की भावी पीढ़ी की जिम्मेदारी है। आपके ही सेंटर पर बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा की नींव रखी जाती है। आप उन्हें जैसा सिखाएंगी-पढ़ाएंगी, वही ज्ञान लेकर बच्चे प्राथमिक विद्यालयों में जाएंगे। इसलिए गंभीरतापूर्वक संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त कर पाठशाला से पहले की शिक्षा को और रोचक एवं मजेदार बनाइए।

इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को डिजिटल लर्निंग टीचिंग का प्रशिक्षण की शुरुआत हुई। इस अवसर पर बताया गया कि प्रथम चरण में यह ट्रेनिंग आराजी लाइन और सेवापुरी ब्लॉक की 25 आंगनबाड़ी वर्करों को टैबलेट उपलब्ध कराते हुए दिया जा रहा है। उसके बाद आगामी तीन महीने में जनपद की 500 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य है। उन सभी को टैबलेट से लैस किया जाएगा। कार्यशाला में आईसीडीएस के जिला कार्यक्रम अधिकारी डीके सिंह, बीएसए, वेदांता समूह के राज्य प्रभारी मो. अर्सलान और स्क्वायर पांडा की विशेषज्ञ टीम के सदस्य भी रहे।



आराजी लाइन में शनिवार को सीडीओ हिमांशु नागपाल की मुख्य उपस्थिति में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को टैबलेट उपलब्ध कराया गया

# नगर निकाय चुनाव में युवा मोर्चा की होगी महत्वपूर्ण भूमिका

**वाराणसी।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी भाजयुमो व विधायक पंकज सिंह ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में युवा मोर्चा अहम् भूमिका निभाएगा। वह भाजयुमो जिला व महानगर इकाई की सर्किट हाउस में शनिवार को हुई बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजनैतिक हो या सामाजिक, युवा मोर्चा हर जगह सक्रियता के साथ कार्य करता है। केंद्र और प्रदेश सरकार युवाओं के हित में निरंतर कार्य कर रही है। युवाओं को सरकारी नौकरी एवं स्टार्टअप योजना के तहत रोजगार देने का कार्य भाजपा सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि यह गौरव का विषय है कि भारत जी-20 की अध्यक्षता करेगा। संचालन महानगर अध्यक्ष रजत जायसवाल ने किया। धन्यवाद जिलाध्यक्ष अमन सोनकर ने दिया। बैठक में शंकर गिरी, अभिषेक मिश्रा, ओम तिवारी, अवनीश श्रीवास्तव, जगदीश त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।


जनसंदेश टाइम्स
मेडिकल डायरेक्टरी
सार्थक सर्जिकल सेन्टर
लेप्रोस्कोपिक, मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
अल्ट्रासोनिक लिथोट्रिप्सी मशीन द्वारा गुर्दे की पथरी का बिना आपरेशन सफल इलाज
डा. विनोद कुमार
सा. 6/174 ए-बी, अकथा, गाजीपुर रोड, पहड़िया, वाराणसी
मो0: 9415273558, टेलीफोन : 0542-2586160

## संक्षेप

### खाद्य व्यापारी आज सीखेंगे मार्केटिंग के गुर

**वाराणसी।** वाराणसी व्यापार मंडल और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) के संयुक्त बैनर तले पराड़कर स्मृति भवन सभागार 18 दिसम्बर को सायं पांच बजे से 'खाद्य उद्यम में रोजगार की अपार संभावनाएं' विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इसमें खाद्य पदार्थों को सुरक्षित रखने, पैकेजिंग करने और मार्केटिंग के गुर व्यापारियों को सिखाये जायेंगे। वाराणसी व्यापार मंडल के अध्यक्ष अजीत सिंह बग्गा एवं एफडीए के अभिहीत अधिकारी संजय प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि स्थानीय खाद्य उत्पादों को विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में यह कार्यशाला काफी मददगार साबित होगा, क्योंकि इसमें कई विशेषज्ञ भी भाग लेंगे और व्यापारियों को वैश्विक बाजार में खुदरा व थोक व्यापारियों को साबित करने के गुर बतायेंगे।

### मालवीय स्मृति पुष्प प्रदर्शनी 25 से

**वाराणसी।** महामना पं. मदन मोहन मालवीय स्मृति पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन बीएचयू परिसर में 25 से 27 दिसम्बर तक किया जाएगा। प्रदर्शनी में गुलदावदी, गुलाब के कटे फूल, फल, सब्जी, कलात्मक पुष्प-सज्जा, मंडप एवं मालवीयजी पर आधारित वास्तुकला के नमूनों आदि का प्रदर्शन किया जायेगा। इसमें भाग लेने के इच्छुक संस्थागत/व्यक्तिगत प्रतिभागीय उद्यान विशेषज्ञ कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

### काशी चैलेंज कप में यूपी का दबदबा



**वाराणसी।** जिला ताइक्वांडो संघ वाराणसी के बैनर तले शुरू तृतीय काशी चैलेंज कप में यूपी का दबदबा बरकरार है। शनिवार को बालिकाओं के सब जूनियर आयु वर्ग में सुल्तानपुर की उर्मिला यादव ने छत्तीसगढ़ की अनुप्रिया टप्पू, वाराणसी की हर्षिता सिंह ने पंजाब की गुर्लिन कौर व यूपी की संघमित्रा ने गुजरात की सलोनी पटेल को हराकर स्वर्ण पदक हासिल की। शुभारंभ सीआरपीएफ कमांडेंट विश्वनाथ प्रताप सिंह ने किया। प्रतियोगिता के आयोजन अध्यक्ष मनीष सिंह व सचिव सौरभ सिंह ने संयुक्त रूप से बताया अन्य सभी वर्ग की प्रतियोगिताएं 18 दिसम्बर को होंगे। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष आशीष प्रताप सिंह, हॉकी खिलाड़ी अजय विक्रम सिंह, नासिर अली, मंजीत, डॉ. वीके मिश्रा आदि उपस्थित थे।

### तीन साल से था राजस्व का बकाएदार, दबोचा गया

**पिंडरा।** नेहिया निवासी लाखों रुपये के राजस्व बकाएदार व्यक्ति को शनिवार को राजस्व टीम ने बाबतपुर क्षेत्र में धर दबोचा। उसे बकाए रकम का 50 फीसदी से अधिक वसूलने के बाद ही छोड़ा गया। उस व्यक्ति के ऊपर सात लाख रुपये से अधिक का बकाया था और वसूली के लिए तीन साल पहले आसरी जारी की गयी थी। नायब तहसीलदार साक्षी राय ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नेहिया निवासी राजाराम पर मुआवजा राशि के तहत सात लाख 39 हजार 432 रुपये का बकाया था। कोर्ट ने यह धनराशि जमा करने का आदेश दिया था लेकिन राजाराम ने आदेश का पालन नहीं किया। शनिवार को राजस्व की टीम ने उससे चार लाख 95 हजार 241 रुपये ड्राफ्ट लेने के बाद छोड़ा। कार्रवाई टीम में एनटी समेत कांता प्रसाद, धीरेंद्र सिंह, लल्लन राय व छेदीलाल थे।

### कोटे की दुकान आवंटन में धांधली का आरोप

**चिरईगांव।** स्थानीय ब्लॉक के रामपुर में कोटेदार के चयन में धांधली का आरोप लगाते हुए शनिवार को गांव के लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ने अध्यक्ष अन्नू देवी के नेतृत्व में विकास खंड मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी ने छह माह पहले ही गांव के सस्ते गल्ले की दुकान किसी एक स्वयं सहायता समूह को देने का निर्देश दिया था। उसके लिए तीन बार चुनाव प्रक्रिया करायी गयी लेकिन निर्णय न होने के चलते शनिवार को पुनः स्वयं सहायता समूहों की बैठक हुई। उसमें ग्राम पंचायत सचिव ने नियमों की अनदेखी पर एक समूह के अध्यक्ष के नाम दुकान आवंटित करने का एलान कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने मामले को लेकर बीडीओ सरिता गुप्ता को ज्ञापन दिया। उनमें प्रेमा, सोनू, किरन बाची, सुनीता आदि रहीं।

### विद्युतकर्मियों का प्रतिनिधिमंडल मिला एक्सईएन से



**वाराणसी।** विद्युत मजदूर पंचायत उत्तर प्रदेश की जिला कमेटी का प्रतिनिधिमंडल 15 सूत्रीय मांगों को लेकर विद्युत वितरण खंड प्रथम के एक्सईएन आरबी शर्मा से शनिवार को मिला। मंडल मंत्री अंकुर पांडेय ने बताया कि मांगों के बाबत हुई वार्ता के दौरान कर्मचारियों के मनमाने तरीके से एचआरए की कटौती पर रोक लगाने, विद्युत उपकेंद्रों पर टीएंडपी की व्यवस्था कराने, समयबद्ध वेतनमान को तत्काल लागू कराने, संविदा कर्मियों को भी तय एंडपी उपलब्ध कराने आदि मांगों पर सहमति बनी। प्रतिनिधिमंडल में ओपी सिंह, जीउतलाल, विजय सिंह, गुलाबचंद, पंकज राय, आशुतोष पांडेय, राघवेंद्र गोस्वामी, तपन चटर्जी आदि थे।

### बेहतर संचालन पर निगम के चालक सम्मानित

**वाराणसी।** चालकों का उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से शनिवार को चालक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के वाराणसी क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक गौरव वर्मा की अध्यक्षयता में आयोजित समारोह में निगम के 20 चालकों को अलग-अलग श्रेणी में पुरस्कृत कियाग गया, जिसमें सर्वश्रेष्ठ माइलेज बस, सर्वश्रेष्ठ यात्रियों की सुरक्षा और सर्वश्रेष्ठ यातायात नियमों का पालन करने वाला पुरस्कार शामिल रहा। आरएम गौरव वर्मा ने कहा कि संरक्षा के साथ ही संचालन करने वाला ही चालक श्रेष्ठ चालक की श्रेणी में आता है। कहा कि एक साथ आना एक शुरूआत है, एक साथ रहना प्रगति है, और एक साथ काम करना सफलता है। इस दौरान बीपीसीएल के राजीव प्रशांत टीएम (रिटेल) और नवशारद यादव टीसी (रिटेल) ने एआरएम के साथ-साथ आरएम को भी सम्मानित किया। इसके साथ ही ईंधन संरक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम पर प्रस्तुति भी हुई। कार्यक्रम में सभी ने अपने अनुभव साझा किया। इस दौरान एआरएम व अन्य अधिकारी शामिल रहें। यूपीएसआरटीसी प्रमुख वाराणसी ने जमकर सराहना की।

### बीईओ की विदाई

**पिंडरा।** स्थानीय ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी मंगरु राम शनिवार को मंगारी स्थित विकास खंड मुख्यालय पर शिक्षकों और कर्मचारियों ने समारहोपूर्वक विदाई दी। इस मौके पर बीईओ देवी प्रसाद दुबे, कैलाश नाथ यादव, मुनिकेश सिंह, अजय राय, रामकृपाल यादव, सर्वेश सिंह, बिक्रम कुमार, अच्छेलाल प्रजापति, विपिन पांडेय, जितेंद्र, सुशील कुमार आदि की मुख्य उपस्थिति रही।

# आखिर कब तक रिपोर्ट का इंतजार करेंगे?



बीएचयू के सेंट्रल ऑफिस के बाहर सुरक्षा गार्डों व छात्रों के बीच हुई धक्का-मुक्की



सेंट्रल ऑफिस के बाहर धरना देते छात्र

**पूछा सवाल**

**बीएचयू में छात्रों-सुरक्षा गार्डों में धक्का-मुक्की**

**सेंट्रल ऑफिस में घुस रहे छात्रों ने दिया धरना, पूछा कब आएगी रिपोर्ट**

**पीएचडी धांधली के आरोपों की जांच कमेटी की रिपोर्ट न देने पर नाराजगी**

**वाराणसी।** बीएचयू में शनिवार को छात्रों और सुरक्षा गार्डों के बीच जमकर धक्का-मुक्की हुई। कैंपस स्थित सेंट्रल ऑफिस में घुस रहे करीब एक दर्जन छात्रों को जबरदस्ती रोका गया। आरोप है कि इस दौरान सुरक्षाकर्मियों ने छात्रों को जबरन वहीं जमीन पर बैठाया। इससे आगबबूला छात्रों ने वहीं पर विरोध प्रदर्शन कर दिया।

छात्रों ने धरना देते हुए मांग उठाई कि फैक्ट फाइंडिंग कमेटी की रिपोर्ट अब तक क्यों नहीं जारी की गई। छात्रों की मांग है कि हिंदी विभाग में हुई शोध परीक्षा की जांच की रिपोर्ट छात्रों से शेयर की जाए। आखिर, कब तक वे इंतजार करेंगे। बीएचयू के छात्रों ने आरोप लगाते हुए कहा कि हिंदी विभाग में पीएचडी प्रवेश परीक्षा में बड़े स्तर पर धांधली हुई थी। इसे लेकर छात्रों ने महीनों हिंदी विभाग और सेंट्रल ऑफिस के बाहर अनिश्चितकालीन धरना भी दिया था। इसकी जांच को लेकर कुलपति ने एक फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनाई गई थी। सेंट्रल ऑफिस में बारी-बारी से छात्रों और इंटरव्यू पैनल में बैठे प्रोफेसरों का बयान लिया गया। छात्रों ने कहा कि यह सब हुए करीब पांच महीने बीत गए, मगर अभी तक इसकी रिपोर्ट का खुलासा नहीं किया गया है। छात्रों का कहना है कि पिछले पांच महीने से हम लोग मांग कर रहे हैं, मगर अभी तक कमेटी की रिपोर्ट नहीं दी गई। आज हम लोग सेंट्रल ऑफिस कुलपति से मिलने की गुहार लगा रहे हैं। अधिकारी हमें कुलपति से मिलने तक नहीं देते। सुरक्षाकर्मी हमें धरने के दौरान मारते-पीटते हैं। हमारी मांगे पूरी नहीं हुईं तो हम यहीं पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे।

### जाल्हूपुर में प्रशासक नियुक्त

**चिरईगांव।** स्थानीय ब्लॉक के जाल्हूपुर में खाली चल रहे ग्राम प्रधान पद को देखते हुए डीएम एस. राजलिंगम ने एडीओ पंचायत कमलेश सिंह को प्रशासक नियुक्त किया है। यहां के ग्राम प्रधान रहे गोपाल गोंड की अस्वस्थता के कारण बीते साल 25 दिसंबर को मौत हो गयी थी। उसके बाद तत्कालीन जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने ग्राम पंचायत सदस्य अभिशंकर सिंह को कार्यवाहक प्रधान नियुक्त किया था। गत जुलाई में पंचायत उपचुनाव में इस सीट के लिए भरे गये सभी पर्चे रद्द होने के कारण पद खाली चल रहा था। कमलेश सिंह ने यह जानकारी दी।

### दिव्यांगजनों के लिए लगा शिविर

**चिरईगांव।** स्थानीय विकास खंड के बीआरसी पर शनिवार को दिव्यांगजनों के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर 115 दिव्यांगजनों का पंजीकरण हुआ। एक दर्जन लोगों को स्वास्थ्य परीक्षण के बाद प्रमाण-पत्र दिये गये। 35 यूडीआईडी कार्ड के लिए एवं 68 दिव्यांगजन सहायक उपकरणों के लिए चिह्नित हुए। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के दिनेश कुमार मौर्य की देखरेख में यह कैंप लगाया गया।

# नीली व गुलाबी गोली रोकेगी खून की कमी

**पहल**

**किशोर-किशोरियों व बच्चों को दी जाने वाली इस गोली के लिए साप्ताहिक आयरन फोलिक एसिड संपूरक पर दिया गया प्रशिक्षण**



**वाराणसी।** स्वस्थ एवं संतुलित पोषण आहार न मिल पाने से खून की कमी (एनीमिया) एक आम समस्या है। लेकिन इसको अनदेखा नहीं किया जा सकता। बच्चों से लेकर धात्री महिलाओं में एनीमिया के कारण शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। बच्चों में कुपोषण का कारण बनता है और मानसिक विकास पर भी प्रभाव पड़ता हैं। किशोरों में खून की कमी होने से स्कूल में का प्रदर्शन अच्छा नहीं होता और दैनिक काम-काज में एकाग्रता कम रहती है। गर्भवती को प्रसव के दौरान समस्या हो सकती हैं। इसी के मद्देनजर बच्चों, किशोर-किशोरियों, गर्भवती और धात्री महिलाओं को खून की कमी से बचाव करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत साप्ताहिक आयरन फोलिक एसिड संपूरक (विफ़्स) पर जोर दिया जा रहा है।

उक्त जानकारी शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में राष्ट्रीय किशोर-किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत साप्ताहिक आयरन फोलिक एसिड् संपूरक (विफ़्स) का एक दिवसीय प्रशिक्षण में दिया गया। प्रशिक्षण की अध्यक्षता सीएमओ डॉ संदीप चौधरी ने की। उन्होंने कहा कि 6 वर्ष से लेकर 19 वर्ष तक के सभी बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को प्रत्येक सप्ताह प्रत्येक सोमवार गोली खाने से एनीमिया को नियंत्रित किया जा सकता है। इसके अलावा सात माह से पांच साल के बच्चों को सप्ताह में दो बार वीएचएनडी और यूएचएनडी को आयरन का सीरप पिलाने से काफी हद तक आयरन की कमी दूर किया जा सकता है लेकिन इसके लिए संतुलित एवं आयरनयुक्त आहार लेने की भी अतिआवश्यकता है।

### ऐश्वर्य की देवी महालक्ष्मी के शृंगार पर भजनों की गूंज

**वाराणसी।** लक्ष्मीकुंड स्थित त्रिशक्ति पीठ में ऐश्वर्य की देवी महालक्ष्मी का अन्नकूट शृंगार की भव्य झांकी सजी रही। इस दौरान महालक्ष्मी मंदिर में महालक्ष्मी, सरस्वती, महाकाली के विग्रह के साथ ही वहां स्थापित सभी देवताओं का भव्य शृंगार किया गया। मां लक्ष्मी को छप्पन भोग का प्रसाद अर्पित किया गया था। मां की महाआरती महंत शिव प्रसाद पांडेय, अविनाश पांडेय व अवशेष पांडेय ने की। इस अवसर पर कन्हैया दुबे केडी के गीतों को लोकगायक अमलेश शुक्ल ने पेश कर सभी को झूमने के लिए बाध्य कर दिया। इस मौके पर पूरे मंदिर परिसर में भव्य सजावट की गई थी। मंदिर में दर्शन सुबह से लेकर रात्रि तक चलता रहा।

## संक्षेप

### हथरकघा बुनकरों की पुनर्स्थापना पर सरकार ध्यान देः डा. समता पांडेय

**वाराणसी।** हैण्डलूम बनारसी संरक्षण की ओर से विगत आठ वर्षों से हैण्डलूम संरक्षण व उसके उन्नयन का कार्य किया जा रहा है। आज का हथरघा बुनकर बदहाली की जिंदगी जी रहा है। जबकि हथकरघा की कला धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही है। उसके कारीगर आर्थिक बदहाली में जी रहे हैं। जिसके लिए कोई आगे नहीं आ रहा है। यह जानकारी शनिवार को संघ की निदेशिका डा. समता पांडेय ने पराड़कर स्मृति भवन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। कहा कि जल्द ही सरकार से वार्ता करके उनके बदहाली और उनके पुर्नस्थापन के लिए प्रयास किया जायेगा। बताया कि 21 दिसम्बर को दुर्गाकुंड स्थित हनुमान प्रसाद पोद्दार अंध विद्यालय में दोपहर 12 से सायंकाल चार बजे तक हथकरघा की सही पहचान के लिए वर्कशाप लगाया जा रहा है। इसका उद्घाटन कमिश्नर कौशलराज शर्मा करेंगे।

### ऊर्जा संरक्षण पर जागरूकता रैली



**वाराणसी।** बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) के विद्युत विभाग की ओर से मनाये जा रहे ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के तहत शनिवार को जागरुकता रैली निकाली गयी। बरेका प्रशासन भवन से ऊर्जा संरक्षण जागरूकता रैली को मुख्य अतिथि महाप्रबंधक अंजली गोयल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली बरेका प्रशासन भवन से प्रारंभ होकर बरेका प्रेक्षागृह, कुंदन, सूर्य सरोवर, बरेका इंटर कॉलेज, बैंक ऑफ बड़ौदा, भूलनपुर होते हुए बरेका सब-स्टेकशन-1 पर समाप्त हुई। प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर एस.के. श्रीवास्तव, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक रजनीश गुप्ताव, प्रमुख मुख्यु कार्मिक अधिकारी रेणू शर्मा, प्रमुख मुख्य, यांत्रिक इंजीनियर प्रवीर कुमार शाहा, प्रमुख मुख्यय इंजीनियर हरेन्द्र सिंह राणा, मुख्य अभिकल्पज इंजीनियर/विद्युत पी.पी.राजू, उप मुख्यु विद्युत इंजीनियर/अनुरक्षण के.एम. सिंह के अतिरिक्ति काफी संख्या में बरेका अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

### ज्ञान का प्रकाश पुंज है मिथिला की धरती



**वाराणसी।** मैथिल समाज 3080 द्वारा आयोजित 12वें दो दिवसीय महाकवि विद्यापति महोत्सव का शुभारम्भ शनिवार को नागरी प्रचारिणी सभा में किया गया। बतौर मुख्य अतिथि उच्च न्यायालय इलाहाबाद के पूर्व न्यायमूर्ति धरणीधर झा द्वारा महाकवि विद्यापति के चित्र पर माल्यापर्ण व दीप प्रज्जवलन कर शुभारम्भ किया गया। संस्था के अध्यक्ष निरसन कुमार झा ने धरणीधर झा को महाकवि विद्यापति का चित्र, पाग, दुपट्टा, माला पहनाकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि मिथिला ज्ञान विज्ञान का केन्द्र प्राचीनकाल से रहा है। गौतम ऋषि, याज्ञवल्क्य, महान अर्थशास्त्री, चाणक्य, महानदार्शनिक मण्डन मिश्र जैसे विद्वानों की भूमि मिथिला रही है, जिन्होंने अपने ज्ञान के प्रकाश से सम्पूर्ण भारत को गौरवान्वित किया है। सही मायने में मिथिला ज्ञान का प्रकाश पुंज है। मुख्य वक्ता प्रो जयमोहन झा ने कहा कि महाकवि विद्यापति। विलक्षण प्रतिभा के कवि थे। अध्यक्ष प्रो आर.आर. झा ने कहा कि कवि कोकिल विद्यापति भगवान शिव के अनन्य भक्त थे। भगवान शिव शंकर के वियोग में ही विद्यापति ने उगना महादेव की स्थापना विष्पी गांव में की। डा. जया रॉय व सुरभि के नृत्य निर्देशन में मिथिला का लोकनृत्य में विद्यापति की रचना जय जय भैरवी पर भावपूर्ण नृत्य, लोक महापर्व डाला छठ पर भावपूर्ण नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति कलाकारों ने दी। समारोह का संचालन व संयोजन गौतम कुमार झा ने किया। इस दौरान न्यायाधीश नरेन्द्र कुमार झा, न्यायाधीश राजीव कमल पांडेय, डा चन्द्रशेखर झा, प्रो. शंकर मिश्र, प्रदीप झा, डा.विजय कपूर, डा. आशुतोष यादव आदि थे। धन्यवाद संस्था के अध्यक्ष निरसन कुमार झा ने किया।

# 12 सीएचसी पर मिनी एनआरसी प्रारम्भ

**पहल**

**कुपोषण स्तर में सुधार लाने के लिए डीएम ने लिया निर्णय**

**वाराणसी।** जनपद में बच्चों के कुपोषण स्तर में सुधार लाने के लिए विविध प्रयास किए जा रहे हैं। शनिवार को जिलाधिकारी एस. राजलिंगम की पहल पर सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसी) पर लघु पोषण पुनर्वास केन्द्र (मिनी एनआरसी) की शुरूआत हुई। इन मिनी एनआरसी में 5-5 बेड आरक्षित हैं। वहीं पहले दिन आदर्श ब्लॉक सेवापुरी के हाथी बाजार सीएचसी पर चार बच्चे भी भर्ती किए गए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संदीप चौधरी ने बताया कि जनपद में कुपोषण घटाने के लिए जिलाधिकारी ने सभी 12 सीएचसी पर मिनी एनआरसी शुरू करने का फैसला किया। इसी क्रम में सीएचसी चोलापुर, सीएचसी अराजीलाइन, सीएचसी नरपतपुर (चिरईगांव), सीएचसी गंगापुर (पिंडरा), सीएचसी हाथी बाजार (सेवापुरी), सीएचसी मिसिरपुर (काशी विद्यापीठ), सीएचसी पुआरीकला (हरहुआ), सीएचसी विरांवकोट (बड़ागांव), शहरी सीएचसी दुगाकुंड, काशी विद्यापीठ, शिवपुर और चौकाघाट पर मिनी एनआरसी शुरू हुई है। स्वास्थ्य केन्द्रों के अधीक्षक व प्रभारी चिकित्सा अधिकारी इसके प्रभारी होंगे। वहां के सफल संचालन की प्रतिदिन मॉनिटोरिंग करेंगे। साथ ही वहां तैनात पीडियाट्रिक्स, चिकित्साधिकारी और स्टाफ नर्स भर्ती बच्चों की 24 घंटे सातों दिन देखरेख करेंगे। डॉ मौर्य ने बताया कि पहले दिन सीएचसी हाथी बाजार में भर्ती किए गए 3-5 वर्ष तक के बच्चों में मौसमी बीमारी जैसे उल्टी, दस्त, निमोनिया, सांस लेने में तकलीफ की समस्या देखी गई । सभी बच्चों की आवश्यक जांच के साथ उपचार दिया गया और दवा भी दी गई। साथ ही बच्चों के परिजनों को देखभाल परामर्श भी दिया गया।

### क्रिकेट के प्रति जागरूकता अभियान

**वाराणसी।** क्रिकेट प्लेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ पूर्वांचल की ओर से सिगरा स्टेडियम में शनिवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष पूर्व रणजी खिलाड़ी अरविंद श्रीवास्तव ने उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के रवैए पर अफसोस व्यक्त करते हुए कहा कि जहां देश में 12.5 करोड़ की आबादी वाले महाराष्ट्र में तीन क्रिकेट एसोसिएशन, छह करोड़ की आबादी वाले गुजरात में तीन क्रिकेट एसोसिएशन, आंध्र प्रदेश में दो क्रिकेट एसोसिएशन हैं वही ताज्जुब की बात है कि 25 करोड़ की आबादी वाले उत्तर प्रदेश में केवल एक एसोसिएशन हैं। इसके परिणाम स्वरूप पूर्वांचल के खिलाड़ियों को स्टेट लेवल पर जगह ही नहीं मिल पाता। इस तरफ बी सी सी आई भी ध्यान नहीं दे रहा है। जिस पूर्वांचल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं उसी क्षेत्र के क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ ऐसा क्यों हो रहा है?

# दो साल से नहीं मिला मछली पालन के पट्टे का कागज

**शिकायत**

**सपूर्ण समाधान दिवस पर तहसील मुख्यालयों पर फरियादियों ने लगायी गुहार**

**जनसंदेश न्यूज**



संपूर्ण समाधान दिवस पर शनिवार को राजातालाब तहसील सभागार में फरियादियों ने शिकायतें दर्ज करायीं

**पिंडरा/ रोहनिया।** जनपद के सराय शेखलार्ड में जलाशय को पाटकर उसके ऊपर रास्ता और शौचालय बना दिया गया है। कुआर में बिजली के फर्जी दिखाकर वसूली हो रही है। देवराई में मछली पालने के लिए पट्टे पर जारी दो तालाब बीते दो साल से लाभार्थी को संबंधित पंजीकरण का कागज नहीं दिया गया। अमीलो (धनंजयपुर) में जबरन टिन शेड व नाद चन्नी ध्वस्त कर खड़ंजा बिछाया गया है।

संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर शनिवार को पिंडरा तहसील सभागार में कुछ ऐसी ही और भी शिकायतें दर्ज करायी गईं। अस अवसर पर प्राप्त 113 प्रकरणों में से तीन का निबटारा तत्काल कर दिया गया। यहां एसडीएम अंशिका दीक्षित की मुख्य उपस्थिति में एसीपी अमित पांडेय, एनटी साक्षी राय, राधेश्याम, सीडीपीओ आरएन सिंह, डॉ. राहुल सिंह आदि भी रहे। दूसरी ओर राजातालाब तहसील सभागार में सीडीओ हिमांशु नागपाल में फरियादियों की शिकायतें सुनीं। यहां प्राप्त 195 प्रार्थना-पत्रों में से चार का मौके पर निस्तारण हुआ। आयोजन में एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह, एसडीएम गिरीश कुमार द्विवेदी, तहसीलदार सतीश कुमार वर्मा, एसीपी अंजनी कुमार राय वगैरह थे।

# जापानी भाषा की फिल्म महाभारत की स्क्रीनिंग

**काशी में देखी गई**

**रूद्राक्ष में स्क्रीनिंग करना मेरे लिए सौभाग्य की बातः डायरेक्टर हिरोशी**

**निश्चित तौर पर इन कलाकारों का अभिनय अच्छा लगाः अनिल राजभर**

**जनसंदेश न्यूज**



**वाराणसी।** सिगरा स्थित रूद्रक्ष कन्वेंशन सेंटर में शनिवार को जापानी भाषा की फिल्म महाभारत की स्क्रिनिंग हुई। फिल्म की स्क्रिनिंग देखने के लिए सभागार में दर्शकों की भीड़ जमा थी। फिल्म में जापानी कलाकारों ने महाभारत के विभिन्न प्रसंगों को जीवंत किया। दर्शकों के समक्ष हालांकि भाषा की दिक्कत रही लेकिन पात्रों के जरिये इसे भली भांति समझा जा सकता था। कन्वेंशन सेंटर रुद्राक्ष में शनिवार को जापानी भाषा में बनी फिल्म महाभारत का प्रदर्शन किया गया।

भारतीय संस्कृति को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा दे रही जापान की फिल्म महाभारत के निर्देशक हिरोशी कोईके ने कहा कि रूद्राक्ष सेंटर में महाभारत का प्रदर्शन करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। जापान को विपदा से मिली निराशा से निकलने की सीख यह फि ल्म दे रही हैं।

इस मौके पर बोलते हुए निर्देशक कोइके ने कहा की खराब हालातों से सामना करने की सीख फिल्म महाभारत दे रहा है। यह फिल्म नृत्य,संगीत व कला का अद्भुत मिश्रण संजोए हुए है। इस फिल्म में एशिया के 9 देशों के 300 से ज्यादा कलाकारों ने अभिनय पेश किया है। फिल्म निर्माण में केरल के प्रोडक्शन हाउस भी शामिल किया गया था। भारतीय संस्कृति पर अधारित फिल्म महाभरत वर्तमान परिदृश्य में जीवन जीने की कला की सीख दे रही है एवं विभिन्न विविधता को संजोए हुए है।

फिल्म जापान, इंडोनेशिया, थाइलैंड और मलेशिया की तारीफ लिए हुए है। फिल्म में जापानी शैलियों को बेहतर तरीके से प्रस्तुति किया गया है। फिल्म प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर भी शामिल हुए। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि हमें भारतीय संस्कृति पर गर्व करना चाहिए। उन्होंने कहा लोगों को सीख देने के लिए महाभारत एक अच्छा विषय है। कलाकारों को पहचानने में कोई भी दिक्कत नहीं हुई। जापान के कलाकारों को जीवंतता प्रदान करने के लिए धन्यवाद भी कहा। कहा की जीवन के चुनौतियों से मुकाबला करने की प्रेरणा फिल्म के माध्यम से दी गई है। इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी एस. राजलिंगम भी मौजूद रहे।



### और अच्छी बनाई जा सकती थी फिल्मः दर्शक

जापान की फिल्म महाभारत देखने गए दर्शकों ने फिल्म के प्रति थोड़ी नाराजगी व्यक्त किया। दर्शकों का कहना था की फिल्म के पहले भाग में दिखाए गए कुछ सीन उनकी धार्मिक भावनाओं को आहत करती है। फिल्म देखने आई एक छात्रा प्रीति श्रीवास्तव ने बताया कि फिल्म भारतीय एवं जापान की संस्कृतियों को संजोए हुए है परन्तु इसे और अच्छा बनाया जा सकता था। वहीं कुछ दर्शको का कहना था की फिल्म को और भाषाओं में भी जारी करना चाहिए।

### आईआईटी-बीएचयू ने चार खेलों में मारी बाजी

**वाराणसी।** अंतर आईआईटी खेलकूद प्रतियोगिता में बीएचयू-आईआईटी की टीम चार खेलों में शानदार प्रदर्शन कर अगले चक्र में प्रवेश कर गई। आईआईटी-बीएचयू के स्पोर्ट्स काउंसलर डॉ. सतीश कनौजिया ने बताया कि 14 से 22 दिसम्बर तक आईआईटी-रुड़की में आयोजित 55वीं अंतर आईआईटी खेलकूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन चार खेलों के लीग मैचों में जीत दर्जकर अगले चक्र में पहुंची। हॉकी में आईआईटी-हैदाराबाद को 3-0 से हराया। पहला गोल आईआईटी बीएचयू के जे श्रीराम, दूसरा गोल राहुल और तीसरा गोल रघुबीर ने दागा। क्रिकेट मैच में आईआईटी धनबाद को 39 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आईआईटी बीएचयू ने 18 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 124 रन का लक्ष्य रखा। मुकाबले में उतरी आईआईटी धनबाद की टीम 16.4 ओवर में 85 रन बनाकर ही ढेर हो गई। वालीबॉल में आईआईटी बीएचयू की टीम ने आईआईटी पल्लकड़ को तीन सेटों में 25-13, 25-11 और 25-9 के स्कोर से परास्त किया। स्क्वैश में आईआईटी मंडी को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-प्रापण निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं :
क्र. सं. : 1, ई-प्रापण निविदा संख्या : उप मु.इं./नि.-गोण्डा-16-2022 (टो पैकेट सिस्टम) क्लोजिंग दिनांक : 09.01.2023, [illegible]
पूर्वोत्तर रेलवे
ई-प्रापण निविदा सूचना
[illegible]
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें

U.P. RAJKIYA NIRMAN NIGAM LIMITED
(U.P. Government Undertaking) (An ISO 9001:2008 Certified Company)
Visheshwaraiya Bhawan, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow-226010
Short-term tender Notice inviting e-TENDER
The General Manager, Varanasi Zone invites for and on behalf of Managing Director U.P. Rajkiya Nirman Nigam Ltd, online percentage rate bids in two bid system for the following work:-

| S. No. | NIT No. | Name of Package | Tender Cost (In Lakh) |
|---|---|---|---|
| 01 | 3566/grn/rnn/tender/22 Date 15.12.2022 | 09 | 170.12 |

Last date and time of submission of bid 02:30 PM on Dt. 30.12.2022. The bid forms and other details can be obtained / downloaded from the website: https://etender.up.nic.in The NIT is also available on http://www.uprnn.co.in

# सड़क की रफ्तार रोक धरने पर बैठे किसान

आक्रोश

## सूचना पर पहुंचे तहसीलदार ने किसानों से की वार्ता


किसानों से वार्ता करते तहसीलदार

**बैरिया।** ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे में जमीन का दाम कम मिलने से नाराज किसानों ने बैरिया तिराहा पर मैनेजर सिंह स्मारक प्रतिष्ठान के सामने शनिवार को किसान संघर्ष समिति के तत्वावधान में अपनी मांगों को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर जाम कर धरना पर बैठ गए। धरना की सूचना से प्रशासनिक महकमे में खलबली मच गई। सूचना पर तहसीलदार संजय कुमार सिंह, एसएचओ बैरिया धर्मवीर सिंह, चौकी इंचार्ज बैरिया अतुल मिश्रा सदल-बल मौके पर पहुंचे और किसानों से वार्ता की।

किसानों ने कहा कि हमारी जमीन ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे में अवैधानिक तरीके से औने-पौने दाम पर जबरन ली जा रही है। किसानों के घर-घर जाकर लेखपाल उन्हें तुरंत बैनामा करने की धमकी दे रहे हैं। कह रहे है कि अभी तो कुछ मिल जाएगा। बाद में रजिस्ट्री करने पर पैसा नहीं मिलेगा और सरकार जमीन का जबरन अधिग्रहण कर लेगी। किसानों का आरोप था कि कई बार हम लोगों ने तहसील प्रशासन को पत्रक दिया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया गया। किसानों का कहना है कि आदेश जारी होने के तीन वर्ष पहले से जिस क्षेत्र में हमारी भूमि है, उस भूमि के अधिकतम खरीद-बिक्री और न्यूनतम खरीद-बिक्री का औसत निकालकर उस दर से निर्देशानुसार दो गुना-चार गुना मुआवजा मिलना चाहिए। तहसीलदार संजय सिंह और एसएचओ धर्मवीर सिंह ने आंदोलनकारी किसानों को समझा-बुझाकर बैरिया तहसील के सभागार में उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र से वार्ता करने के लिए कहा। तहसीलदार के आश्वासन पर किसान अपनी मांगों को लेकर जोरदार नारेबाजी करते हुए बैरिया तहसील पहुंचे और तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी से घंटों वार्ता की। एसडीएम ने किसानों को आश्वस्त किया कि मैं आपके मांग पत्र को पूर्व में भेजा हूं और पुनः उच्चाधिकारियों को भेज रहा हूं। मंगलवार को मुख्य राजस्व अधिकारी के साथ आप लोगों की वार्ता होगी। वहां से जो भी तय होगा, उसके अनुसार हम काम करेंगे। इस मौके पर किसान संघर्ष समिति बैरिया के अध्यक्ष अधिवक्ता धनंजय सिंह, दयाशंकर सिंह, सुरेश चंद्र सिंह, जनार्दन कुमार, अभय सिंह, इंद्रजीत पांडे, विजय सिंह, सुरेश सिंह, श्रीभगवान सिंह, सुभाष सिंह ,नरेंद्र कुंवर, मुन्ना कुमार, शैलेश कुंवर आदि मौजूद रहे।

### चार काश्तकारों ने की रजिस्ट्री

**बैरिया।** ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे में भूमि का कम दाम मिलने के बावजूद शनिवार को चार काश्तकारों ने अपनी-अपनी भूमि की रजिस्ट्री की। तहसीलदार संजय कुमार सिंह ने बताया कि रजिस्ट्री का क्रम विगत तीन दिनों से चल रहा है। जो किसान ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए भूमि रजिस्ट्री करने आ रहे हैं, उनका स्वागत है। संबंधित लेखपाल, राजस्व निरीक्षक व तहसील के सभी अधिकारी सहयोग कर रजिस्ट्री करा रहे हैं। रही बात कुछ किसानों के आक्रोश की तो धीरे-धीरे सारे मामले सुलझ जाएंगे। इसके लिए तहसील प्रशासन तत्पर है। सारे काश्तकार तहसील प्रशासन के परिवारिक सदस्य हैं। बातचीत कर जो भी समस्या है, उसे खत्म करा दिया जायेगा।

# हादसे के बाद गांव पहुंचे लोगों का जाना हाल

**रेवती।** मध्यप्रदेश के सिंगरौली से बेटी की शादी के बाद घर लौट रहे घरातियों से भरी बस रेणुकोट में पलटने के बाद अपने गांव पहुंचे लोगों का ग्रामीणों ने हालचाल लिया। इस हादसे में कुल दस लोग घायल हो गए थे। सभी घायलों को प्रशासन की मदद से हिंडाल्को हास्पिटल पहुंचाया गया, जहां दो गंभीर घायलों को वाराणसी के लिए चिकित्सकों ने रेफर कर दिया।

क्षेत्र के झरकटहां गांव निवासी दिलीप कुमार केसरी भोला की पुत्री शिवानी की शादी जयन्त कस्बा जनपद सिंगरौली (मप्र) में रह रहे गणेश प्रसाद केसरी पुत्र सुरेश प्रसाद केसरी से बीते 15 दिसंबर को होनी तय थी। लड़की के पिता भोला ने बताया कि घराती पक्ष के लोग रिजर्व स्लीपर बस के द्वारा जयंत कस्बा में कार्यक्रमानुसार पहुंच कर बिटिया की शादी संपन्न करने के पश्चात बीते शुक्रवार की अपराह्न दो बजे रिश्तेदारों आदि के साथ उसी बस पर सवार होकर अपने गांव के लिए राजी खुशी रवाना हुए। बस अभी रेणुकूट के पास स्थित हाथी नाला पुलिया के भुतिया पुल के बीच पहुंची थी कि संतुलन बिगड़ने के चलते साइड के डिवाइडर को तोड़ते हुए

घटना

## रेणुकोट में असंतुलित होकर पलट गई थी बस

सड़क के किनारे स्थित खाई में दो पल्टी खाते हुए एक पेड़ के सहारे जाकर अटक गयी। इस बीच चालक बस छोड़ कर फरार हो गया। किसी प्रकार सभी महिला-पुरुष यात्री टूट चुकी खिड़की आदि से होकर बाहर निकले। लोकल प्रशासन के लोग घटनास्थल पर पहुंचे तथा घायलों को आनन-फानन में रेणुकूट हास्पिटल पहुंचाया, जहां से संगीता देवी (40) पत्नी छट्ठू प्रसाद केसरी निवासिनी रामगढ़ तथा पुष्पा देवी (53) पत्नी स्व. जवाहर प्रसाद केसरी निवासिनी बैरिया को ट्रामा सेंटर वाराणसी में भर्ती कराया गया। अन्य घायलों अमित (17), जया केसरी (18), नन्दनी (13), चमेली ठाकुर (70), गीता केसरी (58), रवि केसरी (28), कृष्णा केशरी (11), नीरज कुमार सिंह बस का खलासी (28) निवासी बंकवा आदि का उपचार रेणुकूट में हुआ। रेणुकूट से निजी वाहन से बनारस तथा वहां से ट्रेन द्वारा गांव पहुंचे।

# मछली मारते समय गंगा में डूबने से युवक की मौत

**बलिया।** हल्दी थाना क्षेत्र के ग्राम सभा भरसौंता (नयी बस्ती) निवासी दिनेश साहनी (36) पुत्र बृज साहनी की गंगा नदी में मछली मारने के दौरान डूबने से मौत हो गयी। हादसे के बाद गंगा नदी के किनारे लोगों की भीड़ जुट गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने नदी से शव को बाहर निकलवाया और आवश्यक कार्रवाई करने के बाद पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल भेज दिया। सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। दिनेश साहनी नदी में जाल डालकर मछलियां मारकर अपने परिवार का जीविका चलाता था। रोज की तरह शुक्रवार की शाम को जाल डालने मौजा बिहारीपुर हल्दी घाट पर गया था। इसी बीच नदी में जाल डालते समय वह गंगा नदी में गिर गया, जिससे उसकी डूबने से मौत हो गयी। इसी बीच आस-पास के परवल की खेती करने वाले लोगों की नजर नदी में उतराते शव पर पड़ी। इसकी सूचना प्रधान प्रतिनिधि भरसौंता मनीष सिंह को दे दी। प्रधान प्रतिनिधि की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। मृतक के बुजुर्ग माता-पिता के साथ पत्नी उषा, बेटी रागिनी (12), पुत्र छोटु (09), बिक्की (06) का रो-रोकर बुरा हाल है।

### इलाज के दौरान सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की मौत

**सिकंदरपुर।** खेजुरी थाना क्षेत्र के खड़सरा गांव के पास गुरुवार की देर रात हुई दुर्घटना में घायल चार लोगों में एक व्यक्ति की वाराणसी में इलाज के दौरान शनिवार की सुबह मौत हो गई। वहीं, तीन अन्य घायलों में से दो की हालत नाजुक बताई जा रही है। गुरुवार की देर रात सड़क हादसे में सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के चकखान निवासी अजय खरवार (45) पुत्र स्व. उदय भान खरवार, शिवजी राजभर (48) पुत्र पारस राजभर, वीरन राजभर (38) पुत्र स्व. रामजन्म, मनोज साहू (42) पुत्र स्व.मदन साहू घायल हो गए थे, जिन्हें चिकित्सकों ने वाराणसी रेफर कर दिया था। हालांकि परिजन मनोज गुप्ता और अजय खरवार को देवरिया के एक निजी हास्पिटल में लेकर चले गए। वहीं, शिवजी राजभर तथा वीरन राजभर का इलाज वाराणसी में चल रहा था। इलाज के दौरान शनिवार की भोर में शिवजी राजभर की मौत हो गयी। वीरन और मनोज की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

# मामलों का शीघ्र किया जायेगा निस्तारण : राजेश गुप्ता


बांसडीह तहसील में आमजन की फरियाद सुनते एसडीएम

जनसंदेश न्यूज

**बांसडीह।** स्थानीय तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 68 मामले आये, जिसमें से महज दो का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष मामलों के निस्तारण के लिए एसडीएम राजेश गुप्ता ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया। एसडीएम राजेश गुप्ता ने कहा कि मामलों का शीघ्र समाधान कर दिया जाएगा।

कहा कि पुराने समाधान दिवस के सभी मामले निस्तारित कर दिये गये हैं। बांसडीह कस्बे के बड़ी बाजार नई बस्ती में बिजली के तार में आए दिन आग लगने की घटनाएं हो रही है। कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती हैं। इसको दुरुस्त कराने को लेकर वार्ड नंबर पांच के अनमोल गुप्ता ने उपजिलाधिकारी को पत्रक दिया। इस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए एसडीओ बांसडीह को बिजली के तारों को सही कराने हेतु निर्देशित किया। वही, सहतवार थाना क्षेत्र के सिंगही गांव के विकलांग छोटी चौरसिया के मामले का निस्तारण कर जमीन पर कब्जा दिला दिया गया हैं। जयनगर के सोनू, मनिकापुर के राजेश राम, बड़सरी के सोना देवी अपने मामले के निस्तारण से असंतुष्ट होकर दुबारा आवेदन लेकर आये थे। इस मौके पर तहसीलदार प्रवीण सिंह, नायब तहसीलदार अंजू यादव, कोतवाल योगेन्द्र प्रसाद सिंह आदि उपस्थित रहे।

### 14 मामलों में से महज चार का निस्तारण



**बैरिया।** स्थानीय तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र एवं तहसीलदार संजय कुमार सिंह ने फरियादियों की फरियाद सुनी। इस दौरान कुल 14 मामले प्रस्तुत किए, जिसमें से महज चार मामलों का मौके पर निस्तारण हो सका। शेष मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। चांद दियर निवासी जयप्रकाश सिंह ने लेखपाल पर आरोप लगाते हुए जमीन संबंधित मामला उठाया। इसे गम्भीरता से लेते हुए उप जिलाधिकारी ने राजस्व निरक्षक को तत्काल मौके पर जाकर मामले का निस्तारण करने का निर्देश दिया। वहीं, भाजपा नेता हरि कंचन सिंह ने नगर पंचायत में साफ-सफाई, बेतरतीब चल रहे ई-रिक्शा और उनके द्वारा लिए जा रहे यात्रियों से मनमाना किराया पर रोक लगाने की मांग की। इस अवसर पर नायब तहसीलदार अजय सिंह, एसएचओ धर्मवीर सिंह, डा. आशीष श्रीवास्तव, डा. मनोज उपाध्याय, खंड शिक्षाधिकारी दुर्गा प्रसाद सिंह, राजस्व निरीक्षक महेंद्र सिंह, सुरेश राम, विजय चौधरी आदि मौजूद रहे।

# शिक्षकों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

नाराजगी

## राज्य कर्मियों की तरह कैशलेस चिकित्सा योजना को बहाल करने की मांग

जनसंदेश न्यूज


कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते शिक्षक

**बलिया।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बलिया के तत्वावधान में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों ने भारी भरकम प्रीमियम वाली कैशलेस चिकित्सा योजना के विरोध में कलेक्ट्रेट पर पहुंच कर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। तत्पश्चात इसे रद्द कर राज्य कर्मियों की तरह ही निःशुल्क कैशलेस चिकित्सा योजना को बहाल करने के लिए मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को सौंपा।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जनपद बलिया के समस्त पदाधिकारी चंद्रशेखर उद्यान में इकट्ठा हुए और जिला संयोजक राजेश सिंह की अध्यक्षता एवं मंडल महामंत्री अनिल कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में बैठक की। बैठक के उपरांत शिक्षकों ने जुलुस की शक्ल में प्रीमियम वाली कैशलेस चिकित्सा योजना को रद्द करने एवं राज्य कर्मियों की तरह निःशुल्क कैशलेस चिकित्सा योजना लागू करने संबंधी मांग के समर्थन में कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचे। अनिल कुमार वर्मा ने कहा कि बेसिक शिक्षा में प्रीमियम वाली कैशलेस चिकित्सा योजना लागू करना शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों के साथ बहुत बड़ा अन्याय है।

एक तरफ जहां उप्र सरकार प्रदेश के राज्य कर्मियों को बिना प्रीमियम के निःशुल्क कैशलेस चिकित्सा का लाभ मुहैया करा रही है, वहीं परिषदीय शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों को एक मोटी प्रीमियम पर कैशलेस चिकित्सा की सुविधा का आदेश करके छलने का प्रयास हो रहा है। राजेश कुमार सिंह ने कहा कि प्रदेश के सभी शिक्षक राज्य कर्मियों की भांति ही सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में बढ़-चढ़ कर भाग लेते हैं, लेकिन कैशलेस चिकित्सा योजना देते समय शिक्षकों के साथ भेदभाव किया जा रहा है।

इस अवसर पर पुष्पेंद्र सिंह, रामाशीष यादव, अमरेंद्र सिंह, कृष्णानंद पाण्डेय, ज्ञान प्रकाश उपाध्याय, प्रमोद सिंह, अकीलुर्रहमान खां अक्की, कविता सिंह, अंजली तोमर, डा. विनय भारद्वाज, कर्णप्रताप सिंह, संजीव सिंह, राघवेंद्र सिंह, सुशील दुबे, राजेश सिंह, धर्मेंद्र गुप्ता, विवेक सिंह, रामजी वर्मा, रविकांत तिवारी, चन्दन सिंह, विजय राय, राजीव सिंह, सुजीत सिंह, राजीव राय, संजय पासवान, अभिषेक सिंह, दिग्विजय सिंह, अनिल सिंह, गणेश यादव, लल्लन सिंह, आशुतोष त्रिपाठी, आसिफ अली, मुमताज अहमद, रामप्रकाश सिंह, शुभम सिंह, श्वेतांश, कुलभूषण त्रिपाठी, निशांत यादव, शैलेन्द्र वर्मा इत्यादि मौजूद रहे।

# 88.86 लाख की लागत से होगा निर्माण कार्य

**बलिया।** वित्तीय वर्ष 2022-23 की समाप्ति को अब साढ़े तीन माह ही शेष हैं। जिला पंचायत ने इस वित्तीय वर्ष में कई कार्यों की स्वीकृति देते हुए टेंडर भी जारी कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार सबसे अधिक सीसी रोड निर्माण पर जोर है। सात अलग-अलग क्षेत्रों में कुल 34.97 लाख का टेंडर जारी किया गया है। जिला पंचायत की ओर से वर्ष 2022-23 में 88. 86 लाख की लागत से सीसी रोड, पुलिया, इंटरलाकिंग व नाला निर्माण का कार्य अलग-अलग क्षेत्रों में कराया जाएगा।

यह कार्य विधान मंडल क्षेत्र विकास निधि और 15वां वित्त टाइड योजना से कराया जाएगा। इसमें सबसे अधिक सात सीसी रोड निर्माण पर 34. 97 लाख खर्च किए जाएंगे। जिपं की ओर टेंडर भी जारी कर दिया गया है। टेंडर आवंटन के बाद सभी कार्य तीन माह में पूरा करने की समय सीमा निर्धारित की गई है। इसके अलावा ग्रामीण इलाकों में मार्ग निर्माण के लिए कुल तीन छोटी पुलिया भी बनाई जाएगी। इसके निर्माण पर कुल 18. 82 लाख की धनराशि खर्च की जाएगी। जिपं की ओर से पांच इंटरलाकिंग सड़कें भी 32.78 लाख से बनाई जाएगी। एक नाला का भी निर्माण 2. 29 लाख की लागत से कराया जाएगा। जिपं की ओर से बसंतपुर स्थित सुरहाताल पक्षी विहार में टावर के पास 8.48 लाख की लागत से एक सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया जाएगा।

### 17 कार्यों का टेंडर जारी

**बलिया।** इस संबंध में जिपं के अपर मुख्य अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि 17 कार्यों का टेंडर जारी कर दिया गया है। इसमें सीसी रोड के अलावा अन्य कार्य भी हैं। अगले महीने के प्रथम सप्ताह में टेंडर खोला जाएगा। कार्य पूरा करने की अवधि तीन माह तय की गई है।

# मुरली बाबू ने जनपद में जगायी शिक्षा की अलख : दयाशंकर सिंह

जयंती

## जयंती समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित


मुरली बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह


कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं

**बलिया।** जनपद के मालवीय मुरली बाबू को उनकी 128वीं जयंती पर याद किया गया। टाउन एजूकेशनल सोसायटी द्वारा शनिवार को श्री मुरली मनोहर टाउन इण्टर कालेज में स्थापित उनकी प्रतिमा स्थल पर आयोजित समारोह में मुरली बाबू द्वारा स्थापित पांचों शिक्षण संस्थानों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। जयंती समारोह का आरंभ सरस्वती वंदना से हुआ। अतिथियों का स्वागत गुलाब देवी बालिका इण्टर कालेज की छात्राओं ने गीत व नृत्य से किया।

मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि मुरली बाबू ने जनपद में शिक्षा की अलख जगाई थी। पांच शिक्षण संस्थानों की स्थापना उन्होंने उस समय की थी, जब समाज में इतनी आर्थिक सम्पन्नता नहीं थी। मुरली बाबू का व्यक्तित्व कितना विराट था, यह इसका प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मुरली बाबू द्वारा स्थापित शिक्षण संस्थानों की परम्परा को आगे बढ़ाया जाएगा और जनपद में शीघ्र ही मेडिकल कालेज की स्थापना की जाएगी। उन्होंने बताया कि मेडिकल कालेज के लिए जमीन की व्यवस्था कर ली गई है। जिला कारागार को स्थानांतरित किया जाएगा और उस स्थान पर मेडिकल कालेज की स्थापना की जाएगी। टाउन एजूकेशनल सोसायटी के सचिव राकेश कुमार की पहल पर परिवहन मंत्री ने जिले में राष्ट्रीय स्तर का खेल महोत्सव आयोजित करने की घोषणा की। उन्होंने विकास की रुपरेखा का खाका खिंचते हुए सभा को शहर को जाम से मुक्त करने की योजना से अवगत कराया। समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**मुरली बाबू की कृतियां अमर है : बलिया।** संरक्षक के रूप में जननायक चंद्रशेखर विवि की कुलपति प्रो. कल्पलता पाण्डेय ने कहा कि मुरली बाबू की कृतियां अमर हैं। उनके द्वारा स्थापित शिक्षण संस्थान बेहतर समाज के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उन्हें विश्वास है कि यह परम्परा आगे और समृद्ध होगी।

**समारोह में इनकी रही उपस्थिति : बलिया।** स्वागत भाषण टाउन एजूकेशनल सोसाइटी के सचिव राकेश कुमार व धन्यवाद ज्ञापन सोसाइटी के अध्यक्ष दीपक वर्मा ने किया। आभार गुलाब देवी बालिका इण्टर कालेज के प्रबंधक नलीनेश कुमार ने किया। मंच पर बालकृष्ण, गुलाब देवी डिग्री कालेज प्रबंध समिति के सचिव कमलेश, श्री मुरली मनोहर टाउन इंटर कालेज प्रबंध समिति के प्रबंधक अमर कुमार आदि की उपस्थिति प्रमुख रही। संचालन डॉ. दयालानंद व डॉ. अशोक सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

### मुरली बाबू के व्यक्तित्व व कृतित्व पर हुई चर्चा

**बलिया।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं बलिया के प्रथम सांसद मुरली मनोहर की जयंती शनिवार को उनके पैतृक गांव सागरपाली में मनायी गई। मुख्य अतिथि धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि मुरली बाबू महापुरूष थे। बलिया में जो भी विकास दिख रहा है, वह मुरली बाबू की देन है। मौके पर भैया मुन्ना बहादुर सिंह, शिवकुमार राम, महेश राजभर, पप्पू, टुनटुन, राजन, धनंजय सिंह, अवध आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता भैया बसंत सिंह एवं संचालन भैया रंजय सिंह ने किया।

## संक्षेप

### स्मार्टफोन पाकर खिले छात्राओं के चेहरे



**बेल्थरारोड।** विवेकानन्द गर्ल्स विद्यापीठ इब्राहिमपट्टी में बीएड के समस्त छात्राओं को उत्तर प्रदेश सरकार की सबसे महत्वपूर्ण स्मार्टफोन एवं टैबलेट योजना के अन्तर्गत स्मार्टफोन वितरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. टीएन मिश्र संस्थापक ब्रह्मर्षि संघ भारत ने किया। डॉ. टीएन मिश्र ने कहा कि स्मार्टफोन से छात्राओं को स्वर्णिम भविष्य बनाने में मदद मिलेगी। इसके माध्यम से छात्राओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध होगा। साथ ही उनके लिए प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए सहायक सिद्ध होगा। स्मार्टफोन मिलने के बाद छात्राओं के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर सत्यनारायण मिश्र प्रबंधक, डॉ. प्रमोद कुमार प्राचार्य, डॉ. सुनील सिंह, डॉ. राकेश कुमार यादव, डॉ. नीरज यादव, हेमंत कुमार मिश्र, ओमप्रकाश पाण्डेय, प्रेमचंद मौर्य, चंदन, दिलीप कुमार, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

### कच्ची शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**बैरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के शोभा छपरा गांव के लालझरी देवी इंटर कालेज के पास से शनिवार को चांद दियर पुलिस ने 40 लीटर अपमिश्रित कच्ची शराब तथा अन्य सामग्री के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने उसे संबंधित धाराओं में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया। एसएचओ बैरिया धर्मवीर सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक गुरु प्रसाद सिंह हमराहियों के साथ टोला शिवन राय में मौजूद थे। इसी बीच मूखबीर से मिली सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए शोभा छपरा स्थित लाल झरी देवी इंटर कालेज के पास से घेराबंदी कर शोभा छपरा निवासी पिंटू कुमार पासवान पुत्र जगन्नाथ पासवान को हिरासत में ले लिया। उसके पास से एक जरीकेन में 40 लीटर अप मिश्रित कच्ची शराब तथा एक झोले में 500 ग्राम यूरिया, 500 ग्राम नमक, 450 ग्राम फिटकरी, 450 ग्राम नौसादर बरामद हुआ।

### जिला स्तरीय चयन ट्रायल्स 21 को

**बलिया।** खेल निदेशालय उप्र के निर्देशानुसार पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में राज्यस्तरीय सीनियर पुरुष-महिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 24 से 25 दिसम्बर तक क्षेत्रीय खेल कार्यालय गोरखपुर में किया गया है। इसमें उप्र के सभी मंडल की टीमें प्रतिभाग करेगी। आजमगढ़ मंडल की टीम हेतु एथलेटिक्स का जिलास्तरीय चयन ट्रायल्स 21 दिसम्बर को वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम बलिया एवं मंडल स्तरीय चयन ट्रायल्स 22 दिसम्बर को सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम आजमगढ़ में पूर्वाह्न 10 बजे से किया गया है। यह जानकारी उप क्रीड़ा अधिकारी अजय प्रताप साहू ने दी है।

### सोनवानी बाजार में मोबाइल चोर सक्रिय

**बलिया।** विकास खण्ड बेलहरी के सोनवानी बाजार में पिछले कई महीनों से मोबाइल चोरों का गिरोह सक्रिय हो गया है। इसकी शिकायत मिलने के बाद भी स्थानीय पुलिस चुप्पी साधे हुए हैं। क्षेत्र के रत्नेश तिवारी, सोनवानी गांव के राजीव चतुर्वेदी, अनिल सिंह, आनंद सिंह सहित दर्जनों लोगों का मोबाइल पर अब तक चोरों ने हाथ साफ कर दिया। इस मामले में राजीव चतुर्वेदी ने लिखित तहरीर हल्दी थाने को दी है। गौरतलब हो कि सप्ताह में केवल दो दिन मंगलवार व शनिवार के दिन ही बाजार लगता है। अगर पुलिस प्रशासन थोड़ा सा भी सक्रिय हो जाए तो इन मोबाइल चोरों पर नजर रखना कोई बड़ी बात नहीं है।

### डॉ. आदित्य बने पूर्वांचल के प्रांत अध्यक्ष

**बलिया।** विकास संस्कृति साहित्य अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. बृजेश सिंह ने डॉ. आदित्य कुमार अंशु को पूर्वांचल का प्रांतीय अध्यक्ष मनोनित किया है। इस मनोनयन से डॉ. आदित्य कुमार अंशु के इष्ट मित्रों और साहित्यकारों में प्रसन्नता व्याप्त है। विकास संस्कृति साहित्य अकादमी के जिलाध्यक्ष डॉ. फतेहचंद बेचैन, डॉ. सुनील ओझा, डॉ. रमाशंकर वर्मा मनहर, राजेंद्र विद्रोही, जितेंद्र त्यागी, डॉ. नंदजी नंदा, डॉ. गयाशंकर प्रेमी, डॉ. जितेंद्र स्वाध्यायी, रमेश मिश्रा हंसमुख, डॉ. नवचन्द्र तिवारी, विनय यादव विप्लव आदि कवि व साहित्यकारों ने अंशु के मनोनयन पर शुभकामनाएं एवं बधाई दिया है।

### छात्रनेताओं ने फूंका जिला प्रशासन का पुतला

**बलिया।** सतीश चंद्र महाविद्यालय पर आक्रोशित छात्रनेताओं ने विवेक कुमार पाठक के नेतृत्व में जिला प्रशासन का पुतला दहन किया। तत्पश्चात सतीश चंद्र कालेज के छात्रसंघ भवन में बैठक किया। राहुल कुमार मिश्र ने कहा कि गालीबाज शिक्षक को गिरफ्तार न करके आंदोलित छात्रनेताओं की आवाज को दबाने के लिए नागेन्द्र बहादुर सिंह झुन्नू को गिरफ्तार कर लिया गया। अगर उनकी जल्द रिहाई नहीं की जाती है तो छात्रनेता उग्र आंदोलन करने को विवश होंगे। इस अवसर पर अनुपम उपाध्याय, प्रमोद यादव, राहुल यादव, नंदकिशोर यादव, धीरज तिवारी, रितेश ठाकुर, दीपक पासवान, आकाश आदि मौजूद रहे।

### जीवन में सफलता के लिए करें संघर्षः एसपी



**बेरुआरबारी।** गायत्री ज्ञानपीठ इंटर कालेज सुखपुरा भारत स्काउट गाइड के प्रशिक्षण समारोह में मुख्य वक्ता पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर ने बच्चों को जीवन में सफलता के लिए संघर्ष का मंत्र दिया। साथ ही जीवन में कुछ कर गुजरने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि विधायक केतकी सिंह ने विद्यालय तक जाने वाली सड़क को बनवाने का वादा किया। पूर्व ओएसडी अमरेंद्र सिंह ने विद्यालय के विकास यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। पूर्व विधायक शिव शंकर चौहान व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित किया। बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, दहेज प्रथा पर एकांकी, देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बृजनाथ सिंह, पंकज सिंह जुगनू, प्रमोद सिंह बुच्चू, शंकरदानी वर्मा, बसंत सिंह, प्रकाश उपाध्याय, राजेश कुमार शर्मा, प्यारेलाल चौहान, श्वेता, अंशु गुप्ता, राजेश सिंह, अमित सिंह छोटू, चंदन सिंह, राजू दुबे आदि मौजूद रहे।

### जयंती पर याद किये गये मुरली बाबू

**बलिया।** नगर के हरपुर स्थित सुरेन्द्र गुप्त के आवास पर कबीरम् समाज तथा स्टार कैम्पस आफ डॉ. एस राधाकृष्णन के संयुक्त तत्वावधान में मुरली बाबू की जयंती मनायी गई। मुख्य वक्ता श्रीमती मधु मालिनी साहू ने कहा कि मुरली बाबू कुशल अधिवक्ता, शिक्षा जगत के मालवीय, स्वतंत्रता सेनानी एवं बलिया के प्रथम सांसद थे। उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व से वर्तमान पीढ़ी को प्रेरणा लेना चाहिए। इस अवसर पर विनय पांडेय, डॉ. फतेहचंद बेचैन, श्रीराम ठाकुर, बब्बन यादव, घुरा राम, सीताराम, रूद्रांश, आकाश, सुरेन्द्र गुप्त, श्रेया आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता रामसूचित तिवारी ने किया। सभी का आभार डॉ. संतोष प्रसाद गुप्त ने प्रकट किया।

### ईओ को पत्र देकर की कार्रवाई की मांग

**रसड़ा।** नगर के ठाकुरबाड़ी निवासी अजय कुमार ने अधिशासी अधिकारी राजेंद्र कुमार को वीडियो और फोटो सहित प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि नगर पालिका के कर्मचारी एक पूर्व चेयरमैन के पक्ष में हर वार्डों में घुम-घुमकर प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। इसके खिलाफ कार्यवाही किया जाय। चेताया कि यदि उनके खिलाफ कार्यवाही नहीं होती है तो धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

### बोलेरो व पिकप की भिड़ंत में दो गंभीर

**बेल्थरारोड।** उभांव थाना क्षेत्र अन्तर्गत बेल्थरारोड-नगरा राजमार्ग पर ग्राम अवाया में शुक्रवार की देर रात पावर हाउस के निकट बोलेरो तथा पिकप की आमने-सामने की भिड़न्त हो गयी। इससे दोनों वाहनों का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। इसमें अंकित वर्मा (25) पुत्र केशव वर्मा निवासी ग्राम चकबन्दी उर्फ विगही, थाना सलेमपुर, जिला देवरिया तथा अवधेश (47) पुत्र शिवकुमार निवासी ग्राम सतनी सराय, थाना कोतवाली-बलिया बुरी तरह जख्मी हो गये। बताया गया है कि जहां बोलेरो रसड़ा से चलकर सलेमपुर के लिए जा रही था, वहीं बेल्थरारोड से बलिया के लिए पिकप जा रहा था। सूचना पाकर उभांव पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर जहां सड़क का आवागमन शुरु कराया, वहीं चोटिलों का सीएचसी सीयर में उपचार कराया। चिकित्सक ने चोटिलों की दशा गम्भीर देख उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# भाजपाइयों ने फूंका पाक के विदेश मंत्री का पुतला

**गुस्सा**

### पीएम मोदी पर अभद्र टिप्पणी पर फूटा गुस्सा, की नारेबाजी

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद टीडी कालेज चौराहे पर बिलावल भुट्टो का पुतला दहन किया गया। कार्यकर्ताओं ने बताया कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो द्वारा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में यह धरना प्रदर्शन किया गया। इसके पूर्व भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने जुलूस भी निकाला।

विधायक केतकी सिंह ने कहा कि पाकिस्तान शायद सन 1965 और 1971 के युद्ध को भूल गया है। इसमें भारत के वीर सैनिकों ने पाकिस्तानी सैनिक को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था। उस युद्ध में भी बलिया के वीरों ने अपनी वीरता का परिचय दिया था। जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने कहा कि पाकिस्तान के नेता अपने गिरेबान में झांक कर देखें कि पाकिस्तान का धर्म-कर्म दूसरे देशों के फेंके टुकड़ों पर चल रहा है। हमारे देश के प्रधानमंत्री विश्व के नेताओं में शुमार रखते हैं। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर विनोद शंकर दुबे, राजधारी सिंह, शिवशंकर चौहान, विजय बहादुर दुबे, सुनीता श्रीवास्तव, गोपाल सिंह आदि उपस्थित रहे। संचालन जिला महामंत्री प्रदीप सिंह ने किया।



पाकिस्तान के विदेश मंत्री का पुतला दहन करते भाजपाई

## गोंगपा का 10वें दिन भी जारी रहा धरना

**बलिया।** नगर निकाय चुनाव में अनुसूचित जनजाति हेतु सीटें आरक्षित करने की मांग को लेकर मॉडल तहसील के समीप चल रहा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का अनिश्चितकालीन धरना शनिवार को 10वें दिन भी जारी रहा। जिउत जी गोंड ने कहा कि 1942 में अंग्रेजों भारत छोड़ों आन्दोलन के दौरान बैरिया थाने पर देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले महान क्रांतिकारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रामजनम गोंड, छठ्ठू खरवार के समुदाय के ही लोग आज सबसे ज्यादे उत्पीड़ित है। कहा कि हमें गांव-गांव में जाकर आदिवासी जनजाति गोंड, खरवार को उनके संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के प्रति जागरूक कर संगठित करने की आवश्यकता है। कहा कि यदि सभी पीड़ित संगठित हो जाय तो पीड़ित ही पॉवर बन जाते है। रामपाल खरवार ने कहा कि अब समय आ गया है कि हम गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के बैनर तले एकजुट होकर प्रदेश में एक मजबूत राजनीतिक ताकत के रूप में उभरे, तभी हमारी आवाज सुनी जायेगी। मौके पर परशुराम, संजय, उमाशंकर, दादा अलगू, अशोक, सुदेश, मनोज, सुरेश, शिवनरायन, विशाल, आनन्द, कमलेश, ओमप्रकाश, अश्वनी कुमार, शिवनाथ, रामचन्द्र जेठवंत, सोनू गोंड, श्रीभगवान, अखिलेश आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता सुमेर तथा संचालन दुर्गविजय खरवार ने किया।

# 50 हजार की आबादी को नहीं मिली बुनियादी सुविधाएं

**बैरिया।** एक तरफ जहां देश आजादी का 75वां अमृत महोत्सव मना रहा है, वही दूसरी तरफ उत्तरी दियरांचल के गोपालनगर, वशिष्ठनगर, मानगढ़, शिवाल मठिया ग्राम पंचायत की करीब 50 हजार की आवादी उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, शुद्व पेयजल आदि बुनियादी सुविधाओं से वंचित है।

इस दियरांचल के छात्र गांव के मीडिल स्कूल से आठवीं पास करने के बाद आठ किमी दूर रानीगंज बाजार, बैरिया, नारायणगढ़ इंटर कालेज में दसवीं व बारहवीं की शिक्षा ग्रहण करने जाते है। वही, अधिकतर छात्राएं गांव के मीडिल स्कूल में आठवीं की शिक्षा ग्रहण करने के बाद उच्च विद्यालय के अभाव में पढ़ाई छोड़ देती है। यही नही, इस इलाके में स्वास्थ्य सेवा भी बदहाल है। अस्पताल के नाम पर इस इलाके में कुछ भी नही है। एएनएम सेन्टर का निर्माण हुआ है, जो शो-पीस बना हुआ है। बाढ के दिनों में काफी दिक्कत होती है। एकमात्र मुख्य सड़क रामबालक बाबा सेतु का एप्रोच मार्ग का निर्माण कार्य पूरा नही हुआ। ऐसे में बच्चों को स्कूल एवं मरीजों को अस्पताल जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उत्तरी दियरांचल के लोग गर्मी के दिनों में अग्नि तांडव व बाढ़ के दिनों में घाघरा नदी के बाढ़ का दंश झेलने को मजबूर है। इस दियरांचल में यूं तो गोपालनगर व मानगढ़ में चार वर्ष पूर्व ही कुल दो पानी टंकी का निर्माण हुआ है, लेकिन अभी भी पाइपलाइन का कार्य अधूरा है। इससे पानी टंकी शो-पीस बना है। आम लोग आर्सेनिक युक्त पानी पीने को मजबूर है। अभी भी सैकड़ों लोगों के घरों तक बिजली नही पहुंची है। शिवाल मठिया निवासी अधिवक्ता चन्द्रशेखर यादव, मानगढ़ के प्रधान बच्चा, शिवाल के प्रधान परमात्मा गोड़, गोपालनगर के प्रधान अभिमन्यु आदि ने बताया कि आजादी के बाद भी इस दियरांचल के लोग शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, शुद्व पानी आदि बुनियादी सुविधाओं से वंचित है।

> दियरांचल की बुनियादी सुविधाओं के लिए शासन को पत्र लिखकर अवगत कराया जाएगा। हर हाल में हर एक नागरिक को शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, शुद्ध पानी मिलना ही चाहिए।
>
> आत्रेय मिश्र, उप जिलाधिकारी बैरिया

## संक्षेप

### अंजली का आईसीटी पुरस्कार प्रतियोगिता में चयन



**बलिया।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की ओर से आयोजित आईसीटी पुरस्कार प्रतियोगिता के लिए अंजली तोमर को चयनित किया गया है। जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान पकवाइनार बलिया पर 12 दिसंबर को जनपद स्तरीय आईसीटी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसमें जिले के तमाम शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। उसमें राज्य स्तर पर प्रतिभाग करने हेतु प्राथमिक विद्यालय अलावलपुर, शिक्षा क्षेत्र हनुमानगंज की अंजली तोमर (सहायक अध्यापक) और दिव्यांशु कंपोजिट रसूलपुर, रसड़ा का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में चयनित होने पर जनपद के सभी शिक्षकों ने बधाई दी। इसके पूर्व अंजली तोमर का चयन राज्यस्तरीय कला क्राप्ट एवं पपेट्री प्रतियोगिता में हुआ है। साथ ही कला एवं संगीत के सन्दर्भदाता का भी प्रक्षिक्षण प्राप्त कर चुकी है।

### द्विवार्षिक चुनाव आज

**मझौवां।** उप्र लेखपाल संघ शाखा बलिया का द्विवार्षिक चुनाव 18 दिसम्बर, रविवार को गंगा बहुद्देशीय सभागार में पूर्वाह्न 10 बजे से किया जायेगा। इसमें जनपद के समस्त तहसीलों के लेखपाल शामिल होंगे। यह जानकारी छट्ठू यादव ने दी है।

### सीडीओ के आश्वासन पर कार्य बहिष्कार स्थगित



**बेल्थरारोड।** ग्राम पंचायत सचिव संजय कुमार के ऊपर बीते दिनों हुए हमले तथा सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के आरोपी ग्राम पंचायत तिरनई खिजिरपुर के प्रधान पति व उनके पुत्र की गिरफ्तारी न होने को लेकर समस्त ब्लाक कर्मियों ने शनिवार को बहिष्कार किया। सीडीओ ने दो दिनों के अन्दर आरोपियों की गिरफ्तारी कराये जाने का आश्वासन दिया। इसके बाद 19 दिसम्बर तक आन्दोलन स्थगित कर दिया गया। यह निर्णय ब्लाक के डवाकरा हाल में बैठक कर ब्लाक कर्मियों ने लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक दयाशंकर राय, सहायक विकास अधिकारी राजेश कुमार यादव, एडीओ आईएसबी मृत्यंजय राय, संजय कुमार, राजकुमार, विनोद कुमार गुप्ता, चन्देश्वर प्रसाद, दीपचन्द, श्याम प्रसाद, अविनाश गुप्ता, सविता देवी, संतोष कुमार यादव, हरिकेश गुप्ता, उपेन्द्र कुमार, संध्या यादव, राजेश कुमार यादव, रेशमा प्रजापति आदि मौजूद रहे।

### 19 दिसंबर को लगेगा रोजगार मेला

**बलिया।** जिला सेवायोजन अधिकारी आशुतोष प्रसाद ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार जिला सेवायोजन कार्यालय बलिया द्वारा 19 दिसंबर 2022 की तारा निवास गली सतनी सराय भृगु आश्रम स्थित सेवायोजन कार्यालय बलिया पर रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। टेक्निकल क्षेत्र की कम्पनी सुब्रोस इण्डिया लिमिटेड नोएडा प्रतिभाग कर रही है। साक्षात्कार के माध्यम से 100 अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। रोजगार मेले में 18 वर्ष से 30 वर्ष के 10वीं, 12वीं, स्नातक, आईटीआई में प्रशिक्षित युवा समस्त प्रमाण पत्रों के साथ प्रतिभाग कर सकते है।

### अपर जनपद न्यायाधीश ने किया वृद्धाश्रम का निरीक्षण



**बलिया।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया जितेन्द्र कुमार पाण्डेय के कुशल मार्ग दर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के अपर जनपद न्यायाधीश, सचिव, नरेन्द्र पाल राणा द्वारा वृद्धाश्रम गड़वार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नरेन्द्र पाल राणा द्वारा आवासीत वृद्धजनों से उनके रहन-सहन व खान-पान के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अपर जनपद न्यायाधीश, सचिव द्वारा वृद्धाश्रम में निवासित सभी वृद्धजनों से बातचीत कर उनकी छोटी-छोटी समस्याओं पर ध्यान देते हुए उन्हें सुना तथा समस्याओं का तुरन्त निराकरण करने हेतु अधीक्षक को निर्देशित किया। इसके साथ-ही वृद्धाश्रम में विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया के अपर जनपद न्यायाधीश, सचिव, नरेन्द्र पाल राणा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, जिसमें वृद्धजनों को विधिक रूप से जागरूक किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया के अपर जनपद न्यायाधीश, सचिव, द्वारा वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के अधिकारों, वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित पेंशन के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं और आयकर तक में छूट दी जा रही है।

# कटे होंठ एवं तालू का करायें निःशुल्क आपरेशन : डॉ. वैंकटेश



**बांसडीह।** स्थानीय सीएचसी में शनिवार को जन्मजात कटे होंठ व तालू से संबंधित बच्चों को निःशुल्क आपरेशन तथा उपचार हेतु स्माइल ट्रेन प्रोजेक्ट व आरबीएस के संयुक्त तत्वावधान में ब्लाक बांसडीह, बेरूआरबारी व रेवती के पीड़ित बच्चों हेतु शिविर लगाकर पंजीकरण किया गया।

शिविर का उद्घाटन करते हुए चिकित्सा अधीक्षक डा. वैंकटेश ने प्रदेश सरकार की नीति के अनुसार स्वस्थ बच्चे-स्वस्थ मातृत्व के तहत जन्मजात कटे होंठ एवं तालु के बच्चों का समय से उपचार कर उन्हें स्वस्थ जीवन जीने की दिशा में इसे एक जिम्मेदारी भरा कदम बताया। उन्होंने लाभार्थियों से अपने बच्चों का उपचार कराने और अपने क्षेत्र में ऐसे पीड़ित बच्चे दिखाई देने पर आरबीएस की टीम से संपर्क करने का आह्वान किया। स्माइल ट्रेन प्रोजेक्ट के प्रोजेक्ट असिस्टेंट नीरज कुमार शर्मा ने इस निःशुल्क आपरेशन एवं उपचार में अधिक से अधिक भागीदारी कर क्षेत्र के प्रत्येक कटे होंठ व तालू के मरीजों का उपचार कराने हेतु इसे जन आंदोलन बनाने का आग्रह किया है। शिविर में बांसडीह से दो, रेवती से पांच एवं बेरूआरबारी ब्लाक से एक बच्चा फटे होंठ एवं तालु से पीड़ित चिन्हित किए गए है।

इन्हे उपचार हेतु तिथि निश्चित कर आपरेशन स्थल पर लाने हेतु इनके परिवार को निर्देशित किया गया है। इस अवसर पर डा. शैलेंद्र सिंह, डा. प्रशांत, डा. बद्री राज यादव, डा. विनोद सिंह, आनंद सिंह, सगीर हसन, डा. विश्वनाथ सिंह, अंजनी कुमार, मृत्युंजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

## मारपीट व धक्का-मुक्की का वीडियो वायरल

**बलिया।** मनियर थाने के सिपाही के साथ कुछ लोगों द्वारा मारपीट करने और धक्का-मुक्की करने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह वीडियो विगत 15 दिसंबर की रात की है। वायरल वीडियो में सिपाही के साथ कुछ लोग धक्का-मुक्की कर रहे है। मनियर थाने का सिपाही शैलेंद्र प्रताप सिंह अपनी फोर व्हीलर गाड़ी को लेकर मनियर स्टेट बैंक के ऊपर अपने किराये के आवास पर आया। सिपाही का कहना है कि निर्माणाधीन एचडीएफसी बैंक के इंजीनियर और अन्य कार्य करने वाले मजदूर करीब 15 की संख्या में थे, जो मेरे किराये के आवास के सामने जहां मैं गाड़ी खड़ा करता हूं, वहां पर लकड़ी जलाए थे। मैंने उनसे वहां से हटने के लिये कहा कि जिस पर वे लोग मुझसे उलझ गये और मारपीट करने लगे। उक्त मामले का वे लोग वीडियो भी बनाए। सिपाही का कहना है कि मैं अपनी गाड़ी रोज वहीं खड़ा करता था। दूसरे जगह गाड़ी खड़ा करने का कोई जगह नहीं था। मनियर थाने के सिपाही शैलेंद्र कुमार सिंह का गाली देने का एक वीडियो वायरल हुआ है।

# खेल से होता है बच्चों का सर्वांगीण विकास

**बोले आलोक सिंह**

### ब्लॉक प्रमुख ने बच्चों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

**बिल्थरारोड।** सेंट जेवियर्स स्कूल पिपरौली, बड़ागांव में शुक्रवार को खेल सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख आलोक सिंह रहे। मुख्य अतिथि का विद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. जेआर मिश्र ने माल्यर्पण कर स्वागत किया। वहीं, बच्चों ने उन्हें एक पौधा देकर सम्मानित किया।

सीबीएसई जोनल गेम्स में विभिन्न खेलों व विभिन्न स्थानों पर आयोजित खेल प्रतियोगिताओं जैसे- वालीबाल, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, चेस, टेबल टेनिस, तायक्वोंडो आदि में सेंट जेवियर्स स्कूल के बच्चों ने प्रतिभाग किया। स्कूल के एक खिलाड़ी प्रिंस कुमार गोड़ द्वारा ताइक्वांडो में सिल्वर मेडल प्राप्त कर नेशनल के लिए स्थान बना लेने पर ब्लाक प्रमुख आलोक सिंह ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कहा कि बच्चों के सर्वांगिक विकास के लिए खेल बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मैं बहुत ही गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं कि मेरे ब्लाक के सेंट जेवियर्स स्कूल के बच्चों ने विभिन्न खेलों में प्रतिभाग कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। एथलेटिक्स में प्रज्ञा, रागिनी, सुहानी, प्रीति यादव, सौरभ कुमार, रतन, उपेंद्र, प्रियांशु, शेख, अनुराग, कोच अरुण यादव, लक्की गुप्ता, तायक्वोंडो में प्रिंस कुमार, आकाश, प्रिंस, हार्दिक, आर्यन, कोच उदित राज गुप्ता, वालीबाल में नीरज, कृष, आनंद, आर्यन, करन, शिवम, निखिल, कोच मंजीत कुमार, टेबल टेनिस में प्रियांशु, अभिषेक, ऋषि, हरि, आभिषेक, आर्यन, श्री कृष्ण, जोहेब आशिफ, कोच अरविंद कुमार गुप्ता, बैडमिंटन में राज शेखर मिश्रा, अमोघ सात्वत, आयुष, आर्यश, कोच सतीश जन आदि मौजूद रहे।



प्रमाण पत्र के साथ बच्चे एवं मुख्य अतिथि


## संक्षेप

### 121 शिकायतों में से 11 का हुआ तत्काल निस्तारण



**मऊ।** जनपद के सभी तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस का आयोजन किया गया। जिला अधिकारी अरुण कुमार और पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में आज जनपद के मोहम्मदाबाद गोहना तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। आज आए कुल 121 शिकायतों में से 11का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, साथ ही शिकायतों के तत्काल निस्तारण हेतु 06 टीमें गठित कर मौके पर भेजी गई। इस दौरान जिलाधिकारी अरुण कुमार ने सभी विभागाध्यक्षों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय सीमा के अंदर निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण करते समय इस बात का अवश्य ध्यान रखें कि उसका पूर्णतः निस्तारण हो जाए, जिससे शिकायतकर्ता को बार-बार भाग दौड़ ना करना पड़े। जिलाधिकारी ने वहां उपस्थित समस्त विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि अपने विभागों से संबंधित सभी शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित करें। इस दौरान डीएफओ सहित सभी जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं को लेकर उद्यमियों ने सौंपा पत्रक, मिला आश्वासन



**मऊ।** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में मऊ की पर्याप्त सहभागिता के लिए यूपीसीडा के जिम्मेदार अधिकारी उद्यमियों के साथ बैठक कर रूपरेखा तैयार किए। इस दौरान औद्योगिक क्षेत्र ताजोपुर में व्याप्त अव्यवस्थाओं के प्रति उद्यमियों द्वारा विस्तृत चर्चा की गई। जिसके शीघ्र निदान का आश्वासन दिया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों ने फरवरी माह में होने वाले इन्वेस्टर समिट के लिए सबको आमंत्रित किया। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में अधिक से अधिक निवेश किये जाने हेतु जनपद मऊ के इन्वेस्टर्स/उद्यमियों से वार्ता हेतु यूपीसीडा के महाप्रबंधक, विष्णु रंजन दास, क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीसीडा सुभाष पाण्डेय, औद्योगिक क्षेत्र ताजोपुर स्थित फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रीज एंड ट्रेड कार्यालय पहुंचे। जहां फेडरेशन चेयरमैन संजय सिंह के नेतृत्व में उद्यमियों के साथ चर्चा किए। इस दौरान औद्योगिक क्षेत्र में व्याप्त अव्यवस्थाओं के प्रति उद्यमियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई। जिसमें खराब सड़कें, जाम हो चुकी नालियां व अंधेरे में बसर कर रहे उद्यमियों (खराब स्ट्रीट लाइटें) की समस्याओं से अवगत कराया। इसके बाद तत्काल जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा संबंधित लोगों को गाइडलाइन जारी करते हुए तत्काल सभी कार्य दुरुस्त कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रबंधक सिविल राजीव सिसोदिया,आरसी निगम सहायक प्रबन्धक सिविल के साथ ही फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रीज एण्ड ट्रेड चेयरमैन संजय सिंह, महामंत्री अनमोल राय, उपाध्यक्ष विनोद कुमार पाण्डेय, राजीव सिंह इत्यादि के साथ बड़े चर्चा की गई।

### चोरी की मोबाइल के साथ दो शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**मऊ।** शनिवार को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान भीटी चैक के पास से अजय राजभर पुत्र राजेन्द्र राजभर, रोशन कुमार पुत्र मुन्ना राम निवासीगण खुरहट थाना रानीपुर जनपद मऊ के कब्जे से मुअसं 538/22 धारा 379 भादवि से सम्बन्धित चोरी की एक मोबाइल फोन बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में पूर्व में पंजीकृत अभियोग में धारा 411 भादवि की बढोत्तरी कर अभियुक्तगण का चालान न्यायालय किया गया।

### दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**मऊ।** शनिवार को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना घोसी पुलिस द्वारा बसावनपुर से मुअसं 479/22 धारा 363,366, 506,504,376 भादवि व धारा 3/4 पोक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त विशाल पुत्र जयप्रकाश निवासी बसावनपुर थाना घोसी तथा थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा केलेण्डर तिराहे के पास से मुअसं 634/22 धारा 294,363, 366, 504, 120बी भादवि में वांछित अभियुक्त विनय कुमार पुत्र दिवाकर निवासी बरडीहा थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# पाक विदेश मंत्री के बयान पर सड़कों पर उतरे भाजपाई

**नाराजगी**

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अपशब्दों का किया था प्रयोग

**मऊ।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो द्वारा भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर अपशब्दों का प्रयोग किए जाने के खिलाफ भाजपा के कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय पर एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन करते हुए पैदल मार्च निकाला। पैदल मार्च भाजपा कार्यालय से जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार गुप्ता के नेतृत्व में आरम्भ होकर आजमगढ़ मोड़ तक चला वहां जाकर कार्यकर्ताओं का समूह एक जनसभा में परिवर्तित हो गया वहीं पाकिस्तानी विदेश मंत्री का भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पुतला दहन किया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा की पाकिस्तानी विदेश मंत्री का बयान निहायत ही घटिया और बचकाना है। बिलावल भुट्टो ने अपने बयान के माध्यम से पाकिस्तान की सरकार की रीति और नीति का चिट्ठा पूरी दुनिया के सामने खोल कर रख दिया है। आज भारत के प्रधानमंत्री की लोकप्रियता का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री हो या प्रधानमंत्री या पूरी पाक सरकार इन सब की हैसियत पीएम मोदी के सामने सूरज के सामने दीपक के लौ की तरह है। अपनी विध्वंसकारी नीतियों के कारण आज पाक गर्त में जा रहा है वही भारत तेजी से सशक्त हो रहा है। पीएम मोदी ने न सिर्फ भारत बल्कि पूरे दक्षिण एशिया को एक सशक्त नेतृत्व प्रदान किया है। भारत के साथ दोयम दर्जे का बर्ताव करने वाले पश्चिमी देश अब भारत सरकार के सामने आशा भरी निगाह से देख रहे है। भारत जहां दुनिया के लिए संजीवनी का कार्य कर रहा हैं वहीं पाकिस्तान दुनिया के लिए क्षय रोग की तरह हो गया है। इस अवसर पर मुन्ना दुबे, अरविंद सिंह, देवेंद्र सिंह, अखिलेश तिवारी, अशोक सिंह, संतोष सिंह, आनंद प्रताप सिंह, रामाश्रय मौर्य, नूपुर अग्रवाल, विनोद वर्मा, सत्यमित्र सिंह, रामानुज सिंह, मयंक मद्धेशिया, अंजनी, सचिंद्र, गनेश सिंह, संजीव, कृष्णकांत राय सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## आशुतोष और रचित के अर्धशतक से न्यू स्पोर्टस्लाइन विजयी

**मऊ।** शनिवार को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट स्टेडियम में कल्पनाथ क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वधान में आयोजित विमला देवी क्रिकेट मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के चैथे दिन ग्रुप बी का पहला मैच न्यू स्पोर्ट्स लाइव और वीआईपी क्रिकेट एकेडमी के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर वीआईपी क्रिकेट एकेडमी ने गेंदबाजी करने का फैसला लिया। न्यू स्पोर्ट लाइन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवरों 6 विकेट खोकर 240 रन का बनाये। जिसमें आशुतोष ने 70 रन बनाए रचित ने 55 और धनंजय 40 रन का अहम योगदान दिया। वीआईपी क्रिकेट एकेडमी की तरफ से राहुल यादव ने तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वीआईपी क्रिकेट एकेडमी की शुरूआत काफी खराब रही और और 30 ओवरों में 8 विकेट खोकर मात्र 104 रन ही बना सकी। जिसमें राहुल यादव ने 25 रनों का योगदान दिया। न्यू स्पोर्ट लाइन की तरफ से धनंजय, राहुल, अभिनेश को एक-एक विकेट मिला। आशुतोष के शानदार बैटिंग के चलते उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। मैच के निर्णायक भूमिका में पंकज मौर्य व अभिषेक रहे। मौके पर धर्मेंद्र, क्रिकेट कोच मोहम्मद शाहिद, रिशु, अखंड प्रताप, ज्ञान प्रकाश, कमलेश यादव, सुरेंद्र मौर्य उपस्थित रहे।

# प्रशासन की कार्रवाई के डर से राइस मिल संचालक ने जमा किये 72 लाख



**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** उपजिलाधिकारी के नेतृत्व में अब तक की सबसे बड़ी राजस्व वसूली 72 लाख 2454 रुपया शुक्रवार को सरकारी खाते में जमा कराया। तहसील क्षेत्र के चिरैयाकोट में सरकारी खाद्यान्न सीएमआर का 1 करोड़ 61 लाख रुपया बकाया होने के कारण बीते 14 दिसंबर को खरिहानी रोड स्थित अन्नपूर्णा राइस मिल व उसके अन्य संपत्ति को उपजिलाधिकारी अखिलेश सिंह यादव की मौजूदगी में तहसील कर्मचारियों ने दुकान व मकान सहित सटर व चैनल गेट पर ताला जड़ सील कर दिया।

प्रशासन द्वारा की गई इतनी बड़ी कार्रवाई से पूरे तहसील क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जिसको लेकर प्रशासन की कार्रवाई के डर से संचालक के पुत्र ने शुक्रवार को 72 लाख 2454 रुपए राजस्व के रूप में जमा किया। अन्नपूर्णा राइस मिल के संचालक राजेंद्र प्रसाद द्वारा वर्ष 2011 में धान क्रय केंद्र द्वारा खरीदे गए धान का कालाबाजारी कर धनराशि रख ली थी। जिस पर प्रशासन की तरफ से पूर्व में 1 करोड़ 61 लाख की आरसी जारी किया गया था। इसके बावजूद राइस मिल के संचालक द्वारा बकाया धनराशि को जमा न करने पर प्रशासन ने कार्यवाही करते हुए बीते 14 दिसंबर को चिरैयाकोट बाजार में पहुंचकर खाद्यान्न घोटाले के मामले में कमरों को सील कर नीलामी करने की नोटिस चस्पा कर मुनादी करा दी गई थी। एसडीएम अखिलेश सिंह, नायब तहसीलदार गौरव, शिवशंकर, जिउत, विनोद द्वारा की गई इतनी बड़ी कार्रवाई की डर से राइस मिल के संचालक राजेंद्र प्रसाद के पुत्र संतोष गुप्ता व विनोद पुत्र पन्नालाल ने शुक्रवार को सरकारी खाते में राजस्व के रूप में 72 लाख 2454 रुपए जमा किया। इतनी बड़ी राजस्व की वसूली पहली बार तहसील प्रशासन मुहम्मदाबाद गोहना द्वारा की गई।

# उचक्का कार से बैग लेकर भागा

**कोपागंज, मऊ।** कार में से बैग लेकर भाग रहे उच्चके को स्थानीय लोगों ने दौड़ाकर पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। बताया जाता है कि शनिवार को काछी कला निवासी बिनोद राय अपनी कार लेकर गौरीशंकर मंदिर के बगल में हाईवे के पास दुकान पर पहुंचे। इसी दौरान एक युवक कार के सामने मोबील गिरा दिया और इंजन की ओर इशारा करते हुए कहा तो कार चालक कार की बोनट उठाकर देखने लगे। ताक में लगाए युवक कार में रखा बैग ले भागा। लोगों की नजर पड़ी तो युवक को दौड़ने लगे। कुछ दूर तक भागने के बाद पकड़े जाने के डर से युवक बैग छोड़कर फिर भागने लगा। हालांकि कि स्थानीय लोगों ने युवक को किसी तरह पकड़ लिया। और पुलिस को सुपुर्द कर दिया। पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है। बैग में कुछ पैसे और जरूरी कागजात थे।

## प्रधानों का उत्पीड़न किसी भी सूरत में बर्दाश्त नही

**मऊ।** पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के संस्थापक स्व. महावीर दत्त शर्मा के पुण्य तिथि के परिपेक्ष्य में जिला पंचायत मऊ के सभागार में आयोजित लोकतंत्र में पंचायतों की भूमिका विषय विचार विमर्ष किया गया। जिसकी अध्यक्ष संगठन के जिलाध्यक्ष अजय जायसवाल ने किया। संचालन जिला उपाध्यक्ष श्याम नारायन सिंह ने किया। सर्व प्रथम उपस्थिति संगठन के पदाधिकारियों एवं प्रधानों ने स्व. महावीर दत्त शर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के प्रदेश प्रभारी रविन्द्र राय ने कहा कि आज भी प्रधानों की जो भी ताकत है वह स्व. महावीर दत्त शर्मा की देन थी। उनके सिद्धान्तों एवं आदर्शों को अपनाने से ही पंचायती राज कायम रह सकता है। उन्होने सभी प्रधानों को एक जुट होने की अपील किया। विशिष्ट अतिथि मण्डल अध्यक्ष अमर सिंह चैहान ने कहा कि मारी एक जुटता ही संगठन के मजबूती का प्रमाण है। पूर्व जिलाध्यक्ष विवेकानन्द यादव ने विस्तार से शर्मा के प्रति प्रधानों को जानकारी दिया। पुण्यतिथि के अवसर पर संगठन के समस्त उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि प्रधानों का उत्पीड़न बर्दास्त नहीं होगा।

## बारहवीं कक्षा के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कोपागंज, मऊ।** शनिवार की रात लैरो दोनवार में बारहवीं कक्षा के छात्र ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सुबह जब परिजनों ने दरवाजा नहीं खुला देखा तो अन्दर झांककर देखा तब युवक पंखे पर किसी रस्सी के सहारे लटक रहा है। जिसके बाद किसी तरह दरवाजा खोलकर परिजन कमरे में पहुंचे। युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो चुकी थी। मौत की खबर से घर में रोना पिटना शुरू हो गया। थोड़ी देर खबर जब गांव में फैली तो काफी संख्या में लोगों मृतक के घर पहुंच गए। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर थानाध्यक्ष अमित कुमार मिश्रा भी दल-बल के साथ पहुंच गए। और युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि मृतक शिवम् पुत्र डाक्टर राम निवास राय पुत्र था कक्षा बारहवीं का छात्र था। मृतक दो बहनों में अकेला भाई था। उधर घटना को लेकर गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

# डीएम ने एग लेयरिंग फार्म का किया निरीक्षण

**जायजा**

### अंडा उत्पादन व वितरण से जुड़ी जानकारियों को किया साझा

**मऊ।** शनिवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार ने विकासखंड रानीपुर के ग्राम कोलौरा स्थित सुबोध पोल्ट्री फार्म का निरीक्षण किया। यह एग लेयरिंग फार्म 30 हजार मुर्गियों की क्षमता वाला है। इस दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि 30 हजार मुर्गी क्षमता के इस कमर्शियल लेयर फार्म की कुल लागत पोल्ट्री विकास नीति-2013 के तहत 2 करोड 6 लाख रुपए हैं, जिसमें से 70 प्रतिषत बैंक द्वारा लोन के रूप में लाभार्थी को प्राप्त होता है। इस नीति के तहत बैंक लोन पर अधिकतम 10 प्रतिषत ब्याज सरकार द्वारा 5 वर्ष तक वहन किया जाएगा।

नए पॉलिसी के तहत 30 हजार मुर्गियों की क्षमता वाले कमर्शियल लेयर फॉर्म की कुल लागत दो करोड़ 56 लाख है।

अब सरकार 7 प्रतिषत ब्याज प्रतिपूर्ति 5 वर्ष तक करेगी। इसके अलावा भूमि क्रय के मामले में स्टांप ड्यूटी में भी छूट प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि पूरी क्षमता से संचालन होने एवं मुर्गियों के ठीक ढंग से देखभाल होने पर अंडा उत्पादन में गुणात्मक रूप से वृद्धि होती है तथा बैंक द्वारा प्रदत लोन भी अधिकतम 5 वर्ष में वापस किया जा सकता है।

लागत के सापेक्ष शुद्ध मुनाफे की जानकारी लेने के दौरान संबंधित फार्म के मालिक ने बताया कि वर्तमान में अंडे की दर ठीक होने के कारण प्रतिदिन 25 हजार की आमदनी हो रही है। अंडों की कीमतों का निर्धारण मांग और आपूर्ति के सापेक्ष बदलता रहता है। अतः प्रति माह एक निश्चित आमदनी का अंदाजा लगाना कठिन है। फिर भी फार्म के ठीक ढंग से संचालन होने पर बैंक लोन की किश्तें आसानी से चुकाने के अलावा प्रतिमाह एक निश्चित आमदनी भी होती है।



# मुख्तार अंसारी के परिवार की आठ करोड़ की संपत्ति कुर्क

**कार्रवाई**

### माफिया पर लगातार पुलिस की कार्रवाई से समर्थकों में हड़कंप


मुहम्मदाबाद में कुर्की के दौरान क्षेत्राधिकारी श्याम बहादुर सिंह व अन्य।

**गाजीपुर।** माफिया मुख्तार अंसारी और उसके करीबी रिश्तेदारों पर मुश्किलें बढ़ती जा रही है। उनकी संपत्तियों पर गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई का सिलसिला लगातार जारी है। जिला पुलिस ने मुख्तार अंसारी के पुत्र सुभानुल्लाह अंसारी व गैंग के सदस्य एजाजुलहक अंसारी की आठ करोड़ रुपए की अचल संपत्ति को कुर्क किया है।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पांच दिसंबर को प्रभारी निरीक्षक थाना मुहम्मदाबाद की प्रेषित आख्या पर पुलिस अधीक्षक की संस्तुती पर आठ दिसंबर को अभियुक्त मुख्तार अंसारी पुत्र सुभानुल्लाह अंसारी को दोषी पाया गया था। पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक अभियुक्त एक गिरोह बनाकर लोक व्यवस्था को अस्त-व्यस्त करने अपने स्वयं के तथा अपने गैंग के सदस्यों के लिए आर्थिक तथा भौतिक व अन्य लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से अकेले एवं सामूहिक रूप से आपराधिक कार्य तथा समाज विरोधी क्रियाकलापों में बेनाम अचल संपत्ति हासिल की थी।

पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि अभियुक्त द्वारा अपनी माता राबिया खातून उर्फ राबिया बेगम के नाम से लखनऊ के मोहल्ला डालीबाग तिलक मार्ग निकट बांध एक्सटेंशन बोर्ड राजा राममोहन राय स्थित भूखंड संख्या-93 रकबा 386.1524 वर्ग मीटर भू संपत्ति लिया गया है। जिसकी वर्तमान कीमत 4.50 करोड़ रुपए है। जिसे पुलिस टीम ने कुर्क की है। वहीं अभियुक्त द्वारा अपने गैंग के सदस्य एजाज उर्फ एजाजुलहक अंसारी पुत्र मजहरूउल हक अंसारी द्वारा अपनी पत्नी फहमीदा अंसारी के नाम से मोहल्ला डालीबाग 0263 तिलक मार्ग राजा राममोहन राय वार्ड स्थित भूखंड संख्या 13/4 एक भूखंड रकबा 231.04 वर्ग मीटर भू संपत्ति क्रय की गई है। जिसकी वर्तमान कीमत 3.50 करोड़ रुपए है। जिसे भी पुलिस टीम द्वारा कुर्क की कार्रवाई की गई है।

### योगी सरकार माफियाओं पर सख्त

बतादें, योगी सरकार माफियाओं के खात्मे का अभियान चलाया है। जिसके तहत माफिया मुख्तार पर लगातार कार्रवाई जारी है। विगत 23 अक्टूबर को लखनऊ के हजरतगंज इलाके के डालीबाग स्थित मुख्तार अंसारी के बड़े भाई बसपा सांसद अफजाल अंसारी की पत्नी के नाम पर दर्ज कोठी को गाजीपुर पुलिस ने कुर्क किया था। वहीं शुक्रवार को मुख्तार अंसारी और उसके साथी भीम सिंह को गाजीपुर की कोर्ट ने 10-10 साल की सजा और पांच लाख जुर्माना लगाा है। मुख्तार पर पुलिस एक्शन से माफिया के समर्थकों में हड़कंप का माहौल बना हुआ है।

## यूपी-बिहार सीमा सील, हर हरकत पर पुलिस की निगाह

**बारा।** बिहार के बक्सर में रविवार को होने वाले नगर परिषद तथा नगर पंचायत चुनाव को लेकर सुरक्षा के मद्देनजर शनिवार की शाम से ही यूपी-बिहार की सीमा को सील कर दिया गया। यूपी-बिहार सीमा को जोड़ने वाले गहमर थाना क्षेत्र के बारा और देवल कर्मनाशा पुल पर चौकसी बढ़ा दी गई। इसके लिए दोनों राज्यों के अधिकारियों में पहले ही वार्ता कर ली गई थी। बिहार के बक्सर थाना क्षेत्र के बारा तथा देवल कर्मनाशा पुल पर बैरिकेडिंग कर गश्ती बढ़ा दी गई है। शनिवार की शाम सीमा को सील करते हुए बड़े वाहनों पर पूर्णता रोक लगा दी गई। सीमा को जोड़ने वाली ताड़ीघाट-बारा व देवल - दिलदारनगर मार्ग सहित गंगा व कर्मनाशा नदी के जल मार्गो पर पुलिस जवानों का पहरा रहेगा। पड़ोसी राज्य बिहार के बक्सर जिले में 18 दिसंबर को मतदान कराने को लेकर संयुक्त बैठक किया गया था। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक बक्सर नीरज कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यूपी-बिहार सीमा को मतदान शुरू होने के 12 घंटे पहले सील करते हुए मतदान संपन्न होने तक सख्त निगरानी की जाएगी।


यूपी-बिहार सीमा पर जानकारी लेते बक्सर के डीएम, एसपी।

एसडीएम सेवराई राजेश प्रसाद ने बताया कि सेवराई तहसील का अधिकांश क्षेत्र बिहार के बक्सर जिले का सीमा क्षेत्र पड़ता है। गहमर पुलिस की टीमें 24 घंटे सीमा पर आवागमन करने वाले लोगों की जांच कर रही है। प्रभारी निरीक्षक गहमर पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि सीमा क्षेत्र में गश्ती बढ़ा दी गई है। हर आने - जाने वाले लोगों की निगरानी की जा रही है। जिले में मतदान शुरू होने के 12 घंटे पहले सीमा को सील करते यूपी बिहार बार्डर के दोनों तरफ सख्त निगरानी बरती जा रही है। दोनों राज्यों के अधिकारियों की संयुक्त बैठक में बार्डर पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने का निर्णय लिया गया था। इसके मद्देनजर दोनों प्रांतों की सीमावर्ती पुलिस अपने - अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत यूपी - बिहार सीमा पर विशेष सतर्कता बरत रही है। गहमर

## अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जनपद का नाम रोशन करें खिलाड़ी:एसपी

**गाजीपुर।** गाजीपुर गोल्ड कप मण्डल स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का भव्य शुभारम्भ मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने नेहरू स्टेडियम गोराबाजार में मेजर ध्यान चन्द के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। यह प्रतियोगिता 17 से 21 दिसम्बर तक संचालित रहेगी। सर्वप्रथम अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अम्बुज श्रीवास्तव ने उपस्थित मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह के रूप में (हॉकी)


गोराबाजार स्थित नेहरू स्टेडियम में हॉकी खिलाड़ियों के साथ एसपी ओमवीर सिंह।

देकर सम्मानित किया तथा खिलाड़ी जितेन्द्र यादव (रेलवे) ने मुख्य अतिथि का बैज लगाकर स्वागत किया। प्रतियोगिता प्रारम्भ होने से पूर्व मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच डीएफए गाजीपुर एवं डीएफए मऊ के मध्य खेला गया। मैच के दौरान निर्धारित समय में दोनो टीमो के कांटे के टक्कर रही। जिसमें मुकाबला एक-एक पर बराबरी पर छूटा। दोनो टीमो के बीच ट्राईवेकर में जनपद गाजीपुर 05-04 से विजयी रही। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट गाजीपुर के गोलकीपर वीरू को दिया गया। प्रतियोगिता का दूसरा मैच शिवकाल भैरव एकेडमी अठगावां सैदपुर एवं विवेक हॉकी एकेडमी वाराणसी के मध्य खेला गया। जिसमें शिवकाल भैरव एकेडमी अठगावा 2-शून्य से विजयी रही। अठगावा की तरफ से जय हिन्द यादव ने दूसरे एवं नीरज यादव ने 30 वे मिनट में गोल दाग कर बढत बनाई। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका अजय गुप्ता एवं बृजेश यादव ने निभाई। टेक्निकल टेलब पर भारतीय वायु सेना (सेवा.निवृ) योगेश सिंह एवं नीरज साहू एंव जावेद अहमद (यूपीपी) उपस्थित थे। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत कर राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जनपद का नाम रोशन करने की बात कही। अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अम्बुज श्रीवास्तव ने कहा कि जनपद में कई वर्षो से हॉकी की प्रतियोगिता न होने से हमारा जनपद पीछे हो गया था।

# खाद्य व आपूर्ति विभाग का होटलों पर छापा

### नंद रेजीडेंसी, न्यू सम्राट ढाबा व फैमिली रेस्टोरेन्ट खुशहाली पर दर्ज कराया मुकदमा

**गाजीपुर।** खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम ने होटलों पर छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई की है। छापेमारी में दर्जनों कॉमर्शियल सिलेंडर बरामद किए है। वहीं सबंधित होटल संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। विभाग की कार्रवाई से ढाबों व होटल संचालकों में हड़कंप मच गया।

जिलापूर्ति अधिकारी कुमार निर्मलेन्दु ने बताया कि एलपीजी के अनाधिकृत भण्डारण एवं घरेलू गैस के दुरूपयोग की रोक-थाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत होटलों, रेस्टोरेण्टो और मिठाई की दुकानों एवं ढाबों की सघन जाँच की गई। शनिवार को छापेमारी में बंशी बाजार स्थित नन्द रेजीडेन्सी के रसोईघर में एक ही स्थान पर 12 भरे व्यवसायिक गैस सिलेण्डर व 4 खाली व्यवसायिक गैस सिलेण्डर मौजूद पाये गये। ऐसे में होटल संचालक के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। बताया कि शासनादेश के मुताबिक किसी भी स्थान पर 100 किग्रा से अधिक एलपीजी का भण्डारण करना प्रतिबन्धित है। चूंकि एलपीजी सिलेण्डर अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थ है और बिना विस्फोटक लाईसेन्स आदि के 100 किग्रा से अधिक एलपीजी के भण्डारण की अनुमति नहीं है। जबकि उक्त होटल शहर में गाजीपुर- वाराणसी मुख्य मार्ग पर स्थित है। कभी-भी कोई अप्रिय घटना घटने की आशंका है।


नगर स्थित एक होटल में छापेमारी के दौरान पूछताछ करते जिलापूर्ति अधिकारी कुमार निर्मलेंदु।

### घरेलू गैस सिलेंडर का कॉमर्शियल में प्रयोग

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम ने छापेमारी के दौरान गाजीपुर–वाराणसी हाईवे छावनी लाइन स्थित न्यू सम्राट ढाबा एवं फैमिली रेस्टोरेन्ट खुशहाली पर भी छापा मारा। जहां चार घरेलू गैस सिलेण्डरों का प्रयोग व्यवसायिक रूप से किया जा रहा था। ढाबा संचालकों पर अवैध रूप से गैस सिलेंडर के प्रयोग में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा कराया है।

### ढाबों पर छापेमारी रहेगी जारी

जिला पूर्ति अधिकारी निर्मलेन्दु ने बताया कि जिलाधिकारी के अनुमोदन के क्रम में नन्द रेजीडेन्सी जनरल मैनेजर अशोक कुमार दूबे, मार्केटिंग मैनेजर विवेकानन्द पाण्डेय के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। वहीं न्यू सम्राट ढाबा एवं फैमिली रेस्टोरेन्ट खुशहाली के नागेन्द्र कुमार, रामाश्रय सिंह एवं अभिषेक कुशवाहा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। जिलापूर्ति अधिकारी ने होटल संचालकों को कड़ी हिदायत दी है किसी दशा में घरेलू गैस सिलेण्डर का प्रयोग व्यवसायिक रूप से न करें। गैस एजेन्सी संचालकों को चेताया है कि गैस सिलेंडर की डिलेवरी सही दिशा में की जाए।

# संत कबीर पब्लिक स्कूल में खेल प्रतियोगिता का आयोजन





**गाजीपुर।** नगर स्थित संत कबीर पब्लिक स्कूल छावनी लाइन में शनिवार को खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रबंधक काशीनाथ कुशवाहा ने मां सरस्वती और संत कबीर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्जवलित किया। प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों का आयोजन गया।

जिसमें विद्यालय परिवार के समस्त छात्र-छात्राओं ने खेल-कूद में प्रतिभाग का लोहा मनवाया। टाफी दौड़ में प्रथम ओजस्वीता कुशवाहा,द्वितीय आयात परवीन,तृतीय अनन्या विश्वकर्मा,जलेबी दौड़ प्रथम जीशान अहमद, द्वितीय कृषभ मौर्या,तृतीय आस्था मौर्या,दौड़ में प्रथम अर्पिता यादव, द्वितीय नंदनी प्रजापति, तृतीय अंशिका यादव,स्पून दौड़ में प्रथम अयांशी मौर्या, द्वितीय अंशीका मौर्या, तृतीय उषा जायसवाल, मेढ़क दौड़ में प्रथम हिंमाशु भारद्धाज,द्वितीय सत्यम यादव, तृतीय सौरभ मौर्या, दौड़ चार सौ मीटर में प्रथम मो. कैफ, द्वितीय विप्लव राय, तृतीय आयुष गौतम, दौड़ 200 मी में प्रथम रोहित कुमार, द्वितीय संदीप यादव, तृतीय सौरभ मौर्या,आटा दौड़ में प्रथम सौंया चक्रवर्ती,द्वितीय अंशु यादव, तृतीय अंजली कुमारी स्थान पाई। इसके साथ ही कबड्डी प्रतियोगिता में चार टीम ने भाग लिया।

जिसमें लायन,टाईगर, काईट, ईगल ने प्रतिभाग किया। फाइनल मुकाबले में ईगल ने टाईगर को हराकर ट्राफी पर कब्जा जमा लिया।

इस अवसर पर आदित्य नारायण सिंह कुशवाहा, स्नेहा कुशवाहा, कंचन सिंह कुशवाहा, संजय कुमार राय, अखिलेश्वर प्रसाद वर्मा, मो.आरिक, आनंद भारती, राकेश केशरी, अनुप तिवारी, राकेश भारती, आशा कुशवाहा, आकांक्षा मिश्रा , सना खातून, सरिता यादव आदि मौजूद रहीं। अतं में विद्यालय के प्रधानाचार्य पकंज सिंह कुशवाहा ने सभी छात्र-छात्राओं और विद्यालय अध्यापक-अध्यापिकाओं का आभार व्यक्त किया।

# सड़क खस्ताहाल, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

**नारेबाजी**

### पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही से राह चलना दुश्वार

जनसंदेश न्यूज

**मरदह।** क्षेत्र के सुलेमापुर देवकली गांव से लेकर चुरामनपुर चट्टी तक जाने वाले मार्ग के मरम्मत की मांग को लेकर जगदीशपुर अवतार गांव के पास ग्रामीणों व राहगीरों संबंधित विभागीय अधिकारी व क्षेत्रीय जनप्रिनिधियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुर घंटों प्रर्दशन कर उच्चधिकारिओं का ध्यान आकृष्ट कराया। मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान नंदकुमार चौहान ने ग्रामीणों को किसी तरह शांत कराया। मालूम हो की सुलेमापुर देवकली,सराय मुबारक, जगदीशपुर अवतार,कलौरा, गांव होते हुए चुरामनपुर अविसहन चट्टी तक जाने वाला मार्ग काफी क्षतिग्रस्त होने के कारण वाहन तो दूर पैदल चलना चलना जान जोखिम में डालकर चलना है। यह सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। सड़क पर वाहनों के साथ पैदल चलने के लायक भी नहीं है।


सुलेमापुर देवकली गांव में नारेबाजी करते ग्रामीण।

ध्वस्त व जर्जर हो चुके मार्ग की लंबाई लगभग पांच किलोमीटर हैं। सड़क के कई जगह टूटे होने के कारण आवागमन में लोगों को काफी परेशानी हो रही है।दो पहिया वाहन व साइकिल चालकों को निकलने में दिक्कतों सहारा लेना पड़ रहा है। क्षेत्रीय लोगों ने सड्क की मरम्मत न होने पर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी पहले ही दी थी,लेकिन किसी ने इसकी सूध नही लिया।आक्रोशित ग्रामीणों ने विभाग व जनप्रतिनिधिओं के खिलाफ मोर्चा खोल जमकर कर नारेबाजी की।दर्जनों गांवों को ब्लाक मुख्यालय से जोड़ने वाला मार्ग है।उसके बाद भी कोई सूध लेने वाला नहीं है।क्षेत्रीय लोग कई बार विभाग सहित क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों को अवगत कराएं परन्तु कोई सुधार नहीं हुआ।यह मार्ग विगत तीन वर्ष से जर्जर पड़ी हुई है।वहीं दूसरी ओर जगदीशपुर अवतार गांव में जाने वाली सड़क पर डाला गिट्टी गिराकर छोड़ दिया गया जो नियम विरूद्ध हैं,बेतरतीब तरीके से सड़क पर बिखरी गिट्टी जानलेवा बनी हुई हैं। प्रर्दशन में सत्येन्द्र यादव, नंदकुमार, दिनेश, राजकुमार, कांता चौहान, उपेन्द्र कुमार,अभय सिंह,रवि सिंह, कमलेश, मिथुन,विनय चौहान, रामसुमेर चौहान, विरेंद्र सिंह, धनंजय कुमार, आदि उपस्थित रहे।इस संबंध में प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग के जेई अनंतलाल यादव से बात की गई तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

# अवैध अतिक्रमण के खिलाफ चलाएं बुलडोजर:डीएम

**आयोजन**

### संपूर्ण समाधान दिवस में 461 शिकायत, 31 का निस्तारण

जनसंदेश न्यूज


कासिमाबाद तहसील में फरियाद सुनती डीएम आर्यका अखौरी एवं एसपी ओमवीर सिंह।


समाधान दिवस के मौके पर खाली कुर्सी व मोबाइल में व्यस्त विभागीय अधिकारी।


कासिमाबाद तससील परिसर में रजिस्ट्रेशन कराते फरियादी।

गाजीपुर। जन समस्याओ के त्वरित निस्तारण हेतु सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील कासिमाबाद में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिसमें 126 शिकायत प्राप्त हुए और मौके पर चार का निस्तारण किया गया। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सातों तहसीलो की सूचना के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 461 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 31 शिकायत पत्रों का निस्तारण किया गया।

इसी क्रम में तहसील जखनियां में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 72 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें 05 का मौके पर निस्तारण किया। तहसील जमानियॉ में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 46 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें से 03 का मौके पर निस्तारण किया गया। सदर तहसील में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 56 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें मौके 12 का निस्तारण किया गया। तहसील मुहम्मदाबाद में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 26 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें से 01 का मौके पर निस्तारण किया गया।

तहसील सेवराई में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 60 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 04 का निस्तारण किया गया एवं तहसील सैदपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 75 शिकायत प्राप्त 02 का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायत पत्रों का सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अविलम्ब मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण करायी जाय। उन्होंने सार्वजनिक भूमि, तालाब, सरकारी भूमि, ग्राम समाज के भूमि पर अवैध अतिक्रमण को एक अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया। उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को आगामी तीन दिवस में शत-प्रतिशत निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा इसकी समीक्षा सीधे शासन स्तर से होती है। इसमें लापरवाही पर सम्बन्धित अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होगें। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी कासिमाबाद, क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद, तहसीलदार कासिमाबाद एवं समस्त जनपदस्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### मोबाइल में अधिकारी मस्त, फरियादी पस्त

**सेवराई।** स्थानीय तहसील सभागार कक्ष में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी राजेश प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। तहसील मुख्यालय के सभागार कक्ष में शनिवार को मुख्य समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे फरियादियो द्वारा सुबह से ही तहसील मुख्यालय पहुँचकर उच्चाधिकारियों से अपनी फरियाद लगाई। फरियादियों ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देते हुए समस्या से अवगत कराते हुए समाधान की फरियाद लगाया। मजे की बात तो यह थी कि जनता की समस्याओं के समाधान के लिए विभागीय अधिकारियों की लगाई गई अधिकतर कुर्सियां खाली रही । वही समाधान दिवस के दौरान ही अधिकतर अधिकारी पर मोबाइल पर व्यस्त नजर आए। एसडीएम तहसीलदार, एसपी ग्रामीण फरियादियों के समस्या सुन रहे थे उधर कई विभागीय अधिकारी अपने मोबाइल फोन में व्यस्त रहे। इस संदर्भ में एसडीएम राजेश प्रसाद ने बताया कि समाधान दिवस पर विभिन्न मामलों में कुल 60 आवेदन पत्र पड़े जिसमें 4 मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रार्थना पत्रों का निस्तारण के लिए विभागीय अधिकारियों को भेज कर एक सप्ताह में निस्तारण का निर्देश दिया गया। इस मौके पर उपजिलाधिकारी सेवराई राजेश प्रसाद, तहसीलदार अमित शेखर, नायब तहसीलदार कौशल चौरसिया, खंड विकास अधिकारी भदौरा राजेश श्रीवास्तव ,गहमर थाना प्रभारी पवन कुमार उपाध्याय सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### चार लेखपालों को स्वास्थ्य परीक्षण का निर्देश

**कासिमाबाद।** जिलाधिकारी आयका अखौरी और पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में कासिमाबाद तहसील के महाराणा प्रताप सभागार में शनिवार को सम्पूर्ण मुख्य समाधान दिवस आयोजित किया गया था। फरियादियों का आरोप था कि रजिस्ट्रेशन पर लगे कर्मचारियों की लापरवाही के कारण ज्यादातर फरियादियों को उलझाएं रखा गया। समाधान दिवस के अवसर फरियादियों का कहना था कि डीएम के अध्यक्षता में हो रहे सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर एक लेखपाल के द्वारा फरियादियों को शिकायत पत्र देख उस हल्के के लेखपाल के अवगत कराकर सम्पूर्ण समाधान दिवस के कार्यक्रम से लोगों को वंचित किया जा रहा था। तहसील दिवस के मौके पर पहुंचे फरियादी मर्दानपुर निवासी कांति देवी ने बताया कि अपने अंश के जमीन पर निर्माण कार्य कर रही है। लेकिन विपक्ष मेरे दीवाल के निर्माण को रोककर पुलिस और लेखपाल की मदद से दीवाल पर टाटी रखवा दी है। बारा गांव निवासी ऋषिकेश यादव ने कहा कि खड़ंजा को गांव के लोगों द्वारा उखाड़ कर उस पर नव निर्माण किया जा रहा है।

## संक्षेप

### सिविल बार संघ एसो. का चुनाव संपन्न, रिजल्ट का इंतजार



**गाजीपुर।** सिविल बार संघ एसो. का चुनाव शनिवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपंन हो गया। मतदान के दौरान पुलिस जवान शांति व्यवस्था बनाएं रखने के लिए तैनात रहे। मतदान के लिए कुल तीन बूथ बनाए गए थे। चुनाव प्रारंभ होने से पूर्व प्रत्याशी और समर्थको को बूथ से दूर रहने की हिदायत निर्वाचन अधिकारियों द्वारा दी गई थी। कुल 1004 अधिवक्ता मतदाताओं कि बीच 886 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। जिसमे अध्यक्ष पद के लिए 4 प्रत्याशियों वीरेंद्र कुमार पांडेय, राजकुमार जयसवाल, सुधाकर राय और गोपाल जी लाल श्रीवास्तव होगे। वही महासचिव पद के तीन प्रत्याशियों मुन्ना लाल , रामयश सिंह यादव और रतन की लाल श्रीवास्तव के बीच मुकाबला होगी। जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष पर विनोद कुमार गुप्ता और बृजकिशोर सिंह यादव के साथ ही कनिष्ट उपाध्यक्ष प्रथम के लिए चंद्रमोहन सिंह और सुभाष चंद्र जोशी की लड़ाई होगी। जबकि कनिष्ट उपाध्यक्ष द्दतीय के लिए दीपक कुमार पांडेय, अजय सिन्हा के बीच संघर्ष होगा। पहले से ही कोषाध्यक्ष पद पर संजय सिंह कुशवाहा, सहसचिव प्रशासन पर राहुल मिश्रा और सह सचिव पुस्तकालय अभिमन्यु उपाध्याय,वरिष्ठ कार्यकारणी सदस्य, पंकज कुमार श्रीवास्तव, आशुतोष उपाध्याय, सुरेंद्र नाथ पांडेय ,लियाकत अली, नटनागर और हिमांशु प्रकाश दुबे कनिष्ठ कार्यकारणी सदस्य के लिए विवेकानंद पांडेय, कमलेश सिंह कुशवाहा, गोविंद राम,लालमुनी सिंह,विशाल पांडेय,संजीव सिंह सभी निर्विरोध चुन लिए गए थे। सिविल बार संघ के वर्ष 2023 के चुनाव की प्रक्रिया में शनिवार को पांच पदों के लिए अध्यक्ष,महासचिव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कनिष्ठ उपाध्यक्ष प्रथम और कनिष्ठ उपाध्यक्ष द्दतिय के लिए कुल 13 उम्मीदवार लड़ाई के मैदान में थे।

### जल निगम की टंकी नहीं उगल रही पानी, ग्रामीणों का प्रर्दशन



**मरदह।** बोगना में लाखों की कीमत से बनी पानी टंकी शोपीस हो गई है। जिसके बाद ग्रामीणों का इतंजार का सब्र टूट गया और विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। विभाग को चेतावनी दी कि अगर समय रहते टंकी से जलापूर्ति शुरू नहीं हुई तो उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। ब्लाक स्तरों पर बैठे जिम्मेदार अफसरों की अनदेखी इस कदर है कि सरकारी सुविधाएं जनता तक पहुंचने के बजाय योजनाएं लागू होते ही धड़ाम हो रही हैं,जिले के बिरनो विकासखंड क्षेत्र बोगना में शंकर जी मंदिर के पास स्थित जल निगम की पानी की टंकी लगभग 20 दिनों से खराब पड़ी है। गाँव के लोग पीने के पानी के लिए तरस रहे है। कहने को तो इस टंकी में जल आपूर्ति के लिए दो पम्प लगे है। लेकिन वर्तमान में एक ही पंप चल रहा है। लगभग 20 दिनों से कभी मोटर जल जाती तो कभी स्टाटर तो कभी मेन पाईप फट जाती है वहीं दूसरा पम्प का भी मोटर जल गया है। इस जल निगम की टंकी से ग्राम पंचायतों को पानी आपूर्ति की जाती है इसमें लगभग सैकड़ों कनेक्शन धारक हैं। स्थानीय मनीष, रामदरश राम,संतोष रावत,मोहम्मद अफजाल,अभिषेक कुमार,अच्छेलाल,विक्रांत कुमार,श्रीचंद राम,सुरेश राम,रामकृत गोंड टोनी आदि ने बताया कि बीस दिनों से जल निगम की टंकी से पानी की सप्लाई नही आ रही है,और मुहल्लों में लगे हैंडपंप का पानी पीने योग्य नही है,जिससे लोगों को पीने के लिए पानी दूर-दूर से लाना पड़ रहा है या फिर आरो की गैलन खरीदना पड़ रहा है।ग्रामीणों के अनुसार कई बार जल निगम के अधिशाशी अभियंता से शिकायत की गई लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नही हुई है।इस संबंध में जल निगम के जेई दिवाकर विक्रम से बात की तो उन्होंने कहा कि मुझे कुछ मतलब नहीं है और उन्होंने अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर दिया।

### भाजपा ने पाकिस्तानी विदेश मंत्री का फूंका पुतला

**गाजीपुर।** पाकिस्तानी विदेश मंत्री विलावल भुट्टो के खिलाफ राष्ट्रव्यापि अभियान के क्रम में शनिवार को भाजपा ने जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह के नेतृत्व में जुलूस निकाल कर पाकिस्तान और विलावल भुट्टो के खिलाफ नारे लगाते हुए भुतहियाटाड़ (प्रकाश नगर) स्थित सैनिक चौराहे पर पुतला फूंका। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ वृहस्पतिवार को पाकिस्तानी विदेश मंत्री विलावल भुट्टो ने शर्मनाक और आपत्तिजनक जो टिप्पणी किया है। उसको लेकर सायंकाल भाजपा कार्यालय छावनी लाइन से सैकड़ों से ज्यादा भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह,जिला प्रभारी अशोक मिश्रा,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरोज कुशवाहा, कृष्ण बिहारी राय,प्रभुनाथ चौहान आदि वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व मे जुलूस के रुप मे हाथों मे पाकिस्तान तथा पाक विदेश मंत्री विरोधी नारों लिखी तख्तियां हाथों मे लेकर नारे लगाते हुए भुतहियाटाड़ चौराहे पहुंच कर विलावल भुटटो का पुतला जलाया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पाकिस्तान कि आर्थिक स्थिति भयावह हो चुकी है और पाकिस्तान सरकार का नियंत्रण समाप्त हो चुका है ऐसे मे सस्ती लोकप्रियता के लिए विलावल भुट्टो की टिप्पणी सामने आई है जिसे भारत कत्तई बर्दाशत नही करने वाला है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष वृजेन्द्र राय, कृष्णबिहारी राय,सुनिल सिंह,वृजनन्दन सिंह,ओमप्रकाश राय,प्रो शोभनाथ यादव, दयाशंकर पांडेय,रमेश सिंह पप्पू,बालकृष्ण त्रिवेदी, अवधेश राजभर,विनोद अग्रवाल,डा मुराहु राजभर,,मनोज सिंह, संकठा प्रसाद मिश्रा,श्यामराज तिवारी, अखिलेश सिंह, शशिकान्त शर्मा आदि रहें।

### घर के बाहर खड़ी बोलरो को चोरों ने उड़ाया

**गहमर।** कामाख्या पुलिस चौकी के करहिया गांव में बैठका पर एक व्यक्ति की खड़ी बोलेरो चोरी हो गई। शनिवार की सुबह पड़ोसियों ने बोलेरो मालिक को फोन पर सूचना दी कि उनका वाहन नहीं दिख रहा है। मौके पर पहुंचा तो देखा कि वाहन गायब है। इस पर उसने संभावित जगहों पर खोजबीन करना शुरू किया और कई जगह सीसीटीवी फुटेज देखा ताकि यह पता चल सके कि वाहन किधर से गया है। कुछ भी जानकारी न होने पर उसने पुलिस को तहरीर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच में जुट गई। करहिया गांव निवासी सुनील सिंह उर्फ बब्लू रोज की भांति शुक्रवार की शाम को अपनी बैठका पर बोलेरो खड़ी कर घर सोने चले गए। शनिवार की सुबह उसके पड़ोसियों ने मोबाइल पर सूचना दिया कि बोलेरो गाड़ी नहीं दिख रही है। इस पर वाहन मालिक ने संभावित स्थान व अन्य जगहों पर तलाश किया, लेकिन गाड़ी का कोई सुराग नही लगा। दो साल पूर्व भी कामाख्या चौकी के खुदरा पथरा गांव से एक ट्रैक्टर ट्राली चोरी हुई थी, जिसका पता अब तक नही चल सका। फिर बोलेरो चोरी होने की सूचना से ग्रामीणों समेत क्षेत्रीय लोगों में दहशत का माहौल है। बोलेरो मालिक सुनील सिंह ने थाने में तहरीर दे दी है लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है।

### भारत जोड़ो यात्रा को लेकर कांग्रेसियों में मंथन

**जमानिया।** क्षेत्र में स्टेशन बाजार स्थित कार्यवाहक नगर अध्यक्ष के आवास पर ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटी की बैठक आहुत की गई। जिसमें कांग्रेस पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय के जनपद आगमन को लेकर चर्चा की गई। नगर अध्यक्ष गायत्री देवी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाये जा रहे भारत जोड़ों यात्रा का आगमन 20 दिसंबर को प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में पहुंच रहा है। इसको लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। उन्होंने कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों को बताया कि स्थानीय तहसील क्षेत्र में यह पदयात्रा सांकेतिक रूप से होगी और जनपद की ओर बढ़ जाएगी। 21 दिसंबर को गाजीपुर में भव्य पदयात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर संतोष गुप्ता,विजयी बिन्द, विजय नारायण तिवारी, अदालत यादव, माखन वर्मा, अजहर राइनी आदि रहे।

### डीएम ने बूथों का किया निरीक्षण

**गाजीपुर।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2022 को स्वतंत्र निष्पक्ष एवं पारर्दशी तरिके से सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी अर्याका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने नगर पंचायत बहादुरगंज के कई बूथों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रैम, विद्युत, शौचालय ,पेयजल आदि के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए कमियों को दुरूस्त कराने का सम्बन्धित को निर्देश दिया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी कासिमाबाद एवं अन्य सम्बन्धित कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आज विनोद मिश्र को किया जायेगा याद

**गाजीपुर।** भाकपा (माले) के दिवंगत महासचिव कामरेड विनोद मिश्र के 24वां स्मृति दिवस को रविवार को तुलसी सागर लंका कार्यालय समेत,सेवराई के करवनियां डेरा कार्यालय, जमानियां कस्बा, खानपुर में, करंडा गांव में, जखनियां में 11 बजे दिन से संकल्प दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इस आशय कि जानकारी भाकपा ( माले) के जिला सचिव रामप्यारे राम ने दी।

### अतिसंवेदनशील बूथों का निरीक्षण

**दिलदारनगर।** नगर निकाय के होने वाले चुनाव को देखते हुए शनिवार के दिन दिलदारनगर नगर पंचायत के संवेदन शील व अतिसंवेदन बूथों का उपजिलाधिकारी सेवराई राजेश प्रसाद,जमानिया क्षेत्राधिकारी विजय आनंद शाही के साथ नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार पांडये चुनाव के मद्देनजर 11 वार्डों में भ्रमण कर 6 केंद्र व19 बूथों के अंतर्गत नगर में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर,बेसिक प्राइमरी पाठशाला श्रीराम नगर व राजकीय बालिका इंटर कालेज तीन बूथ केंद्रों का निरीक्षक किए। नगर पंचायत के सामान्य निर्वाचन 2022 की तैयारी को लेकर सेवराई के एसडीएम,पुलिस क्षेत्राधिकारी जमानिया तथा नगर पंचायत ईओ के संवेदनशील अतिसंवेदनशील बूथों के बारे में जानने के लिये बूथों पर पहुंचकर जाना वहां के बारे में निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिये बूथों का निरीक्षण किया।


## जनसंपादकीय

# मौजूदा समय में प्रेम की जमीन की तलाश

हाल ही में चर्चित कथाकार कैलाश बनवासी का दूसरा उपन्यास 'रंग तेरा मेरे आगे' सेतु प्रकाशन से प्रकाशित होकर आया है। यह वस्तुतः सरकारी शिक्षा जगत की पृष्ठभूमि पर एक प्रेम केन्द्रित उपन्यास है। वर्तमान समय में जहाँ प्रेम महज देह का आकर्षण एवं यौन संबंधों में संकेन्द्रित होता जा रहा है। ऐसे समय में इस उपन्यास में प्रेम की रूमानियत और संयमित उदात्तता सुंदर रूप में प्रकट होती है।

उपन्यास के प्रारंभ में नायक सुनील स्कूल की छुट्टी के बाद गाँव के बाहर एक खाली मैदान पर आकर बैठा है। उसके सामने प्रकृति का ग्रामीण स्वरूप उसके मन को मोह रहा है। साँझ की तालाब में डूबते सूरज का बिंब, मंद-मंद चलती ठण्डी हवा, आसमान में परिंदों की चिंव-चिंव, बीच-बीच में मैदान में घास चरते बकरियों का मिमियाना, गाय-बैलों का रंभाना। इस मनोरम दृश्य को खामोशी से देखते हुए वह नसीम की स्मृतियों में खो जाता है। पूरे उपन्यास में प्रकृति नायक के सहचर के रूप में आती है। जब कभी वह खुश होता है, जब कभी वह उदास होता है। वह सीधे प्रकृति की ओर उन्मुख होता है। वह प्रकृति से आत्मिक संवाद करता है।

नसीम की यादों में खोने के बाद कथा फ्लैशबैक में आगे बढ़ती है। अप्रशिक्षित शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए राज्य शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित डी.एड. कार्यक्रम में सुनील अपने केन्द्र के उन 12 मास्टर ट्रेनर व्याख्याताओं में से एक है, जिसे इस कार्यक्रम के लिए चुना गया है। अपने अध्यापन के पहले दिन वह नसीम की सादगी और सुंदरता देखकर पहले ही नजर में उसे पसंद करने लगता है। दूसरे ही पल नसीम के प्रति आकर्षण को वह यह सोचकर भुलाने की कोशिश करता है कि वह एक शादी-शुदा बाल-बच्चे वाला आदमी है। लेकिन वह पाता है कि नसीम के प्रति उसकी आसक्ति बढ़ती ही जा रही है। नसीम के प्यार में वह इस कदर डूब जाता है कि अपने और नसीम के उम्र में बीस वर्ष के लंबे फासले का भी उसके लिए कोई महत्व नहीं रखता है। जब भी उसे मौका मिलता है वह नसीम को प्रभावित करने की कोशिश करता है और हमेशा यही सोचते रहता है कि क्या नसीम के मन में भी उसके लिए कोई चाहत है।





डी.एड प्रशिक्षण का कार्यक्रम खत्म होते-होते उसके प्रति नसीम का लगाव भी प्रकट हो जाता है। उनके संबंधों के बारे में पूरे प्रशिक्षण केन्द्र के लोगों को पता चल जाता है। जिस पर प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से वे इस संबंध के बारे में परिहास भी करते हैं। नसीम को इन सब बातों से कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि वह नये जमाने की खुले विचारों वाली और प्रैक्टिकल सोच की लड़की है। सुनील नसीम से मिलने एक दिन उसके स्कूल जाता है, जहाँ वह पढ़ाती है। उसी दौरान एक निर्जन जगह पर उन्हें एकांत में कुछ समय बिताने का अवसर मिलता है, उनके बीच कुछ नजदीकियाँ बढ़ जाती है, लेकिन व्यावहारिक जमीन पर खड़ी नसीम इससे सचेत होकर अचानक असहज हो जाती है। इसके बाद उनके रिश्तें में उतार-चढ़ाव देखने को मिलता है।

सुनील का प्रेम इस उपन्यास में सघन रूप में व्यक्त हुआ है, वहीं नसीम का प्रेम युवापन का आकर्षण मात्र लगता है। नसीम के व्यवहार के कारण कहीं-कहीं यह प्रेम एक तरफा लगता है। सुनील नसीम के बदलते व्यवहार से परेशान हो जाता है और नसीम को समझने का प्रयास करता है। उपन्यास के अंत में स्पष्ट हो पाता है कि नसीम के मन में उसके लिए कोई प्रेम नहीं और वह हमेशा के लिए उससे दूर हो जाता है, पर नसीम के लिए अपने प्रेम को आज भी वह महसूस करता है। जो उपन्यास की शुरूआत में गुलजार की इन पंक्तियों में व्यक्त है-

'कोई रिश्ता नहीं रहा फिर भी , एक तसलीम लाज़िमी सी है'

सुनील और नसीम के प्रेम कहानी में सुनील की पत्नी वर्षा की उपस्थिति बहुत कम है, पर वह एक महत्वपूर्ण पात्र है। कोई भी स्त्री अपने पति को दूसरे स्त्री से प्रेम करते नहीं देख सकती, पर यहाँ वर्षा सुनील और नसीम के बारे में सबकुछ जानते हुए भी शांत बनी रहती है। अधिकतर पाठक को यह का गढ़ा हुआ पात्र लग सकता है, लेकिन समाज में ऐसे पात्र के होने की सम्भावना पर यकीन किया जा सकता है।

इस उपन्यास में सुनील और नसीम के प्रेम कहानी के समानान्तर सरकारी स्कूली शिक्षा तंत्र का भ्रष्ट स्वरूप भी सामने आता है। जिसके प्रतिनिधि पात्र अग्रवाल और सक्सेना है। शिक्षा व्यवस्था में अग्रवाल जैसे लोगों के बारे में सुनील का यह कथन ऐसे चरित्रों की सच्चाई को उद्घाटित करता है झ अपना काम साधने के लिए किसी भी हद तक चला जाने वाला। उसी का जुगाड़ था कि वह इस डी.एड प्रशिक्षण केन्द्र का हेड बना हुआ था...बावजूद अपने भ्रष्ट और मक्कार छवि के उसे लगता, ये साला यहाँ क्या कर रहा है? इसको तो नेतागिरि में राजनीति में होना चाहिए! राज्य के शिक्षा अधिकारियों, विभिन्न कर्मचारी संघों के नेतागणों, राजनीतिक दलों के नेताओं से लेकर मोहल्ले का पार्षद तक उसकी पकड़-पहचान ऐसी थी कि हैरानी होती थी। लगता था, यह या इसके जैसे लोग, विभाग में सिर्फ इसी काम के लिए हैं।... कैसे यह आदमी इस व्यवस्था का सबसे उपयोगी आदमी बन गया था? (तेरा रंग मेरे आगे, पृ॰ 33)

यह उपन्यास दिखाता है कि किस तरह भ्रष्ट वातावरण में एक ईमानदार शिक्षक तनावपूर्ण जीवन जीने को मजबूर हो जाता है। शिक्षक अपने दायित्व को न निभाते हुए किस तरह स्वार्थी एवं अवसरवादी होते जा रहे हैं। इस विषय को भी कथाकार ने उपन्यास में उजागर किया है।

प्रेम की मुख्य कथा के साथ-साथ कुछ और छोटी-छोटी कहानी प्रसंगवश आयीं है जो उपन्यास को गति प्रदान करने के साथ समाज के बदलते स्वरूप और उसके यर्थाथ को रेखांकित करती है। इसमें प्रशांत और त्रिलोक की नयी पीढ़ी की प्रेम कहानी प्रेम के बदलते स्वरूप को प्रकट करने वाला है, वहीं एक भीख मांगने वाले गरीब बच्चे के कहानी के माध्यम से निम्न तबके के लोगों की दयनीय स्थिति बयां करता है। सुनील के बचपन की स्मृति में मुन्नी की कहानी के माध्यम पुराने समय में समाज में व्याप्त सहज साम्प्रदायिक सद्भाव का पता देता है वहीं वर्तमान समय के पढ़े-लिखे लोगों में साम्प्रदायिकता की नफरती भावना कैसे सामान्य बात बन गई है, यह भी उपन्यास बखूबी दशार्ता है। अलग-अलग पात्रों के माध्यम से समकालीन मुद्दों पर भी लेखक ने विचार व्यक्त किये हैं।

उपन्यास में सुनील के मनोभाव को व्यक्त करने के लिए जगह-जगह शेर व गीतों का नया प्रयोग देखने को मिलता है। उपन्यास का शीर्षक गालिब के एक शेर की दूसरी पंक्ति पर रखा गया है। उपन्यास की शुरूआत और अंत भी शेर के साथ होता है। रोमांटिक शायरी और फिल्मों गीतों के बोल प्रेम के रूमानियत को और भी बढ़ा देती है। कैलाश बनवासी की भाषिक सरलता और पठनीयता उनकी कहानियों की तरह यहाँ भी देखने को मिलती है जो पाठकों के लिए सहज ही बोधगम्य होता है।

इस बाजारवादी समय में जब मानवीय मूल्य क्षरित होते जा रहे हैं। संवेदनहीनता, विद्रूपता, साम्प्रदायिकता एवं हिंसा बढ़ रही है ऐसे कठोर समय में इस उपन्यास का आना बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह प्रेम कथा के बहाने मनुष्य के भीतर के प्रेम, सौन्दर्य, मूल्य एवं प्रकृति से आत्मिक जुड़ाव को पुर्नस्थापित करने का सघन प्रयास करता है।



जितेन्द्र
सुंदर नगर, रायपुर रोड, बेमेतरा (छत्तीसगढ़),
संपर्क 9770481080

# दुनिया को सुन्दर बनाने की जरूरत

मूल्यांकन



माधव महेश

'इस दुनिया को सुंदर बनाने में लगा हूँ' महेश आलोक का तीसरा कविता संग्रह हैं। महेश आलोक इस संग्रह में भी कविता की आंच और अपनी प्रतिबद्धता को बचाए रखने में सफल दिखाई देते हैं। संग्रह की ज्यादातर कविताओं का संसार 'दुख' के आसपास दिखाई देता है, लेकिन इस दुख के बहाने ही कवि ने अपने समय और समाज की पहचान को रेखांकित ही नहीं किया बल्कि उसके अंदर के परिवर्तन को भी उजागर किया है।

'मेरे बेटे को होमवर्क मिला' कविता में बेटे के होमवर्क के बहाने गूगल के अत्यधिक इस्तेमाल से उसकी कुंद होती रचनात्मकता को रेखांकित किया गया है। इसी कविता में कवि हमें चौंकाता भी है। जब उसका बेटा लाल रंग भर देता है-मैं उसे समझाता हूँ कि तुम अपने मन से रंगों को भरो/ यह तुम्हारी अपने रंगों की दुनिया होगी/ जो गूगल से ज्यादा रचनात्मक होगी/ और इतनी शानदार की टीचर का मुँह/ खुला का खुला रह जाए/ और इस बार वह पूरी दुनिया को खून जैसे लाल रंग से भर देता है।अगली कविता 'शैतानी दिमाग के विपक्ष में खड़ा हूँ' में कवि ने सामाजिक विद्रूपताओं को रेखांकित किया है। मथुरा में रहने वाली विधवाओं के शोषण, देश में व्याप्त भुखमरी व जाति-धर्म के खांचे में बंटे समाज के सवालों को चिन्हित किया गया है। लेकिन इसी कविता के अंत में कवि ने लिखा है 'अब अगर किसी बढ़िया गलती से संवेदनशील हो गया हूँ तो भुगतना तो पड़ेगा इतना तय है'। 'बढ़िया गलती' कहकर कवि कहाँ, किसकी तरफ इशारा किया है यह पाठक के लिए एक पहेली तो नहीं लेकिन थोड़ी कठिन जरूर है। 'बंदूक-1' और 'बंदूक-2' कविता में युद्ध और भय के माध्यम से हथियारों की बढ़ती मांग और उत्पादन से उत्पन्न होने वाले खतरे के बीच पृथ्वी के साथ ही मनुष्य के भविष्य के संबंध में जरूरी चिंता जाहिर की गई है। विश्व के बडे. हथियार उत्पादक देश किस तरह से भय पैदा करके छोटे देशों को हथिहार जमा करने के लिए मजबूर करे रहे हैं यह किसी से छुपा नहीं है। कवि इस साजिश का पदार्फाश करता है। कवि कहता है- अब मैं उन्हें कैसे समझाऊँ कि तुम्हें बेवकूफ बनाया जा रहा है/ बंदूकें सबसे पहले तुम्हारा ही नाश करेंगी पृथ्वी से/ बड़ी मछलियों को सुरक्षित रखने के लिए।

एक कविता है 'सब कुछ बेतरतीब घट रहा था'। इसमें बाजार से लेकर राजनीति के कब्जे की बात है। कविता राजनीति के रास्ते शंबूक तक पहुँच जाती हैं। एक तरफ तो दलितों के घर भोजन किया जाता है। वहीं दूसरी तरफ उन पर अत्याचार कम होने का नाम नहीं ले रहा-मैं चिल्ला रहा था बचाओ और लोग हत्यारे को मुकुट पहनाकर उसका राज्यभिषेक कर रहे थे/ उस समय तो गजब हो गया जब गुलाब का फूल/ खिलते खिलते कमल जैसा दिखने लगा और उसकी गन्ध से/ गुलशन के तमाम फूल मच्छर की तरह बेहोश होने लगे/ हद तो तब हो गयी जब मैं सपने में/ शम्बूक के घर खाना खा रहा था और अपनी हत्या का खेल/ इक्कीसवीं सदी में देख रहा था।

मौजूदा सरकार की नीतियों पर कवि जोरदार तरीके से प्रहार करता है। सभी देख रहे हैं रेल से लेकर सेल तक सभी की सेल चल रही है। और सब कुछ धीरे- धीरे पूँजीपतियों के हवाले कर दिया जा रहा है। ह्यअगर घर बच गया देश भी बच जाएगाह्न कविता जिस तरीके से युद्ध के बीच एक घर बचाने के लिए तर्क जुटाती है उस लिहाज से यह कविता ठीक लगती है और अंत में जाकर अपनी सार्थकता को सिद्ध करती है। कविता की अंतिम पंक्तियां हैं 'कि वह घोषित करे कि वह अपने आंगन में लगे/ गौरैया के घोंसले को बचा लेगा/ किसी भी हमले से'। हम सभी जानते हैं पिछले कुछ वर्षों से गौरैया का दिखना कम हुआ है। फ्लैट कल्चर के युग में घर के आंगन में लगे गौरैया के घोंसले को बचाने की घोषणा सराहनीय प्रयास है। आगे कुछ कविताओं में टुकड़ों में समय और समाज की बातें निकल कर आती हैं। कविता 'प्रसन्नता के अवसर की तलाश में पहाड़' में पहाड़ के दुख को व्यक्त करती है और पहाड़ों पर हमारी ज्यादतियों को भी दशार्ती है। कविता 'ऐसा नहीं है कि सब कुछ नष्ट हो जाएगा' की एक पंक्ति है 'जब पत्तियों को खाने वाले कीड़े मरने लगेंगे बिना भोजन के'। एक पंक्ति में कितनी बड़ी बात कवि कह गया है और यह सोचने पर मजबूर करने वाली नहीं झकझोरने वाली पंक्ति साबित होती है। साफ है पृथ्वी वनस्पतियों से विहीन हो जाएगी और ऐसे में क्या हम बचेंगे। 'एक बुजुर्ग की आत्मकथा' कविता में हमारे वृद्ध माँ बाप की व्यथा भी है और उनका प्रेम भी। 'नरक' कविता में हमारे सत्ता के चरित्र की तरफ इशारा है जिसे सवाल करने वाले लोग पसंद नहीं। इसके अलावा 'आश्चर्य के लिए कुछ नहीं बचा था', 'हमने यह भी किया है', 'भ्रम;, 'हमें जानवर नहीं होना था', 'वे दुखी थे कि लोग इतने मूर्ख कैसे हो सकते हैं' कविताओं में सत्ता, पर्यावरण, किसान व बाजार पर कवि ने अपनी चिंताएँ जाहिर की है।

एक कविता है 'गुरु कबीरदास से एक संवाद'। जिसकी पंक्ति है-'फिर भी मुझे इतने करीब क्यों लगते हैं जैसे/ कक्षा एक वाले गुरु जी/ उंगली पकड़कर ककहरा सिखाने वाले'। यहाँ पर कवि कबीरदास को अपने तरीके से याद ही नहीं करता है बल्कि 'आप हमारे पूर्वज हैं/ जो हमारे खून को पानी होने से बचा रहा है' कह कर आज भी कबीर की सार्थकता को सिद्ध कर रहे हैं। कवि भी कबीर की मशाल को लेकर आगे चलने और अपने नागरिक फर्ज को पूरा





करने की सजग कोशिश में लगा है। हम सभी कबीरदास के फक्कड़ स्वभाव से वाकिफ हैं। मौजूदा समय में समाज की जो स्थिति है कबीर की प्रांसगिकता बनी हुई है। कबीर जैसी बात कहने के लिए कबीर जैसा साहस भी होना चाहिए, इस संग्रह में भी कई बार कवि ऐसा साहस दिखाता है।

इस संग्रह की कुछ कविताएँ हैं, जिनके लिए सिर्फ एक शब्द ही कहना उचित लगता है 'सुंदर'। कविता की भाषा, बिंब व शिल्प बहुत सुंदर हो लेकिन उसका कथ्य अपने समय को प्रभावी तरीके से व्यक्त नहीं कर पा रहा है तो कविता भले सुंदर लगे, लेकिन वह अपना प्रभाव उस तरह से पाठक पर नहीं छोड़ पाती है जैसा कि उसे छोड़ना चाहिए। फिर भी इन कविताओं को शिल्प के स्तर पर चर्चा की मांग करती हैं।

संग्रह के दूसरे भाग में ग्यारह कविताएँ कोरोना काल की कविताएँ हैं। कोरोना काल में आमजन की दुश्चिंताओं से कौन नहीं परिचित है। इन कविताओं में दुख, भूख, भय के कई दारूण दृश्य दिखाई देते हैं। लेकिन यहाँ कवि इनके गहरे में उतर कर इसकी संवेदना को महसूसता ही नहीं बल्कि इसके कारणों की जाँच परख भी करता हैं। वे भी सदी की सबसे बड़े कठिन दौर में मनुष्य को लेकर चिन्ता व्यक्त करते हैं- ऐसा क्या करूँ कि थोड़ सुकून मिले/ मैं इस समय किसी सरकार के बारे में नहीं सोच रहा हूँ/ मनुष्य के बारे में सोच रहा हूं। प्रवासियां के पलायन, उनके दुख तकलीफों को इन ग्यारह कविताओं में ही देखा जा सकता है। दुनिया को सुन्दर बनाने का प्रयास पूरे संग्रह में दिखाई देता है। निश्चित ही यह संग्रह पाठकों को आकर्षित ही नहीं करेगा बल्कि समय और समाज के बारे में अलग तरह से सोचने के लिए मजबूर भी करेगा।

**(लेखक युवा कवि एवं टिप्पणीकार हैं)**

### महेश आलोक की कविताएं

**1.मुश्किल**

मछलियों के पास जितना दुख है/ उसे पढ़ पाना मुश्किल है
बस एक ही तरीका है कि हम स्वीकार कर लें
मछलियों के आंसुओं से ही / समुद्र खारा हुआ होगा

**2. दंगे का उत्तर-पाठ**

पता नहीं उन्हें पता था भी या नहीं/ कि मनुष्यों के साथ-साथ
हवा और रोशनी को भी काट रहे थे
अब उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही है
रोशनी के बिना उनके घरों में इतना अंधेरा है
कि उन्होंने कब अपने ईश्वर की हत्या कर दी
उन्हें पता ही नहीं चला।

**3. प्रार्थनाओं के मध्य आत्मालाप**

किसी ईश्वर के पास/ हमारी प्रार्थनाएं सुनने का समय नहीं है
तमाम पूजाघरों में निरन्तर/ चल रहीं हैं प्रार्थनाएं
इतनी अफरातफरी और मृत्यु के बीच / आप किस काम में व्यस्त हो प्रभु!
हम नहीं जानते / इस कठिन समय में तो /पत्थर भी पिघल जाते हैं
आप किस पत्थर के बने हो प्रभु!/ समय मिले तो बता जरूर देना
ताकि किसी तरह का भ्रम न रहे/ हम मनुष्यों के बीच।

# चुप्पी वाले दिनों की बोलतीं कविताएं

मूल्यांकन



विवेक निराला

मालिनी गौतम हिन्दी कविता के समकाल की एक खूब जानी-पहचानी और प्रतिष्ठित आवाज हैं। हाल ही में भारतीय ज्ञानपीठ से उनका तीसरा कविता-संग्रह ह्यचुप्पी वाले दिनह्न प्रकाशित हुआ है। हमारे समय में जब कविता का लोकतन्त्रीय वृत्त बहुत बड़ा है और कई पीढ़ियां एक साथ सक्रिय हैं तब अपनी एक अलग पहचान बनाना आसान नहीं। ऐसे में कवि जयशंकर प्रसाद की कामायनी की पंक्ति याद आती है-स्पर्द्धा में जो उत्तम ठहरें वे रह जावें। हर पीढ़ी में बमुंश्किल पांच-सात कवि ही ऐसे निकलते हैं, जो रह जाते हैं और ये वही कवि होते हैं जिनकी कविताओं में ताकत होती है। इस संग्रह की पहली ही कविता है-चींटियां। इसमें मालिनी कहती हैं-

पहचान पाने/पहचान बनाने/पहचान होने और पहचान खोने की/आपाधापी से भरे इस समय में जब/देखना, सुनना और बोलना जैसी क्रियायें/अपने अर्थ खोती जा रही हैं/यकीनन सर्दी-गर्मी-पतझड़-बारिश, देर-सबेर/चीटियां पा ही लेंगी/अपनी पहचान, अपनी मंजिल/अपनी इसी ताकत के बल पर।

निरंकुश तानाशाही के आपाधापी से भरे इस समय में देखना, सुनना और बोलना जैसी क्रियायें अपने अर्थ खोती जा रही हैं। लोकतन्त्र की ओट में तानाशाही ने प्रतिरोध की हर आवाज के बर्बर दमन का पूरा इन्तजाम कर रखा है। 'अच्छे दिन' के जुमले लेकर सत्ता में आये लोगों ने हमारे समय को 'चुप्पी वाले दिन' में तब्दील का देने की भयानक कोशिशें की हैं। इस कविता-संग्रह का शीर्षक ही हमारे समय के यथार्थ को व्यंजित करता है। संग्रह में इसी शीर्षक से एक कविता है, जिसमें कहा गया है कि चुप्पी वाले दिनों की रातों का रंग/ बेहद गाढ़ा होता है/ इतना गाढ़ा कि दूसरा कोई रंग/ कर न सके उसमें आवाजाही/ आसान है अच्छे दिनों के आने की धमक को सुनना/ और बंदनवार बांधकर उनका स्वागत करना/ आसान है बुरे दिनों को पहचानना/ और उनका सामना करने के लिए/ अपनी धार को भोंथरा होने से बचाना,/ चुप्पी के दिन तो चुपचाप आते हैं/ अंदर तक खाते हैं/ और हम कुछ समझें संभलें/ उससे पहले बरबाद कर/ चले जाते हैं।

'चुप्पी वाले दिन' की कविताएं प्रायः मुखर कविताएं हैं। यह आश्वस्तिकारी है कि इधर प्रकाशित कई कविता-संग्रहों की कविताओं की मूल चिन्ता अपने महादेश के लोकतन्त्र को बचाने की चिन्ता है और खास बात यह कि यहां लोकतन्त्र को बचाने के लिए बचाओ-बचाओ? की चीख या कोई कातर पुकार नहीं है, बल्कि एक जिद और हौसला है।

मालिनी गुजरात में रहती हैं। इस समय चीजें तेजी से बदल रही हैं। पहचान ही बदल दी जा रही है। हमारे समकालीन राजनीतिक परिदृश्य में गुजरात एक रुपक हैं। वह 'बापू और बंदर' शीर्षक अपनी कविता में कहती हैं-बचपन से यही समझते आये/कि गुजरात यानी गांधी/अचानक ही एक दिन पता चला/ कि गुजरात यानी गोधरा/और गोधरा यानी/जय श्रीराम।

संविधान में उल्लिखित और परम्परित इस धर्मनिरपेक्ष देश को हिन्दू-राष्ट्र में तब्दील कर देने की कोशिशें जारी हैं। शताब्दियों से चली आ रही हमारी सांस्कृतिक परम्परा को नष्ट करने के लिए कुछ लोग कटिबद्ध हैं। अजान की आवाज भी उनकी नींद में खलल पैदा करने लगी। विध्वंसक लोगों को नींद में भी विध्वंस के स्वप्न आते होंगे तो उसमें खलल कैसे बर्दाश्त होगी? संवेदनशील लोग तो जागते रहते हैं। रात-भर नींद न आने की तकलीफ से कबीर-तुलसी भी जूझते हैं और गालिब भी मगर हमारे हुक्मरानों को अपनी नींद में खलल बिल्कुल बर्दाश्त नहीं। मन्दिर से आती आरती की आवाज और मस्जिद से गूंजती अजान के सुर लोकजीवन में किस तरह घुली है और उनकी दिनचर्या में किस तरह शामिल है यह बात शाह-ए-वक्त को समझ नहीं आती। यह बात वही समझता है जो लोकजीवन से जुड़ा हुआ हो। इस सन्दर्भ में मालिनी की कविता 'हे प्रभो! हे दीनानाथ!' को देखा जा सकता है। अल्लसुबह गांव के एक कोने पर बनी मस्जिद की आवाज से दूध का व्यवसाय करने वाला राकेश जल्दी-जल्दी घर से निकलता है और गांव के ठीक बीच में बने मन्दिर से आती आरती की तेज आवाज से अखबार का हॉकर इलियास साइकिल लेकर निकल पड़ता है। यहां अजान की आवाज से राकेश के व्यवसायी जीवन और मन्दिर की आरती से इलियास के व्यवसायी जीवन का आरम्भ दृष्टव्य है और यही हमारे गांवों की मिलीजुली संस्कृति का यथार्थ भी। मगर, कविता यह भी चुपके से बता देती है कि मस्जिद गांव के एक कोने में है और मन्दिर गांव के ठीक बीच में बना है।





हमारे समय में विकास एक केन्द्रीय शब्द है। यह विकास आखिर किसका है? इस विकास की रोशनी में क्या कुछ चमक रहा है और वह क्या है जिसे इस चमक-दमक के पीछे गाढ़े अन्धेरे में धकेला जा रहा है? इस संग्रह में एक कविता है-'विकास पागल हुआ है'। इस पागल हो चुके विकास ने हाशिए के लोगों को रौंद डाला है। हमारे समय में इन्हीं हाशिए के लोगों, उपेक्षितों की आवाज बन जाना प्रतिरोध की एक युक्ति भी है और शायद इसी में एक कवि की मुक्ति भी। यह कविता-संग्रह दो उपशीर्षकों में बंटा हुआ है-1 यह वक्त है और ठण्डे और गर्म के बीच। पहले खण्ड की कविताओं मे हम अपने समय की धड़कनों को सुन सकते हैं इसलिए अपने समय के यथार्थ को व्यक्त करने की मालिनी की सारी कोशिशें सफल हैं। दूसरे खण्ड में प्रायः आन्तरिक जीवन है। यहां निजता है इसलिए स्वरों का अवरोह है। ठण्डे और गर्म के बीच का सामान्य ताप जिसमें जीवन की सहजता सम्भव होती है। इन कविताओं में अपने हिंसक समय का उबाल नहीं है बल्कि स्मृतियां हैं और उन स्मृतियों की एक प्रशमित शांति है। इन कविताओं से गुजरते हुए लगता है जैसे एक दूसरा ही जीवन है। यहां प्रेम है, बच्चे हैं, बदलता मौसम है, दोस्त हैं, मां है और बहुत कुछ कहा-अनकहा है। इस खण्ड के आरम्भ में ही कविता-पंक्तियां हैं-गर्म चाय और ठंडी जीभ के बीच/संतुलन साधने के समयांतराल में ही/आंख, मुंह और मन को भी/मिल जाता है वक्त/खुद को साधने का/जीवन ऐसे ही सधता है/ठंडे और गर्म के बीच।

जीवन में सब कुछ बदला है तो प्रेम के तरीके भी बदले हैं। पितृसत्ता में प्रेमी सामने नहीं आना चाहता। वह अपनी पहचान को छिपाये सब कुछ पा लेना चाहता है।मालिनी लिखती हैं, प्रेमी आश्वस्त हैं/कि उनके नाम कहीं दर्ज.नहीं हैं/दस्तावेज बनकर/न फूल पर, न कागज पर/न मौन में, न फोन में।/प्रेमी इस तरह खुद को बचाते हुए/प्रेम की कसमें खाते हुए/अपनी सुविधा से/आते-जाते रहते हैं/प्रेमिकाओं की जिंदगी में।


बिना नाम, किसी दस्तावेज, किसी इन्दराज से खुद को बचाते हुए ये प्रेमी प्रेम की तमाम कसमें खा-खा कर अपनी सुविधा से आते-जाते रहते हैं प्रेमिकाओं की जिन्दगी में। इन पंक्तियों में देखें कि प्रेमी की सुविधा पद का प्रयोग किया गया है। एक लड़की के लिए प्रेम में सुविधा-असुविधा का सवाल ही नहीं है। एक महत्वपूर्ण कविता है-'यह वक्त है आठ साला लड़कियों का'। इस कविता में हमारे समाज में फैल रही यौनविकृतियों की ओर संकेत है। छोटी बच्चियों को बहलाना आसान है। इन्हें शिकार की तरह दबोचना आसान है। पूरे समाज में जैसे एक पागलपन का विकास हो रहा है और कवि के शब्दों में ही कहें तो-विकास पागल हुआ है। मालिनी स्त्री-विमर्श की सैद्धान्तिकी और शब्दावली लेकर नहीं आतीं लेकिन जब कहती हैं-लड़कियां कोरी स्लेट की तरह जाती हैं ससुराल में,/दोस्तों को साथ ले जाने की /इजाजत नहीं होती उन्हें/ वे नयी इबारत लिखती हैं स्लेट पर/ नये हर्फ.पढ़ती हैं/ नये अर्थ समझती हैं/ नये जोड़-घटाव सीखती हैं/ और जब दम घुटता है/ तो हथेली में बन्द डिबिया खोलकर/ कुछ सांसें चुरा लेती हैं।

लड़कियों का कोरी स्लेट की तरह ससुराल जाना और दम घुटने पर हथेली में बन्द डिबिया खोलकर कुछ सांसें चुरा लेना-एक स्त्री की समूची लाचारी, पितृसत्ता में दाम्पत्य की विसंगतियों और विवाह संस्था के दमनकारी स्वरूप आदि सारी सच्चाइयों को उघाड़ कर रख देती हैं। एक स्त्री की मनोदशा और स्त्री के विराट अनुभवों को व्यक्त करते हुए मालिनी गौतम का यह कविता-संग्रह निश्चय ही बहुत अच्छा बन पड़ा है। कविता-संग्रहः चुप्पी वाले दिन। रचनाकारः मालिनी गौतम। प्रकाशनः भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली।

**(लेखक कवि एवं टिप्पणीकार हैं, संपर्क 9415289529)**

# जीवन अनुभव की कथा : कैसे-कैसे लोग

अनुभव



राजेन्द्र वर्मा

जब कोई कथाकार नब्बे वर्ष की अवस्था में उपन्यास लिखता है तो यह बात निश्चित रूप से कही जा सकती है कि वह सामाजिक सरोकार से कितना संपृक्त है। उपन्यास को भले ही मानव-जीवन के रहस्यों को खोलने वाली काल्पनिक गाथा कहा गया है, लेकिन यह हमारे सामाजिक जीवन की आलोचना है। 'कैसे-कैसे लोग' वरिष्ठ कथाकार अवधेशकुमार श्रीवास्तव का हाल ही में आया उपन्यास है। जाहिर है कि इसमें वे अपने दीर्घ अनुभव को शामिल करते हैं। अपनी अनुभूतियों को व्यावहारिक धरातल पर परखते हैं जिसके लिए वे तमाम पात्रों को रचते हैं और अंततः पाते हैं कि जीवन में प्रायः वह नहीं होता जैसा मनुष्य चाहता है। कतिपय संयोगों के बाद आदमी को संघर्ष करना पड़ता है और निराशा हाथ लगती है, वह चाहे प्रेम-प्रसंग हो या अन्य जीवन कार्य-व्यापार।

उपन्यास के केंद्र में मध्यवर्गीय समाज के नायक, सुधांशु की प्रेम-कथा है। वह विश्वविद्यालय का छात्र है, सीधा-सादा, संवेदनशील और मयार्दा में ढला। ऐसे नायक प्रेम के मनोविज्ञान के वशीभूत हो प्रायः वायवीय संसार में जीते हैं, वे निस्स्वार्थ और समाज से निस्संग प्रेम की अपेक्षा करते हैं, पर कभी-कभी यौवनाकर्षण को ही प्रेम समझ बैठते हैं। वे न तो प्रेम के वास्तविक स्वरूप को पहचान पाते हैं और न ही इस बात का संज्ञान ले पाते है कि वास्तविक जीवन कितनी कठिनाई से भरा हुआ है। प्रेम की सफलता भावनाओं पर ही नहीं, पारिवारिक और सामाजिक व्यवस्था के अनुमोदन पर निर्भर होती है। उपन्यासकार ने इस बात को गहरे से समझा है और इसीलिए शायद वह अपने एक चरित्र (इरफान) से कहलाता है, सुधांशु, तुम काल्पनिक दुनिया में जी रहे हो, जो वास्तविकता से एकदम भिन्न है। तुम जिस निस्स्वार्थ प्रेम की कल्पना करते हो, वह व्यावहारिक दुनिया में शायद ही किसी को मिला है। इस बात को जितनी जल्दी समझ लोगे, खुश रहोगे, वरना हमेशा अतृप्त और दुखी रहोगे। अभी एक ऐसी लड़की के लिए दुखी हो जिसने न तो कभी तुम्हारे लिए प्रेम का इजहार किया और न ही कभी तुम्हारे नजदीक आई। अभी तक तुम शायद समझ ही नहीं पाए कि तुम क्या चाहते हो और यह कहाँ तक व्यावहारिक है!

नायक के जीवन में दो युवतियाँ आती हैं– एक, शोभा और दूसरी मीनू। दोनों ही मध्यवर्ग की टिपिकल युवतियाँ हैं। पहले शोभा आती है, बाद में मीनू। नायक मीनू से वास्तविक प्रेम में है। उपन्यासकार शोभा को लेकर एक टिपिकल युवती के मनोविज्ञान पर रोचक टिप्पणी करता है, वह सोचती जब विश्वविद्यालय में पढ़ेंगे (जहाँ को-एजूकेशन है) तो कोई न कोई लड़का उसे प्यार करेगा, उसे कार या मोटरसाइकिल पर घुमाएगा।

लेकिन जब उसे महिला विद्यालय में प्रवेश मिला तो वह मायूस हो गयी और कई दिनों तक अनमनी बनी रही। बाद में उसने परिस्थितियों से समझौता कर लिया। उसकी प्रबल इच्छा थी कि शादी से पहले उसे कोई प्यार करे और वह भी फिल्मी हिरोइन की तरह उछले-कूदे।

उपन्यास में पात्रों की भरमार है। मुखर्जी परिवार, घोष परिवार, बागची परिवार, जिनमें तीन-चार लड़के-लड़किया हैं और किसी-न-किसी बहाने उनका सामना नायक से होता रहता है या कहिए कि नायक उनसे टकराता रहता है। तमाम घटनाओं के बाद नायक का विवाह वीणा से होता है जो घोष परिवार से जुड़ी होती हैं। तेजी से चलते घटनाक्रम में नायक-नायिका के विवाह तो होते ही हैं, उनके बच्चे भी जवान होते हैं और एक औसत जीवन जीते हुए नायक-नायिका मृत्यु को प्राप्त होते हैं। नायक नौकरी के सिलसिले में दिल्ली जाता है, वहाँ एक विधवा स्त्री (मैडम दास) से उसका परिचय होता है, जो उसके दफ़्तर में उसकी अधिकारी है। यों वह बोल्ड चरित्र की है, लेकिन उसका कोई खास उपयोग उपन्यास में नहीं है?। इसी प्रकार नीरू भी दृढ़ चरित्र की लड़की है और विवाह के बाद रूढ़िवादी पति की इच्छा के विपरीत स्वतंत्र विचारों के साथ रहती है, पर इस चरित्र का विकास नहीं हो पाया। इसका कारण शायद यह भी हो सकता है कि वह नायक से सीधे नहीं जुड़ी है।

उपन्यास में एक पात्र, रवि है जो पढ़ा-लिखा और स्वावलम्बी है, पर जिसका एक हाथ अशक्त है, फिर भी विकलांगता उसे जीवन को उमंग से जीने में बाधा नहीं पहुँचा सकती। उपन्यास में मानव मन की अनुभूतियों और जीवन-दर्शन को खूब जगह मिली है। प्रसंगानुसार इन्हें देखा जा सकता है। उपन्यासकार ने समाज में विद्रूप की सीमा तक फैले जाति-विमर्श को खुलकर नहीं उठाया है, लेकिन उपन्यास में इसके छींटे देखने को मिलते हैं। रचनाकार जब अनेक पात्रों में उतरता है तो उसके सामने मुश्किल यह होती है कि वह किसके साथ न्याय करे? ऐसे में वह प्रायः बिखर जाता है– वैचारिकी और संवेदना के स्तर पर। वह किसी यादगार चरित्र का सृजन नहीं कर पाता। सुधांशु, रवि, इरफान मीनू, नीरू, मैडम दास जैसे प्रबल चरित्रों के परिचय तक ही उपन्यास सीमित रह जाता है। अनुपयुक्त अथवा अनावश्यक शब्द-प्रयुक्ति और औपचारिक भाषा से यदि बचा जाता तो उपन्यास में अपेक्षित कथारस अवश्य उत्पन्न हो जाता। कार्यकर्त्री को कार्यकर्ता कई बार कहा गया है, विशेषकर उनके मुख से भी जो अनुवाद के क्षेत्र में कार्यरत हैं, जैसे मैडम दास। पात्रों के सामान्य संवाद में अनेक कार्यालयीन शब्दों का प्रयोग भी खटकता है, जैसे– वस्तुतः, प्रायः, अतः, सारगर्भित, प्रभावित, निष्ठापूर्वक, अग्रसर। वर्तनी की त्रुटियाँ भी अखरती हैं।




कथानक और कथा-विवरण पुरानी शैली के हैं, लेकिन रोचक और पठनीय हैं। दो सौ छत्तीस पृष्ठों में फैला उपन्यास 37 अध्यायों में बँटा हुआ है। लखनऊ के परिवेश के कारण यहाँ के पाठकों को विवरण जाने-पहचाने लगते हैं, विश्वसनीय तो हैं ही। इसलिए उपन्यास पाठक को बाँधे रखता है। उपन्यास में वर्णित कालखंड हालांकि स्पष्ट रूप से सामने नहीं आता, लेकिन कुछ संकेत इसकी सूचना दे देते हैं, जैसे– आनंद सिनेमा का नाम अलिफिस्टन होना, जो पिछली सदी के सातवें दशक की बात है। इसके अलावा, वीणा की माँ को जनता पार्टी की कार्यकत्री होना कहा गया है। मोबाइल फोन का भी जिक्र कहीं नहीं आया है, बल्कि लैंड लाइन और पी.सी.ओ. की बात की गई है। इस प्रकार, उपन्यास का कालखंड सन सत्तर से दो हजार तक का ठहरता है।

कुल मिलाकर यह एक रोचक और पठनीय सुखांत उपन्यास है जो प्रेमानुभव से निसृत सूक्तियों को कथा शैली में हमारे सामने लाता है और हमें एक सच्चे और संवेदनशील जीवन जीने की प्रेरणा देता है। उपन्यास का प्रकाशन किया है– अवनी प्रकाशन ने।

**(लेखक कवि और साहित्य चिंतक हैं, संपर्क.80096 60096)**

# भाजपाइयों ने फूंका बिलावल भुट्टो का पुतला

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष सदर ध्रुव सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित रिक्शा स्टैंड पर प्रधानमंत्री और जी 20 देशों के चेयरमैन नरेन्द्र मोदी पर पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो द्वारा की गई अमर्यादित टिप्पणी पर रोष प्रदर्शन करते हुए बिलावल भुट्टो का पुतला फूंका।

जिलाध्यक्ष सदर श्री सिंह ने कहा कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने हमारे प्रधानमंत्री पर अमर्यादित टिप्पणी की है हम सब उसकी घोर निन्दा करते हैं। आतंकवादियों की पनाहगाह पाकिस्तान बार-बार अपनी औकात भूल जाता है। क्षेत्रीय महामंत्री सहजानंद राय ने कहा कि बेलावल भुट्टो ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अमर्यादित टिप्पणी कर अपनी नीचता का परिचय दिया है। बेलावल यह भूल गया है कि पाकिस्तान में उसके पूर्वजों का क्या हाल हुआ। उसकी मां को सरेआम गोलियां मारी गई। दुनिया के फेंके टुकड़ों पर पलने वाले पाकिस्तानियों को अपनी औकात नहीं भूलनी चाहिए।


कलेक्ट्रेट पर पुतला दहन करते भाजपाई।

लालगंज जिलाध्यक्ष ऋषिकांत राय ने कहा कि पाकिस्तानी अपनी औकात भूल जाते हैं उनको याद रखना चाहिए की भारत ने उसको घर में घुसकर मारा था। इस अवसर प्रदेश मंत्री शकुन्तला चौहान, नरेन्द्र सिंह, रामाधीन सिंह, अखिलेश मिश्रा गुड्डू, साकेत सिंह सोनू, अरविन्द जायसवाल, प्रेम प्रकाश राय, कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा, सतेन्द्र राय, सचिदानंद सिंह, पवन सिंह मुन्ना, नन्हकू राम सरोज, डा.अशोक सिंह, सूरज प्रकाश श्रीवास्तव, बृजेश यादव, पंकज सिंह कौशिक, हरिवंश मिश्रा, हरीश तिवारी जयप्रकाश जायसवाल, संचिता श्री चौहान, विभा बर्नवाल, बबिता जसरासरिया, मयंक गुप्ता, विनय प्रकाश गुप्ता, गणेश साहनी, मिथिलेश चौरसिया मुन्ना निषाद आदि मौजूद रहे।


पहाड़पुर तिराहे पर पुतला फूंकते भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता।

**अंजान शहीद प्रतिनिधि** के अनुसार नगर पंचायत जीयनपुर में भाजपा कार्यकताओं ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री की अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में जीयनपुर कस्बा में भ्रमण कर नारेबाजी कर पाकिस्तान के विदेश मंत्री का पुतला फूंका। इस अवसर पर पूर्व जिला कोषाध्यक्ष संतोष कुमार जायसवाल, जय प्रकाश सिंह, आलोक चौरसिया, पुनवासी विश्वकर्मा, कामता विश्वकर्मा, पारस तिवारी, राजेश चौहान, संजय गुप्ता, मदन मोहन श्रीवास्तव, सरवन सोनकर, हिमांशु जायसवाल, आलोक श्रीवास्तव, अंशु मद्धेशिया, जय हिंद आदि मौजूद रहे।

## बिलावल के बयान से भाजपा युवा मोर्चा में आक्रोश

**आजमगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पाकिस्तानी विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो द्वारा की गई टिप्पणी को लेकर जिले में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने भी मोर्चा खोल दिया है। शनिवार को जिला शोध प्रमुख युवा मोर्चा ऋत्विक जायसवाल के नेतृत्व में पहाड़पुर तिराहे पर पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो का पुतला फूंक कर विरोध जताया। जिला शोध प्रमुख युवा मोर्चा ऋत्विक जायसवाल ने कहा कि हम भारतवासी अपने प्रधानमंत्री का अपमान कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे, अगर जरूरत पड़ी तो पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो को पाकिस्तान से भारत लाकर फूंक देंगे। मोर्चा के जिला महामंत्री श्रीकृष्ण सिंह उर्फ किशन ने कहा कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री का दिमागी संतुलन बिगड़ चुका है। अगर फिर इस तरह के बयान बाजी करते हैं तो देश का हर नागरिक उन्हें माकूल जवाब देगा। इस अवसर पर मानवेंद्र सिंह, आलोक जायसवाल, दीपक सोनकर, शिवम सिंह, विपिन सिंह, शुभम श्रीवास्तव, संगम सोनकर, अरविंद यादव, राहुल सिंह कौशिक, अरविंद राय, अमित बाबू श्रीवास्तव आदि आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में बदमाश के पैर में लगी गोली


**कार्रवाई**

**बदमाश के पास से तमंचा कारतूस व चोरी की बोलेरो बरामद**

जनसंदेश न्यूज

**लालगंज (आजमगढ़)।** देवगांव कोतवाली क्षेत्र के मसीरपुर में बदमाश के साथ पुलिस की मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लगी है जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

एसपी सिटी शैलेंद्र लाल के मुताबिक बदमाश के कब्जे से तमंचा कारतूस बरामद किया गया है। देवगांव कोतवाली के मोलनापुर से चोरी की गई बोलेरो भी बरामद की गई है। मुठभेड़ देवगांव कोतवाली क्षेत्र के मसीरपुर ईंट भट्टे के समीप हुई। अपर पुलिस अधीक्षक नगर शैलेंद्र लाल ने बताया कि पुलिस को सुबह करीब पौने सात बजे सूचना मिली कि कुछ बदमाश बोलेरो से वाराणसी की तरफ जाने वाले हैं जो गंभीरपुर की तरफ से आ रहे हैं। पुलिस ने लालगंज के आसपास चेकिंग अभियान शुरू किया तभी गंभीरपुर की तरफ से आ रही बोलेरो को जब


घायल बदमाश को ले जाती पुलिस।

रोका गया तो वह भागने लगी और फिर मसीरपुर भट्टे के पास गड्ढे में फंस गई।

इसी दौरान बोलेरो पर सवार हारून नाम का शातिर बदमाश पुलिस पर फायर करने लगा। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की जिसमें उसके पैर में गोली लगी है। बताया जा रहा है कि जिस बोलेरो पर सवार थे वह चोरी की है और 12 दिसंबर को देवगांव कोतवाली क्षेत्र के मोलनापुर से चुराई गई है।

गोली लगने के बाद घायल हारून को पुलिस ने हिरासत में ले लिया और इलाज के लिए उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। एसपी सिटी शैलेंद्र लाल ने बताया कि इस बदमाश पर आजमगढ़ जौनपुर में कुल 8 मुकदमे दर्ज हैं और उसके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।

# संगीता आजाद ने संसद में उठाई छात्रों की समस्या

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** लालगंज लोकसभा की सांसद संगीता आजाद ने विश्व विद्यालयों से सम्बद्ध महाविद्यालय के छात्रों की समस्या संसद में उठायी। और समाधान के लिए निर्देश जारी करने का अनुरोध किया।

लालगंज सांसद संगीता आजाद ने कहा कि इलाहाबाद विश्व विद्यालय के छात्र 100 दिन से फीस वृद्धि के खिलाफ आन्दोलन कर रहे है। कुलसचिव छात्रों की समस्या सुनना जरुरी नहीं समझें और उनके पास छात्रों से मिलने का समय नही है। बच्चे कुलसचिव से मिलना चाह रहे हैं लेकिन तानाशाह कुल सचिव बच्चों की समस्या सुनने को तैयार नहीं हैं। उन्होने संसद में सभापति से मांग किया कि बढ़ी हुई फीस को कम करते हुए उसी अनुपात में ओबीसी, एससी, एसटी के छात्र-छात्राओं की फीस में वृद्धि हो और जीरो बैलेंस पर प्रवेश होना चाहिए। उन्होने कहा कि ऐसी ही समस्या


संसद में छात्रों की समस्या पर चर्चा करती सांसद संगीता आजाद।

बीएचयू, पूर्वांचल विश्व विद्यालय जौनपुर और महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़ के छात्र-छात्राओं की भी है।

उन्होने कहा कि महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय के बीएड की लिखित व प्रयोगात्मक परीक्षा में छात्रों को बहुत कम अंक मिले जिससे हजारों सीट खाली रह गयी।

# अभियान चलाकर फसल बीमा योजना में कृषकों का करायें पंजीकरण

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कल देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि सेक्टर के अन्तर्गत कृषि, उद्यान, पशुपालन, भूमि संरक्षण, मत्स्य एवं वन विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

कृषि विभाग की समीक्षा में उप कृषि निदेशक मुकेश कुमार ने बताया कि 19 ब्लाकों में 44 एफपीओ गठित हो चुके हैं, जिसमें 2 एफपीओ 50 लाख से ऊपर की हैं। जिस पर जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक


बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी।

को निर्देश दिये कि गठित 44 एफपीओ की सदस्यवार एवं टर्नओवर के आधार पर सूची उपलब्ध करायें। गठित एफपीओ को डीजीएफटी विदेश व्यापार महानिदेशालय पर पंजीकृत करायें। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की समीक्षा में जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक को निर्देश दिये कि उक्त योजना में जो भी शिकायतें प्राप्त हों, उसका तत्काल निस्तारण करायें एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मे अभियान चलाकर कृषकों का पंजीकरण करायें। जिलाधिकारी ने जिला उद्यान अधिकारी को निर्देश दिये कि विभाग द्वारा जितनी भी योजनाएं संचालित हैं, उसका प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करें एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म योजना की गत वर्ष, गत माह एवं वर्तमान माह की प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि संचालित योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को दिलायें। मत्स्य विभाग की समीक्षा में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना में जो पिछले वर्ष लाभार्थियों को लोन दिये गये हैं, उसका सत्यापन कराये जाने हेतु फाइल प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। पशुपालन विभाग की समीक्षा में जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि जो भी छुट्टा पशु घूम रहे हैं, उनको गौशालाओं में संरक्षित करें एवं पशुओं को ठंड से बचाव हेतु उचित व्यवस्था कर लें तथा जो पशु गौशालाओं में संरक्षित हैं, उन सभी की ईयर टैगिंग हो।

# समाधान दिवस पर सुनी गयी फरियाद

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** जनपद के सभी तहसीलों में समाधान दिवस पर अधिकारियों ने फरियादियों की फरियाद सुनी। कई का मौके पर ही निस्तारण किया गया शेष को संबंधित अधिकारियों को निर्णय करने हेतु निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में तहसील निजामाबाद के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को जन समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि इसमे किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी, जन समस्याओं का गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्ध निस्तारण शासन की प्राथमिकता है।

इस अवसर पर कुल 53 मामले आये, जिसमे से 7 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष 46 मामलों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत करने के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये।


निजामाबाद तहसील में फरियाद सुनते डीएम विशाल भारद्वाज।

**फूलपुर संवाददाता** के अनुसार सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस पर 46 प्रार्थना पत्र पड़े जिसमें एक भी मौके पर निस्तारित नहीं किया जा सका। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन तहसील प्रागण के मीटिंग कक्ष में उपजिलाधिकारी फूलपुर नरेंद्र कुमार गंगवार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कुल 46 प्रार्थना पत्र आये जिसमें विकास सहित पुलिस बिद्युत आपूर्ति राजस्व सम्बन्धी मामले शामिल थे। प्रार्थना पत्रों को सम्बन्धित विभागों के बिभाग प्रमुख को सौंपते हुए एक सप्ताह के अन्दर निस्तारित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर आपूर्ति निरीक्षक संतलाल, मनोज कुमार, हितेन्द्र, प्रकाश, राजेश पांडे, अशोक कुमार आदि उपस्थित रहे।

**अंजान शहीद प्रतिनिधि** के अनुसार सगड़ी तहसील परिसर में शनिवार को एसडीएम सगड़ी राजीव रत्न सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान 105 प्रार्थना पत्र पड़े जिसमें 5 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। अन्य प्रार्थना पत्र को सभी विभागों को सुपुर्द कर दिया गया। इस मौके पर एसडीएम न्यायिक प्रेम मौर्य, राजस्व कर्मी सहित अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## समाजसेवी अरुण कुमार ने सौंपा ज्ञापन

**निजामाबाद (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील पर सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर समाज सेवी अरुण कुमार ने क्षेत्र की दर्जनों महिलाओं के साथ पहुंच कर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के दर्जनों गांवों में पात्र व्यक्ति को सरकार द्वारा योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है जिसकी जांच कराकर पात्र लोगों को आवास पेंशन आदि सुबिधाओं को दिया जाय। नगर पंचायत निजामाबाद के चुनाव परिसीमन में संशोधन कर निजामाबाद नगर पंचायत अध्यक्ष पद अनुसूचित किया जाय। इस अवसर पर अरुण कुमार, कुलदीप कौर, अनामिका कौर, कंचन कौर, रंजना भारतीय, किरन देवी, सरस्वती देवी, प्रतिराजी आदि उपस्थित रहीं।

# धान क्रय केंद्र पर बिचौलियों का बोलबाला, किसान परेशान

जनसंदेश न्यूज

**संजरपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय क्षेत्र के धान क्रय केंद्र पवई लाडपुर सरायमीर में क्रय केंद्र पर बिचैलियों का बोलबाला इस कदर है कि किसान परेशान नजर आ रहे हैं।

किसान अपना धान ट्रैक्टर टाली पर लेकर 15 दिनो से केंद्र पर खड़े हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है बिचैलिया जिसका चाह रहे हैं उसका तौल तत्काल हो जा रहा है किसानों द्वारा ट्रैक्टर ट्राली पर लाया गया धान जाम तक गया है लेकिन किसान परेशान होकर कुछ नहीं कर पा रहे हैं कड़ाके की ठंड में किसान अपना धान व ट्रैक्टर टाली की रखवाली करने के लिए रात में ट्राली के नीचे सो रहे हैं किसान कड़छा गांव निवासी रामब्रिज यादव ने बताया कि मैं भाड़े के ट्रैक्टर पर हजार रुपया भाड़ा देकर धान लेकर गया हूं 15 दिन हो गया अभी तक तौल नही हो पाई है प्रतिदिन ट्रैक्टर ट्राली का भाड़ा देना पड़ रहा है।

धान क्रय केंद्र पर बिचैलियों का बोलबाला है उनके कहने पर ही धान की खरीदारी हो रही है निखिल राय पेन्डरा गांव निवासी ने बताया कि 6 दिनों से ट्रैक्टर ट्राली लेकर खड़ा हूं लेकिन अभी तक कॉल नहीं हो पाई प्रतिदिन भाड़ा देना पड़ रहा है राजाराम यादव रामराज पुरवा गांव निवासी ने बताया कि 4 दिनों से क्रय केंद्र पर भटक रहा हूं लेकिन धान की तौल नहीं हुई प्रतिदिन किराया देना पड़ रहा है पवई लाडपुर धान क्रय केंद्र पर किसान काफी परेशान देखे गए हैं किसानों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मांग किया है कि हम किसानों की धान की तौल जल्द से जल्द कराया जाय।


धान क्रय केंद्र पर धान लादकर खड़े ट्रैक्टर।

इस संबंध में केंद्र प्रभारी शहनुल्लाह ने बताया कि हमें 2 जगहों का चार्ज दिया गया है जिससे परेशानी हो रही है पवई लाडपुर सरायमीर केंद्र पर सप्ताह में मैं 3 दिन ही रह पाता हूं 3 दिन पवई थाना के धान क्रय केंद्र पर रहता हूं 3 दिन ही खरीदारी हो पाती है जिससे भीड़ लग जाती है यदि एक जगह रहना होता तो इतनी भीड़ नहीं लगती प्रतिदिन खरीदारी होती।


गन्ना केंद्र का निरीक्षण करते मुख्य गन्ना अधिकारी त्रिलोकी नाथ सिंह।

## मुख्य गन्ना अधिकारी ने किया क्रय केंद्रों का निरीक्षण

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय क्षेत्र के गन्ना क्रय केंद्रों का सठियांव चीनी मिल के मुख्य गन्ना अधिकारी त्रिलोकी नाथ सिंह ने स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान गन्ना क्रय केंद्रों पर उपस्थित गन्ना किसानों की समस्याओं को भी गंभीरता से सुना। बूढ़नपुर गन्ना समिति क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गन्ना क्रय केंद्र बूढ़नपुर, अतरैठ, पकरडीहा, अतरौलिया, छितौनी, आदि गन्ना क्रय केंद्रों का मुख्य गन्ना अधिकारी त्रिलोकी नाथ सिंह ने स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान गन्ना क्रय केंद्र पर घटतौली को लेकर मुख्य गन्ना अधिकारी सख्त दिखे। उन्होंने गन्ना क्रय केंद्रों पर कांटा रजिस्टर, टोकन रजिस्टर का जांच किया एवं तौल लिपिकों को आवश्यक निर्देश दिए। गन्ना क्रय केंद्र पकडडीहा पर कई किसानों ने मुख्य गन्ना अधिकारी से तमाम शिकायतें प्रस्तुत की। इस दौरान मुख्य गन्ना अधिकारी ने बताया कि पिछले पेराई सत्र का एक सप्ताह का गन्ना मूल्य का भुगतान शीघ्र ही किसानों के खातों में किया जाएगा। समिति पर्ची की समस्याओं पर उन्होंने कहा कि ईआरपी के माध्यम से किसानों के मोबाइल फोन पर एसएमएस के माध्यम से पर्ची भेजी जा रही है इसमें किसी भी प्रकार का कोई परिवर्तन संभव नहीं है। किसान इस समय पौधा गन्ना की कटाई न करें। पौधे गन्ने की कटाई अपनी समिति पर्ची प्राप्त होने के उपरांत ही करें जिससे उनका बेसिक कोटा बढ़ेगा और भविष्य में उन्हें चीनी मिल में गन्ना आपूर्ति करने में मदद मिलेगी। इस दौरान तौल लिपिक कृष्णा यादव, प्रभाकर सिंह, विपिन सिंह, जियालाल यादव, योगेंद्र वर्मा, रवि यादव, शिवम वर्मा, रामचंद्र वर्मा, समोधी शर्मा, संतोष सिंह, अमरनाथ वर्मा आदि मौजूद रहे।

## यूरिया के लिए भटक रहे किसान

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय क्षेत्र में डीएपी के बाद अब यूरिया का संकट हो गया है। समितियों पर खाद नदारत है बाजार में महगें दरों पर उपलब्ध लेकिन गुणवत्ता को लेकर संदेह है। खाद को लेकर किसान भटक रहे है। रवी फसल बुआई से ही किसान खाद को लेकर परेशान हो गये। बुआई के दौरान डीएपी नदारत थी। बाजार में मनमानी कीमत देनी पडी। किसी तरह बुआई तो कर दी अब पहली सिंचाई कर रहे है। सिचाई के बाद यूरिया के लिए भटक रहे है। समितियों पर खाद नदारत है। क्षेत्र के भगहा केन्द्र पर तीन खेप खाद आई परन्तु वितरण मनमाना रहा। किसी को एक बोरी मिली तो किसी ने ट्रैक्टर ट्राली से लाद कर ले गये। ज्यादातर किसान वंचित रह गये। बाजार में मनमाने दर पर बिक रही यूरिया मे गुणवत्ता मे संदेह है। किसानों का कहना है कि खेत में छिड़काव के बाद दूसरे दिन तक नहीं गल रही है। विवशता में किसान बाजार से ही खरीद कर छिडकाव कर रहे है। किसान रविन्द्र राम, राजदेव सिह, यमुना प्रसाद आदि ने कहा कि जब किसानों को खाद की अधिक आवश्यकता होती है तभी समितियों पर नदारत हो जाती है। किसानों ने खाद उपलब्धता की मांग की है।

# संक्षेप

## कबूतरबाजी प्रतियोगिता में उजैर रहे प्रथम

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के जीयनपुर कस्बे में मौलाना शमशुद्दीन खान मेमोरियल कबूतर बाजी टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जीयनपुर कस्बे के आदर्श नगर मोहल्ले में शुक्रवार को कबूतरबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें आजमगढ़ जनपद के मुबारकपुर, बिलरियागंज, घोसी, मऊ, मोहम्दाबाद, सगड़ी, अंजान शहीद आदि स्थानों से दर्जनों की संख्या में कबूतरबाज सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि के रूप में जीयनपुर नगर पंचायत से चेयरमैन पद के प्रत्याशी पुरुषोत्तम यादव ने कबूतरबाजों को माला व मोफलर पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन शाह आलम और अपोलो ने किया। प्रथम पुरस्कार के रूप में फ्रीज उजैर आजमगढ़ को पुरुषोत्तम यादव ने वितरित किया। वहीं द्वितीय पुरस्कार समाज सेवी नेहाल मेहदी ने वाशिंग मशीन असद मुबारकपुर को वितरित किया। तृतीय पुरस्कार मुन्ना यादव सभासद ने कूलर मतीन अहमद मुबारकपुर को वितरित किया। सैकड़ों की संख्या में जीयनपुर कस्बा के लोगों ने कबूतरबाजी प्रतियोगिता का आनंद लिया। इस दौरान वेद प्रकाश जायसवाल, मो.असरफ, अजीम, शहंशाह खान, आमिर, तल्हा खान, आदि मौजूद रहे।



## गुण्डा टैक्स मांगने वाला गिरफ्तार



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ठेले वाले से सामान लेकर पैसा मांगने पर गुंडा टैक्स की धमकी देने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। बीते 15 दिसम्बर को अभियुक्त मो.दाउद पुत्र महमूद निवासी खानपुर फतेह कस्बा अतरौलिया थाना अतरौलिया वादी शुभम कसौधन पुत्र दीलीप कुमार और राहुल पुत्र बबलू गुप्ता निवासीगण कस्बा अतरौलिया थाना अतरौलिया के ठेले पर पहुंचकर भूजा चना व फुलकी खाया तथा पैसा मांगने पर गाली देते हुये कहा कि यह मेरा एरिया है इधर दुकान लेकर आओगे तो गुण्डा टैक्स देना होगा तथा ठेले का सामान तितर-वितर कर दिया। विरोध करने पर मार-पीट करते हुए जान से मारने की धमकी दिया। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में थी। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बंधित अभियुक्त मो. दाउद पुत्र महमूद को उसके घर से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

## अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार की मौत

**बिलरियागंज (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटर साइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। राजन चौरसिया उर्फ गोलू चौरसिया निवासी नगर पंचायत महाराजगंज कस्बा थाना महाराजगंज किसी कार्यवश मोटर साइकिल से घर से निकला था। घर वापस लौटते समय रात करीब 10 बजे बिलरियागंज थाना क्षेत्र के खजियावर गांव के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद बिलरियागंज थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस द्वारा घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया। युवक की एक वर्ष पूर्व में शादी हुई थी।

## दूसरे दिन भी बंधे रहे पशु, प्रशासन ने नहीं ली सुधि

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** पशुओं द्वारा फसलों से नुकसान होने पर किसान परेशान हैं। क्षेत्र के सेठवल गांव में पशुओं को बांध कर उन्हें सुरक्षित पहुंचाने के लिए प्रशासन की राह देख रहे हैं। शनिवार को भी पशु बंधे रहे। बेसहारा पशुओं से इन दिनो क्षेत्र के किसान परेशान है। क्षेत्र के ऊजीगोदाम. भगहा में लवेरोड आये दिन विचरण कर रहे है। खेत में जाने पर किसान खदेड रहे है। प्रशासन द्वारा इनके सुरक्षित करने के लिए गोशाला की व्यवस्था है जो नाकाफी साबित हो रही है। क्षेत्र के सेठवल गांव में फसलों की क्षति से आजीज किसानों ने आधा दर्जन पशुओं को बांध दिया। इस सबंध में खण्ड विकास अधिकारी और एडीओ पंचायत से लगायत जिला मुख्यालय पर भी सूचना देकर गुहार लगाई लेकिन कोई सुनवाई नही हुई। शनिवार को भी पशु उसी अवस्था मे बंधे रहे लेकिन कोई जिम्मेदार मौके पर नहीं पहुचा। सुनील राय ने बताया कि बार-बार पशुओं को लेकर गुहार लगाई लेकिन कोई सुनवाई नही हुई।

## चक मार्ग पर दबंगों ने किया कब्जा

**संजरपुर (आजमगढ़)।** निजामाबाद तहसील अंतर्गत ग्राम कोठियां में चकमार्ग को दबंगों ने काट कर खेत में मिला लिया है। उप जिलाधिकारी निजामाबाद रवि कुमार के निर्देश पर राजस्व टीम लेखपाल उमेश गौड़ द्वारा मौके पर पहुंचकर अपनी टीम के साथ चक मार्ग को नाप कर निशानदेही लगा दिया गया था मौके पर चक मार्ग नापने की राजस्व टीम ने लोगों से दस्तखत भी करवा लिए कि चकमार्ग की पैमाइश हो चुकी है इसके बाद दबंगों ने फिर रास्ते को काटकर खेत में मिला लिया है लोगों को आने जाने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है इस चक मार्ग की अब तक तीन बार पैमाइश होकर रास्ते को छुड़वाया जा चुका है इसके बाद भी रास्ते को काट कर खेत मे मिला लिये है लेकिन दबंगों के ऊपर अब तक कोई कार्यवाही नहीं हो सकी। इस संबंध में गांव के सूर्य प्रकाश पांडे ने उप जिलाधिकारी निजामाबाद को पत्र देकर कहां है कि आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिसको देखते हुए राजस्व टीम से जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग किया है।

## कृषि महाविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** कृषि महाविद्यालय कोटवा में 16 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो. धीरेन्द्र कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में चलाया जा रहा है जिसमे कृषि महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र प्रतिभाग कर रहे हैं। इस दौरान सभी ने महाविद्यालय परिसर में सफाई की और वातावरण को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने का संकल्प लिया। धर्मेन्द्र सिंह ने सभी को सफाई अभियान में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया और कहा स्वच्छ वातावरण हमें बीमारियों से बचाता है। इस कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के सहायक अधिष्ठाता छात्र डा. अनिल कुमार सिंह के द्वारा किया जा रहा है।

## बैठक स्थगित

**आजमगढ़।** मण्डलायुक्त मनीष चैहान की अध्यक्षता में 19 दिसम्बर को होने वाली सर्वोच्च विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की मण्डलीय समीक्षा बैठक अपरिहार्य करणवश स्थगित कर दी गयी है। यह जानकारी देते हुए संयुक्त विकास आयुक्त ओपी आर्य ने बताया कि आगामी बैठक के आयोजन की सूचना अलग से प्रेषित की जायेगी।

## श्रीमद्भागवत कथा से मिलता है साक्षात भगवान श्रीकृष्ण का दर्शनः पं.राघवेंद्र शास्त्री



**बिलरियागंज (आजमगढ़)।** स्थाानीय क्षेत्र के भैंसहा गांव में चल रहे श्री शतचण्डी महायज्ञ व श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ में शुक्रवार को प्रवचन करते हुए कथा वाचक पंडित राघवेन्द्र शास्त्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा साक्षात भगवान श्रीकृष्ण का दर्शन है। उन्होंने कहा कि यह कथा बड़े भाग्य से सुनने को मिलती है। इसलिए जब भी समय मिले कथा में सुनाए गए प्रसंगों को सुनकर अपने जीवन में आत्मसात करें, इससे मन को शांति भी मिलेगी और कल्याण होगा। कलयुग में केवल कृष्ण का नाम ही आधार है जो भवसागर से पार लगाते हैं। परमात्मा को केवल भक्ति और श्रद्धा से पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि परिवर्तन इस संसार का नियम है। यह संसार परिवर्तनशील है, जिस प्रकार एक वृक्ष से पुराने पत्ते गिरने पर नए पत्तों का जन्म होता है, इसी प्रकार मनुष्य अपना पुराना शरीर त्यागकर नया शरीर धारण करता है। ज्ञान यज्ञ में भक्तगण बाल कृष्ण गोपाल की लीलाओं को सुन आनंद से झूम रहे थे। शुक्रवार को श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन भगवाताचार्य ने कृष्ण की बाल लीलाओं का व गोवर्धन पूजा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि बाल गोपाल ने अपनी अठखेलियों से अपने बाल स्वभाव के तहत मंद-मंद मुस्कान व तुतलाती भाषा से सबका मन मोह रखा था। उन्होंने अपने सखाओं संग मटकी फोड़ कर चोरी छुपे माखन खात हुए यशोदा मैया एवं गोपियों को अपनी शरारतों से प्रेम व वात्सल्य से बांधे रखा।

# कुल्हाड़ी से पत्नी को उतारा मौत के घाट

जनसंदेश न्यूज

लालगंज। थाना क्षेत्र के बरौधा चौकी अंतर्गत निबावल गांव निवासी पति-पत्नी के आपसी झगड़े में कुल्हाड़ी से पत्नी पर पति ने कुल्हाड़ी से वार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य लालगंज ले गई। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृत्यु की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। निबावल गांव निवासी रेखा 35 वर्ष के पति भरत लालने किसी बात को लेकर पत्नी से कहासुनी हो गई। जिससे पति भरत लाल क्रोधित हो गया और घर की कुल्हाड़ी से पत्नी पर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

आनन-फानन में परिजनों ने पुलिस को सूचित किया और सूचना मिलने पर थाना प्रभारी ज्ञानु प्रिया अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज ले गए। जहां चिकित्सकों ने देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। मौत खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका को दो पुत्र सुशील कुमार 15 वर्ष एवं सौरभ 8 वर्ष एवं एक पुत्री सरिता 12 वर्ष है। वही पुलिस मृतका के पति भरत लाल को कुल्हाड़ी सहित गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई। वही मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया।


हत्या के बाद जुटे परिजन व पुलिस

## डिवाइडर से टकराये मोटरसाइकिल सवार दोनों की मौत

चुनार। कोतवाली क्षेत्र के चचरी मोड़ के पास हाईवे पर महामाया कंपनी में कार्य करने वाले दो कर्मचारी आकाश उर्फ गोलू उम्र 20 वर्ष पुत्र शर्मा सिंह निवासी मोहल्ला कस्बा चुनार दूसरा रंजन उम्र 22 वर्ष पुत्र विंध्याचल यादव निवासी ग्राम दिलदारनगर थाना दिलदारनगर गाजीपुर दोनों डिवाइडर से टकरा गए। जिससे घटनास्थल पर ही मौत हो गई। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने हॉस्पिटल पहुंचाया वहीं डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। स्थानीय पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। और घटना की जानकारी परिजनों को दिया। घटना की जानकारी पुलिस ने परिजनों को दिया। मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया।

# कछवां बैंक मैनेजर दो लाख लेकर हुआ फरार

**बेखौफ**

### कम्पनी के डायरेक्टर ने दिया तहरीर, कार्यवाही की मांग

कछवां। थाना क्षेत्र में स्थित एक प्राइवेट फाइनेंस कंपनी के ब्रांच मैनेजर पद पर तैनात युवक कंपनी का करीब दो लाख नगद लेकर चंपत हो गया। वहीं कस्बा चौकी क्षेत्र में स्थित उप डाकघर कछवां के समीप स्थित सुपर विजन माइक्रो फाइनेंस प्राइवेट कम्पनी के ब्रांच कछवां पर विकास कुमार पांडेय उर्फ शानू पुत्र सुदर्शन पांडेय निवासी इब्राहिमपुर पोस्ट मतिगांव चंदौली ब्रांच मैनेजर कछवां के पद पर करीब छः महीनों से कार्यरत था। वहीं शनिवार की सुबह अपने साथी एसिस्टेंट ब्रांच मैनेजर दीपक कुमार तिवारी के साथ हेड आफिस के लिए निकल गया था।

रास्ते में अपने साथी से कलेक्शन करने की बात बोलकर दूसरे रास्ते से पहुंचने की बात कही जिसके बाद साथी कंपनी के हेड आफिस बबुआ का पोखरा पहुंच गया। लेकिन ब्रांच मैनेजर का अता-पता नहीं रहा। जिसके बाद साथी फोन पर वार्ता कर बराबर जानकारी लेता रहा। तो ब्रांच मैनेजर ने दस मिनट, आधे घंटे में पहुंचने की बात कही। फिर असिस्टेंट ब्रांच मैनेजर ने आपबीती कंपनी के उच्चाधिकारियों को सुनाई। तो तत्काल उच्चाधिकारियों ने फोन करने की कोशिश किया लेकिन ब्रांच मैनेजर का फोन बंद रहा। उच्चाधिकारी तत्काल कछवां ब्रांच पहुंचे और आफिस का ताला खोलकर देखा तो काउंटर में रखा करीब एक सप्ताह के कलेक्शन का कैश करीब दो लाख रुपए गायब था। उसमें रखा विकास का कपड़ा समेत सारा सामान गायब था। जिसके बाद कंपनी के डायरेक्टर राजेश कुमार मिश्रा ने तत्काल पुलिस को सूचना दिया। विकास द्वारा करीब दो लाख नगद लेकर फरार होने का आरोप लगाते हुए तहरीर दिया। जिसके बाद पुलिस द्वारा तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## संक्षेप

### अपर जिलाधिकारी ने धान क्रय केन्द्रों का किया निरीक्षण



मीरजापुर। अपर जिलाधिकारी वि./रा. शिव प्रताप शुक्ल ने तहसील लालगंज क्षेत्रान्तर्गत धान क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी ने खाद्य विभाग विपणन शाखा क्रय केन्द्र लालगंज प्रथम द्वितीय व तृतीय-निरीक्षण के समय प्रथम व तृतीय केन्द्र के प्रभारी दशरथ व द्वितीय केन्द्र के प्रभारी बर्मा सिंह मौके पर उपस्थित रहे। उक्त केन्द्रों पर 1493 किसानों द्वारा सम्पर्क किया गया है। केन्द्र प्रथम पर 44 किसानों से 3404.40 कु. खरीद हुई है, जिसके सापेक्ष 2180 कु. का उठान किया गया है तथा 35 किसानों का भुगतान किया गया है। केन्द्र तृतीय पर 40 किसानों से 2376.40 कु. की खरीद हुई है, जिसके सापेक्ष 1020 कु. उठान हुआ है तथा 32 किसानों का भुगतान किया गया है। इसी प्रकार केन्द्र द्वितीय पर 40 किसानों से 2084 कु. खरीद के सापेक्ष 2020 कु. उठान किया गया है तथा 33 किसानों का भुगतान किया गया है। केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि अवशेष धान का उठान व कृषकों का भुगतान करते हुए पारदर्शी तरीके से खरीद सुनिश्चित करें।

### सीडीओ ने दिया अतिक्रमण को हटाने के निर्देश

मीरजापुर। मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी वीएस ने शनिवार को तहसील चुनार के पक्षात विकास खण्ड नरायनपुर में बराडीह में नहर से लेकर घाटमपुर तक 4 किमी. नाली की खुदाई कार्य का निरीक्षण किया गया इसमें ग्राम कुदरन सरहद से समर सिंह के खेत तक कच्ची नाली खुदाई की कुल लंबाई 600 मीटर है जबकि वर्तमान में लगभग 450 मीटर कार्य कराते हुए रु. 0.90 लाख का भुगतान किया गया है। निरीक्षण में पाया गया कि नाली की पूरी लम्बाई के बीच में मिट्टी का घर बना पाया गया एवं मौके पर उपस्थित एनएचएआई के सतेन्द्र पाण्डेय द्वारा बताया गया कि इस मार्ग की चौड़ाई में यह घर आ रहा है परन्तु हटाया नहीं गया है। मौके पर उपस्थित तहसीलदार चुनार को निर्देशित किया गया कि राजस्व कर्मियों एवं पुलिस के साथ स्थल की नापी कराते हुए जितनी भूमि एनएचएआई की है, उसे चिन्हित कराते हुए एनएचएआई को हस्तगत कराना सुनिश्चित करें। एनएचएआई के सतेन्द्र पाण्डेय को निर्देशित किया गया कि नापी के पश्चात नोटिस देकर अतिक्रमण को हटवायें, जिससे मार्ग की सुगमता के साथ ही नाली का निर्माण भी पूरा कराया जा सके। सचिव-ग्रापं को निर्देशित किया गया कि जहां भी नाली के कार्य में अवरोध उत्पन्न हो रहा है, राजस्व कर्मी से सहयोग प्राप्त कर निर्माण कार्य को पूरा करायें तथा नाली के सम्पूर्ण लम्बाई में जो भी झाण-झंकार है, उसे तत्काल साफ कराये। सहायक अभियंता-सिंचाई को निर्देशित किया गया कि टूटे हुए फाल का मरम्मत दो दिन के अंदर कराते हुए अवगत करायें। निरीक्षण के समय तहसीलदार चुनार नुपुर सिंह, बीडीओ नरायनपुर संजय कुमार श्रीवास्तव स्थानीय किसान व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### बीआरसी कार्यालय का कंप्यूटर ऑपरेटर घायल

लालगंज। लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत लहंगपुर बाजार के सर्विस रोड पर शनिवार को मोनू शर्मा उर्फ वेद प्रकाश शर्मा पुत्र विजय शंकर शर्मा उम्र 30 वर्ष निवासी भटवारी मीरजापुर अपनी बाइक से लहंगपुर स्थित बीआरसी कार्यालय आ रहा था कि लहंगपुर बाजार के सर्विस रोड पर अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया। सड़क पर गिरने से बाइक चालक मोनू शर्मा का दाहिना पैर टूट गया। मौके पर पहुंची पुलिस व बाजारवासियों की मदद से घायल मोनू शर्मा को एंबुलेंस से मंडलीय अस्पताल उपचार के लिए ले जाया गया। ब्मोनू शर्मा बीआरसी कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत है।

### विधवा महिला ने प्रधानमंत्री आवास के लिए सीएम पोर्टल पर लगाई गुहार

हलिया। विकास खंड के ऊंटी ग्राम पंचायत निवासी धिराजा देवी पत्नी स्वर्गीय राम अचल ने ग्राम सचिव पर प्रधानमंत्री आवास के लिए पात्रता जांच किए बिना ही अपात्र घोषित किए जाने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री आवास मुहैया कराने तथा लापरवाही बरतने वाले ग्राम सचिव पर कार्रवाई के लिए शनिवार को सीएम पोर्टल पर प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की है। दिए गए प्रार्थना पत्र में महिला ने बताया कि पति की मृत्यु वर्ष 2009 में हो गई थी। मेहनत मजदूरी कर परिवार का जीविकोपार्जन करती हूं। प्रधानमंत्री आवास के लिए आवेदन किया था लेकिन ग्राम सचिव द्वारा बिना जांच किए ही पात्र होने के बावजूद अपात्र सूची में नाम डाल दिया गया जिससे प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित रह गई।

### सिंगरौली जिला की गढ़वा पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

हलिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव निवासी एक व्यक्ति को शनिवार सुबह घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। एक माह पूर्व एक बाइक से दो व्यक्ति सवार होकर सोनगढ़ा से मध्य प्रदेश के सिंगरौली जनपद के गढ़वा गांव में किसी कार्य हेतु जा रहे थे। जहां पर एक व्यक्ति की बाइक से मौत हो जाने के बाद महीनों से वांछित चल रहे आरोपी हलिया थाना क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव निवासी रामजीत को घर से मध्यप्रदेश के गढ़वा पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तारी के बाद परिजनों तथा गांव में तरह-तरह की चचाएं व्याप्त है।

### प्राचीन शिव मंदिर के पास क्रासिंग बनाने की भी की गई मांग

अदलहाट। शनिवार को जादोपुर, करहट, कुण्डाडीह, गोरखपुर, पुरैनी, बरईपुर, मकईपुर के किसानों की मांग पर तहसील प्रशासन की ओर से लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष विजय सिंह, लेखपाल अमित कुमार और रेलवे की ओर से इंजीनियर विकास द्वारा भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव प्रहलाद सिंह और जिलाध्यक्ष कंचन सिंह फौजी की मौजूदगी में खेत की सिंचाई के लिए नाली बनाने और आवागमन के लिए रास्ते का सर्वे किया गया। स्थानीय लोगों ने मांग किया कि प्राचीन शिव मंदिर जादोपुर से सटकर रेलवे कारीडोर का सड़क जा रहा है। जिसके चलते मंदिर का रास्ता अवरूद्ध हो जा रहा है। मंदिर के पास क्रासिंग बनाना पड़ेगा जिससे आस पास के लोग मंदिर पर जाकर पूजा पाठ कर सकें। इस दौरान भाकियू धर्मेंद्र, सावित्री देवी, अलाउद्दीन, लक्ष्मण सिंह, रतन लाल चौरसिया, आलोक, किशोरी, फूला देवी, शान्ति देवी, राधिका देवी आदि रहीं।

### नवप्रवर्तन जागरूकता हेतु तीन कार्यक्रमों का किया जायेगा आयोजन

मीरजापुर। जिला विज्ञान क्लब मीरजापुर को परिषद के नवप्रवर्तन केंद्र द्वारा तीन कर्यक्रम आयोजित करने के लिए स्वीकृति पत्र भेजा गया है। जिसके संदर्भ में डीएम व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कार्यक्रम आयोजित करने की सहमति प्रदान कर दी गयी है। पहला कार्यक्रम स्कूली बच्चों हेतु तोड़ फोड़ जोड़ कार्यक्रम 20 दिसंबर 2022 को विद्या संस्कार पब्लिक स्कूल कौड़िया कला अदलहाट में दूसरा कार्यक्रम असंगठित क्षेत्र के नवप्रवर्तक की प्रदर्शनी 23 दिसंबर को कृषि विज्ञान केंद्र राजीव गांधी दक्षिणी परिसर बरकछा में तथा तीसरा कार्यक्रम बाल सृजनात्मक व नवप्रवर्तन कर्यशाला राजकीय इंटर कॉलेज मीरजापुर में 29 दिसंबर 2022 को आयोजित की जाएगी। इस आशय की सूचना जिला समन्यवक जिला विज्ञान क्लब सुशील कुमार पांडेय ने दी।

# जिला पंचायत सभागार में पेंशनर दिवस का किया गया आयोजन


पेशनरों की समस्या सुनतीं सीटीओ

जनसंदेश न्यूज

मीरजापुर। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा नामित विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी भरत लाल सरोज, की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें 80 वर्ष से अधिक उम्र के पेंशनरों को सम्मानित किया गया। पेंशनर्स दिवस में विभिन्न पेंशनर्स संगठनों, पेंशनर्स द्वारा मुख्यतः चिकित्सा प्रतिपूर्ति, जीपीएफ एवं अन्य विभिन्न प्रकरणों पर विभाग स्तर से भुगतान में हो रहे विलम्ब के सम्बन्ध में अवगत कराया गया।

इस सम्बन्ध में त्वरित कार्यवाही करते हुये प्रकरण को निस्तारित किये जाने के निर्देश दिये गये। पेंशनर्स दिवस में मुख्य कोषाधिकारी अर्चना त्रिपाठी, हरिश्चन्द्र कोषाधिकारी, इन्द्र भान सिंह, वित्तीय परामर्शदाता जिला पंचायत मीरजापुर, वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। पेंशनर दिवस में पेंशनर्स संगठन की ओर से राजेन्द्र तिवारी उर्फ लल्लू तिवारी, डी.एन. विश्वकर्मा, विजय शंकर दूबे, दिनेश दूबे एवं महानन्द उपस्थित रहे।

## प्राइवेट से सरकारी अस्पताल में जाने को मिलेगी एम्बुलेंस सुविधा

मीरजापुर। स्वास्थ्य विभाग की ओर से एम्बुलेंस की सुविधा अब निजी चिकित्सालयों में भर्ती मरीजों को भी मिल सकेगी। यह सुविधा केवल सरकारी केन्द्रों पर जाने के लिए ही मिलेगी। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश ने बताया कि इस समय विभाग में 102 नं. की 32 एम्बुलेंस व 108 नं. की 32 एम्बुलेंस मौजूद हैं। अब निजी चिकित्सालयों में भर्ती मरीज यदि वहां से किसी सरकारी चिकित्सालय में जाना चाहता है तो 108 नं. की एम्बुलेंस की सुविधा ले सकेगा। यह जानकारी सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों व निजी चिकित्सालयों को दे दी जायेगी। जिले में इस समय 45 से अधिक निजी चिकित्सालयों का संचालन हो रहा है। अभी तक यह सुविधा केवल सरकारी चिकित्सालयों में भर्ती मरीजों को ही मिलती रही है। सीएमओ ने बताया कि विभाग की ओर एम्बुलेंस को फोन करने के 10 मिनट में ही उपलब्ध कराया जा रहा है। इस समय मंडलीय चिकित्सालय समेत 16 सीएचसी व 53 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर लगातार मरीजों को इसका लाभ मिल रहा है। वर्ष 2021-22 में 108 नं. एम्बुलेन्स का लाभ 9836 व अप्रैल 2022 से अब तक 6578 मरीजों ने इसका लाभ लिया है।

# मोदी को कसाई कहने पर भड़के भाजपाई

**आक्रोश**

### पाकिस्तान के विदेश मंत्री का भाजपाइयों ने किया पुतला दहन

जनसंदेश न्यूज


तिराहे पर पुतला दहन करते भाजपाई

मीरजापुर। पं. दीनदयालपुरम कॉलोनी बरौधा कचार भाजपा जिला कार्यालय के सभागार में जिला कार्यसमिति की बैठक आहूत की गई। बैठक जिलाध्यक्ष बृजभूषण की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री हरिशंकर सिंह पटेल ने किया।

तत्पश्चात जिला प्रभारी अनामिका चौधरी ने बताया कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल जरदारी भुट्टो अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी सियासी हमले करने में जुटा है। गुरुवार को न्यूयॉर्क में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बिलावल ने सारी हदें पार कर दी। भारत के विदेश मंत्री की ओर से 9/11 के मास्टरमाइंड ओसामा बिन लादेन को पनाह देने वाली टिप्पणी पर पाकिस्तान के मंत्री ने भारत के प्रधानमंत्री पर निजी हमला बोलते हुए कहा, मैं भारत को बताना चाहता हूं कि ओसामा बिन लादेन तो मर चुका है, लेकिन 'गुजरात का कसाई' अभी जिंदा है और भारत का प्रधानमंत्री है। ऐसे अमर्यादित पाकिस्तानी विदेश मंत्री की घोर निंदा व विरोध करती हूँ। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने कहा कि ऐसे अमयार्दीत एवं अत्यन्त शर्मनाक बयान का भारतीय जनता पार्टी, मीरजापुर विरोध करती है। तत्पश्चात भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तानी विदेश मंत्री का पुतला दहन के साथ विरोध प्रदर्शन आचार्य रामचन्द्र शुक्ल पार्क के तिराहा पर किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल, नगर विधायक रत्नाकर मिश्र, विधान परिषद सदस्य मीरजापुर सोनभद्र श्याम नारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कन्नौजिया, चेयरमैन जिला सहकारी बैंक लि. लोक नारायण सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बालेन्दु मणि त्रिपाठी, मनोज श्रीवास्तव, गुलाब पासी, जिला महामंत्री रवि शंकर, गौरव ऊमर, जिला कोषाध्यक्ष संजय यादव, ज्ञान प्रकाश, प्रणेश प्रताप सिंह, शिव शरण सिंह के साथ भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी ज्ञान प्रकाश ने दिया।

# जिले में पहुंची भारत जोड़ो यात्रा का स्वागत

**बोले अजय राय**

### केद्र व प्रदेश सरकार जनता का कर रही शोषण

जनसंदेश न्यूज


चील्ह तिराहे पर भारत जोड़ो यात्रा का स्वागत करते कांग्रेसी

चील्ह। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में भारत जोड़ों यात्रा जिले में प्रवेश होने पर कांग्रेस पार्टी के लोगों ने चील्ह चौराहा पर स्वागत किया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा शनिवार को सायं काल जनपद के चील्ह चौराहा पर पहुंची।

भारत जोड़ो यात्रा में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देश व प्रदश की सरकार का दंश देश की जनता भुगत रही है। देश में बेरोजगारी, मंहगाई चरम पर है और सरकार देश की जनता को गुमराह कर रही है। जहां स्वागत करने के लिए पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिव कुमार पटेल, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राजधर दुबे, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजन पाठक, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मकसूद खान, रमेश प्रजापति, रामनाथ दुबे, अशोक गुप्ता, कैलाश उपाध्याय, हरिशंकर सरोज, छोटे खान आदि नेताओं ने भारी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को लेकर चील्ह चौराहा पर राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही यात्रा के ध्वजवाहक प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय का स्वागत किया।

भारत जोड़ो यात्रा के संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिव कुमार पटेल, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजन पाठक तथा कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राज धर दुबे ने संयुक्त रूप से कहा कि जिले में कांग्रेस जन भारत जोड़ो यात्रा में नौजवानों, मजदूरों, किसानों के अधिकार की लड़ाई को आगे बढ़ाएंगे और कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाकर यात्रा को सफल बनाएंगे।

## कार्य में लापरवाही पर बीडीओ ने दी छह सचिवों को चेतावनी

हलिया। शनिवार को खंड विकास अधिकारी सचिवों की बैठक में आवासों की समीक्षा तथा मनरेगा कार्यो में तेजी लाने के लिए के लिए सचिवों को निर्देशित किया तथा कार्य मे तेजी लाने के लिये छह सचिवों को चेतावनी दी। कहा कि 595 आवासों के सापेक्ष 271 आवासों का द्वितीय किस्त जारी की गई है तथा ग्रापं नदौली का एक लाभार्थी को घर से भाग जाने पर आवास में किस्त नहीं जा सकी है। मिशन 20 में 2 दिन के अंदर कार्य प्रारम्भ कराएं। 50 प्रतिशत से कम कार्य पूर्ण करने वाले सचिवों को चेतावनी दी। प्रत्येक ग्राम पंचायतों में अमृत तालाब का निर्माण कराया जाए। विद्यालय की बाउन्ड्री बाल दिव्यांग शौचालय का निर्माण विद्यालयों में कराया जाए। खेल मैदान सुनिश्चित किया जाए। समीक्षा के दौरान ग्राम पंचायतों में 50% से कम कार्य करने वाले सचिव को चेतावनी जारी की गई जिसमें सचिव प्रज्ञान शुक्ल, राजेंद्र प्रसाद बिंद, सौरव यादव, दुर्गेश, अमर बहादुर सिंह, आलोक राव, आलोक भारती रहे। सभी सचिवों को कहा कि 2 दिन तक कार्य में प्रगति लाएं नहीं तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। मौके पर एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव, अमर बहादुर सिंह, आलोक भारती, अरविंद कुमार सहित सचिव मौजूद रहे।

# पीआरवी-1104 की तत्परता से दो बालिकाओं की बच गई जान

जनसंदेश न्यूज

**नेक कार्य**

### सुसाइड करने रेलवे ट्रैक पर पहुंची बालिकाओं पुलिस ने बचाया

### परिजनों ने पुलिस को बोला थैक्यू, तो इनाम देंगे कप्तान

मीरजापुर। पुलिस अधीक्षक द्वारा डॉयल-112 शाखा मीरजापुर में तैनात समस्त पुलिस अधिकारी, कर्मचारीगण को प्राप्त सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समयावधि में तत्काल मौके पर पहुँचकर जन सेवाभाव से समस्या का विधिसंवत निस्तारण करने का निर्देश दिया गया है।

शनिवार को इवेंट 1609 पर सूचना प्राप्त हुई कि दो बच्चियां रेलवे ट्रैक पर सुसाइड करने जा रही हैं। उक्त सूचना पर थाना पड़री अंतर्गत भ्रमणशील पीआरवी-1104 पुलिस अधिकारी, कर्मचारीगण द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर रेलवे ट्रैक पर सुसाइड करने पहुंची दोनों बालिकाओं (उम्र लगभग 10 व 12 वर्ष) को वहां से समझा-बुझाकर उनके परिजनों से सम्पर्क कर सकुशल उनके माता-पिता को सुपुर्द किया। उक्त के सम्बन्ध में माता-पिता द्वारा बताया गया कि उनकी डांट-डपट से नाराज होकर दोनों बालिकाओं द्वारा आवेश में आकर ऐसा कदम उठाया गया था। बालिकाओं के माता-पिता को भी समझाया बुझाया गया।

पीआरवी 1104 के पुलिसकर्मियों की मौके पर ससमय पहुंचकर तत्परता पूर्वक किए गए इस सराहनीय कार्य से दोनों बालिकाओं की जान बच गयी। अपने बच्चियों को सकुशल पाकर उनके परिजन अत्यंत प्रसन्न हुए तथा पुलिस का आभार प्रकट किया। तत्परता से कार्य करने वाले पीआरवी-1104 के अधिकारी, कर्मचारीगण को पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा उक्त सराहनीय कार्य हेतु पुरस्कृत किया गया है।

# अतिक्रमणकर्ताओं के विरुद्ध दर्ज करायें प्राथमिकी : आयुक्त

**आयोजन**

### पट्टे वाली जमीन को तत्काल करायें खाली, एडीएम वित्त व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने भी साथ में सुनी समस्याएं


लालगंज में समस्या सुनते आयुक्त व अन्य अधिकारी

लालगंज। विंध्याचल मंडल के कमिश्नर डॉ. मुथु कुमार स्वामी बी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। फरियादियों द्वारा कुल एक सौ तीन प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ जिसमें 3 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। फरियादियों की सुनवाई करते दौरान चेतावनी भरे लहजे में लेखपालों को हिदायत दिया कि पट्टेदारों की जमीन पर अवैध अतिक्रमण पाए जाने पर अतिक्रमण कर्ताओं के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए जमीन खाली कराएं।

लालगंज तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस में कमिश्नर डॉ. मुथुकुमार स्वामी बी ने तालाब की जमीन पर वरासत पाई जाने के बाद जमीन खाली कराने का तहसील प्रशासन को जमीन खाली कराने का दिया निर्देश दिए। उन्होंने तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा ना हो इस बात को लेकर राजस्व कर्मियों को चेतावनी दिया। ग्राम प्रधान मड़वा द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र को गंभीरता से लेते हुए कमिश्नर ने तहसील प्रशासन को निर्देशित किया कि तालाब के भूमि पर अवैध अतिक्रमण खाली कराकर सूचना प्रेषित करें। अपर जिलाधिकारी वित्त शिव प्रताप शुक्ल ने निर्देश दिया कि लेखपाल की रिपोर्ट से मामलों का निस्तारण किया जाता है इसलिए रिपोर्ट इमानदारी से लगाये। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस नवनीत सेहरा ने फरियादियों की सुनवाई के दौरान डोर टू डोर पेयजल योजना को पत्र लिखकर खजूरी गांव निवासी के घर कनेक्शन दिए जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर तहसीलदार शशांक शेखर राय, नायब तहसीलदार मधु जैन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ संजय सिंह खंड विकास अधिकारी शिव नारायण सिंह खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार यादव रेंजर के के सिंह तहसील स्तरीय अधिकारी कर्मचारी राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

## समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनी जन समस्याएं



मीरजापुर। शासन के मंशानुरूप डीएम के मार्ग निर्देशन में जिले के सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम दिव्या मित्तल व एसपी संतोष कुमार मिश्र के द्वारा आये हुये फरियादियों के समस्याओं को सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु प्रार्थना पत्रों को प्रेषित किया गया। तहसील सदर में जिलाधिकारी के समक्ष कुल 100 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ जिसमें मौके पर 11 निस्तारण किया गया। डीएम ने अधिकारियों को संबोधित करते हुये कहा कि जिस अधिकारी को प्रार्थना पत्र को प्रेषित किया जा रहा हैं वह यहीं पर फरियादियों के समस्याओं को भलीभांति सुने तथा समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कर संबंधित शिकायतकर्ता को अवगत भी करा दें। डीएम नं अधिकारियों से कहा कि राजस्व विभाग व अन्य कर्मचारी राजस्व से संबंधित प्रार्थना पत्रों को गंभीरता पूर्वक संज्ञान में लेते हुये मौके पर जाकर निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि तहसील दिवस में प्राप्त मामलों का लेखपाल समय से निस्तारण करायें तथा सही ढंग से पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करें ताकि गाँव गरीब कमजोर व्यक्ति को न्याय मिल सकें। राजस्व विभाग व किसी अन्य विभाग के द्वारा गलत रिपोर्टिंग करने पर संबंधित के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

## ग्राम न्यायालय चालू कराने को आयुक्त को अधिवक्ताओं ने दिया पत्रक

लालगंज। उपरौध अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में कमिश्नर डॉ. मुथु कुमार स्वामी बी को ग्राम न्यायालय शुभारंभ किए जाने का ज्ञापन दिया गया। अधिवक्ताओं ने बताया कि ग्राम न्यायालय का भवन बनकर तैयार है लेकिन विभागीय कार्यप्रणाली के चलते शुभारंभ में विलंब हो रहा है। समिति के अध्यक्ष अनिल ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि लालगंज में ग्राम न्यायालय चलाने में उदासीनता की जा रही है। तहसील मध्य प्रदेश बॉर्डर तक की सीमा तक बनी हुई है जहां के फरियादी मिजार्पुर लंबी दूरी तय करके महंगे न्याय के लिए परेशान हो रहे हैं। ज्ञापन देने वालों में हृदय शंकर चतुर्वेदी, कैलाश पति त्रिपाठी, केदारनाथ शुक्ला, प्रभुनाथ दुबे,श्याम नारायण यादव, राजेंद्र मौर्य, अनिल मौर्या, प्रवीण जायसवाल, मिथिलेश, शिवम पांडेय, विपिन, उमेश, सुनील आदि रहे।

# रामकृष्ण द्विवेदी चुने गए बार एसोसिएशन के अध्यक्ष



मीरजापुर। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, मीरजापुर चुनाव परिणाम देर शाम घोषित किया गया जिसमें अध्यक्ष पद पर रामकृष्ण द्विवेदी चुने गए उन्होंने राज कुमार सिंह गौतम को 236 मतों से हरा कर अपना परचम लहराया। देर रात परिणाम की घोषणा की गई जिसको लेकर अधिवक्ताओं ने जमकर हंगामा किया। देर रात बार एसोसिएशन का परिणाम घोषित किया गया जिसमें 236 वोटों से रामकृष्ण द्विवेदी बार के अध्यक्ष घोषित किए गए। **वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद** पर रामवृक्ष सिंह चुने गए जो 56 वोटों से विजई हुए। **सचिव पद** पर प्रवीण कुमार दीक्षित चुने गए उन्होंने कैलाश नाथ यादव को 138 मतों से हराया। **उपसचिव (प्रशासन) पद** पर महेंद्र कुमार यादव चुने गए जो 795 मतों से विजई हुए। **उपसचिव (सामान्य)** पद पर अतुल कुमार त्रिपाठी चुने गए जो 213 वोटों से विजई हुए। **आडिटर (लेखा निरीक्षक)** पद पर विनोद सिंह चुने गए जो 403 वोटों से विजई हुए। **वाटिका अध्यक्ष पद** पर अभिनव गुप्ता चुने गए उन्होंने कमला शंकर मिश्र को 413 मतों से हराया। मतगणना के दौरान अधिवक्ताओं का जोश देखते ही बन रहा था। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह, सीओ सिटी परमानंद कुशवाहा के अलावा शहर कोतवाल अरविंद मिश्रा, देहात कोतवाल विपिन सिंह, कछवां प्रभारी रामस्वरूप वर्मा के अलावा भारी संख्या में पुलिस और पीएसी के जवान मौजूद रहे।

# पठान फिल्म के विरोध में सड़कों पर उतरे छात्र

**प्रदर्शन**

## रिलीज हुए गाने को लेकर नहीं थम रहा विवाद छात्रों ने किया प्रदर्शन फूंका पुतला

जनसंदेश न्यूज


सड़क पर नारेबाजी करते छात्र

**ओबरा।** शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की आगामी फिल्म ह्यपठानह्न के हाल ही में रिलीज हुए गाने बेशरम रंग को लेकर विवाद थमने का नाम ही नहीं ले रहा है।

एक तरफ जहां इस गाने को देखने के बाद सोशल मीडिया पर शाह रुख खान और दीपिका की कड़ी आलोचना हो रही है और फिल्म को बायकॉट करने का ट्रेंड शुरू हो गया है, तो वही दूसरी तरफ फिल्म के गाने बेशर्म रंग में दीपिका की ड्रेस को लेकर जगह-जगह विरोध किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार की देर शाम नगर के आर्य समाज चौराहे पर छात्र नेता अभिषेक अग्रहरी के नेतृत्व में युवाओं ने फिल्म अभिनेता शाहरुख खान व अभिनेत्री दीपिका पादुकोण का पुतला दहन किया।

इस दौरान लोगों ने पठान फिल्म को बॉयकाट के नारे भी लगाए। छात्र नेता सौरभ सिंह ने कहा कि पठान फिल्म का पहला गाना बेशरम रंग रिलीज हो चुका है। गाने में फिल्म अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने भगवा रंग की ड्रेस पहनी है जो कि आपत्ति जनक है। इस पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिये। शिखर सोनी व अनमोल सेठ ने अगले साल जनवरी में रिलीज होने जा रही फिल्म पर प्रतिबंध की मांग की और आरोप लगाया कि इस गीत की विषयवस्तु से हिन्दू समुदाय अपमानित और आहत महसूस कर रहा है। छात्र नेताओं ने कहा कि पठान के गाने में टुकड़े-टुकड़े गैंग की समर्थक अभिनेत्री दीपिका पादुकोण के कपड़े और वेशभूषा बेहद आपत्तिजनक है।

बता दें कि पठान का ये गाना 12 दिसंबर को रिलीज किया गया है, रिलीज के बाद से गाना लगातार चर्चा में है। छात्र नेताओं ने फिल्म की रिलीज पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। पुतला में सूरज मिश्रा, देवानंद मिश्रा, ऋषभ राज, अनिकेत सिंह, अनमोल सेठ, शेखर सोनी, सौरव सिंह, विनायक मालवीय, आशीष सोनकर, अंशित, विराट केसरी, अभिषेक अग्रहरी, धीरज राव, कृष केसरी, शिवम सहित तमाम छात्र मौजूद रहे।

# बीजेपी सरकार विकास में जीरो प्रचार में आगेः रमेश चंद्र दूबे

**खास मुलाकात**

## मोदी, योगी सरकार के प्रति जनता में बढ़ रहा आक्रोश, निकाय चुनाव में दिखेगा असर

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** सपा के घोरावल विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ई. रमेश चंद्र दूबे ने कहा कि बीजेपी झूठ परोसने में माहिर है। विकास में जीरो है लेकिन प्रचार में सबसे आगे है। हाल में सम्पन्न हुए चुनाव ऐ बता रहे हैं कि जनता इनके झूठ को समझ रही है और आगागी चुनावों में जनाक्रोश का परिणाम भाजपा को भुगतना पड़ेगा।

जनसंदेश टाइम्स कार्यालय में शनिवार को खास मुलाकात के दौरान पूर्व विधायक ने आगामी निकाय चुनाव समेत अन्य मुद्दों पर अपनी बात रखी। बीजेपी की केंद्र व प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि विकास के नाम पर सिर्फ झलावा परोसा जा रहा है। आकड़ों के अनुसार यूपी की कानून व्यवस्था पूरे देश में सबसे खराब है। बहन बेटियां सुरक्षित नहीं है। ऐसे माहौल में विकास की कल्पना करना बैइमानी है। जिले में सपा सरकार में शुरू कराए गए विकास कार्य योगी-2 सरकार में भी पूरे नहीं हो पाए हैं। मशलन कुड़ाडी गांव के पास सोन नदी में 100 करोड़ की लागत से बन रहा पुल, बेलन नदी के दो पुल, बकहर नदी के एक पुल का निर्माण आज तक अधूरा पड़ा है। रावर्ट्सगंज व घोरावल तहसील क्षेत्र के किसानों के लिए वरदान मानी जाने वाली सोन लिफ्ट कैनाल के विस्तारिकरण कार्य ठप पड़ा हुआ है, जबकि लिफ्ट कैनाल चालू हो जाने से घोरावल व रावर्ट्सगंज तहसील के हजारों एकड़ खेतों की सिचाई होगी लेकिन वर्तमान सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है। इस सरकार में महंगाई, बेरोजगारी से आम जनता परेशान है। आगामी निकाय चुनाव में बीजेपी के कुशासन को लेकर सपा जनता के बीच जाएगी।



जनसंदेश टाइम्स कार्यालय में खास मुलाकात में चर्चा करते पूर्व घोरावल विधायक रमेश चंद्र दूबे

**संक्षेप**

### पिकप चोरी मामले में प्रभारी निरीक्षक को व्यापारियों ने सौंपा पत्रक


कोतवाली पहुंच कर प्रभारी निरीक्षक को ज्ञापन सौंपते व्यापारी

**दुद्धी।** स्थानीय कस्बे से आहूती की पिकप चोरी के मामले में शनिवार को उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ के नेतृत्व में व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल कोतवाली पहुंच कर प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय से मुलाकात कर पत्रक सौंप चोरी की गई पिकप की बरामदगी करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार करने की मांग किया। जिसपर एसएचओ ने व्यापारियों की समस्याओं को सुनते हुए आश्वासन दिया कि चोरी की घटना में संदिग्ध अपराधियों को तत्काल चिन्हित कर मामले का राजफास होगा। व्यापारियों की सुरक्षा का ध्यान भी रखा जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में कन्हैया लाल, रविंद्र जायसवाल, दिनेश आढ़ती, पंकज जायसवाल, सुरेंद्र गुप्ता, जसवंत सिंह मौर्य, चंद्रशेखर, राजा जायसवाल समेत तमाम व्यापारी शामिल रहे।

### रुद्र महायज्ञ के समापन पर विवाह बंधन में बंधे 12 जोड़े

**ओबरा।** नगर के सेक्टर-9 रामलीला मैदान में पिछले नौ दिनों से चल रहे विराट रुद्र महायज्ञ का शनिवार को समापन हो गया। महायज्ञ की पूर्णाहुति में शामिल होने के लिए लोगों का तांता लगा शुरू हो गया। लोग यज्ञ मण्डप की परिक्रमा कर पुण्य के भागी बने। समापन के दौरान भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में सम्मिलित होकर लोग पुण्य के भागी बने। इस मौके पहले सम्पन्न हुए 12 निर्धन कन्याओं के विवाह के दौरान बैंड बाजों के साथ बारात निकाली गई। बारात में दूल्हे पक्ष के साथ-साथ नगर के अन्य लोग भी शामिल हुए। बारात के यज्ञशाला के बगल में बने विवाह मंडप पर पहुंचने के बाद बारातियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात धूमधाम से 12 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। आयोजक मंडल और दानदाताओं की ओर से विवाहित जोड़े को उपहार भी दिये गये। विवाह संपन्न होने के बाद नगर की जनता ने भी विवाहित जोड़े को बढ़चढ़ कर उपहार दिये। इस मौके पर नपं अध्यक्ष प्रानमती देवी, दुर्गावती देवी, संजय बैसवार, रमेश सिंह यादव, राजीव वैश्य, दीन दयाल केशरी, दीदी दयाल गुप्ता, धुरंधर शर्मा, अशोक जायसवाल, धीरज राय, जेपी सिंह, शशिकांत श्रीवास्तव, नंद लाल पांडेय समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### पांच दिनों बाद खनन इंस्पेक्टर पर दर्ज हुआ मुकदमा

**सोनभद्र।** बढ़ते दबाव के बीच सदर कोतवाली पुलिस ने घटना के पांच दिनों बाद शनिवार को खनन इंस्पेक्टर ईश्वर चंद्र के खिलाफ रेस ड्राइविंग और गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। बता दें कि बीते 12 दिसंबर को अल सुबह आरती 35 पत्नी अशोक कुमार निवासी लोढ़ी मार्निंग वाक पर निकली थी कि इसी दौरान तेज रफ्तार बोलेरो की चपेट में आने से गंभीर चोट लगने पर उसकी मौत हो गयी थी। मृतक की सास पुष्पलता देवी ने खनन इंस्पेक्टर ईश्वर चंद्र के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि जिस गाड़ी को वे चला रहे थे उसी उसे मेरी बहू का एक्सीडेंट हुआ है। लेकिन कोतवाली पुलिस ने जांच का बहाना बनाकर नामजद मुकदमा दर्ज नहीं किया था। लेकिन भारी विरोध के बाद पुलिस ने संगत धाराओं में नामजद मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी।

### अन्ना हत्याकांड के दोषियों को उम्रकैद

**सोनभद्र।** साढ़े 6 वर्ष पूर्व हुए अन्ना हत्याकांड के मामले में शनिवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम खलीकुज्जमा की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषियों लोढ़ू उर्फ कांति व टोसे उर्फ मदन को उम्रकैद एवं 19-19 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6-6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक झारखंड प्रांत के रांची जिलान्तर्गत जगरनाथपुर थाना के जगरनाथपुर गांव निवासी कुलदीप कुमार पासवान पुत्र इंद्रा पासवान ने शक्तिनगर थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि उसका सगा भाई राजन उर्फ अन्ना शक्तिनगर थाना क्षेत्र के प्रेमनगर में परमेश्वर कुमार पासवान जो ममेरा भाई है के यहां रह रहा था। 9 अगस्त 2016 की रात करीब 9 बजे भाई अन्ना व उसका साथी आकाश डम्फर देवी के घर पर बैठे थे कि अचानक प्रेमनगर निवासी लोढ़ू उर्फ कांति पुत्र लकिन्दर आदिवासी व टोसे उर्फ मदन पुत्र लालगोप आदिवासी आ गए और चाकू व डंडे से वार करने लगे। जिससे भाई अन्ना व आकाश को चोटें आई। अन्ना को संजीवनी अस्पताल में भर्ती कराया गया उसके सीने व पेट में गम्भीर चोट होने की वजह से डॉक्टरों ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। उधर लोढ़ू व टोसे जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। मोबाइल से परमेश्वर ने तहरीर दिया इस पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया और पुलिस विवेचना के दौरान भाई अन्ना की मौत हो गई। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कुंवर वीर प्रताप सिंह ने की।

### रैपिड एक्शन फोर्स ने किया पैदल मार्च

**रामगढ़।** गृह मंत्रालय भारत सरकार के अधीन डी 91 रैपिड एक्शन फोर्स की एक प्लाटून अमिताभ कुमार के निर्देशन में शनिवार को प्रेम कुमार सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में रामगढ़, पन्नूगंज, मांची, रायपुर क्षेत्र का भ्रमण कर यहां की भौगोलिक स्थिति का जायजा लिया। पन्नूगंत एसओ से यहां पड़ने वाले संवेदनशील क्षेत्रों व पूर्व में घटित साम्प्रदायिक घटनाओं के बारे में जानकारी हासिल किया। वहीं रामगढ़ कस्बे में पैदल मार्च कर लोगों के बीच अमन-चैन का माहौल पैदा किया। इस मौके पर प्रेम कुमार सहायक कमांडेंट, निरीक्षक सुरेन्द्र पटेल, अमित दुबे, उप निरीक्षक महेश मिश्रा समेत तमाम जवान शामिल रहे।

### ओवरलोडिंग व अवैध परिवहन में 15 वाहनों पर कार्रवाई

**सोनभद्र।** जनपद में ओवरलोडिंग व अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशन में सहदेव मिश्रा अपर जिलाधिकारी के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया। इसमें परिवहन व वाणिज्य कर विभाग के साथ संयुक्त अभियान लोढ़ी बैरियर से होकर आने वाले उपखनिज के अवैध परिवहन के सम्बंध में सघन जांच किया गया। जिसमें 15 वाहनों को अवैध परिवहन किये जाने के करण ऑनलाइन चालान की कार्यवाही की गयी, जिसमें दो वाहनों को लोढ़ी बैरियर के अभिरक्षा में दिया गया।

### अगलगी से 60 बीघे धान की फसल खाक

**चोपन।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बगनार गांव में संदिग्ध परिस्थिति में शनिवार को खलिहान में आग लगने से करीब 60 बीघे धान की फसल जल कर खाक हो गयी। आग की उठती लपटें देख पहुंचे ग्रामीणों ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक फसल जल चुकी थी। भुक्तभोगी मनीष प्रताप सिंह ने बताया कि अगलगी से करीब 20 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

# संत जोसेफ स्कूल में रंगारंग कार्यक्रमों संग मना वार्षिकोत्सव

**शक्तिनगर।** एनटीपीसी आवासीय परिसर में स्थित संत जोसेफ स्कूल में हर्षोल्लास के साथ शनिवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि बसुराज गोस्वामी, कार्यकारी निदेशक, एसएसटीपीएस शक्तिनगर अध्यक्ष फादर लुइस मस्करेन्हस, प्रशासक इलाहाबाद डायसिस एवं गणमान्य अतिथिगण द्वारा दीपप्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया गया। इस क्रम में नाटक, नृत्य, मीम्स व शानदार प्रस्तुति से छात्रों ने जनमानस का मन मोह लिया। एलकेजी के छात्रों आरिका,आरिफ, जीविका, नीलेश, आराध्या एवं अन्य ने प्रकृति प्रेम को दर्शाते हुए प्रकृति और हम विषय पर नृत्य-नाटिका का मंचन कर उपस्थित अभिभावकों को तालियां बजाने को विवश कर दिया।


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं

मुख्य अतिथि बसुराज गोस्वामी, कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी शक्तिनगर ने कहा कि संत जोसेफ स्कूल न केवल शिक्षा के क्षेत्र में अपितु ज्ञान के साथ ही साथ संस्कार, संस्कृतिक प्रस्तुति, खेलकूद व समस्त गतिविधियों में अपनी योग्यता को लगातार 45 वर्षों से प्रमाणित करता आ रहा है। अध्यक्षता कर रहे फादर लुइस मस्करेन्हस, प्रशासक इलाहाबाद डायसिस ने कहा कि आधुनिक युग प्रतियोगिता का है और संत जोसेफ के बच्चे प्रतिवर्ष नए प्रतिमान गढ़ रहे हैं। इस दौरान अतिथियों द्वारा मेधावी छात्रों को प्रमाण-पत्र व कैश से पुरस्कृत किया। खेलकूद के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित विद्यार्थियों को व 25 वर्षों की अनवरत सेवा प्रदान करने वाले शिक्षणेतर कर्मचारी पूरन हीरेंज व साइमन पैट्रिक को उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए प्रतीक चिह्न भेंट किया गया। संचालन शिक्षक बिजू वर्गीस के नेतृत्व में बुशरा, सौम्या, क्षितिज व आर्यन ने, तकनीकी सहयोग टाइट्स क्रास्टा ने किया। इस मौके पर शिक्षक, कर्मचारी, छात्र समेत अभिभावकगण उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री पर अमर्यादित टिप्पणी से भाजपाजनों में आक्रोश, फूंका पुतला

**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी की बैठक जिला कार्यालय पर शनिवार को सम्पन्न हुयी। बैठक का शुभारंभ मुख्य अतिथि काशी क्षेत्र के महामंत्री व जिला प्रभारी अशोक चौरसिया, विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा दर्शना सिंह, जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, सदर विधायक भूपेश चौबे, घोरावल विधायक डा. अनिल कुमार मौर्य ने पं दीनदयाल उपाध्याय व डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन व पुष्प अर्पित कर किया। इस दौरान निकाय चुनाव तैयारी की समीक्षा कर आगे की रणनीति तय की। इस क्रम में पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अमर्यादित टिप्पणी करने पर कार्यकताओं ने बिलावल भुट्टो मुदार्बाद पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाते हुए भाजपा जिला कार्यालय से जूलूस के साथ पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति द्वार पुसौली पहुंच बिलावल भुट्टो का पुतला दहन किया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि कार्यकताओं को वार्ड के नीचे बूथ उसके नीचे गली फिर पन्ना प्रमुख तक की ईकाई को मजबूत करना है। निकाय स्तर पर काल सेण्टर बनाकर प्रबुद्धजनों से लगातार संपर्क किया जाय। साथ ही जिले से नीचे बूथ के हर कार्यकताओं को सक्रिय करने की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि प्रत्येक वार्ड में सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के साथ सरकार की योजनाओं को बताएं। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष ने आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत व आभार प्रकट करते हुए चप्पा चप्पा कमल खिलाने का कार्यकताओं का मंत्र दिया। कहा कि पार्टी कार्यकताओं के दम पर ही पार्टी की ऐतिहासिक जीत होगी। बैठक में धर्मवीर तिवारी, अजीत रावत, गोविन्द यादव, उदयनाथ मौर्य, ओम प्रकाश दूबे, शिवकुमार गुप्ता, अशोक मौर्य, अनिल सिंह गौतम, अमरनाथ पटेल, कृष्णमुरारी गुप्ता, जीत सिंह खरवार, संतोष शुक्ला, विनोद पटेल, अनूप तिवारी, कन्हैया लाल, पुष्पा सिंह, विशाल गुप्ता, राकेश मेहता समेत तमाम लोग मौजूद रहे। संचालन जिला महामंत्री रामसुन्दर निषाद ने किया।


जुलूस निकालते भाजपा पदाधिकारी

# शुकदेव जन्म व अमरकथा सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**सोनभद्र।** नगर स्थित आर्य समाज मंदिर प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा वाचक विष्णु प्रिया शास्त्री ने शुकदेव जन्म, परीक्षित श्राप और अमर कथा का वर्णन किया। जिसे सुनकर पांडाल में उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। शास्त्री ने बताया कि सुखदेव का जन्म भी एक रहस्य है, जब भगवान शिव पार्वती मां को अमर होने की कथा सुनाने लगे, तो पार्वती माता हुंकारे भरती हैं। तभी भगवान शिव ने देखा की एक तोता वहां बैठा है, जो हुंकारे भर रहा रहा था। भगवान शिव को क्रोध आ गया और बोले की तुने मेरी बिना आज्ञा के अमर कथा का पान किया है। मैं तुझे जीवित नहीं छोड़ूंगा। भगवान शिव त्रिशूल लेकर उसके पीछे दौड़े। शुक यानि तोता जान बचाने के लिए तीनों लोकों में भागता रहा। वह वेदव्यास के आश्रम पहुंचा। वहां पर वेदव्यास की पत्नी बाहर कपड़े सूखा रही थीं। उन्हें जभाई आ गई तो तोता सूक्ष्म बनकर उनकी पत्नी के मुख में घुस गया। भगवान शिव वहां आए और बोले कि मैं इस शुक को जीवित नहीं छोड़ूंगा। व्यास के पूछने पर सारी बात शिव ने बताई। व्यास बोले वह अब अमर हो चुका है, आप उसे कैसे मार सकते हैं। व्यास के अनुरोध पर भगवान शिव का गुस्सा शांत हुआ। व्यास की पत्नी के गर्भ में शुकदेव को 12 वर्ष हो गए, लेकिन बाहर नहीं निकले। क्योंकि उन्हें डर था अगर मैं संसार में आया तो भगवान की माया के चपेट में आ जाऊंगा। इस अवसर पर सौरभ कुमार भारद्वाज, नरेंद्र गर्ग, कृष्ण कुमार, विनोद, सुशील पाठक, कृष्ण मुरारी गुप्ता, शिशु त्रिपाठी, दीपक कुमार केसरवानी समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।


भागवत कथा सुनाती विष्णु प्रिया

### ससमय निस्तारित हो पेंशनरों की समस्याएंः अजय सिंह

**सोनभद्र।** जनपद के पेंशनरों की समस्याओं का समयबद्धता के साथ निस्तारण कराने के उद्देश्य वरिष्ठ कोषाधिकारी अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया। वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा पेंशनरों से उनका परिचय प्राप्त करते हुए उनकी सेवाओं के लिए बधाई देते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीघार्यु की कामना की गई। उन्होंने पेंशनरों से उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी हासिल करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों का आह्वान किया कि पेंशनर्स की समस्याओं का समयबद्धता के आधार पर निस्तारण कराया जाए। समस्त विभागों के आहरण वितरण अधिकारियों का आह्वान किया कि सेवानिवृत्त के उपरान्त अधिकारियों/कर्मचारियों की पेंशन एवं लंबित भुगतान को प्राथमिकता पर निस्तारित किया जाये। परिवारिक पेंशनरों का आह्वान करते हुये कहा कि जिनका जीवित प्रमाण पत्र की अवधि समाप्त हो रही है, ऐसे समस्त पेंशनर पने जीवित प्रमाण पत्रों को ऑनलाइन आवेदन करके अपना अपना जीवन प्रमाण पत्र भेज सकते हैं। पेंशनर्स संगठन के पदाधिकारियों द्वारा चिकित्सा प्रतिपूर्ति का समय से भुगतान के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी व सम्बन्धित विभाग को जिलाधिकारी द्वारा निर्देश देने का अनुरोध किया गया। इस अवसर पर 100 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ पेंशनर्स महाराजी देवी व पार्वती देवी को साल देकर सम्मानित किया गया।

# 22 वकील मतदाताओं ने की टेंडर वोटिंग

जनसंदेश न्यूज

**वोटिंग**

## 800 वकील मतदाता 22 दिसंबर को लेंगे मतदान में हिस्सा

**सोनभद्र।** राबट्र्सगंज कचहरी परिसर स्थित सोनभद्र बार एसोसिएशन के सभागार में शनिवार को अध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष पद के लिए टेंडर वोटिंग कराई गई। जिसमें 822 वकील मतदाताओं में से सिर्फ 22 लोगों ने टेंडर वोटिंग किया। अब 800 वकील मतदाता 22 दिसंबर को मतदान में हिस्सा लेंगे। 23 दिसंबर को मतगणना के साथ ही विजयी प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी। साथ ही सभी पदाधिकारियों को एल्डर कमेटी के अध्यक्ष की मौजूदगी में शपथ दिलाई जाएगी।

मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट सुरेश सिंह ने बताया कि बार एसोसिएशन चुनाव वर्ष 2022-23 के लिए अध्यक्ष पद के लिए 6 प्रत्याशियों पूनम सिंह, नरेंद्र कुमार पाठक, मनोज कुमार पांडेय, विजय कृष्ण वर्मा, उमेश मिश्रा व हेमनाथ द्विवेदी ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। वहीं महामंत्री के लिए 4 प्रत्याशियों आनन्द कुमार मिश्र, शारदा प्रसाद मौर्या, अरुण कुमार सिंघल व राजीव कुमार सिंह गौतम व कोषाध्यक्ष पद के लिए 2 प्रत्याशियों मनोज कुमार मिश्र व भानु प्रताप चौहान ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। इन्हीं पदों के लिए चुनाव कराया जाएगा, क्योंकि शेष पदों पर अकेला पर्चा लिए जाने की वजह से उन पदों पर निर्विरोध चुना जाना तय है।



### आठ वर्ष से विस्थापन पैकेज की आस लिए वृद्धा ने तोड़ा दम

**दुद्धी।** अमवार चौकी क्षेत्र के भीसुर गांव की निवासिनी 72 वर्षीय भगमनिया देवी की कनहर विस्थापन पैकेज की दरकार लिए शुक्रवार की दोपहर मौत हो गयी। उसका नाम कनहर विस्थापित पति कलेशर के मौत के बाद वारिस तौर पर दर्ज था पति की मौत के बाद पिछले आठ वर्षों से विस्थापन पैकेज मिलने की आस लिए जी रही थी। उसकी मौत के बाद विराम लग गया। पुनर्वास पैकेज दिलाने के नाम पर एक लाख रुपये की वसूली किये लेखपाल ने उसके दामाद को 90 हजार रुपये की वापसी कर अपना पिंड छुड़ाया। मृतका के परिजनों ने बताया कि भगमनिया के पति कलेशर का 1810 की प्रथम सूची के 19 क्रमांक पर नाम दर्ज था। इसी बीच 2013 में कलेशर की मृत्यु हो गयी, इसके बाद 2014 में बतौर वारिस के तौर पर भगमनिया का नाम विस्थापन की प्रथम सूची में दर्ज हो गया। लेकिन आज तक उसे विस्थापन पैकेज नहीं मिला। भगमनिया पांच नवंबर को तहसील दिवस में इस प्रकरण में ज्ञापन भी दिया था आरोप लगाया था कि क्षेत्रीय लेखपाल ने पैकेज दिलवाने के नाम पर पैसा भी लिया और पैकेज भी नही दिलवा रहा। बता दें कि डूब क्षेत्र भीसुर के दर्जन भर विस्थापितों ने क्षेत्रीय लेखापाल के खिलाफ पैकेज दिलाये जाने के नाम पर लाखों रुपये धनउगाही किये जाने की शिकायत की थी।

# पीड़ितों की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण हो निस्तारणः डीएम

**आयोजन**

## जिले की चारों तहसीलों में आयोजित हुआ समाधान दिवस

**सोनभद्र।** जिले की चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को किया गया। मुख्य सम्पूर्ण समाधान दिवस राबट्र्सगंज में जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने कहा कि शिकायतकताओं की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से किया जाये, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह, उपजिलाधिकारी सदर रमेश कुमार व अन्य अधिकारियों ने 94 शिकायतें सुनते हुए मौके पर 12 मामले निस्तारित किये। बाकी 82 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने की कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आरएस ठाकुर, जिला पूर्ति अधिकारी गौरीशंकर शुक्ला, राजेश कुमार खैरवार, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसी तरह सम्पूर्ण समाधान दिवस घोरावल में अपर जिलाधिकारी सहदेव मिश्र की अध्यक्षता में सम्पन्न कराया गया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी श्याम प्रताप सिंह, सीओ व तहसीलदार ने 22 शिकायतें सुनते हुए मौके पर सात मामले निस्तारित किये, बाकी 15 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने की कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा तहसीलदार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। तहसीलदार ने 10 शिकायतें सुनते हुए मौके पर तीन मामले निस्तारित किये। शेष सात प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने की कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। वहीं सम्पूर्ण समाधान दिवस दुद्धी में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे आशुतोष दूबे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस दौरान अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्रा, तहसीलदार ने 13 शिकायतें सुनते हुए मौके पर तीन मामले निस्तारित किये। बाकी 10 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने की कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।


सदर तहसील में फरियादियों की समस्याएं सुनते डीएम

### दुद्धी बार के आरोप को सिविल बार ने बताया गलत, सौंपा ज्ञापन

**दुद्धी।** दुद्धी बार के आरोप को सिविल बार ने गलत बताते हुए उक्त प्रकरण में तहसील दिवस में पहुंचकर सचिव मनोज मिश्रा के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ता अंजनी सिंह, राकेश श्रीवास्तव, मनोज तिवारी, विष्णु कांत तिवारी, रमेश कुशवाहा ने बताया कि मुंसिफ कोर्ट परिसर में 15 वर्ष पूर्व एमएलसी कोटे से शेड का निर्माण करवाया गया था, जो अब जर्जर हो गए हैं और बरसात के दिनों में पानी टपकता है। इसलिये दुद्धी बार में कुछ वर्ष पूर्व विधायक रूबी प्रसाद से धन आवंटित कराकर एक टीन शेड हटाकर उसके स्थान पर पक्का निर्माण करा लिया गया है, जो न्यायालय भवन से सटा हुआ है तथा उसके बाद पूर्व अध्यक्ष कैलाश कुमार ने पूर्व विधायक हरिराम चेरो से धन आवंटित कराकर ट्रेजरी विभाग से सटे सरकारी जमीन पर बिना किसी अनुमति के अपना चेम्बर बनवा लिया। इस समय में वर्तमान विधायक द्वारा अधिवक्ता हित को देखते हुए 15 लाख रुपये इसलिए आवंटित किया गया कि टीन शेड लगाकर पक्का निर्माण हो जाये। अधिवक्ताओं द्वारा किसी भी खाली जमीन पर अतिक्रमण नहीं किया जा रहा है, शेड के स्थान पर पक्का निर्माण के लिए शुकवार को विधायक द्वारा शिलान्यास किया गया। इस निर्माण के लिए दुद्धी बार एसोसिएशन द्वारा जो विरोध किया जा रहा है, वह गलत है। जिस टीन शेड का निर्माण होना है, उसमें दुद्धी बार व सिविल बार के अधिवक्ता बैठते हैं। यह निर्माण अधिवक्ता व वादकारी हित में हो रहा है। उन्होंने निर्माण के लिए अनुमति देने के साथ आपत्ति को निरस्त किये जाने की मांग किया है।

### दुद्धी विधायक के खिलाफ एडीएम से शिकायत

**दुद्धी।** स्थानीय कचहरी परिसर में पूर्वांचल निधि से 14.99 लाख की लागत से बनने वाले सार्वजनिक हाल व शौचालय निर्माण के लिए चयनित स्थान बदले जाने से आक्रोशित दुद्धी बार के अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल बार संघ अध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में एडीएम से मिलकर डीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर प्रकरण में कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में आरोप लगाया कि बीते शुक्रवार की शाम विधायक रामदुलार गोंड अपने कुछ दबंग सहयोगियों के साथ दीवानी न्यायालय दुद्धी पर चढ़ आये और न्यायालय के कंप्यूटर कक्ष के मुख्य द्वार पर पूर्वांचल विकास निधि योजनांतर्गत सन 2020 -21 दीवानी न्यायालय के पास अधिवक्ताओं हेतु सार्वजनिक हाल व शौचालय निर्माण कार्य का शिलान्यास करने लगे। जिसपर न्यायालय कैम्पस में अधिवक्ताओं द्वारा विरोध किया गया। इसके बावजूद विधायक एवं उनके लोगों द्वारा दबंगई से शिलापट्ट लगा दिया गया तथा विरोध करने वाले अधिवक्ताओं से दुर्व्यवहार कर देख लेने की धमकी दी गयी। इस घटना से न्यायालय परिसर के अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। अधिवक्ताओं ने इस प्रकरण में तत्काल कार्यवाही की मांग की। इस मौके पर कुलभूषण पांडेय,रामपाल जौहरी,अभिषेक कुमार, हरिओम अग्रहरी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# नाराज भाजपाइयों ने फूंका पाक के विदेश मंत्री का पुतला

**गुस्सा**

### जिलाध्यक्ष बोले, इस तरह की बयानबाजी से बाज आएं पाकिस्तानी नेता

**चंदौली।** जनपद के भाजपाइयों से शनिवार को मुख्यालय पर कार्यकताओं ने जुलूस निकालकर पाकिस्तान के विदेश मंत्री विलावल भुट्टों के विरोध में जमकर नारेबाजी की। इसके बाद चंदौली डाकघर के समक्ष पुतला फूंककर अपने आक्रोश को व्यक्त किया। साथ ही आरोप लगाया कि पाक के विदेश मंत्री ने पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी किया। इससे पूरे देश पाक के विदेश मंत्री के खिलाफ आक्रोश है।

इस दौरान जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री की लोकप्रियता पूरे विश्व में है। सभी देश के लोग पीएम नरेंद्र मोदी को सम्मान देते है, जो पड़ोसी देश पाकिस्तान के नेताओं को रास नहीं आ रहा है। पाकिस्तान के नेता सस्ती लोकप्रियता के लिए अनाप शनाप बयानबाजी करते हैं। कहा कि भारत की सैन्य ताकतों का पाकिस्तान अंदाजा नहीं है, जबकि पूरा विश्व भारत की सैन्य क्षमता को जान चुका है। ऐसे देश के नेताओं को किसी भी देश के पीएम के खिलाफ टिप्पणी करने से पहले सौ बार सोचना चाहिए। देश के लोग नरेंद्र मोदी को अपना नेता मानते है। ऐसे में उनके खिलाफ कोई आपत्तिजनक टिप्पणी बर्दास्त नहीं होगी। इस दौरान चेयरमैन रविन्द्रनाथ गोंड़, शिवपूजन राम, महेंद्र गुप्ता, विनोद गुप्ता, अमित सिंह, अलख तिवारी, आशीष रघुबंशी, शिवराज सिंह,राजेश जायसवाल आदि मौजूद रहे।


चंदौली डाक घर के सामने पाक के विदेश मंत्री का पुतला फूंकते भाजपाई।

## कुशल कामगारों को विदेशों में रोजगार दिलाएगी सरकार

**चंदौली।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी गिरजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि भारत के कार्यबल को कुशल बनाकर अंतर्राष्ट्रीय अवसरों से जोड़ने हेतु भारत सरकार के स्किल इण्डिया मिशन के तहत स्किल इण्डिया इंटरनेशनल सेंटर वाराणसी विदेशों में रोजगार के अवसर प्रदान कर रहा है। विदेशों में आकर्षक वेतन के अलावा मुफ्त आवास, ट्रांसपोर्ट एवं स्वास्थ्य बीमा का लाभ भी अभ्यर्थियों को मिलेगा। उन्होंने बताया कि दुबई, अबुधाबी, शारजाह, सऊदी अरब आदि देशों में इलेक्ट्रीशियन फिटर, हेल्पर, क्लिनर, माली, एसी टेक्निशियन, सिक्योरिटी गार्ड, कुक, वेटर, मैकेनिकल ड्राफ्ट्समैन, मेसन, ड्राईवर आदि काम की मांग है। ऐसे उम्मीदवार जिनकी शैक्षिक योग्यता दसवीं पास एवं आईटीआई या डिप्लोमा धारित है एवं सम्बन्धित काम में 3 से 5 वर्ष का अनुभव प्राप्त हैं। साथ ही उनकी 21 से 35 वर्ष की आयु है ऐसे अभ्यर्थी आवेदन कर सकते है। बताया कि जिन अभ्यर्थियों का पासपोर्ट बना है उन्हें वरीयता दी जायेगी। विदेशों में रोजगार पाने के इच्छुक योग्यताधारी उम्मीदवारों की एक प्री-काउंसलिंग वाराणसी में की जायेगी। कहा कि जनपद के इच्छुक योग्यताधारी उम्मीदवार अपने रिज्युम के साथ 21 दिसंबर को राजकीय आईटीआई रेवसां के परिसर में प्रातः 10:30 बजे से प्री-काउंसलिंग हेतु प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# किसानों को नुकसान हुआ तो होगा आंदोलन

**जनसंदेश न्यूज**

**बोले मनोज सिंह डब्लू**

### मुड्डा में क्षतिग्रस्त विद्युत पोल का लिया जायजा, दी चेतावनी

**कंदवा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू शनिवार को जनपद के विद्युत विभाग पर हमलावर नजर आए। उन्होंने मुड्डा गांव के पास टूटकर जमींदोज पोल को तत्काल मरम्मत किए जाने की बात कही। साथ ही चेतावनी दी कि यदि विद्युत करेंट से किसी किसान व ग्रामीण को नुकसान हुआ तो बिजली विभाग उसका अंजाम भुगतने को तैयार रहे। कहा कि चंदौली के बिजली विभाग के अफसर इतने लापरवाह हैं कि एक सप्ताह पहले वाहन के धक्के से टूटे हुए विद्युत पोल व तार को दुरूस्त करने की उनके पास वक्त नहीं है।

यह जनता से जुड़े कामकाज को दरकिनार कर नेताओं व अफसरों की खुसामत में व्यस्त है। लेकिन सैयदराजा विधानसभा में ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विदित हो कि कंदवा क्षेत्र के मुड्डा गांव के पास एक सप्ताह पूर्व किसी वाहन टकराने की वजह से विद्युत पोल व हाईटेंशन तार टूटकर जमींदोज हो गया था। इस कारण कर्मनाशा नदी पर करौती से नौबतपुर तक स्थापित लिफ्ट कैनालों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गयी। इससे करौती, अदसड़, ककरैत, अरंगी, धनाइतपुर, मुड्डा, चिरईगांव, चारी, नौबतपुर गांवों के किसान गेहूं की फसल की सिंचाई को लेकर चिंतित एवं परेशान है। स्थिति यह है कि गेहूं की बोआई कर चुके किसानों के समक्ष सिंचाई की समस्या उत्पन्न हो गयी है। दूसरी ओर हाईटेंशन तार जमीन पर पड़ा होने के कारण उसमें करेंट प्रवाहित होने की आशंका से किसान व ग्रामीण दहशत में है। इसकी जानकारी होने पर सपा के राष्ट्रीय सचिव मनोज सिंह डब्लू मुड्डा गांव पहुंचकर क्षतिग्रस्त विद्युत पोल को देखा। इसके बाद किसानों की समस्या को जाना और भरोसा दिया कि जल्द से जल्द विद्युत पोल को दुरुस्त कराने का काम होगा। ताकि किसानों की सिंचाई की समस्या दूर हो सके। साथ ही किसानों के विद्युत करेंट से हताहत होने की आशंका भी स्वतः समाप्त हो जाए। इस दौरान उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों से टेलीफोनिक बातचीत की और चेताया कि यदि किसानों व ग्रामीणों को किसी भी प्रकार का नुकसान हुआ तो उसका खामियाजा भुगतने के लिए बिजली विभाग के अफसर तैयार रहें। प्रकरण को संज्ञान में लेकर बिजली विभाग के अफसर क्षतिग्रस्त विद्युत पोल की मरम्मत करना सुनिश्चित करें, ताकि प्रभावित लिफ्ट कैनालों की बिजली आपूर्ति बहाल हो सके।


मुड्डा में जमींदोज विद्युत पोल व तार को देखते सपा नेता मनोज सिंह डब्लू।

## संक्षेप

### मुगलसराय विधायक ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री का फूंका पुतला

**डीडीयू नगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पाकिस्तान के विदेश मंत्री विलावल भुट्टो द्वारा की गई अमर्यादित टिप्पणी से नाराज भाजपा कार्यकताओं ने शनिवार को विधायक रमेश जायसवाल के नेतृत्व में पुतला लेकर जुलूस निकाला। पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नगर भ्रमण किया ।इसके बाद जीटी रोड स्थित वीआईपी गेट के पास पुतला दहन किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र में बैठक में विदेश मंत्री ने आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को घेर लिया। इससे मुंह की खाए पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने एक कार्यक्रम में भारत के प्रधानमंत्री पर अभद्र टिप्पणी की। उससे देश वासी आहत हुए हैं। इसे देश कत्तई बर्दाशत नहीं करेगा। भाजपा कार्यकताओं ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री का पुतला बनाकर नगर भ्रमण किया। इस दौरान पाकिस्तान मुदार्बाद, पाकिस्तान होश में आओ आदि नारे लगाए। इस इसके बाद वीआईपी गेट के पास पाक विदेश मंत्री का पुतला फूंका। इस अवसर पर गीता रानी गुप्ता, मालती गुप्ता, संजय कनौजिया, विभूति जायसवाल, अमित केशरी, लक्ष्मण जायसवाल, राजीव जायसवाल, जय सिंह आदि शामिल रहे।


डीडीयू नगर में विधायक के नेतृत्व में पुतला फूंकते भाजपाई।

### मोबाइल व आभूषण बरामद, एक चोर गिरफ्तार

**डीडीयू नगर।** स्थानीय रेलवे स्टेशन सकुर्लेटिंग एरिया एवं ट्रेनों में बढ़ती चोरी की घटनाओं की रोकथाम अपराधियों की गिरफ्तारी व बरामदगी अवैध तस्करी के मद्देनजर जीआरपी ने अभियान चलाया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक जीआरपी डीडीयू सुरेश कुमार सिंह ने रेलवे प्लेटफार्म संख्या 1 व 2 के पास से एक चोर को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से पुलिस ने एक मोबाइल फोन, एक पीली धातु का मंगलसूत्र का लॉकेट, दो जोड़ी पायल सफेद धातु की बरामद किया। पकड़ा गया अभियुक्त आशीष कुमार बताया जाता है जो ट्रेनों व स्टेशन परिसर में यात्रियों के सामान की चोरी करता था। जिस पर पुलिस संबंधीत धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

### पेड़ से टकराई बाइक तीन सवार घायल

**शहाबगंज।** थाना क्षेत्र के अरारी गांव के पास शनिवार की दोपहर में बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। ग्रामीणों की सूचना 108 एंबुलेंस से घायलों को पीएचसी शहाबगंज भेजा गया। जहां प्राथमिक उपचार किया गया। पड़रिया गांव निवासी दीपक चौहान उम्र 28 वर्ष, सुरेंद्र चौहान उम्र 25 वर्ष व अच्छे चौहान उम्र 23 वर्ष मोटरसाइकिल से शहाबगंज से घर वापस जा रहे थे, तभी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गयी, जहां सभी युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कराया गया, जहां दीपक व सुरेन्द्र की स्थिति नाजुक होने के कारण चिकित्सकों ने जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया।

### अल्पसंख्यक अधिकार दिवस आज

**धानापुर।** अल्पसंख्यक अधिकार दिवस 18 दिसंबर को 11 बजे कस्बा स्थित मदरसा मिस्बाहुल उलूम में आयोजित किया गया है। जिसमें अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की रक्षा और प्रचार कर लोगों को जागरूक किया जाएगा। अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अजय सिंह होंगे। इसकी जानकारी प्रधानाचार्य मुहम्मद खालिद ने दी है।

### वार्षिकोत्सव आज

**कंदवा।** विकास खण्ड के बरहनी स्थित ओम सन्त साईं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव रविवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य अन्नपूर्णा सिंह और विशिष्ट अतिथि अम्बरीश सिंह भोला और ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि महेंद्र सिंह होंगे। यह जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य अखिलेश सिंह ने दी है।

# जीएसटी अधिकारियों के आने की भनक पर धड़ाधड़ बंद हुई दुकानें

**हड़कंप**

### अधिकारियों के आने की अफवाह पर व्यापारियों में मचा हड़कंप

**सकलडीहा।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के अधिकारियों की सकलडीहा में आने की भनक पर शनिवार को शाम तीन बजे से धड़धड़ा छोटी बड़ी दुकानें बंद होगयी। अधिकारियों के आने की अफवाह पर व्यापारियों में हड़कंप मच गया। मुख्य मार्ग से लेकर कस्बा की दर्जनों दुकानें देर शाम तक बंद रहा। इस दौरान तरह तरह का चर्चा व्याप्त रहा। इस मौके पर व्यापारी शासन प्रशासन को कोसते नजर आये।

जनपद में लगातार जीएसटी की छापेमारी की अफवाह से व्यापारी सहमे हुए है। दोपहर बाद अचानक जीएसटी टीम मुगलसराय से सकलडीहा आने की भनक लगते ही सकलडीहा, नागेपुर, टिमिलपुर, तेन्दुई, दुगार्पुर, ईटवा, चतुर्भुजपुर में किराना, परचुन, कपड़ा, ज्वेलरी, वर्तन, चाय-पान, मिठाई, गुटका, जनरल स्टोर, कपड़ा, गिफ्ट शॉप, कृषि यंत्र, मेडिकल व हास्पीटल से लेकर फर्निचर और इलेक्ट्रानिक की दुकानें धड़ाधड़ बंद होने लगा। कुछ व्यापारी दुकान बंद कर अधिकारियों का लोकेशन लेने में जुटे थे। हालाकि कई दुकानदार जीएसटी भरने का हवाला देते हुए दुकान खोले रहे। देर शाम तक जीएसटी के अधिकारियों के नही आने पर व्यापारियों ने राहत की सांस लिया। उधर व्यापारियों ने क्षेत्रीय सांसद और विधायक से समस्या से निजात दिलाने की मांग उठाया है।


जीएसटी टीम के आने की भनक पर सकलडीहा में बंद पड़ी दुकानें।

## आभूषण व्यापारी की मौत पर शोक में बंद रहा शहाबगंज बाजार

**शहाबगंज।** कस्बा में स्वर्ण आभूषण की दुकान चलाने वाले व्यवसाई मुकेश कुमार खत्री 42वर्ष की शुक्रवार की रात कार दुर्घटना के दौरान आकस्मिक मृत्यु हो गई। इसकी सूचना मिलने के बाद शनिवार को कस्बा के दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंदकर शोक सभा में श्रद्धांजलि अर्पित किया। विदित हो कि चकिया निवासी मुकेश कुमार खत्री शहाबगंज में जायसवाल कटरा में स्वर्ण आभूषण की दुकान चलाते थे। शुक्रवार की देर शाम को दुकान बंद घर वापस जा रहे थे। तभी उनकी गाड़ी पचवनियां के समीप अनियंत्रित होकर नहर में बनें पुल से टकरा कर क्षतिग्रस्त हो गयी। इस दुर्घटना व्यवसाई की घटनास्थल पर मौत हो गयी। शनिवार की सुबह जानकारी होने पर कस्बा के व्यापारियों ने दुकानें बंद शोक सभा का आयोजन कर गतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। इस अवसर कुंदन चौहान, मनोज जायसवाल, अजय जायसवाल, पिंटू जायसवाल, रितेश श्रीवास्तव, गोपाल मोदनवाल, सुरेन्द्र जायसवाल, रिशाल जायसवाल, राजू मोदनवाल, तनवीर, आसिफ, इमरान, आरिफ सहित आदि व्यवसाई उपस्थित रहे।

# महिला उत्पीड़न व लिंग भेद के प्रति किया जागरूक


बबुरी कस्बे में जागरूकता रैली निकालते छात्र-छात्राएं।

**बबुरी।** अशोक इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने शुक्रवार की सुबह महिला सशक्तिकरण तथा लिंग भेद से संबंधित एक रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। उक्त रैली अशोक इंटर कॉलेज से लेकर पूरे कस्बे में भ्रमण किया और महिलाओं पर हो रहे उत्पीड़न के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि आजकल की महिलाएं पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर क्षेत्र में कार्य कर रही हैं। बेटा और बेटी में कोई अंतर नहीं है। लड़किया हर क्षेत्र मे अब लड़कों से आगे निकल रही हैं। रैली को राणा प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में वीरेंद्र कुमार सिंह, बांके बिहारी सिंह, डा.ओमप्रकाश सोनिया, अजय सिंह, कृष्णकांत सिंह, ऋतुराज सिंह, संजय वर्मा, मोनिका यादव, बबिता यादव आदि उपस्थित रहे।

# खाद की आपूर्ति के लिये भाकियू (टिकैत) ने सौंपा पत्रक


खाद की समस्या को लेकर नायब तहसीलदार को पत्रक देते किसान।

**सकलडीहा।** भारतीय किसान यूनियन(टिकैत) के पदाधिकारियों ने विभिन्न समस्याओं के संदर्भ में एसडीएम के नाम से नायब तहसीलदार को पत्रक सौपा। किसानों ने समस्या का समाधान नही होने पर आन्दोलन की चेतावनी दिया। उधर अधिकारियों ने बताया कि किसानों की हर समस्या का निदान किया जायेगा। किसानों ने आरोप लगाया कि गेहूं की बोआई में खाद की समस्या बनी हुई है। ब्लॉक के कुछ चुनिनंदा केन्द्रों पर थोड़ी बहुत खाद मिल रहा है। खाद की समस्या को लेकर किसान दर दर भटक रहे है। किसानों ने समुचित मात्रा में किसानों को खाद मुहैया कराने की मांग किया। इसके साथ ही धान की खरीदारी के दौरान छोटे बड़े सभी किसानों की धान की खरीदारी कराने की मांग किया। सेंटरों पर अतिरिक्त कांटे की व्यवस्था कराया जाय। धान केन्द्रों पर बिचौलियों के खिलाफ अभियान चलाने व नहरों को पूर्ण रूप से साफ सफाई कराने की मांग किया। इस मौके पर अध्यक्ष श्रवण मौर्या,कन्हैया, रामलाल यादव प्रभाकर मौर्या, सुरेन्द्र यादव, ओमवीर, हाकिम अंसारी,रमेश यादव,छोटू यादव, रामविलास, सरजू राम, अशोक यादव, मनीष मौर्य, दशरथ राम, बुद्धिराम चौहान आदि मौजूद रहे।

## बच्चों को जल संरक्षण एवं स्वच्छता की दिलायी शपथ

**चहनियां।** कस्बा स्थित लोक मंगल बिद्यालय में जल संरक्षण एवं स्वच्छता के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों को जल एवं स्वच्छता का महत्व बताया गया। बच्चों ने तख्ती लिखा जल संरक्षण के प्रति लोगो को जागरूक किया। जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति बच्चों को जागरूक करते हुए प्रबंधक योगेंद्र मिश्रा ने कहा कि जल ही जीवन है। जल के बिना कल हमारा नहीं होगा। इसलिए पानी का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए। आज जिस तरह से तेजी से हमारा जलस्तर घट रहा है हम लोगों को सचेत रहने की जरूरत है। इसके साथ ही हमें अपने आसपास व घरों की साफ-सफाई भी रखनी चाहिये। सफाई से बीमारी आसपास नहीं फटकती है। लोग स्वस्थ्य रहते है। इस दौरान प्रिंसिपल अंकिता गुप्ता, सुनील मौर्य, आशीष कुमार, अनिल कुमार, पुनिता कुमारी, रंजना, रिशु, रश्मि, श्रेया, विजय, अंकुश, अमरदेव, गीतेश आदि लोग उपस्थित थे।

# सड़क दुघर्टना में चकिया के सराफा व्यवसाई की मौत

**चकिया।** क्षेत्र के पचवनिया गांव के पास शुक्रवार की रात अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई, जिससे दुर्घटना में मृत सरार्फा व्यवसाई 41 वर्षीय मुकेश खत्री का शनिवार की सुबह शव घर पहुंचते ही परिवार जनों में मातम छा गया। सूचना के बाद नगर में शोक की लहर दौड़ गयी, वहां मौजूद सभी लोगों की आंखें नम हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मुकेश की मौत से परिजनों में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। नगर के वार्ड नंबर 6 सिविल लाइन पूर्वी निवासी पूर्व चेयरमैन स्वर्गीय नारायण खत्री उर्फ मुन्नू सेठ के दूसरे नंबर के पुत्र मुकेश खत्री की शहाबगंज में सरार्फा की दुकान थी। 1 दिन की तरह हुआ रात्रि 10 बजे के आसपास दुकान बंद करके अपने निजी कार से चकिया घर आ रहे थे। पचवनिया गाँव के पास उनकी कार अचानक से अनियंत्रित होकर लेफ्ट कर्मनाशा नहर में बने पुल से टकराकर नहर में गिर गई। हादसा इतना जोरदार था कि मौके पर ही मुकेश की मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला संयुक्त चिकित्सालय के मर्चरी में रखवा दिया था। शनिवार की सुबह मुकेश का शव घर पहुंचते ही परिजनों में चित्कार मच गई। घटना से सहमी मृतक की माता दया देवी ,पत्नी सुनीता पुत्र मृदुल पुत्री श्रेया, छोटे भाई चंदन और रतन का रो रो कर बुरा हाल था।


मौत के बाद चकिया में सरार्फा व्यवसायी के आवास के बाहर उमड़ी भीड़

### विधायक ने परिजनों का जाना कुशल क्षेम

**चकिया।** सराफा व्यवसायी की मौत की सूचना मिलते ही शनिवार की सुबह मृतक मुकेश के घर पहुंचे क्षेत्रीय विधायक कैलाश आचार्य सहित भाजपा नेताओं ने परिवार जनों का कुशल क्षेम जाना और ढांढ़स बंधाया।

# संपूर्ण समाधान दिवस में पड़े 54 प्रार्थना पत्र, 7 का हुआ निस्तारण

**चकिया।** तहसील सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी ईशा दुहन की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न मामलों के 54 प्रार्थना पत्र पड़े जिनमें से सात प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने गरला गांव में गौशाला के लाभार्थी अनिल कुमार श्रीवास्तव की शिकायत पर खंड विकास अधिकारी को तत्काल निकिता इंटरप्राइजेज के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिए। शिकायतकर्ता अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि तत्कालीन खंड विकास अधिकारी सरिता सिंह के कार्यकाल में ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम प्रधान द्वारा मिलीभगत करके गौशाला के निर्माण में मिलने वाली 61 हजार रुपए की प्रथम किस्त को निकिता इंटरप्राइजेज के खाते में भेजकर पैसे का बंदरबांट कर लिया गया था।

इसके अलावा मुसाखांड़ गांव निवासी शिवनाथ प्रजापति ने उपजिलाधिकारी न्यायालय के आदेश के बावजूद पुलिस द्वारा कब्जा दखल नहीं कराने का प्रार्थना पत्र दिया। वही संपूर्ण समाधान दिवस में वार्ड नं 9 के सभासद वैभव मिश्रा ने 48 लाभार्थियों को आवास आवंटन के मामले में पत्रक दिया। बीकापुर गांव के शेरपुर बस्ती की प्यारी देवी विमला देवी और मालती देवी ने पात्रता की सूची में होने के बावजूद ग्राम प्रधान द्वारा शौचालय योजना का लाभ नहीं देने की शिकायत की। जिस पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को मामले की जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। तहसील दिवस के उपरांत एक दर्जन बुजुर्ग महिलाओं को कंबल का वितरण किया। संपूर्ण समाधान दिवस में एसपी अंकुर अग्रवाल, डीएफओ दिनेश सिंह, सीएमओ वाई के राय, एसओसी रविंद्र कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी ज्वाला प्रसाद, पुलिस क्षेत्राधिकारी रघुराज, तहसीलदार विकास धर दुबे, रेंजर योगेश कुमार, विनोद पांडेय, पीआर रावत, बीडीओ रविंद्र प्रताप सिंह यादव, राकेश बहादुर मौजूद रहे।


चकिया में समाधान दिवस के दौरान कंबल वितरित करती डीएम व एसपी।

## चोरों ने मंदिर से चांदी का मुकुट व नकदी चुराया

**बबुरी।** स्थानीय पुलिस की सुस्ती के चलते इन दिनों क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। चोरों ने शुक्रवार की रात दूदे गांव स्थित परी माता मंदिर का ताला चटका कर लगभग आधा किलो चांदी का मुकुट सहित दानपात्र से हजारों रुपए साफ कर दिया। हौसला बुलंद चोरों ने पुलिस की नाक के नीचे से थाने से मात्र 1 किलोमीटर दूर स्थित मंदिर से हजारों रुपए मूल्य का मुकुट तथा दानपात्र का पैसा उड़ा कर पुलिस को चुनौती दे दी है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के बाद भी चोर पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि घटना हो जाने के बाद बबुरी पुलिस चोरियों की गणना करने में लगी है। एक सप्ताह के अंदर यह दूसरी वारदात है। चोरी की बढ़ती वारदात को लेकर पुलिस के प्रति लोगों में रोष पनप रहा है। लोगों का कहना है कि बबुरी में थाने के अलावा पुलिस चौकियां बढ़ जाने, नए इंस्पेक्टर राजेश सरोज के आने के बाद उन्हें उम्मीद थी कि अब क्षेत्र में अपराध पर काफी हद तक लगाम लग पाएगी, लेकिन इससे उलट पुलिस बाइक चोरी, उचक्का गिरी मंदिर में चोरी जैसी घटनाओं को भी नहीं रोक पा रही है। इससे क्षेत्र में आए दिन एक के बाद एक चोरी की घटनाएं हो रही हैं।

# गंगा में डूबे युवक का आठवें दिन भी नहीं चला पता

**जनसंदेश न्यूज**

**टांडा कला।** बलुआ थाना क्षेत्र के चहनियां (खण्डवारी) के रहने वाले 21 वर्षीय युवक नीतीश रस्तोगी के गंगा में डूबने के बाद आठवें दिन भी पता नहीं चल पाया। वह 10 दिसम्बर को मार्कण्डेय महादेव अपने दो दोस्तों के साथ दर्शन करने गया था। शनिवार को भी पुलिस, परिजन व ग्रामीण नाव से चोचकपुर घाट से जमनियां तक देर शाम तक तलाश किया। परिजनों का रोकर बुरा हाल है। वही रात्रि में व्यापार मण्डल के लोग थाने पर पहुंचकर एनडीआरएफ टीम बुलाने की मांग किया। चहनियां (खण्डवारी) के रहने वाले सुनील रस्तोगी का भतीजा नीतीश रस्तोगी 10 दिसम्बर को चहनियां में एक मिष्ठान की दुकान पर काम करने वाले प्रिंस खरवार उर्फ गोलू व प्रिंस कुमार ग्राम प्रभुपुर के साथ शनिवार को बाइक से मार्कण्डेय महादेव स्नान व दर्शन पूजन को गये थे।

तीन दिनों तक परिजन रिश्तेदार व सगे सम्बन्धियों के यहां पता किये। काफी तलाश के बाद थकहार कर मंगलवार को बलुआ थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट चाचा सुनील रस्तोगी ने दर्ज कराने के बाद लगातार खोजबीन जारी है। गुरुवार व शुक्रवार को भी पूरे दिन टाण्डा कला, मार्कण्डेय घाट से लेकर सैदपुर, नगवा, चोचकपुर घाट के करीब तक नाव से पुलिस, परिजन व कस्बा के लोग देर रात तक तलाश किया। शुक्रवार की जमनिया गाजीपुर घाट तक पुलिस व ग्रामीणों ने शव की खोजबीन किया। उसी देर शाम को ब्यापार मण्डल अध्यक्ष भानू प्रताप यादव के नेतृत्व में दर्जनों लोग बलुआ थाने पर पहुंचकर एनडीआरएफ टीम से शव को तलाश करने की मांग किया। जिस पर बलुआ इंस्पेक्टर विनय प्रकाश सिंह ने तत्काल अधिकारियो को रिपोर्ट प्रेषित किया।

### सूर्यमुनी तिवारी ने दिया हर संभव मदद का भरोसा

**चहनियां।** भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी ने कहा कि यह घटना दुखद घटना है मेरी संवेदना परिजनों के साथ है। प्रदेश में ऐसी घटनाओं के प्रति भाजपा सरकार संवेदनशील है जहां भी ऐसी घटनाएं हो रही है सरकार पूरी ईमानदारी से पीड़ित परिजनों के मदद का काम कर रही है। हम सभी पीड़ित परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर संभव मदद करेंगे। इस घटना के बाद जो भी मदद परिजनों को मिलने वाला है उसके लिए जिला प्रशासन व तहसील प्रशासन पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है। तत्काल मौके पर जिलाधिकारी से वार्ता करके भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी ने एनडीआरएफ टीम को बुलाया। इस मौके पर अशोक मिश्रा, लल्ला सिंह, राणा सिंह, अजय सिंह, सतीश कुमार, मखचू तिवारी एवं इत्यादि लोग रहे।


खंडवारी में पीड़ित परिजन से मुलाकात करते भाजपा नेता सूर्यमुनि तिवारी।

# स्पोर्ट्स

### देहरादूनः 8वीं अंतर विभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आगाज

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को देहरादून में 8वीं अंतर विभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। सीएम धामी ने कहा कि जब हम साथ में खेलते हैं तो हमें एक दूसरे को समझने का समय मिलता है। हमारे बीच बने संबंध हमें हमारे आने वाले कार्य क्षेत्र में मदद करते हैं। बता दें कि प्रतियोगिता उत्तराखंड सचिवालय बैडमिंटन क्लब द्वारा आयोजित की गई है। परेड ग्राउंड के बैडमिंटन हाल में शुरू हुई इस प्रतियोगिता का समापन 19 दिसंबर को होगा। प्रतियोगिता में प्रदेश से 25 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। इस अवसर पर मेयर सुनील उनियाल गामा, क्लब के अध्यक्ष पन्ना लाल शुक्ल, उपाध्यक्ष महावीर सिंह चौहान, प्रमोद कुमार, एस एस सजवान, नरेन्द सिंह आदि मौजूद रहे।



# आज तय होगा चटगांव टेस्ट का विजेता

## भारत और बांग्लादेश के बीच चटगांव में दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला रोमांचक हो गया

**चटगांव।** भारत और बांग्लादेश के बीच चटगांव में दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला रोमांचक हो गया है। मैच के चौथे दिन दूसरी पारी में मेजबान टीम के 6 विकेट गिराकर अपनी टीम ने पकड़ मजबूत कर ली थी। भारत जीत से 4 विकेट दूर है। 514 रन के टारगेट का पीछा करते हुए चौथे दिन का खेल खत्म होने तक बांग्लादेश ने 6 विकेट के नुकसान पर 272 रन बना लिए हैं। बांग्लादेश को आखिरी दिन जीत के लिए 241 रन की दरकार है। बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन चौथे दिन का खेल खत्म होने पर 40 रन पर नाबाद लौटे। दूसरे छोर पर मेहदी हसन मिराज हैं। इसके पहले चौथे दिन बांग्लादेश ने शुक्रवार के 42 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। बांग्लादेश के दोनों

### भारत जीत से 4 विकेट दूर

ही ओपनर जाकिर हसन और नजमुल हुसैन ने शानदार बल्लेबाजी की और बांग्लादेश की पारी के 16वें ओवर में ही 50 रन पूरे कर लिए। लंच से पहले ही दोनों बल्लेबाजों ने अपने-अपने अर्धशतक पूरे कर बांग्लादेश के स्कोर को भी 100 के पार पहुंचा दिया। भारत को पहली सफलता 124 रन के स्कोर पर मिली। जब उमेश यादव की गेंद को थर्डमैन की तरफ खेलने की चक्कर में नजमुल हुसैन विकेट के पीछे कैच आउट हो गए। शान्तो 67 रन बनाकर आउट हुए।

सलामी जोड़ी टूटने के बाद भारतीय टीम ने मैच में बेहतर वापसी कर





बांग्लादेश को बैकफुट पर धकेल दिया। इसमें अक्षर पेटल और कुलदीप यादव का अहम योगदान रहा। इन दोनों ने मिलकर बांग्लादेश के मिडिल ऑर्डर को तोड़ दिया। भारत को दूसरी सफलता अक्षर पटेल ने यासिर अली को आउट कर दिलाई। इसके बाद लिटन दास और जाकिर हसन ने तीसरे विकेट के लिए 42 रन जोड़े। लिटन दास को आउट कर कुलदीप यादव ने बांग्लादेश को तीसरा झटका दिया। इसके बाद अश्विन ने दूसरा छोर संभाले खड़े हसन को शतक बनाने के तुरंत बाद आउट कर दिया।

उन्होंने 224 गेंद पर 13 चौके और एक छक्के की मदद से 101 रन बनाए। हसन ने अपने डेब्यू टेस्ट पर शतक ठोका। अक्षर ने फिर मुश्फिकुर रहीम को 23 रन के स्कोर पर आउट कर बांग्लादेश को पांचवां झटका दिया। इसी ओवर में उन्होंने विकेटकीपर बैटर नुरुल हसन को भी अपना शिकार बनाया। हालांकि इसके बाद कप्तान शाकिब अल हसन और मेहदी हसन मिराज ने बाकी बचे 14 ओवर में बांग्लादेश को एक भी झटका नहीं लगने दिया। शाकिब 40 और मिराज 9 रन पर नाबाद लौटे। बांग्लादेश को पांचवें दिन जीत के लिए 241 रन की दरकार होगी और उसके 4 विकेट बाकी हैं। भारत की ओर से अक्षर पटेल ने 50 रन देकर 3 विकेट लिए। कुलदीप यादव आर अश्विन और उमेश यादव को 1-1 विकेट मिले।

## रिजवान ने पाकिस्तान सुपर लीग को आईपीएल से बड़ा टूनार्मेंट बताया



**कराची।** पाकिस्तानी विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने कहा कि पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टूनार्मेंट से बड़ा है। रिजवान ने कहा हम कहते थे कि आईपीएल है अब अगर आप उन खिलाड़ियों से पूछते हैं जो यहां खेलकर वापस जाते हैं तब वे कह रहे हैं कि दुनिया की सबसे मुश्किल लीग जो है वहां है पाकिस्तान की क्योंकि इसमें कोई अगर रिजर्व खिलाड़ी भी होता है तब इंटरनेशनल स्तर पर बाहर बैठा हुआ होता है बेंच पर। इसके अलावा मुल्तान सुल्तांस के कप्तान रिजवान ने दुनिया भर में अपना नाम बनाने के लिए पाकिस्तान स्थित टी20 लीग की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा जाहिर है हर कोई जानता है कि पीएसएल ने पूरी दुनिया को चौंका दिया है। शुरूआत में कहा गया था कि यह कामयाब नहीं हो पाएगा और चीजें अलग नहीं होंगी। एक खिलाड़ी के रूप में हमने यह भी महसूस किया कि इसने दुनिया भर में अपना नाम बनाया हैं। बता दें कि पीएसएल में 6 टीमें खेलती हैं जबकि आईपीएल में 10 टीमें शामिल हैं। जबकि केएल राहुल (आईएनआर 17 करोड़) पिछले साल आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी थे तब वहीं बाबर आजम (पीकेआर 2.3 करोड़) और कीरोन पोलार्ड पिछले सीजन में पाकिस्तान सुपर लीग के सबसे महंगे खिलाड़ी थे।

## भारत से छिन सकती है वनडे वर्ल्ड कप 2023 की मेजबानी

### टैक्स विवाद को लेकर इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड आमने-सामने

**नई दिल्ली।** साल 2023 में वनडे वर्ल्ड कप वर्ल्ड कप भारत में होना है, लेकिन आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 की मेजबानी भारत से छीन सकती है। टैक्स विवाद को लेकर इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड आमने-सामने हैं। आईसीसी ने बीसीसीआई को सख्त हिदायत दी है कि वह जल्द से जल्द विवादित मुद्दों का हल निकाले, अगर वे ऐसा नहीं कर पाते हैं तो आईसीसी वर्ल्ड कप को भारत से बाहर स्थानांतरित कर सकता है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, साल 2016 में जब भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप होस्ट किया था, तब भी आईसीसी और बीसीसीआई के बीच यह विवाद आया था। उस वक्त बीसीसीआई भारत सरकार से यह




### मुश्किल में बीसीसीआई

छूट नहीं दिला पाया था और अंत में उसे आईसीसी को उसके शेयर के 190 करोड़ रुपये देने पड़े थे। वही स्थिति दोबारा उत्पन्न हुई है। अगर बीसीसीआई भारत सरकार को वर्ल्ड कप 2023 के लिए कर छूट के लिए राजी नहीं कर पाता है, तो बोर्ड को 900 करोड़ रुपये का नुकसान हो सकता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड भी तनावपूर्ण राजनयिक संबंधों के कारण आईसीसी पर दबाव बना रहा है और लगातार बीसीसीआई पर निशाना साध रहा है। अगर पाकिस्तान वास्तव में वर्ल्ड कप 2023 का बहिष्कार करता है, तो यह आईसीसी और बीसीसीआई दोनों के लिए अपमानजनक होगा इससे आईसीसी को सबसे ज्यादा नुकसान होगा क्योंकि वह भारत बनाम पाकिस्तान मैच गंवा देगी। पीसीबी प्रमुख रमीज राजा ने कहा था, 'हमारी स्थिति स्पष्ट है कि अगर वे एशिया कप खेलेने आते हैं तो हम वर्ल्ड कप में जाएंगे, अगर वे नहीं आते हैं तो उन्हें ऐसा करने दें। उन्हें पाकिस्तान के बिना खेलने दो। अगर पाकिस्तान अगले साल भारत में होने वाले वर्ल्ड कप में भाग नहीं लेता है, तो इसे कौन देखेगा?' एजेंसी

## बॉलीवुड न्यूज

### अल्लू अर्जुन की ब्लॉकबस्टर पुष्पा के एक साल पूरे



**मुंबई।** अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर पुष्पाः द राइज ने आज अपनी पथ-प्रदर्शक सफलता के साथ एक साल पूरा कर लिया है। और इसमें जरा भी शक नहीं है कि अल्लू अर्जुन स्टारर यह फिल्म हाल के दिनों में सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर है। पुष्पा के राउडी अवतार से लेकर उनके हावभाव और तौर-तरीके तक, पुष्पा ने फिल्म में जो कुछ भी किया, प्रशंसकों उसे कॉपी करते दिखें, बच्चों तक पर इस फिल्म का खूब क्रेज देखा गया और अब जब फिल्म को एक साल पूरा हो गया है, तो कहना गलत नही होगा कि निर्माताओं के लिए ये एक शानदार सफर रहा है, फिल्म स्क्रैच से शुरू करने से लेकर बड़े पर्दे पर रिलीज होने और इसके एक आइकोनिक फिल्म बनने तक, हर तरफ से दर्शकों ने फिल्म पर अपना जबरदस्त प्यार लुटाया। इस तरह से इस फिल्म ने न केवल भारत को महामारी के बाद की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्म दी, बल्कि इसने अल्लू अर्जुन के फैनडम को भी आसमान पर पहुंचा दिया और उन्हें भारत का सबसे बड़ा स्टार बनाने के साथ सफलता की एक बेहतरीन कहानी लिखी। पुष्पाः द राइज के एक साल पूरे होने के साथ फिल्म ने एक विरासत बनाई है जो आने वाले समय में और बढ़ेगी। ऐसे में सोशल मीडिया पर, पुष्पाः द राइज के निर्माताओं ने एक पोस्टर साझा किया है जिसमें इस वर्ष फिल्म की सभी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया है। आज, पुष्पाः द राइज ग्लोबल लेवर पर सिनेमाघरों में छाई हुई है। हाल ही में, फिल्म का प्रीमियर 8 दिसंबर को रूसी बाजार में हुआ और दर्शकों से इसे शानदार प्रतिक्रिया मिली। ऐसे में जहां पुष्पाः द राइज का क्रेज पूरे देश में छा गया है, वहीं फैन्स फिल्म से जुड़ी हर अपडेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं क्योंकि टीम पुष्पाः द रूल के लिए भी कमर कस रही है। सुकुमार द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में हैं।

## नाबालिग छात्राओं से अश्लीलता करने के आरोप में शिक्षक निलंबित

**चकिया।** कंपोजिट विद्यालय पचवनिया पर तैनात शिक्षक रामअवतार पांडेय ने गुरु-शिष्य जैसे पवित्र रिश्ते को कलंकित किया है। विद्यालय की छात्राओं ने शिक्षक पर अश्लील हरकत करने का गंभीर आरोप लगाया। शुक्रवार को विद्यालय पर हुए हंगामे के बाद मामला पटल पर आया तो बेसिक शिक्षा विभाग हांफता नजर आया। आनन-फानन में आरोपी शिक्षक को सस्पेंड करने की कार्यवाही कर दी गयी है। फिलहाल इस मामले में बेसिक शिक्षा विभाग आरोपी अध्यापक के खिलाफ किसी भी प्रकार की कानूनी कार्यवाही करने से बचता नजर आ रहा है।

वहीं छात्राओं के परिजन व ग्रामीण शिक्षक के खिलाफ कार्यवाही व उसके तबादले की मांग करते हुए नजर आए। बताते हैं कि शिक्षक रामअवतार पांडेय

**कार्रवाई**

### पचवनिया विद्यालय पर शुक्रवार को हंगामे के बाद पटल पर आया मामला

चकिया विकास खंड क्षेत्र स्थित कंपोजिट विद्यालय पचवनिया पर बतौर सहायक अध्यापक तैनात है। वह विद्यालय में कक्षा-7वीं में विज्ञान के टीचर है। उन पर कक्षा-7 की छात्राओं को जबरन यहां-वहां छूने और विरोध करने पर मारने-पीटने की धमकी देने का आरोप है। छात्राओं ने शिक्षक के इस व्यवहार के बारे में परिजनों को बताया। मामला जब काफी बढ़ गया तो शुक्रवार को छात्राओं ने विद्यालय में हंगामा शुरू कर दिया। प्रधानाध्यापक राकेश सिंह से मिलकर आरोपी शिक्षक को विद्यालय से हटाने की मांग करने लगे। हंगामे की जानकारी के बाद बच्चियों के परिजन भी स्कूल पर पहुंच गए। मामले ने तूल पकड़ लिया। एक-एक कर कई छात्राओं ने आरोपी शिक्षक की करतूत को प्रधानाध्यापक के समक्ष रखी। मामले की गंभीरता व संवेदनशीलता को देखते हुए प्रधानाध्यापक द्वारा प्रकरण को बीईओ व बीएसए के समक्ष रखा गया। बीईओ की संस्तुति पर बीएसए ने शिक्षक को सस्पेंड करने की कार्यवाही की। वहीं ग्रामीणों की सूचना पर चकिया कोतवाली पुलिस भी विद्यालय पहुंच गयी। प्रधानाध्यापक राकेश सिंह ने बताया कि पूर्व में भी शिक्षक रामअवतार पाण्डेय पर इसी मामले में कार्यवाही हो चुकी है। कोतवाल मुकेश कुमार ने बताया कि आरोपी शिक्षक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### गौरैया के अवैध कारोबार पर रोक लगाने पर डीएम ने किया मंथन

**चंदौली।** जिले में हो रहे गौरैया के अवैध कारोबार को रोक लगाने के संदर्भ में जिलाधिकारी से वीवंडर फाउंडेशन की टीम ने किया मुलाकात। पर्यावरण संरक्षण तथा प्रकृति के संतुलन में पक्षियों के संरक्षण एवं संवर्धन के संदर्भ में चंदौली के जिलाधिकारी ईशा दुहन से वीवंडर फाउंडेशन की टीम ने मुलाकात किया। इस मुलाकात के दौरान संस्था के अध्यक्ष गोपाल कुमार ने पूरे चंदौली जिले में हो रहे दुर्लभ पक्षी जैसे गौरैया, तीतर, बटेर के अवैध कारोबार को बंद कराने हेतु वार्ता किया एवं इस कार्य को बंद कराने हेतु प्रशासन से अपील किया। इस दौरान गोपाल कुमार ने वीवंडर फाउंडेशन द्वारा पिछले 5 वर्षों से किए जा रहे गौरैया बचाओ अभियान की विस्तृत वार्ता की। इस दौरान जिलाधिकारी ईशा दुहन ने पूरा आश्वासन दिया कि इस अवैध कारोबार को बंद कराने के लिए पूरा प्रयास किया जाएगा। इस दौरान संस्था की तरफ से गौरैया का घोंसला और गमला ईशा दुहन को भेंट किया गया।

## योगासन के अंतिम दिन नित्य योग करने की दिलायी शपथ



**चहनियां।** क्षेत्र के मथेला स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय योग संस्थान द्वारा 15 दिन चले योग शिविर में नित्य योग करने की शपथ दिलायी। वहीं सेतुबंध, विपरीत करणी, मयूर,मकरा आदि योगा के बारे में बताया गया। योगा अध्यापक ट्रेनर जिलेदार प्रसाद ने बताया कि सेतुबंध आसन, विपरीत करणी आसन, मयूरासन, मकरा आसन, आबिसार प्राणायाम, जीवनी प्राणायाम, विष्णु आसन, शव आसन, नटराज आसन, चन्द्र नमस्कार, मेरु आसन से अन्य कई प्रकार के लाभ है। शरीर तनाव मुक्त रहता है। गरुण आसन से सहन शक्ति बरकरार रहती है। सेतु बंध आसन से कमर, पीठ तनाव को मुक्त करता है। मेरु आसन से पैर का तनाव कम होता है। भस्तिका कपालभाति प्राणायाम प्रतिदिन करने से हमारे शरीर का हीमोग्लोबिन पाचन तंत्र मजबूत रहता है। इस दौरान योग संस्थान के अन्य अध्यापक अंकित विश्वकर्मा, सुजीत कुमार, पवन शर्मा, प्रभात, अनुपम, मंजू विश्वकर्मा, शालू, रेनु, अनुराग पाण्डेय, सुमन पाण्डेय, राजकुमार, अजय आदि लोग उपस्थित थे।

## संक्षेप

### राज्यसभा सांसद कोटे से लगा हाईमास्ट लाइट



हाईमास्ट लगने के बाद पूजन अर्चन करते भाजपा के लोग।

**चहनियां।** कस्बा में राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह के कोटे से तीन हाईमास्ट लगाया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में भाजपाजनों ने पूजन अर्चन कर लाइट शुरू कराया। इस दौरान योगेंद्र मिश्रा ने कहा कि भाजपा सरकार का उद्देश्य है कि हर शहर, कस्बा, गांवों की गलियों को गुलजार किया जाएगा। इस उद्देश्य से कस्बा व क्षेत्र के बाजारों में कई हाईमास्ट लाइट केंद्रीय मंत्री डा.महेंद्र नाथ पाण्डेय के निधि से भी लगा है। राज्य सभा संसद सदस्य दर्शना सिंह के निधि से तीन लाइट लगाया गया है। कहा कि सरकार द्वारा विकास कराया जा रहा है जो प्रदेश में दिख रहा है। इस दौरान पूर्व मण्डल अध्यक्ष आनन्द सिंह, गोपाल गुप्ता, शिवलाल जायसवाल, जयशंकर जायसवाल, मनोज गुप्ता, राजू विश्वकर्मा, अरबिंद गुप्ता, प्यारे लाल चौहान आदि उपस्थित थे।

### खेल जीवन के लिए सर्वोत्तम औषधिः डॉ. रणधीर सिंह



**चहनियां।** श्री खंडेश्वरी स्वामी शिक्षण संस्थान कैलावर में शनिवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ रणधीर सिंह, विशिष्ट अतिथि रजनीश पांडेय के साथ श्वेतांक मिश्रा मौजूद रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि डा. रणधीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि खेल जीवन की सर्वोत्तम औषधि है जो किसी प्रकार की बीमारी या रोग में प्रभावी ढंग से राहत दिलाने में सहायक है। खेल का कोई साइड इफेक्ट नहीं है विभिन्न प्रकार के मनोरोगियों को खेल के माध्यम से उनके तनाव, दबाव, कुंठा तथा चिंता को दूर किया जा सकता है। खेल न सिर्फ मनोरंजन का साधन है बल्कि इसे व्यवसाय के रूप में भी छात्र-छात्राएं अपना सकते हैं। खेलों के माध्यम से बालकों के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। छात्र-छात्राओं में नेतृत्व की भावना का विकास होता है एवं उनका आत्मविश्वास निरंतर बढ़ता जाता है। कार्यक्रम के आरंभ में महाविद्यालय के प्रबंधक अनिल कुमार यादव ने मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट किया। कार्यक्रम में रामजन्म यादव, इंद्रजीत यादव अजीत, विकास यादव, प्रभात यादव, संजय यादव आदि उपस्थित रहे।

## लक्ष्य पाने को मछली की तरह छटपटाहट होनी चाहिए :आचार्य शांतनु

**करंजाकला।** मां दुर्गा जी सीनियर सेकंडरी विद्यालय सिद्दीकपुर में विद्यालय के छात्र छात्राओं को उपदेश देने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें प्रख्यात कथावाचक आचार्य शांतनु महाराज ने विद्यार्थियों को धर्म, संस्कृति, संस्कार पर करीब एक घंटे तक उपदेश दिया। उन्होंने कार्यशाला में छात्र-छात्राओं के अनेक प्रश्नों का जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत करने का प्रयास किया। विद्यार्थियों से कहाकि माता-पिता व गुरु की आज्ञा का पालन ही आपका धर्म है और उस धर्म को पूर्ण करने के लिए जो भी कार्य आप करते हैं वही आपका कर्म है। उन्होंने कहाकि आपको सफल नहीं सार्थक बनने का प्रयास करना चाहिए। कक्षा नौ से बारह तक के छात्र-छात्राओं से कहाकि चौदह से इक्कीस वर्ष की किशोरावस्था जीवन के सबसे निर्णायक व महत्वपूर्ण वर्ष होते है। इसी अवस्था में अगर आपने सही राह चुन ली तो जीवन में सफलता निश्चित है पर आपको जीवन में सफल नहीं होना है, बल्कि सार्थक बनना है। अपने लक्ष्य को पाने के लिए आपको हर समय जल के बाहर निकली मछली की भाँति छटपटाना चाहिए तभी जो सोचेंगे उस से ज्यादा ही पायेंगे। अंत में उन्होंने ने कहाकि किसी मंदिर में भगवान है या नहीं इसका मेरे पास कोई प्रमाण नहीं है किंतु आपके घर में जो माता-पिता है, जो आपके गुरु हैं वह निश्चित ही भगवान स्वरूप है इसलिए कभी भी इनका अनादर नहीं करना चाहिए। कायक्रम की शुरूआत में आचार्य शान्तनु का विद्यालय के प्रबंधक सूर्य प्रकाश सिंह व निदेशक सूर्यांश प्रकाश सिंह ने अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक सिंह, केएन सिंह, सुनील मौर्य, पीडी सिंह, अजीत सिंह व समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### पूर्व क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक विनोद चौधरी का हुआ स्वागत

**बीजपुर।** एनटीपीसी के पूर्व क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक विनोद चौधरी के रिहन्दनगर आगमन पर शनिवार को स्वागत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला बौद्धिक प्रमुख अनिल त्रिपाठी ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट किया। विनोद चौधरी एनटीपीसी के कोलडैम, ऊंचाहार एवं बाढ़ प्रोजेक्ट में परियोजना प्रमुख के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर चुके हैं। चौधरी लंबे समय तक एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक के रूप में रायपुर में रहे और अवकाश प्राप्त करने के उपरांत विभिन्न ऊर्जा संयंत्रों के लिए कार्य कर रहे हैं। अनिल त्रिपाठी ने बताया कि उनकी सादगी और सरलता बेमिसाल है। वे राष्ट्रप्रेम की भावना से ओत-प्रोत हैं। शशांक मिश्र ने बताया कि उनकी गिनती देश के ऊर्जा क्षेत्र के प्रमुख इंजीनियरों में होती रही है। ऊर्जांचल के विकास में भी चौधरी महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इस अवसर पर संदीप गुप्ता, चन्दन गुप्ता, आनन्द गुप्ता, संतोष गुप्ता, सुशील सोनी के साथ समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## धान खरीद में दिखाएं निष्पक्षता व पारदर्शिताः जिलाधिकारी

**चंदौली।** जिलाधिकारी ईशा दुहन द्वारा राजकीय धान क्रय केंद्र चकिया उपमंडी (ब) का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने धान की बिक्री करने आए किसान जलालुद्दीन ग्राम केराडीह, दूसरे किसान लल्लू ग्राम इसहुल से वार्ता की। उन्होंने किसानों से पूछा कि उन्हें केंद्र पर किसी प्रकार की परेशानी तो नहीं हो रही है। साथ ही टोकन आदि के नाम पर बार-बार क्रय केन्द्र पर चक्कर तो लगाने नही पड़ रहे, रुपये की मांग तो नहीं की जा रही। जिस पर किसानों ने सही प्रकार से तौल होने और किसी प्रकार की समस्या नहीं करने की जानकारी जिलाधिकारी को दी। इस दौरान जिलाधिकारी ने क्रय केंद्र प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

साथ ही निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने धान क्रय केन्द्र पर विक्रय के लिए लाये गये धान की गुणवत्ता को देखा। जिलाधिकारी के



धान खरीद केंद्र का जायजा लेती डीएम ईशा दुहन।

निरीक्षण में राजकीय क्रय केन्द्र पर अधिकांश सब कुछ उन्हें ठीक मिला। जिलाधिकारी ने बोरे की उपलब्धता, पेयजल व्यवस्था, पावर डस्टर, काटा, नमी मापक यंत्र सहित समस्त मूलभूत सुविधाएं निरंतर उपलब्ध रखने हेतु क्रय केंद्र प्रभारी को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों से धान क्रय पूरी पारदर्शिता के साथ करें, जिन किसानों ने टोकन के लिए नंबर लगाए हैं उनसे वार्ता कर धान खरीद सुनिश्चित की जाए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अंकुर अग्रवाल, उप जिलाधिकारी चकिया, तहसीलदार, क्षेत्राधिकारी उपस्थित रहे।

# जनसेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं : प्रो. निर्मला एस. मौर्य

**नेक कार्य**

### कंबल पाते ही लाभार्थियों के चेहरे पर आई मुस्कान

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर के निमार्णाधीन इंडोर स्टेडियम में कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने शनिवार को जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किया। उन्होंने करीब 150 लोगों को ठंड में उपहार स्वरूप कंबल दिए। ठंड में कंबल पाते ही लाभार्थियों के चेहरे पर मुस्कान आ गई। सभी ने दुआओं से कुलपति को अभिसिंचित किया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि ठण्ड क्या होती है ये कोई उनसे पूछे जो सर्द रातों में खुले आसमान के नीचे किसी तरह अपने बदन को सिकोड़कर रात गुजारने को मजबूर होते हैं। ऐसी स्थिति में यदि ऐसे मजलूम लोगों को कोई भी गर्म कपड़े मिल जाए तो उनके मुंह से दुआओं की बारिश होना लाजिमी है। उन्होंने कहा कि जनसेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। कड़ाके की ठंड में जहां हम उन्हें गर्म कपड़े देकर ठंड से राहत दिलाने का प्रयास करते हैं वहीं इन लाभार्थियों के आशीर्वाद और दुआओं की गर्मी से हम भी सुरक्षित रहते हैं। पूर्वांचल विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डा. विजय सिंह ने कहा कि कुलपति और इनके परिवार के लोगों का संस्कार ही सेवा और गरीबों की मदद करना है। शायद इसी के कारण जबसे आप विश्वविद्यालय में आई हैं विश्वविद्यालय हर क्षेत्र में विकास कर रहा है। सहायक कुलसचिव बबिता सिंह ने कहा कि कुलपति के कार्यकाल में कोई भी गरीब और छोटे तबके के लोगों की समस्याओं का तुरंत समाधान होता है। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा भगवान की सेवा होती है। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक सिंह और आभार धर्मेंद्र सिंह ने किया।

मौके पर शिक्षक संघ के महामंत्री डा. राहुल सिंह, डा. सुनील कुमार, डा. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, डा. श्याम कन्हैया सिंह, इंजीनियर एमके चतुर्वेदी, लोकेश चौरसिया, रघुनंदन यादव, पंकज सिंह आदि उपस्थित थे।

# पीएचडी शोध के लिए आवेदन की तिथि 5 जनवरी तक बढ़ी

## अभ्यर्थी शोध केंद्र पर ही आवेदन पत्र जमा करें

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर एवं संबद्ध महाविद्यालयों में पीएचडी शोध 2022 के अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र जमा करने की तिथि 15 दिसंबर से बढ़ाकर 5 जनवरी 2023 तक कर दी गई है। अभ्यर्थी समस्त निर्धारित प्रपत्रों की छाया प्रति के साथ संस्थानों से संबंधित विभागों में व्यक्तिगत रूप से या रजिस्टर्ड डाक से आवेदन पत्र शोध केंद्र पर ही जमा करेंगे।

शोध प्रवेश परीक्षा के निदेशक प्रोफेसर रमेश मणि त्रिपाठी कहा कि विश्वविद्यालय परिसर एवं संबंधित महाविद्यालयों द्वारा 6 जनवरी से 20 जनवरी 2023 तक अपने स्तर पर साक्षात्कार की प्रक्रिया डीआरसी द्वारा संपन्न करा दी जाए। इसके बाद विभागाध्यक्ष/ प्राचार्य अपने माध्यम से (अंशकालीन/ पूर्णकालिक पीएचडी) समस्त प्रपत्र सहित शोध प्रस्ताव विश्वविद्यालय में 21 जनवरी से 27 जनवरी 2023 तक कुलसचिव कार्यालय को प्रेषित करेंगे। संस्थानों में विभागवार गठित डीआरसी अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर अपनी संस्तुति विश्वविद्यालय में संबंधित विषय की आरडीसी (शोध उपाधि समिति) को अग्रसारित करेगी। इसके साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा 28 जनवरी से 7 फरवरी 2023 तक आरडीसी की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। डा. मनीष कुमार गुप्ता ने बताया कि शोधार्थियों को प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय द्वारा शोध पत्र निर्गत किया जाएगा। समस्त संकाय अध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, प्राचार्य, शोध निर्देशक केवल विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुसार अभ्यर्थी का चयन करेंगे। सहायक कुलसचिव शैक्षणिक बबिता सिंह ने कहा कि वाह्य विशेषज्ञों की सूची विश्वविद्यालय द्वारा तैयार करके वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी। जिन शिक्षकों की सेवा एक वर्ष से कम है या वह सत्र लाभ पर चल रहे हैं वह प्रवेश नहीं ले सकेंगे। इसके साथ ही आरक्षण के नियमों का विश्वविद्यालय के रोस्टर के अनुसार कड़ाई से पालन भी करना होगा।

# प्रयागराज जा रही स्कूली बस पलटी, दो की मौत, 11 घायल



अपने बच्चों का हाल जानने को परेशान लोग



पलटी बस



मृतक छात्र के बिलखते परिजन

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** सुरेरी क्षेत्र के परमालपुर गांव स्थित श्रीमती कांति देवी जनता विद्यालय परमालपुर भरथीपुर के अध्यापक छात्रों को पिकनिक पर लेकर प्रयागराज व प्रतापगढ़ जा रहे थे कि बस हादसे का शिकार हो गई।

शनिवार की सुबह करीब 9 बजे प्रयागराज जिले के हंडिया थाना क्षेत्र के सैदाबाद भेस्की इलाके में हाईवे पर एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में छात्रों से भरी बस पलट गई, जिसमें दो छात्रों की मौत हो गई, जबकि करीब दर्जन भर अन्य छात्र घायल हो गये।

तत्काल सभी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जिसमें घायल दो छात्रों की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार टूर बस प्रतापगढ़ के लिए शनिवार की सुबह विद्यालय से लगभग सात बजे रवाना हुई। बस जैसे ही हंडिया कोतवाली के सैदाबाद के भेस्की गांव के समीप पहुंची ही थी कि एक मोटर साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में छात्रों से भरी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को बस से निकालना शुरू कर घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को भी दी।

वहीं मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस द्वारा सभी घायलों को उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर चिकित्सकों ने दो छात्र अनुराग उर्फ अनुपम 17 वर्ष व अंकित यादव 15 वर्ष के मौत होने की पुष्टि कर दी। वही गंभीर रूप से घायल छात्र छात्राओं का उपचार चल रहा है। दुर्घटना के बाद घटना की सूचना अध्यापकों व छात्रों द्वारा अपने अपने अभिभावकों को दी गई। सूचना लगते ही क्षेत्र में कोहराम मच गया।

वहीं मौत की सूचना मिलने पर मृतकों के परिवार में भी कोहराम मच गया। स्थानीय पुलिस मृतक के घर पर पहुंचकर घटना की सूचना दी। सूचना पर छात्र छात्राओं के परिजन भी घटनास्थल की तरफ निकल पड़े और अपने अपने बच्चों के सुरक्षा के लिए काफी परेशान दिखे।

## बाइक व ट्रक की टक्कर में एक की मौत, दूसरा घायल



मृत युवक की फाइल फोटो

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय नगर के मिश्राना मोहल्ला स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास शनिवार की शाम 3 बजे बाइक व ट्रक की टक्कर में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया जिसको जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के सराय कालीदास निवासी रक्षित यादव पुत्र रामसेवक यादव 21 वर्ष अपने साथी ऋषभ यादव पुत्र दिलीप कुमार यादव के साथ बाजार से टूल्लू बनवा कर घर वापस जा रहा था। वह जैसे ही उक्त स्थान पर पहुंचा कि विपरीत दिशा से आ रही ट्रक से आमने सामने टक्कर हो गयी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा जहां पर डॉक्टरो ने रक्षित यादव को मृत घोषित कर दिया।

गंभीर रूप से घायल ऋषभ को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

# चुप्पी तोड़ो, खुलकर बोलो : रमेश चंद्र सिंह

**कार्यक्रम**

### पीजी कॉलेज समोधपुर में एक दिवसीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन





संगोष्ठी को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि

**जौनपुर।** गांधी स्मारक पीजी कॉलेज समोधपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में शनिवार को लैंगिक असमानता एवं महिला सशक्तिकरण विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रो. रमेश चंद्र सिंह ने समाज में महिलाओं के साथ विभिन्न प्रकार से हो रहे भेदभाव और उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने के लिए एकजुट होने की जरूरत। उन्होंने छात्राओं से 'चुप्पी तोड़ो, खुल कर बोलो' के माध्यम से महिला उत्पीड़न के खिलाफ समाज में खुलकर आगे आने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता के तौर पर बोलते हुए प्रो. अरविंद सिंह ने भारतीय संविधान में उल्लिखित विभिन्न संवैधानिक विशिष्ट प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। विशिष्ट वक्ता के रूप में अपने वक्तव्य में प्रो. राकेश कुमार यादव ने वैदिक काल से लेकर वर्तमान काल तक भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति पर अपने विचार प्रकट किए। उन्होंने लिंग के आधार पर समाज में हो रहे भेदभाव के बारे में बताया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आलोक प्रताप सिंह विसेन ने महिला सशक्तिकरण पर बल दिया। स्वागत भाषण एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इंद्र बहादुर सिंह ने किया। संचालन डॉ. लालमणि प्रजापति तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. विष्णु कांत त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर डॉ. नीलमणि सिंह, डॉ. नीलम सिंह, डॉ. जितेंद्र सिंह, डॉ. विकास कुमार यादव, कार्यालय अधीक्षक बिंद प्रताप सिंह, अखिलेश सिंह सहित छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

## वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने की हुई संस्तुति

**सुइथाकला।** शिक्षा क्षेत्र के प्राथिमक विद्यालय डेहरी में कार्यरत सहायक अध्यापक गिरीश यादव की एक वार्षिक वेतन वृद्धि शनिवार को स्थायी रूप से रोकने के लिए खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार वैश्य ने अपनी संस्तुति जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दी। अवगत कराया गया कि शनिवार सुबह 9.31 बजे खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा आकस्मिक निरीक्षण के दौरान नियुक्त 9 अध्यापकों में से सात मौके पर पाए गए, जबकि सहायक रागिनी देवी प्रसूता अवकाश पर थी और एक अन्य सहायक अध्यापक गिरीश यादव बगैर किसी सूचना के अनुपस्थिति पाए गए। मामले में कुछ देर बाद आए उक्त अध्यापक ने अपने को अनुपस्थित देखकर प्रभारी प्रधानाध्यापक विनोद सिंह को अपशब्दों का प्रयोग करते हुए उलझ गया साथ ही दो कुर्सियों को तोड़ डाला जिसकी सूचना पर खण्ड शिक्षा अधिकारी ने उक्त अध्यापक के विरूद्ध कर्मचारी सेवा नियमावली के विपरीत आचरण करने का हवाला देते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ सिंह पटेल से उसकी एक वार्षिक वेतन वृद्धि स्थायी रूप से रोकने की संस्तुति की। इस कार्रवाई से शिक्षा महकमे में हड़कम्प मचा हुआ है।

# टीकाकरण के लिए मुहिम चलाकर किया जागरूक



टीकाकरण के लिए जागरूक करते लोग

**कार्यक्रम**

### खण्ड विकास अधिकारी के नेतृत्व में चला अभियान

**खेतासराय।** विकास खण्ड शाहगंज सोंधी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग ने विकास खण्ड शाहगंज सोंधी के विभिन्न गांवों में मुहिम चलाकर उदासीन व झिझक परिवारों का टीकाकरण किया जा रहा है। जिसके तहत शनिवार की सुबह उक्त विकास खण्ड के दो ग्राम सभा में आधा दर्जन परिवारों को चिन्हित कर टीकाकरण किया गया।

जानकारी के अनुसार खण्ड विकास अधिकारी शाहगंज सोंधी की अगुवाई में शनिवार की सुबह स्वास्थ्य विभाग व एसएम नेट यूनिसेफ के डीएमसी गुरदीप कौर और बीएमसी अवधेश कुमार तिवारी के सहयोग से नियमित टीकाकरण अभियान के तहत अशरफपुर, उसरहटा में टीकाकरण किया गया। जिसमें उदासीन व झिझक व टीकाकरण से इंकार करने वाले परिवारों से सम्पर्क कर उनको जागरूक करते हुए टीकाकरण किया गया। इस दौरान बच्चों में होने वाले एक दर्जन से अधिक बीमारियों व टीकाकरण के महत्व के बारे में बताया गया तथा टीकाकरण न करने से उसके दुष्प्रभाव के बारे में भी जानकारी दिया गया जिससे प्रभावित होकर आठ परिवारों में से छः परिवार के लोगों ने अपने बच्चों का टीकाकरण करवाया। इस दौरान सहयोग में अजय कुमार सिंह, हौसिला राय, फूलमती, रोजगार सेवक कृष्णा, पंचायत सहायक व कोटेदार ने अपना सहयोग दिया।

# सीनियर वर्ग में प्रियांशु, जूनियर में हिमांशु ने मारी बाजी

**खेलकूद**

### बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में किया प्रतिभाग

जनसंदेश न्यूज



फोटो 07 – विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथिगण

**गौराबादशाहपुर।** धमार्पुर बाजार स्थित गौरव शिक्षण संस्थान में शनिवार को बाल मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जफराबाद विधानसभा के विधायक जगदीश नारायण राय ने फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर राम अवध यादव पूर्व सीएमओ व जगमोहन पब्लिक स्कूल के संस्थापक राम आधार यादव रहे।

इस बाल मेला कार्यक्रम में गौरव शिक्षण संस्थान के बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता एवं कला प्रतियोगिता में भाग लिया। बच्चों द्वारा स्टाल भी लगाया गया था जिसमें समोसे रसगुल्ले मोम का आनंद लोगों ने खूब लिया।

सीनियर वर्ग में प्रियांशु राज ऑटोमेटिक बल्ब प्रथम, द्वितीय कीर्ति यादव मानव शरीर तत्व एवं तृतीय अरबिया सिद्दीकी रहीं वहीं जूनियर वर्ग में प्रथम हिमांशु मौर्य हाइड्रो पावर प्लांट, द्वितीय निष्ठा पाल मिसाइल एवं तृतीय में करिश्मा यादव सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के तहत अपना प्रोग्राम प्रस्तुत किया। पोस्टर पर जो एकता में देश का संविधान के बारे में टीया यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय अश्वनी राज, तृतीय सलोनी निषाद, रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम खुशी यादव बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, द्वितीय भ्रूण हत्या रोकथाम पर सोनाली यादव, तृतीय आंचल यादव रही।

मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता में पूजा यादव प्रथम, द्वितीय अंजली गौतम, तृतीय स्थान पर सोनाली यादव रहीं। निर्णायक में डॉ. शकुंतला यादव, राज देव यादव, छोटे लाल यादव, मुमताज, नवीन यादव, उषा शर्मा, संजय यादव, अनीता पांडेय, रेनू यादव, आंचल उपाध्याय, श्रेजल तिवारी आदि रही।

इस अवसर पर राजा राम यादव, बलिराम यादव, ग्राम प्रधान जय हिंद यादव, अनिल यादव फौजी, वीरेंद्र यादव, महेंद्र यादव, सरिता यादव, नीलम राय, वंदना पाल व स्कूल के बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे। आए हुए अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रबंधक लालजी यादव ने किया आभार इंजीनियर गौरव यादव ने किया।

# मोदी पर अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में फूंका पुतला





पाकिस्तानी विदेश मंत्री के खिलाफ जुलूस निकालते भाजपाई

**मड़ियाहूँ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो की टिप्पणी से नाराज भाजपाइयों ने शुक्रवार को जिलाध्यक्ष मछलीशहर रामविलास पाल के नेतृत्व में पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी कर बिलावल भुट्टो का पुतला फूंका।

शनिवार को नगर के रामजानकी मंदिर परिसर में एकत्र होकर भाजपाइयों ने पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाते हुए कोतवाली के सामने गांधी तिराहे पर बिलावल भुट्टो का पुतला फूंका। बयान की निंदा करते हुए कहा कि आतंकियों को संरक्षण देने वाला पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रह्मदेव मिश्र, डॉ. श्याम दत्त दुबे ,परमजीत सिंह, रवि शंकर दुबे, मनोज चौरसिया, अनिल दुबे, संतोष गुप्ता, अखिल प्रताप सिंह, विनोद निगम सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षेप

### सम्पूर्ण समाधान दिवस : 85 में 14 का निस्तारण



**शाहगंज।** तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एडीएम राम अक्षैबर चौहान की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। फरियादियों द्वारा कुल 85 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया जिसमें मौके पर 14 का निस्तारण हुआ। शेष प्रार्थना पत्र सम्बंधित विभाग को सौंप दिया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी अंकित कुमार, तहसीलदार महेंद्र बहादुर सिंह, नयाब तहसीलदार अमित कुमार सिंह, समेत सर्किल के सभी थानाध्यक्ष राजस्व कर्मी व सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### पीयू कर्मचारी संघ में सदस्य बने पूर्व अध्यक्ष रामजी सिंह



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष को कर्मचारी संघ में सदस्य बनाया गया। नवनिर्वाचित शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने प्रशासनिक सभागार में अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में नए कर्मचारी संघ में 10 सदस्य निर्विरोध चुने गए थे जबकि एक सदस्य का पद खाली था। शपथ ग्रहण समारोह के बाद पहली बैठक में सर्वसम्मति से रिक्त सदस्य पद को भरने के लिए की गई। बैठक मे कोषाध्यक्ष शमशाद अली द्वारा पूर्व अध्यक्ष रामजी सिंह के नाम का प्रस्ताव दिया गया जिस पर संघ ने उनके नाम पर सदस्य बनाने पर सहमति दे दी और सदस्य बना दिया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष स्वामीनाथ, सुरेंद्र बहादुर सिंह, जियालाल यादव, केशव यादव, राजेश गौतम, राकेश कुमार, ज्ञानचंद विश्वकर्मा, कैलाश, सुधीर, जैनेंद्र विश्वकर्मा, अखिलेश कुमार शुक्ला, वेद प्रकाश श्रीवास्तव, विनोद गौतम, अनिल कुमार सिंह मौजूद रहे।

### युवा महोत्सव में प्रतिभाग के लिए पीयू की टीम का चयन 3 को

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव में प्रतिभाग के लिए पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम का चयन 3 जनवरी को होगा। इसके लिए आर्यभट्ट सभागार में अंतर महाविद्यालयीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। विश्वविद्यालय में 12-13 जनवरी, 2023 को अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस युवा महोत्सव में उत्तर प्रदेश के विभिन्न राज्य विश्वविद्यालय के साथ-साथ पूर्वाचल विश्वविद्यालय की टीम विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करेगी। विश्वविद्यालय स्तर की टीम बनाने के लिए अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर अजय द्विवेदी ने विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य को पत्र भेजकर अपनी -अपनी टीमें विश्वविद्यालय में भेजने के लिए कहा है। इन टीमों की 3 जनवरी, 2023 को परिसर स्थित रज्जू भैया संस्थान के आर्यभट्ट सभागार में विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए चयन प्रक्रिया सम्पन्न की जाएगी। इस प्रक्रिया के बाद अंतिम रूप से चयनित सभी प्रतिभागी छात्र/छात्राएं पूर्वांचल विश्वविद्यालय टीम का हिस्सा होते हुए 12, 13 जनवरी, 2023 को युवा महोत्सव में प्रतिभाग करेंगें।

### पांच दिवसीय स्काउड गाइड शिविर का समापन

**खेतासराय।** खेतासराय-शाहगंज मुख्य मार्ग पर स्थित मिर्जा अनवर बेग इण्टर कॉलेज मजडीहा में चल रही पांच दिवसीय स्काउड गाइड शिविर का शनिवार की सुबह समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रबंधक कहकशां खान उपस्थित रहीं। जानकारी के अनुसार उक्त कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित हुई। श्रीमती खान को जिला स्काउड कमिश्नर राकेश मिश्र ने स्कार्फ भेंट कर उनका स्वागत किया। जिसके पश्चात अतिथि ने स्काउड गाइड ध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कॉलेज में चल रही पांच दिवसीय स्काउड गाइड में छात्रों द्वारा तैयार किये गए शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए स्काउड गाइड के बारे में लोगों को विस्तार से बताया। पांच दिवसीय स्काउड गाइड शिविर का शुभारंभ 13 दिसम्बर से शुरू होकर पांचवें दिन 17 दिसम्बर को समाप्त हो गया। इस दौरान अम्बुज सिंह व शनि मौर्या द्वारा शिविर छात्रों को प्रशिक्षण दिया गया। अंत में प्रधानाचार्य नौशाद खान ने स्काउड गाइड के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान स्काउड गाइड प्रभारी श्रीकांत सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### प्रताड़ना से क्षुब्ध महिला ने पुलिस से की शिकायत

**जफराबाद।** क्षेत्र के माधोपट्टी गांव निवासी एक 35 वर्षीय महिला को उसके शराबी पति ने अकारण ही जमकर पीटा। पति की मारपीट से आजिज होकर वह थाने पहुंच गई और पुलिस से न्याय की गुहार लगायी। उक्त गांव निवासी श्यामकुमार साहू की शादी 13 वर्ष पूर्व उषा साहू से हुई थ। पत्नी उषा का आरोप है कि पति लगातार उसको शराब पीकर पीटता है। श्याम कुमार ने अपने हिस्से की काफी जमीन भी बेच दिया है। पत्नी ने आरोप लगाया कि शनिवार को पति सरकार से मिला प्रधानमंत्री आवास बेचने को कह रहा था। जब मैंने इसका विरोध किया तो वह मुझे मारने पीटने लगा। पत्नी के बात सुनकर थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी ने तत्काल उसके पति को घर से बुलवाया। पति को काफी डांट फटकार लगायी। पति ने भविष्य में ऐसा नहीं करने की बात कहने पर उसे लिखा पढ़ी के बाद छोड़ दिया।

### बाइक की चपेट में आने से बालिका की मौत

**बदलापुर।** कोतवाली क्षेत्र के मिरशादपुर फोरलेन को पैदल ही पार करते समय बाइक सवार की चपेट में आकर एक बालिका गंभीर रूप से घायल हो गयी। उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था जहां पहुंचते ही उसने दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि क्षेत्र के बलुआ गांव निवासी 7 वर्षीय बालिका मानवी व 20 वर्षीय अंकिता बाइक सवार की चपेट में आ गयी जिससे गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां डाक्टर ने मानवी को मृत घोषित कर दिया और युवती की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### बैंक के सामने से बाइक चोरी

**चंदवक।** स्थानीय बाजार स्थित यूनियन बैंक के सामने से अपराह्न तीन बजे ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में चोर ईट व्यवसायी की बाइक चुरा ले गए। सूचना पर पुलिस छानबीन की लेकिन पता नहीं चला। रसड़ा गांव स्थित ईट भट्ठा मालिक जय प्रकाश वर्मा आवश्यक कार्यवश यूनियन बैंक की चंदवक शाखा में आए हुए थे। बाहर अपनी बाइक खड़ी किए थे। बैंक पर पुलिस कर्मी ड्यूटी पर तैनात थे बावजूद इसके चोर बाइक लेकर चंपत हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन की लेकिन पता नहीं चल पाया।

### वारंटी गिरफ्तार

**खेतासराय।** पुलिस ने शनिवार को एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। आवश्यक कार्यवाही के बाद वारंटी को न्यायालय भेज दिया गया। थानाध्यक्ष यजुवेंद्र कुमार सिंह के अनुसार राजेश कुमार पुत्र रामबचन निवासी भदैला फरार चल रहा था जिसे शनिवार को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है।

### पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का समापन

**करंजाकला।** ब्लॉक क्षेत्र के आदमपुर गांव स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि योग गुरु डॉ. ध्रुवराज ने बालिकाओं को सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न प्रकार के आसन व प्राणायाम का योगाभ्यास कराया। उन्होंने विद्यालय की छात्राओं को स्वस्थ रहने के लिए योग के गुण बताए। बालिका विद्यालय की वार्डन किरन बाला मिश्रा ने कहा कि यज्ञ के माध्यम से हमारा पर्यावरण शुद्ध होता है। विभिन्न प्रकार के रोगियों का ईलाज भी यज्ञ के माध्यम से रोगानुसार आहूति डालकर किया जाता है। विद्यालय की छात्राओं ने योग में उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। यह कार्यक्रम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल व डॉयट प्राचार्य सच्चिदानन्द यादव के निर्देशन में किया गया। प्रत्येक बच्चों तक योग के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रतिमा सिंह, अमृता सिंह, पुष्पा राय व विद्यालय की छात्रा एवं शिक्षक उपस्थित रहे।



# भारत जोड़ो यात्रा का जगह जगह हुआ स्वागत

**पदयात्रा**

## कांग्रेस की प्रादेशिक भारत जोड़ो यात्रा में उमड़ा जन सैलाब

**जनसंदेश न्यूज**



कांग्रेस की पदयात्रा में शामिल भारी जनसमूह

**भदोही/गोपीगंज।** प्रादेशिक भारत जोड़ो यात्रा देर शाम शुक्रवार को जनपद भदोही में प्रवेश करने पर जिला कांग्रेस कमेटी भदोही के अध्यक्ष डॉ राजेंद्र कुमार दुबे राजन के नेतृत्व में हजारों की संख्या में कांग्रेसी जनों ने धरौहरा पुल पर यात्रा का स्वागत किया।

तत्पश्चात यात्रा धरौहरा पुल से प्रारंभ होकर अजीमुल्लाह चौराहे पर समाप्त हुआ। यात्रा देर रात विश्राम स्थल ज्ञानपुर स्थित एक निजी मैरिज लॉन में पहुंचने के पश्चात अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का भी आयोजन किया गया। अपने तय समय के अनुसार शनिवार सुबह झंडारोहण के साथ यात्रा का प्रारंभ हुआ। यात्रा के प्रारंभ में धमाचार्य द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ यात्रा को अपनी आशीर्वाद दिया। यात्रा का विभिन्न सामाजिक संगठनों के द्वारा स्वागत किया गया यात्रा का समापन गोपीगंज मिजार्पुर रोड पर हुआ। इस अवसर पर प्रादेशिक भारत यात्रा का नेतृत्व कर रहे प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि यह यात्रा आपसी भाईचारे एवं सद्भाव को बढ़ाने के लिए है। पिछले 8 वर्षों से इस देश पर आसीन भाजपा की सरकार देश का ध्यान असल मुद्दों से भटका कर बांटने की राजनीति कर रही है।

कांग्रेस ने इस देश को आजाद कराया है अपने लहू से सींचा है इसलिए अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए राहुल गांधी कन्याकुमारी से कश्मीर तक पदयात्रा कर रहे हैं, उसी के समर्थन में यह यात्रा प्रेम भाईचारे का संदेश देते हुए आगे बढ़ रही है। इस अवसर डॉ. धीरेंद्र पांडेय, मकसूद खान, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, धर्मेंद्र निषाद, माबूद खान, डॉ. नीरज त्रिपाठी, राजेश राकेश, नाजिम अली, सुरेशचंद मिश्रा, करमचंद बिंद, दीना नाथ दूबे, राकेश मौर्य, अरुण तिवारी, राजेश्वर दूबे, राजेश दूबे, अकबर अंसारी, संदीप दूबे, मसूद आलम, डा निजामुद्दीन, फैयाज खान शानू, शबान करीमी, आनंद मौर्य, अवधेश पाठक, त्रिलोकी, रमेश बिंद, अमित दिवेदी, सुरेश गौतम, आशुतोष पांडेय, संजू कन्नौजिया, मृत्युंजय पांडेय, शाह आलम, जजलाल राय, चंचल शर्मा, लक्ष्मी शंकर चौबे, जफर खान, परवेज हाशमी, नितिन सिंह, सुरेश चौहान, करन मौर्या, सैफ अली, रागिनी तिवारी, अर्चना चौबे, शकीला बानो, राजाराम दूबे इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम के तेवर तल्ख

**सख्ती**

## एक लेखपाल निलम्बित कानूनगो को प्रतिकूल प्रविष्टि

## राजस्व विभाग व पुलिस विभाग को समझायी उनकी जिम्मेदारी

**जनसंदेश न्यूज**

**केराकत।** एक ही समस्या के लिए फरियादी अगर दोबारा समाधान दिवसों के चक्कर काटता है तो लेखपाल की जिम्मेदारी तय होती है। उनके लापरवाही की वजह प्रार्थना पत्रों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है, पुलिस व खण्ड विकास कार्यालय के कर्मचारी राजस्व विभाग से मिलकर गांव की समस्याओं का निस्तारण करें।

बैठक में अपनी समस्या लेकर आये 145 फरियादियों में 14 फरियादियों के मामले का मौके पर निस्तारण हो जाने से उनके चेहरे की चमक साफ झलक रही थी। जिलाधिकारी ने अपने मातहतों को फरियादियों द्वारा दिये प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में पारदर्शिता का निर्देश दिया है।



फरियादियों की समस्याओं को सुनते जिलाधिकारी

शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने लेखपाल, कानूनगो, पुलिस व पंचायत विभाग के कर्मचारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहाकि पुलिस व लेखपाल बीट बनाकर गांव की समस्याओं का निस्तारण करें। लेखपालों को निर्देश दिया कि गांव के सचिवालय में रोस्टर के अनुसार बैठना सुनिश्चित करें। यह शिकायत नहीं आनी चाहिए कि लेखपाल गांव में नहीं बैठते। लेखपाल भूमाफिया या दलालों के चक्कर में न पड़े। अगर कोई दुष्ट व्यक्ति परेशान करता है तो या जरूरत पड़े तो सभी लेखपाल और कानूनगो मिलकर वहां जाएं और पुलिस विभाग के साथ मिलकर समस्या का निस्तारण करें। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि जमीनी विवाद उनसे अलग नहीं है। अधिकांशतः मामलों में देखा जाय तो जमीनी विवाद से ही शान्ति व्यवस्था बिगड़ती है। गांव के चौकीदार, प्रधान व बीडीसी के सहयोग से जमीनी विवादों को सुलझाने में सहयोग लें। गरीब व्यक्ति को न्याय दिलाने में सबको आगे रहने का निर्देश दिया। प्रार्थना पत्रों की सुनवाई के दौरान बोडसर खुर्द के एक मामले में लेखपाल द्वारा गलत रिपोर्ट देने पर उन्होंने लेखपाल रितेश कुमार को निलम्बित कर दिया। कानूनगो शैलेन्द्र प्रताप सिंह को प्रतिकूल प्रविष्टि दे दिया। डोभी के हटवां गांव के पंचायत भवन पर अवैध कब्जे को बीडीओ डोभी व डीपीआरओ को निर्देशित किया। सुनवाई के दौरान कुल 143 प्रार्थना पत्र पड़े, जिसमें से केवल 14 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण हुआ। अन्य को सम्बंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया। इस अवसर पर सीएमओ डॉक्टर विजय लक्ष्मी, एसडीएम माज अख्तर व पुलिस उपाधीक्षक गौरव शर्मा तथा जनपद के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# कोषागार कार्यालय में पेंशनर दिवस आयोजित

**जनसंदेश न्यूज**

**वरिष्ठ कोषाधिकारी**

## समस्त पेंशनर संगठनो का पेंशनर दिवस पर कोषागार कार्यालय में हुआ समाधान

**भदोही।** अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिव नारायण सिंह की अध्यक्षता में कोषागार कार्यालय में शनिवार को पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें संयोजक के रूप में मुख्य कोषाधिकारी धर्मेन्द्र पति त्रिपाठी एवं जनपद के समस्त कार्यालयाध्यक्ष नामित प्रतिनिधि तथा सम्मानित पेंशनरगण उपस्थित थे।

उक्त बैठक में बेसिक शिक्षा परिषद, माध्यमिक शिक्षा परिषद, पेंशनर्स वेलफेयर संस्था, सिविल पेंशनर्स संघ एवं अन्य विभाग से सम्बंधित पेंशनर संगठनों ने अपनी-अपनी समस्याओं व सुझावों से अवगत कराया। पेंशनर की कुछ समस्यायें शासन स्तर से संबंधित थी जिसे अध्यक्ष द्वारा उनके मांग पत्र प्रस्तुत करनें पर उचित फोरम के माध्यम से शासन को अवगत कराने का आश्वासन दिया गया। उक्त बैठक का संचालन मुख्य कोषाधिकारी धर्मेन्द्र पति त्रिपाठी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से होमगार्ड विभाग, जिला सैनिक कल्याण विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय एवं अन्य विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ राजकुमार पाठक, पारस नाथ मिश्र, ब्रजेश कुमार मिश्र, लाल मणि उपाध्याय, निवास उपाध्याय, डॉ. कमाल अहमद सिद्दीकी, प्रो. बी. पाण्डेय, कल्लूराम यादव, ताडकेश्वर नाथ मिश्र, श्रीराम शर्मा, प्रभा शंकर मिश्र आदि पेंशन पदाधिकारीगण उपस्थित थे। अन्त में पेंशनर दिवस के संयोजक धर्मेन्द्र पति त्रिपाठी, मुख्य कोषाधिकारी द्वारा सभी सम्मानित पेंशनरों का आभार प्रकट कर बैठक का समापन किया गया।

## सीईपीसी सीओए इम्तियाज अंसारी ने डीएम के प्रति जताया आभार

**भदोही।** सीईपीसी सीओए इम्तियाज अंसारी ने डीएम गौरांग राठी के प्रति आभार जताते हुए बताया कि जिला उद्योग बंधु की बैठक उद्यमियों व आमजन के हित में सार्थक सिद्ध हो रहा है। अभी मेरे द्वारा स्टेशन रोड के जलनिकासी समस्या से डीएम को अवगत कराने का त्वरित संज्ञान लिया गया। डीएम के निर्देश पर ईओ नगर पालिका समस्या समाधान में जुट गये है। सीओए ने बताया कि बैठक में डीएम को अवगत कराते कहा गया था कि बारिश में स्टेशन रोड पर घुटनो भर पानी लग जाने से राहगीरो को भारी दिक्कत झेलना पड़ता है। जिसका मुख्य कारण पहले बारिश का पानी मुल्ला तालाब में जाता था।सीओ ने बताया की समस्या का डीएम द्वारा बैठक में ही ईओ को समाधान की दिशा में कार्य का निर्देश दिया था। अभी साफ सफाई पालिका द्वारा शुरू कर दिया गया है। जिसके लिए डीएम के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। इस सम्बन्ध में ईओ जी लाल ने बताया कि जिला उद्योग बंधु की बैठक में डीएम द्वारा दिये गये निर्देश पर पालिका व तहसील प्रशासन ने स्टेशन रोड व मुल्ला तालाब का निरीक्षण भी किया।

# अंतर्राज्यीय एटीएम फ्रॉड गैंग का पदार्फाश

**कामयाबी**

## सरगना सहित तीन शातिर गिरफ्तार

## थाना गोपीगंज पुलिस टीम को मिली बड़ी सफलता



अंतर्राज्यीय एटीएम फ्रॉड को गिरफ्तार करने के बाद मीडिया के सामने पेश करते एसपी डॉ. अनिल कुमार

**ज्ञानपुर।** एसपी डॉ. अनिल कुमार द्वारा एटीम पर धोखाधड़ी करके कार्ड बदल कर हेराफरी करने वाले आरोपियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत गोपीगंज पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई हैं।गोपीगंज पुलिस ने एटीएम फ्राड गैंग के तीन सदस्यों को दबोच लिया। एसपी डॉ. अनिल कुमार ने पुलिस लाइन में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मामलें का खुलासा किया। थाना गोपीगंज क्षेत्र अंतर्गत कस्बा गोपीगंज स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा एटीएम से आवेदक द्वारा पैसा निकालने के दौरान कुछ अज्ञात लोगों द्वारा एटीएम मशीन से छेड़छाड़ कर कार्ड चुराकर तथा पासवर्ड देखकर कैश निकाल लिया था, जिसके सम्बन्ध में थाना गोपीगंज पर अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रचलित की गयी। थाना सुरियावां व थाना दुगार्गंज क्षेत्र अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक एटीएम से एटीएम फ्रॉड की घटना के अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। प्रभारी निरीक्षक गोपीगंज के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए शुक्रवार की रात्रि में चेकिंग के दौरान कस्बा गोपीगंज पड़ाव तिराहा स्थित पंजाब नेशनल बैंक के बगल स्थित एटीएम के बाहर से एटीएम फ्रॉड करने वाले गैंग का पदार्फाश करते हुए सरगना सहित कुल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की। आरोपियों के कब्जे से भदोही के अलावा उत्तरप्रदेश के अन्य जनपदों और महाराष्ट्र, गुजरात के कुल 28 अदद एटीएम कार्ड, विभिन्न एटीएम फ्रॉड की घटनाओं से सम्बंधित इक्कीस हजार नगद व चोरी की एक अदद मोटरसाइकिल बरामद किया गया है।

## संक्षेप

### बिलावल भुट्टो के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन



**जौनपुर।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो की अभद्र टिप्पणी के विरोध में शनिवार को जनपद में चहारसू चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया गया। विरोध प्रदर्शन के साथ पाकिस्तानी विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो का पुतला दहन भी किया गया। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी की। इस विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर मिश्रा दयालू एवं जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी सहित कई कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। दयाशंकर मिश्रा ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री और दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता के बारे में पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने जो टिप्पणी की है वो काफी आपत्तिजनक है। इस आपत्तिजनक टिप्पणी के कारण पूरे देश भर के लोग आक्रोशित हैं और यह विरोध प्रदर्शन आक्रोश की अभिव्यक्ति है।

### देशी शराब की दुकान हटाने को महिलाओं ने खोला मोर्चा



**केराकत।** उमरवार गांव से देशी शराब की दुकान हटाने की मांग को लेकर एक दर्जन ग्रामीण महिलाओं ने शनिवार को एसडीएम कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया और समाधान दिवस कार्यक्रम में पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन करने वाली महिलाओं की शिकायत है कि दुकान रतनूपुर बाजार के नाम से है लेकिन अवैध ढंग से उसे उमरवार गांव में खोला गया है। महिलाओं के अनुसार दुकान के बगल में ही एक जूनियर हाईस्कूल है जिसके कारण स्कूल के बच्चों पर बुरा असर पड़ रहा है। महिलाओं के मुताबिक शराब की दुकान पर बैठकर पीने वाले लोग अक्सर गालियां बकते हैं और उस रास्ते से गुजरने वाली महिलाओं और किशोरियों को देखकर कमेंट पास करते हैं। महिलाओं का कहना है कि एक पखवाड़ा पहले उन्होंने चन्दवक थाना पुलिस को तहरीर दिया था लेकिन उन्होंने कुछ नहीं किया। प्रदर्शन करने वालों में संगीता देवी, प्रीति, रेखा, सुमित्रा, पुष्पा, अनिता, गीता, सुमन, ज्योति आदि महिलाएं शामिल रहीं। बाद में महिलाओं ने समाधान दिवस कार्यक्रम में पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिलाधिकारी ने जांच कराकर समुचित कार्रवाई का भरोसा दिया।

### जिला कारागार व महिला स्वाधार गृह का जिला जज ने किया निरीक्षण



**ज्ञानपुर।** जिला जज वीरेंद्र कुमार शैलज, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा खातून, जिलाधिकारी गौरांग राठी, पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने संयुक्त रुप से समस्त क्षेत्राधिकारी सहित सभी थानों से आए भारी पुलिस बल के साथ जिला कारागार ज्ञानपुर एवं महिला स्वधार गृह का औचक निरीक्षण किया गया ।निरीक्षण के दौरान बैरकों, मेस, जेल परिसर व महिला स्वाधार घर की सघन चेकिंग की गई। संयुक्त टीम ने बंदियों से भी बातचीत कर कारागार की अंदरूनी व्यवस्था का हाल जाना। निरीक्षण के दौरान कोई आपत्तिजनक तथ्य प्रकाश में नहीं आया। तत्पश्चात कैदियों की समस्याओं व सुविधाओं के सम्बन्ध में सम्बन्धित से जानकारी ली गई। जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री ना जाए तथा साफ-सफाई आदि के सम्बन्ध में कारागार कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। दौरान चेकिंग अपर जिलाधिकारी, समस्त थाना प्रभारियों सहित भारी पुलिस फोर्स एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### पाकिस्तान के विदेश मंत्री का भाजपा ने फूंका पुतला



**ज्ञानपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को पाकिस्तानी विदेश मंत्री विलावल भुट्टो का पुतला फूंक कर धरना प्रदर्शन किया। पालिकाध्यक्ष अशोक जायसवाल और भाजपा नेता विनीत बरनवाल के नेतृत्व में अजीमुलाह चौराहा पर पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के गलत बयान व अभद्र टिप्पणी की निंदा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के खिलाफ बयानबाजी करना गलत है। नेता द्वय ने कहा कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री की जितनी भी निंदा की जाए वह कम हैं, भुट्टो तुम होश में आओ जिस तरह से प्रधानमंत्री जी के ऊपर दोषारोपण और अवांछित तत्वों के द्वारा ब्लेम लगाया गया है वह बहुत ही अशोभनीय है साथ में में रोड पर भ्रमण करके अजीमुल्लाह चौराहे पर भुट्टो का पुतला भी फूंका गया और पाकिस्तान मुदार्बाद का नारा भी लगाया गया। दोनों नेताओं के नेतृत्व में तमाम जनसमूह इकट्ठा होकर प्रधानमंत्री के पक्ष में राष्ट्र को मजबूत करने के लिए सभी ने शपथ ली और पुरजोर समर्थन करते हुए भारत को विश्व पटल पर भारत का नाम रोशन हो इसके लिए सभी ने प्रभु से प्रार्थना की। संगीता खन्ना, मो अली सिद्दीकी, प्रिंस गुप्ता, अजय दुबे, रामनरेश चौहान, गिरधारी जायसवाल, राजीव मोदनवाल, दिलीप गुप्ता, शिवशंजर यादव, प्रिय श्रीवास्तव, अंजलि मौर्या, प्रदीप कुमार गुप्ता, अरविंद मौर्या, सुभाष मौर्या

### निस्तारण में शिथिलता व लापरवाही बरतने पर होगी कठोर कार्रवाई: डीएम



**ज्ञानपुर।** शासन के मंशानुरूप जन शिकायतो के त्वरित निस्तारण एवं कार्यवाही के दृष्टिगत शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस जनपद के सभी तहसीलों में आयोजित किया गया। तहसील ज्ञानपुर में जिलाधिकारी गौरांग राठी, अपर जिलाधिकारी शैलेश कुमार मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती, उपजिलाधिकारी ज्ञानपुर अश्वनी पांडेय एवं अन्य अधिकारियो द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित होकर फरियादियों की समस्याओ को सुनकर निस्तारण किया गया ।तहसील ज्ञानपुर में जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में लगायें गये विभिन्न कैम्पो- बाल विकास पुष्टाहार विभाग, स्वास्थ्य विभाग का कोविड बुस्टर डोज, आयुस्मान गोल्डेन कार्ड, परिवार नियोजन, समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धावस्था पेंशन, महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के उन्ययन हेतु विविध योजना मिशन शक्ति, राजस्व विभाग हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण करते हुयें उनके द्वारा लाभार्थियों को दी जाने वाली योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी ली। उपस्थित जिलाधिकारी के समक्ष विभिन्न विभागो से सम्बन्धित तहसील ज्ञानपुर में कुल 10 फरियादियो के द्वारा अपनी समस्याओ से अवगत कराया गया। इसी क्रम में तहसील औराई में उप जिलाधिकारी लाल बाबू दुबे द्वारा कुल 47 प्रार्थना पत्रो में 07 का निस्तारण तथा तहसील भदोही में उप जिलाधिकारी डॉ कृपा शंकर पांडेय व अन्य अधिकारियो द्वारा कुल तैतीस प्रार्थना पत्रो में पांच का निस्तारण किया गया।

# पेंशनर्स दिवस पर डीएम ने किया सम्मानित



**जौनपुर।** पेंशनर्स दिवस कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी सुनील कुमार द्वारा सभी उपस्थित पेंशन पदाधिकारियों,पेंशनरों, कार्यालयाध्यक्षों एवं पत्रकारों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम का संचालन लेखाकार अध्यक्ष कोषागार कर्मचारी संघ दयाराम गुप्ता द्वारा किया गया।

पुलिस पेंशनर्स कल्याण संस्थान, जनपद शाखा के अध्यक्ष उमाशंकर मिश्र, सेवानिवृत्त उप पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार सिंह, पेंशनर्स संघ बेसिक शिक्षा परिषद के अध्यक्ष सत्यदेव सिंह, सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उ.प्र. जनपद शाखा के अध्यक्ष सीबी सिंह एवं पेंशनर्स संघ राज विद्युत परिषद के बलीभद्र मिश्र द्वारा जिलाधिकारी का माल्यापर्ण कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात जिलाधिकारी द्वारा भी पेंशनरों संगठनों के उक्त पदाधिकारियों का भी माल्यर्पण कर अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा पेंशनरो की उचित मॉगों, सुझाव का समर्थन करते हुये कार्यालयाध्यक्ष स्तर पर तथा कोषागार स्तर पर भी होने वाली किसी भी समस्या के समाधान हेतु आश्वास्त किया गया।

पेंशनर्स दिवस की अध्यक्षता कर रहे जिलाधिकारी द्वारा अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में पेंशनरों की उक्त समस्याओं के समाधान हेतु हर स्तर पर कराये जाने हेतु आश्वस्त किया गया तथा यह भी कहा गया कि किसी भी पेंशनर्स की कोई भी समस्या हो तो वह किसी भी समय मुझसे मिल सकता है यदि वह चाहे तो अपने संगठन के पदाधिकारियों को अवगत करा दें जिनके द्वारा मुझे उनकी समस्याओं से अवगत करा दिया जाय, जिसका हर स्तर पर निराकरण कराया जायेगा तथा यह भी प्रयास किया जायेगा कि पेंशनर्स पदाधिकारियों के साथ महीने में एक बैठक मेरे द्वारा स्वयं की जा सके। इस अवसर पर दीपक सिंह, प्रवीण कुमार, देवेन्द्र कुमार पाण्डेय सहित प्रमुख विभागों के कार्यालयाध्यक्ष, उनके प्रतिनिधि तथा जनपद के प्रबुद्ध पेंशनर्स उपस्थित रहे।

## दुष्कर्मी हत्यारे को फांसी देने की मांग

**भदोही।** बुधवार की रात चौरी थाना क्षेत्र के बहुतरा खुर्द गांव में आठ वर्षीय बालिका से दुष्कर्म और हत्या के आरोपी को सजा.ए.मौत देने की मांग ग्रामीणों द्वारा उठाई गई है। इसे लेकर शनिवार को ग्रामीणों ने भदोही-वाराणसी मार्ग पर जाम लगा दिया। तकरीबन घंटेभर चले चक्काजाम के दौरान ग्रामीणों ने कामांध दरिंदे को सरेआम गोली मारने या फांसी देने की मांग की गई। फिलहाल हत्यारोपी के खिलाफ सड़क पर प्रदर्शन की खबर होने पर सीओ औराई उमेश्वर प्रभात सिंह थानाध्यक्ष मनोज कुमार चौकी इंचार्ज मनीष कुमार उपाध्याय मय फोर्स व पीएसी बल के साथ मौके पर पहुंचे। सीओ ने ग्रामीणों से बात की और समझाया कि 24 घंटे के भीतर पुलिस मुठभेड़ में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। उसे सख्त से सख्त सजा दिलवाई जाएगी। सीओ के आश्वासन पर ग्रामीण शांत हुए। घंटेभर चले जाम की वजह से दोनों तरफ वाहनों की कतार लगी रही। चौरी थाना क्षेत्र के बरदहा स्थित पाल तिराहे के निकट पूर्वाह्न 11 बजे सैकड़ों ग्रामीणों और स्थानीय छात्रों का जमावड़ा लगने लगा। देखते ही देखते भीड़ ने पूरी सड़क घेर ली और जाम लगा दिया।

# अधिवक्ता समिति चुनाव के लिये नामांकन प्रक्रिया संपन्न

**जनसंदेश न्यूज**

**तैयारी**

## तीन अध्यक्ष व तीन महामंत्री पद के लिये हुआ नामांकन

## नामांकन के पहले व आखिरी दिन तक विभिन्न पदों के लिये कुल 29 नामांकन पत्र दाखिल

**मछलीशहर।** अधिवक्ता समिति चुनाव के लिये नामांकन प्रक्रिया शुक्रवार को शुरू हुई। नामांकन के पहले दिन अध्यक्ष, महामंत्री सहित सभी पदों के लिये कुल 20 नामांकन पत्र दाखिल हुये।

अध्यक्ष पद के लिये प्रेम बिहारी यादव, राम आसरे द्विवेदी, रघुनाथ प्रसाद गौतम, महामंत्री पद पर वेद प्रकाश श्रीवास्तव, बनवारी राम मौर्य, नन्द लाल यादव ने नामांकन किया। इसी प्रकार कोषाध्यक्ष पद पर रमेश चंद्र यादव बाबा, कृष्ण चंद शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर नागेंद्र बहादुर पटेल, जय प्रकाश दूबे, उपाध्यक्ष पद पर अनुराग सिन्हा, जितेंद्र प्रताप यादव, कमलेश कुमार सिंह, राजेश कुमार कनिष्ठ उपाध्यक्ष रतन लाल गुप्ता, शिवसागर पाल, अनुपम यादव, संयुक्त सचिव प्रकाशन राजेश पटेल, संयुक्त सचिव पुस्तकालय कमला कान्त यादव, संयुक्त सचिव प्रशासन सन्तोष कुमार यादव, आय-व्यय निरीक्षक हरी लाल सरोज, कार्यकारिणी सदस्य 15 वर्ष से अधिक पद पर अतुल कुमार श्रीवास्तव, प्रभाकर दूबे, रमाशंकर पटेल, महाबली यादव, कार्यकारणी सदस्य 15 वर्ष से कम अवनीश कुमार उमर वैस्य ने नामांकन किया। एलर्स कमेटी/चुनाव समिति के सदस्य दिनेश चंद्र सिन्हा, केदार नाथ यादव, आरपी सिंह, जगदंबा प्रसाद मिश्रा, अशोक कुमार श्रीवास्तव की देखरेख में शनिवार को भी नामांकन प्रक्रिया 11 बजे से 3 बजे तक शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई।

# वरिष्ठ पेंशनर को एसोसिएशन ने किया सम्मानित



**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** पेंशनर्स दिवस के अवसर पर सेवा-निवृत्त सहायक अध्यापक एवं सेवा-निवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के वरिष्ठम सदस्य शिव प्रसाद पांडेय को संगठन द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश कुमार श्रीवास्तव, सेवा-निवृत्त संगठन के जिलाध्यक्ष सीबी सिंह, जिला मंत्री राजबली यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंह, नन्दलाल सरोज, स्वामीनाथ मिश्र, बसन्त लाल , कंचन सिंह, राम अवध लाल, ओम प्रकाश सिंह एवं हीरालाल आजाद उपस्थित रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

## सीएमओ के आदेश पर पत्रकार के खिलाफ दी गई तहरीर को लिया वापस

**गोपीगंज।** मुख्य चिकित्साधिकारी संतोष कुमार चक के निर्देशन पर पत्रकार के खिलाफ दिए गए तहरीर को वापस ले लिया गया।सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोपीगंज में नसबंदी के दौरान भर्ती महिला के साथ छेड़खानी के प्रकरण में पत्रकार के खिलाफ थाने में दर्ज मुकदमे को खारिज करने का आदेश सीएमओ संतोष कुमार चक ने दिया है। उनके खिलाफ उनके यूट्यूब कार्यक्रम के संबंध में पत्रकार के खिलाफ गोपीगंज थाने में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी। जिसमें स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डाक्टर अनिल कुमार ने आरोप लगाया था कि पत्रकार ने अपने यूट्यूब शो में महिला मरीज से तछेड़छाड़ का फर्जी न्यूज चलाया है। वहीं वार्ड ब्वाय के पुत्र पर लगाया आरोप जांच के दौरान सत्य पाये जाने पर तहरीर गई है।

# भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक आयोजित

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** भाजपा की जिला कार्यसमिति की एक दिवसीय बैठक शनिवार को जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के अध्यक्षता में हुई। बैठक का शुभारम्भ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। तत्पश्चात सामूहिक रूप से राष्ट्र गीत बंदे मातरम का गायन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार में मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि पार्टी को मजबूत करने के लिए पार्टी को आत्मसात करना होगा तभी हम संगठन के हित में चिंतन कर सकते हैं और यही चिंतन के कारण ही आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी ने कहा कि जन कल्याण और राष्ट्र निर्माण के प्रति विगत आठ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने लक्ष्य आधारित जो कार्य किया है। उससे देश आज प्रगति और सम्मान के साथ साथ जीवन समृद्धि के प्रत्येक क्षेत्र मे लगातार तीव्र गति से आगे बढ़ा है। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने पिछली बैठक मे प्रस्तावित कार्यों की पुष्टि तथा साथ ही केन्द्र व प्रदेश सरकार के द्वारा मानव जीवन के प्रत्येक क्षेत्रों मे मेडिकल कालेजों के निर्माण, गरीब कल्याण, पांच लाख तक की आयुष्मान योजना, फ्री राशन, देश के किसानों को एक साथ किसान सम्मान का लाभ, जन कल्याण के प्रति सड़क, सुरक्षा, स्वास्थ्य कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि देश और प्रदेश में आज मूल्य आधारित राजनीति के कारण मानवता तृप्त और राष्ट्र मजबूत हुआ है। पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव और हरिश्चन्द्र सिंह ने भी सम्बोधित किये। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुशील मिश्रा ने किया। उक्त अवसर पर एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंशु, जिला महामंत्री सुनील तिवारी, अमित श्रीवास्तव, सुधाकर उपाध्याय, सुरेंद्र कुमार सिंघानिया, राकेश वर्मा, विजय लक्ष्मी साहू, सुनील यादव मम्मन, महिला आयोग की सदस्य शशि मौर्या, विधानसभा प्रभारी, विधानसभा संयोजक, मण्डल प्रभारी गण मण्डल अध्यक्ष गण एवं प्रकल्प, प्रकोष्ठ और विभाग के जिला संयोजक गण उपस्थित रहे।



भाजपा की आयोजित बैठक में उपस्थित लोग



सुरोजीत चैटर्जी

आगामी निकाय निर्वाचन में शहर के प्रथम नागरिक के रूप में महापौर पद के लिए दावेदारी पेश करने वालों में से किसी एक को ही चुना जाएगा। अभी इलेक्शन की अधिसूचना जारी नहीं हुई है लेकिन इस पद को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों ने अपने-अपने उम्मीदवार के नाम का या तो खुलासा नहीं किया है अथवा कैंडीडेट तय कर रहे हैं। इधर, 'काशी का मेयर कैसा हो' को लेकर जनपद के नागरिकों में शुमार सरकारी कर्मचारियों की भी अपनी सोच और राय है। इस बारे में उनसे पूछा गया।

# समस्याओं की समझ रखने के साथ दूरदर्शी भी हो

**कहा आम जनता से रहे जुड़ाव, नागरिकों के साथ लगाए चौपाल**

**राज्य कर्मचारियों ने बनारस के महापौर के बारे में रखी अपनी राय**

पुष्पेंद्र श्रीवास्तव कहते हैं कि महापौर पद ऐसा व्यक्ति संभाले जिसे शहर की मूलभूत आवश्यकताओं की जानकारी हो। नगर का क्रमबद्ध विकास में अपना योगदान दे। उसमें यहां के गली-मुहल्लों की जानकारी रहे। वह जमीन से जुड़ा और जनता की सुविधाओं और असुविधाओं की समझ रखता हो। समस्या का तर्कसंगत निस्तारण की क्षमता रखता हो। नागरिकों से उसका जुड़ाव बेहद जरूरी है।

आजम शमीम खान का विचार है कि मेयर पद का दायित्व ऐसे व्यक्ति को मिले तो बनारस की प्राचीनता को बनाए रखते हुए मूतभूल जरूरतों से जुड़े रोजमर्रा की समस्याओं को सुलझाते हुए विकास की पहल करे। सबसे ज्यादा जरूरी है कि वह नागरिकों के साथ घुल-मिल जाए और जनता उसे अपने ही बीच का व्यक्ति महसूस करे। शैलेंद्र सिंह चंदेल कहते हैं कि सभी दल जिताऊ कैंडिडेट पर ही अपना दांव लगाते हैं। महापौर पद पर चाहे किसी पार्टी का प्रत्याशी खड़ा हो या निर्दल, जीतने के बाद वह सर्व सुलभ, सुशील, मिलनसार एवं जनता की समस्याओं को सुनकर उसके निराकरण के लिए ईमानदारी से तत्पर रहने वाला हो।

अनिल कुमार सिंह ने कहा कि अब को जिले में नगर निगम के क्षेत्र का काफी विस्तार हो चुका है। जो इलाके पहली बार नगर निगम की सीमा में शामिल हुए हैं वहां शुरुआती चरण में विकास कार्य का खाका तैयार करना एक बड़ी चुनौती होगी। नगर निगम के सभी वार्डों में प्रतिदिन साफ-सफाई, गलियों की सूरत संवारने, मुहल्लों में पर्याप्त स्ट्रीट लाइट आदि का प्रबंध सुनिश्चित कराने में नये मेयर पर बड़ी जिम्मेदारी रहेगी। उम्मीद है कि आगामी दिनों चुने जाने वाले नये महापौर इस दिशा में गंभीर प्रयास करेंगे। साथ ही शहर की बड़ी चुनौतियों में शुमार यातायात व्यवस्था बेहतर करने में नये मेयर उचित समाधान तलाशेंगे।

संजय कुमार ने कहा कि काशी का मेयर ऐसा हो जो इस शहर को स्वस्थ और सुंदर बनाने सामंता ट्रैफिक व्यवस्था पर विशेष ध्यान दे। महापौर मृदुभाषी, महत्वाकांक्षी, दूरदर्शी और व्यवहार में सरल हो। वह शहरी बढ़ती आबादी को देखते हुए आगामी दो-तीन दशक की कार्ययोजना का खाका खींचने में सक्षम रहे। जनता के साथ चौपाल लगाए।

दिनेश कुमार सिंह और आदित्य कुमार पांडेय ने कहा कि मेयर की अपनी सामाजिक पहचान हो। जनता के बीच उसकी लोकप्रियता रहे। वह आम नागरिकों की समस्याओं और सुझावों को महत्व दे।


शैलेंद्र सिंह चंदेल


आदित्य कुमार पांडेय


आजम शमीम खान


पुष्पेंद्र श्रीवास्तव


संजय कुमार


दिनेश कुमार सिंह


अनिल कुमार सिंह

## काशी का मेयर कैसा हो... ?

निकाय चुनाव की तैयारियां तेज हैं। हालांकि अभी चुनाव की अधिसूचना जारी नहीं हुई है। लेकिन विभिन्न पार्टियों में संभावित प्रत्याशियों की दावेदारी की कवायद परवान चढ़ रही है। भारतीय लोकतंत्र में उम्मीदवारों का चयन पार्टियों द्वारा होता है। वो जिसे टिकट देती हैं, वही चुनावी जंग में ताल ठोकते हैं। पार्टियों के चयन का अपना पैमाना होता है, उनकी तवज्जो सिर्फ जिताऊ कैंडिडेट पर होती है। इस प्रक्रिया में मतदाता की राय कोई मायने नहीं रखती। मेयर प्रत्याशी के गुण दोष को लेकर लोग क्या सोचते हैं इसे सामने लाने के मकसद से जनसंदेश टाइम्स ने 'अपका मेयर कैसा हो' श्रंखला शुरू की है। इस कड़ी में हमारी ओर से समाज के विभिन्न तबके के अलग-अलग लोगों की राय लेने का क्रम शुरू किया गया है। कुछ लोगों तक हम खुद पहुंचेंगे और जिन तक हम नहीं पहुंच पायें, वो खुद भी हमें अपनी राय लिखकर दे सकते हैं, हम उसे भी सामने रखने का प्रयास करेंगे। आप संबंधित जानकारी हमारे ईमेल-jansandesh-varanasi@gmail.com और व्हाटसएप्प नंबर 9696126371 पर भेज सकते हैं।



# उपलब्धि: संगमम ने खोले संभावनाओं के द्वार



**'दूरदृष्टि पक्का इरादा' ही काशी-तमिल संगमम का बनेगा मजबूत आधार**

**इसके बहाने उत्तर से दक्षिण तक के व्यापारिक रिश्ते होंगे और भी मजबूत**

# धर्म-संस्कृति ही नहीं, व्यापार के भी नए मौके

जितेंद्र श्रीवास्तव

**एक माह तक चले संगमम ने कारोबार के उज्ज्वल भविष्य की जगाई अलख**

**त्वरित सर्वेक्षण**

काशी-तमिल संगमम का आयोजन धम-संस्कृति ही नहीं, व्यापार के लिए भी नए अवसर का मजबूत स्तंभ साबित होगा। करीब एक माह तक चले इस आयोजन से उद्योग-व्यापार जगत काफी आशान्वित है। उद्यमी और व्यापारी मानते हैं कि काशी के सांसद एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'दूरदृष्टि पक्का इरादा' ही काशी-तमिल संगमम के बहाने कारोबार के प्रति मजबूत आधार साबित होगा। निश्चित रूप से इस संगमम के बहाने उत्तर से दक्षिण तक के व्यापारिक रिश्ते और भी प्रगाढ़ होंगे। इस संगमम ने कारोबार के उज्ज्वल भविष्य की जो अलख जगाई, उससे उद्योग और व्यापार जगत गद्‌गद् है। प्रधानमंत्री की यह सोच, संकल्पना और संरचना उद्योग-व्यापार जगत के लिए मील का पत्थर साबित होगा। एक माह तक काशी-तमिल संगमम के आयोजन को लेकर 'जनसंदेश टाइम्स' ने विभिन्न वर्गों के नब्ज को टटोला। पाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस परिकल्पना ने दो राज्यों की कला-संस्कृति-साहित्य ही नहीं, खान-पान, रहन-सहन, शैक्षणिक माहौल, उद्यम-कारोबार, स्वास्थ्य, हथकरघा, हस्तशिल्प, आधुनिक नवाचार, आध्यात्मिकता आदि को जानने-समझने और परखने का एक सकारात्मक माहौल बनाया। समय जरूर लगेगा, लेकिन परिणाम सकारात्मक होंगे, ऐसा काशी, पूर्वांचल ही नहीं उत्तर प्रदेश के उद्यमियों और कारोबारियों को पूर्ण विश्वास है।


आरके चौधरी


अजीत सिंह बग्गा


दीपक बजाज


विनय गुप्ता

इंडियन इंडस्ट्री एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के प्रमुख उद्यमी आरके चौधरी कहते हैं कि यह श्वाश्वत सच है कि संस्कृति और समाज के संरक्षण व विकास के लिए अर्थ का अहम् रोल माना जाता है। काशी तमिल संगमम के माध्यम से जहां तमिल और काशी सांस्कृतिक रूप से एक साथ आए हैं, वहीं दोनों के बीच व्यापार को लेकर भी सकारात्मक पहल हुई है। कपड़ा क्षेत्र में तमिलनाडु के कामों को पूरा देश सराहना कर रहा है। उसका पूरा लाभ यूपी के उद्यमियों को मिलेगा। उम्मीद है कि दोनों राज्यों के बीच में आंतरिक व्यापार को और बढ़ाया जा सकता है। इससे काशी और तमिलनाडु दोनों ही क्षेत्र को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस सोच की जितनी भी सराहना की जाए, कम है। प्रधानमंत्री ने काशी के माध्यम से पूर्वांचल ही नहीं समूचे उत्तर प्रदेश को एक ऐसा प्लेटफार्म दिया है, जिससे माध्यम से उद्यमी अपने उद्यम का अधिकाधिक विस्तार कर सकते हैं। तमिलनाडु में उद्योग लगा सकते हैं तो वहां के उद्यमी काशी और पूर्वांचल में उद्योग स्थापित कर सकते हैं। इससे नये रोजगार का सृजन भी होगा। काशी-तमिल संगमम में कोई राजनीति नहीं है।

वाराणसी व्यापार मंडल के अध्यक्ष अजीत सिंह बग्गा ने कहा कि काशी-तमिल संगमम के बहाने न केवल दो संस्कृतियों का मिलन हुआ, बल्कि विशाल सांस्कृतिक समृद्धता के साथ उद्यम-कारोबार का नया संदेश भी दिया है। विविधता में एकता, काशी तमिल संगमम इसका सबसे बेजोड़ उदाहरण रहा। काशी-तमिल संगमम एक भारत-श्रेष्ठ भारत की कल्पना को साकार रूप देता हुआ दिखाई पड़ा। इससे निश्चित रूप से कारोबार को भी बढ़ावा मिलेगा। काशी से तमिल के लिए नयी ट्रेन चलाने की घोषणा कुटीर उद्योगों और कारोबारियों के लिए सोने पे सुहागा जैसा काम करेगा। तमिलनाडु का कांचीपट्टू जिस तरह रेशम की साड़ी के लिए लोकप्रिय है, उसी तरह काशी भी बनारसी साड़ी के लिए प्रसिद्ध है। सिर्फ साड़ी ही नहीं, तमाम ऐसे उत्पाद है, जिनकी डिमांड तमिलनाडु के लोगों में होती है तो वहां के उत्पादों की काशी के लोगों में। यह संगमम निश्चित रूप से कारोबार को बढ़ावा देने में सफल होगा।

फूड प्रोसेसिंग कमेटी (आईआईए) के चेयरमैन दीपक कुमार बजाज का मानना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह काशी को जहां देश ही नहीं विदेश के पैमाने पर एक विकसित मॉडल शहर के रूप में प्रस्तुत किया। ठीक उसी तरह, काशी-तमिल संगमम का आयोजन कर पुरानी विरासत के साथ-साथ नयी विरासत को भी परोसने का काम किया है। आने वाले दिनों में प्रधानमंत्री के इस मुहीम का उद्योग-व्यापार जगत पर व्यापक सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। वैसे भी काशी सिर्फ पर्यटन की ही नहीं, उद्योग-व्यापार जगत का केंद्र बिंदु है। उत्तर प्रदेश के कई पड़ोसी राज्यों के उद्यमियों और कारोबारियों का यहां आने का क्रम लगातार जारी रहता है। तमिलनाडु भी इसमें शामिल है। लेकिन इस आयोजन ने इस रिश्ते को और भी मजबूत किया है। काशी समेत पूर्वांचल में नये उद्योग लगाने की अपार संभावनाएं है। पीएम मोदी ने जिस सोच को लेकर इसका आयोजन काशी में किया। आने वाले दिनों में वह साकार होते दिखेगा।

रेडीमेड गारमेंट्स निर्माता विनय गुप्ता का मानना है कि काशी एक आध्यात्मिक, प्राचीन संस्कृति नगरी है, जो देश को जोड़ती है। तमिलनाडु से काशी से पुराना व्यापारिक याराना रहा है। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस परिकल्पना ने इसे और मजबूत किया है। बहुत ही कम समय में प्रधानमंत्री ने काशी-तमिल संगम आयोजन की योजना बनाकर उसे क्रियान्वित किया, वह प्रशंसनीय है। इस आयोजन से उत्तर एवं दक्षिण क्षेत्र के बीच व्यापारिक एकता को और बल मिलेगा। भारत में टेक्सटाइल का सबसे ज्यादा रोजगार देने वाला क्षेत्र तमिलनाडु है। ऐसे में दोनों जगहों के बीच में आंतरिक व्यापार बढ़ाया जा सकता है, जिससे काशी और तमिलनाडु दोनों ही क्षेत्र को फायदा होगा। यह फायदा आने वाले दिनों में देखने को मिलेगा भी। ऐसा मेरा ही नहीं, काशी के तमाम कुटीर उद्यमियों का मानना है। यह कहना समाचीन होगा कि काशी-तमिल संगमम के जरिए काशी-तमिलनाडु के बीच सदियों पुराने व्यापारिक रिश्तों की डोर और मजबूत होगी। उनका कहना है कि लोगों को भाषा, क्षेत्र और प्रांत आदि के नाम पर बांटने की हो रही कोशिशों के बीच काशी-तमिल संगमम का यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की मुहिम को और रफ्तार मिलेगी।

## इस परिपाटी का मिलेगा दोनों संस्कृतियों को लाभ


डॉ. राहुल गुप्ता

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ समाजशास्त्र विभाग के सहायक सह आचार्य डॉ. राहुल गुप्ता की नजर में काशी-तमिल संममम से उत्तर प्रदेश और तमिलनाड़ की संस्कृति पर सकारात्मक असर पड़ेगा। उनका कहना है कि हमारी संस्कृति में सतत् सीखना एक अहम हिस्सा है। जिससे समाज में नित नए आयाम एवं कीर्तिमान स्थापित होते रहते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहल से इस महान परिपाटी की शुरूआत हुई है। इससे दोनों संस्कृतियों को खासा लाभ मिलेगा। किसी भी समाज में खान-पान की संस्कृति एक महत्वपूर्ण स्थान रखती है। काशी और तमिल के व्यंजनों का समाज पर पहले से गहरा प्रभाव है, जो और प्रगाढ़ होगा। सामाजिक दायरा बढ़ेगा और सांकृतिक के विभिन्न आयामों पर असर पड़ेगा। उनका कहना है कि काशी से दक्षिण भारत के राज्यों से पुराना नाता है। काशी के मंदिर उन्हें खींच लाते हैं। वही उतर भारत के राज्यों के लोग जब वहां जाते है तो उन्हें भाषाई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कुछ हद तक अब हमें इसका लाभ मिलेगा। ऐसे ही कार्यक्रम होते रहे तो ये कही ना कही पुल का काम करेंगे। भारत एक बहुल संस्कृति समाज है। अन्य राज्यों के साथ भी ऐसे ही कार्यक्रमों का आयोजन हुआ तो संस्कृतियों का आदान-प्रदान होगा। जिसका लाभ सभी को मिलेगा।

## काशी-तमिल संगमम देगा देश को आर्थिक रफ्तार


डॉ. राजीव कुमार

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार का कहना है कि काशी तमिल समागम सरकार की आर्थिक दुरगामी सोच का उदाहरण है। दो संस्कृतियों को एक कर दोनों को जानने से उत्साह बढ़ेगा। कोरोना काल के बाद ऐसे आयोजन देश को आर्थिक रफ्तार प्रदान करेंगे। इस आयोजन से टूरिजम सेक्टर में विशेष लाभ होगा। होटल, ट्रांसपोर्ट, खाने-पीने आदि सर्विस सेक्टर पर व्यापक असर पड़ेगा। जो लोग यात्रा नही कर पाएंगे, वे कही ना कही ऑनलाइन शॉपिंग की ओर झुकेंगे। एक-दूसरे संस्कृति में उपयोगी वस्तुओं की मांग बढ़ेगी तो विकास कार्यों में भी तेजी आएगी। उनका कहना है कि आमतौर ऐसा कहा जाता है कि वहां लोग डिसिप्लिन में रहते है। ऐसे में एक-दूसरे की संस्कृति को सीखने को मिलेगा। ऐसे आयोजनों ने भारत की विभिन्न संस्कृतियों को जानने के साथ विकास के पहिया में और तेजी आएगी।

# मिशनरी स्कूल के प्रधानाचार्यों ने इस समिट को सराहा

**काशी में एक माह तक चले काशी तमिल संगमम के सफल आयोजन को वाराणसी में चल रहे मिशनरीज स्कूल के प्रधानाचार्यो व उद्यमियों ने सकारात्मक आयोजन बताया कहा कि इससे दोनों संस्कृतियों को मजबूती तो मिली ही है साथ ही आर्थिक पक्ष भी मजबूत हुआ है।**

### दोनों संस्कृतियों को एक धागे में पिरोया

सेंट जान्स स्कूल के लेढ़ूपुर शाखा के फादर सुसाई राज ने एक माह तक चलने वाले काशी तमिल संगमम को एक सकारात्मक दिशा बताया कहा कि प्रधानमंत्री ने उत्तर व दक्षिण के संस्कृतियों को एक मंच पर लाकर नया कल्चर विकसित किया है।




### एक नये रिश्ते की शुरूआत

सेंट जान्स बरेका शाखा के फादर गुरु सान्ता राज ने काशी तमिल संगमम को एक सकारात्मक कदम बताया कहा कि प्रधानमंत्री ने एक नये रिश्तों की शुरूआत की है, बताया कि हालांकि हमारी भाषा, संस्कृति या फिर वेशभूषा अलग है लेकिन हम सब एक ही देश के नागरिक हैं।



### हर माह हो ऐसे आयोजन

सेंट जान्स मढ़ौली के फादर हेनरी आन्द्रादे ने बताया कि एक माह तक चलने वाले काशी तमिल संगमम एक नया प्रयास है ऐसे प्रयास हर माह किये जाने चाहिए, सिर्फ उत्तर दक्षिण ही नहीं बल्कि पूरब और पश्चिम की भी संस्कृतियों को समावेशित करें।




### आर्थिक पक्ष में होगी मजबूती

सेंट जान्स मढ़ौली के प्रबंधक फादर सुनील ने इस आयोजन को रिश्तों की मजबूती वाला बताया कहा कि इससे आर्थिक पक्ष को तो मजबूती मिलेगी साथ ही सांस्कृति पक्ष को भी एक नई दिशा मिलने की उम्मीद है।



### समिट से कई रास्तों का मार्ग प्रशस्त

सेंट मैरीज स्कूल की सिस्टर एनविटा ने बताया कि एक माह तक चलने वाले काशी तमिल संगमम ने दोनों ही संस्कृतियों के लिए कई रास्तों के मार्ग प्रशस्त किया है। एक ही स्थान पर हमनें दो संस्कृतियों को एक साथ देखा जो सौभाग्य की बात है।



### खाद्य वस्तुओं को मिलेगी दिशा

उद्यमी अजय कुमार ने बताया कि संगमम से उत्तर व दक्षिण के खाद्य वस्तुओं को भी एक नई दिशा मिलेगी, हालांकि दक्षिण से आये लोगों को वाराणसी के मंदिरों तक ही सीमित नहीं रखना चाहिए था, ऐसे लोगों को इस शहर का सबसे विकसित क्षेत्र चिरईगांव को भी घुमाना चाहिए था जहां जो आचार, मुरब्बा, सिरका के लिए प्रसिद्ध है।



# काशी तमिल संगमम ने काशी को दी ट्रेन की सौगात

काशी तमिल संगमम से सभी पक्ष मजबूत हुए हैं इनमें जनता को काशी से एक नई ट्रेन मिली जो उपलब्धि है। वाराणसी जंक्शन पर आने वाले दक्षिण भारतीय मेहमानों के लिए पूरा स्टेशन तंत्र लगा रहा देर रात आने वाली ट्रेनों के इंतजार में अधिकारी से लगायत कर्मचारी व रेलवे की अन्य इकाईकियों को पूरा सहयोग रहा।



### काशी-तमिल समिट ने काशी को दी नई शक्ति

उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल वाराणसी के अपर मंडल रेल प्रबंधक लाल जी चौधरी ने काशी तमिल संगमम को दूरगामी परिणाम वाला आयोजन बताया, कहा कि एक ऐसा आयोजन था जिसमें दोनों संस्कृतियों को एक मंच पर देखा गया, इसके साथ ही देर रात लगभग दो-दो बजे रात में ट्रेनों से आने वाले दक्षिण के मेहमानों के स्वागत का भी अलग ही अनुभव रहा। प्लेटफार्म पर खड़े होकर ट्रेन से आने वाले मेहमानों का इंतजार का भी अलग अनुभव है। जिसे भुलाया नहीं जा सकता, बताया कि इस आयोजन से काशी को एक नई ट्रेन मिली है। जो सभी के लिए उपलब्धि है।

### दक्षिण में भी है आध्यात्म की धारा

कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन ) के निदेशक गौरव दीक्षित ने बताया कि दक्षिण में भी आध्यात्म की धारा बहती है। भाषा भले ही अलग हो लेकिन उद्देश्य एक ही है, एक राष्ट्र का ही है। बताया कि एक माह तक 12 ट्रेनों के माध्यम से दक्षिण के मेहमान काशी आएं और ट्रेन के माध्यम से ही गंतव्य रवाना हुए, इन सभी के स्वागत का सौभाग्य वाराणसी जंक्शन को मिला यह उपलब्धि है।

